10
2022

examguru®

Prepare • Practice • Perform

# CBSE Term-2

# हिंदी

## Course 'B'

**CBSE Question Bank with Sample Papers**

Topicwise
Lucid Theory
Notes

MCQs,
Assertion-Reasoning Type &
other Types of Questions

Previous Years'
Board
Questions

Sample Papers
for
Self-assessment

*Strictly updated as per the CBSE Special Scheme of Assessment released in July 2021*

FULLMARKS

TERM

10
CBSE
2021-22

examguru
*Prepare • Practice • Perform*

# हिंदी
## (Course-B)


पुनीता दीक्षित
एम०ए०, बी०एड्०



**Full Marks Pvt Ltd**
(Progressive Educational Publishers)
An ISO : 9001-2015 Company
New Delhi-110002

**Full Marks Pvt Ltd**
(Progressive Educational Publishers)
An ISO : 9001-2015 Company
9, Daryaganj, New Delhi-110002
**Phone:** 011-40556600 (100 Lines)
**Website:** www.fullmarks.org
**E-mail:** info@fmpl.in

© *Author*

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced or transmitted, in any form or by any means, without permission. Any person who does any unauthorised act in relation to this publication may be liable to criminal prosecution and civil claims for damages.

***Branches*:**
• Chennai • Guwahati

***Marketing Offices*:**
• Ahmedabad • Bengaluru • Bhopal • Dehradun • Hyderabad • Jaipur • Jalandhar • Kochi • Kolkata • Lucknow • Mumbai • Patna • Ranchi

**NEW EDITION**

**Visit https://telegram.me/booksforcbse for more books.**

"This book is meant for educational and learning purposes. The author(s) of the book has/have taken all reasonable care to ensure that the contents of the book do not violate any existing copyright or other intellectual property rights of any person in any manner whatsoever. In the event the author(s) has/have been unable to track any source and if any copyright has been inadvertently infringed, please notify the publisher in writing for corrective action."

Printed at:

# प्राक्कथन

examguru हिंदी (Course-B) कक्षा 10 (द्वितीय सत्र) का यह संस्करण सी०बी०एस०ई० द्वारा जारी नवीनतम पाठ्यक्रम एवं प्रस्तावित वर्तमान परीक्षा संबंधी सुधारों के परिप्रेक्ष्य में समग्र रूप से संशोधित है। इस पुस्तक में नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार विषयवस्तु तथा परीक्षोपयोगी बिंदुओं की सटीक एवं सम्यक व्याख्या की गई है। प्रस्तुत पुस्तक के सभी पाठों में गत परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का समायोजन एवं संपूर्ण अध्ययन सामग्री का परिशोधन किया गया है। आशा है कि यह पुस्तक छात्रों के अंदर पठन-पाठन के प्रति रुचि एवं गहन आत्म-विश्वास पैदा करने में सक्षम साबित होगी।

## शृंखला की प्रमुख विशेषताएँ

- सभी स्तर के बुद्धि-कौशल वाले छात्रों द्वारा अध्ययन प्रक्रिया एवं परीक्षा में बेहतर स्थिति प्राप्त करने के लिए सतत संघर्ष के दौरान अलग-अलग महसूस की गई कठिनाइयों की पहचान एवं समुचित, संतुलित व संपूर्ण निदान।
- सहज सुग्राह्यता।
- CBSE द्वारा प्रकाशित पाठ्यक्रम/परीक्षा-पद्धति के अनुरूप।
- संपूर्ण पाठ की सहज, संक्षिप्त प्रस्तुति तथा महत्वपूर्ण सिद्धांतों, शब्दों एवं अवधारणाओं की संक्षिप्त व्याख्या।
- हर प्रकार के परीक्षोपयोगी एवं अन्य प्रश्नों का यथासंभव विस्तृत भंडार।
- सरल एवं स्पष्ट भाषा में पाठ का सार तथा प्रश्न-उत्तर।
- सहज उपलब्ध वेबसाइट www.fullmarks.org आधारित सहायता, जिसके तहत अधिक-से-अधिक पुस्तकेतर प्रश्न, जिज्ञासा एवं उनके यथोचित समाधान की सुविधा, अनुभवी एवं कुशल शिक्षकों से संपर्क तथा संशय समाधान की समुचित online सुविधा उपलब्ध है।

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन)

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

CBSE/DIR (ACAD)/2021 Date: July 05, 2021

**All the Heads of Schools affiliated to CBSE** Circular No: A cad-51/2021

**Subject : Special Scheme of Assessment for Board Examination Classes X and XII for the Session 2021-22**

COVID 19 pandemic caused almost all CBSE schools to function in a virtual mode for most part of the academic session of 2020-21. Due to the extreme risk associated with the conduct of Board examinations during the second wave in April 2021, CBSE had to cancel both its class X and XII Board examinations of the year 2021 and results are to be declared on the basis of a credible, reliable, flexible and valid alternative assessment policy. This, in turn, also necessitated deliberations over alternative ways to look at the learning objectives as well as the conduct of the Board Examinations for the academic session 2021-22 in case the situation remains unfeasible.

CBSE has also held stake holder consultations with Government schools as well as private independent schools from across the country especially schools from the remote rural areas and a majority of them have requested for the rationalization of the syllabus, similar to last year in view of reduced time permitted for organizing online classes. The Board has also considered the concerns regarding differential availability of electronic gadgets, connectivity and effectiveness of online teaching and other socio-economic issues specially with respect to students from economically weaker section and those residing in far flung areas of the country. In a survey conducted by CBSE, it was revealed that the rationalized syllabus notified for the session 2020-21 was effective for schools in covering the syllabus and helped learners in achieving learning objectives in a less stressful manner.

In the above backdrop and in line with the Board's continued focus on assessing stipulated learning outcomes by making the examinations competencies and core concepts based, student-centric, transparent, technology-driven, and having advance provision of alternatives for different future scenarios, the following schemes are introduced for the Academic Session for Class X and Class XII 2021-22.

## 2. Special Scheme for 2021-22

A. **Academic session to be divided into 2 Terms with approximately 50% syllabus in each term:** The syllabus for the Academic session 2021-22 will be divided into 2 terms by following a systematic approach by looking into the interconnectivity of concepts and topics by the Subject Experts and the Board will conduct examinations at the end of each term on the basis of the bifurcated syllabus. This is done to increase the probability of having a Board conducted classes X and XII examinations at the end of the academic session.

B. **The syllabus for the Board examination 2021-22 will be rationalized** similar to that of the last academic session to be notified in July 2021. For academic transactions, however, schools will follow the curriculum and syllabus released by the Board vide Circular no. F.1001/CBSEAcad/ Curriculum/2021 dated 31 March 2021. Schools will also use alternative academic calendar and inputs from the NCERT on transacting the curriculum.

C. **Efforts will be made to make Internal Assessment/ Practical/ Project work more credible and valid** as per the guidelines and Moderation Policy to be announced by the Board to ensure fair distribution of marks.

## 3. Details of Curriculum Transaction

- Schools will continue teaching in distance mode till the authorities permit inperson mode of teaching in schools.
- Classes IX-X: Internal Assessment (throughout the year-irrespective of Term I and II) would include the 3 periodic tests, student enrichment, portfolio and practical work/ speaking listening activities/ project.
- Classes XI-XII: Internal Assessment (throughout the year-irrespective of Term I and II) would include end of topic or unit tests/ exploratory activities/ practicals/ projects.
- Schools would create a student profile for all assessment undertaken over the year and retain the evidences in digital format.
- CBSE will facilitate schools to upload marks of Internal Assessment on the CBSE IT platform.
- Guidelines for Internal Assessment for all subjects will also be released along with the rationalized term wise divided syllabus for the session 2021-22.The Board would also provide additional resources like sample assessments, question banks, teacher training etc. for more reliable and valid internal assessments.

## 4. Term II Examination/ Year-end Examination

- At the end of the second term, the Board would organize **Term II or Year-end Examination** based on the rationalized syllabus of Term II only (i.e. approximately 50% of the entire syllabus).
- This examination would be held around March-April 2022 at the examination centres fixed by the Board.
- The paper will be of **2 hours duration** and have questions of different formats (case-based/ situation based, open

conducted at the end of the Term II also.

- Marks of the Term II Examination would contribute to the final overall score.

## 5. Assessment / Examination as per different situations

**A. In case the situation of the pandemic improves and students are able tocome to schools or centres for taking the exams.**

Board would conduct Term I and Term II examinations at schools/centres and the theory marks will be distributed equally between the two exams.

**B. In case the situation of the pandemic forces complete closure of schools during November-December 2021, but Term II exams are held at schools or centres.**

Term I MCQ based examination would be done by students online/offline from home - in this case, the weightage of this exam for the final score would be reduced, and weightage of Term II exams will be increased for declaration of final result.

**C. In case the situation of the pandemic forces complete closure of schools during March-April 2022, but Term I exams are held at schools or centres.**

Results would be based on the performance of students on Term I MCQ based examination and internal assessments. The weightage of marks of Term I examination conducted by the Board will be increased to provide year end results of candidates.

**D. In case the situation of the pandemic forces complete closure of schools and Board conducted Term I and II exams are taken by the candidates from home in the session 2021-22.**

Results would be computed on the basis of the Internal Assessment/Practical/Project Work and Theory marks of Term-I and II exams taken by the candidate from home in Class X / XII subject to the moderation or other measures to ensure validity and reliability of the assessment.

In all the above cases, data analysis of marks of students will be undertaken to ensure the integrity of internal assessments and home based exams.

**Dr Joseph Emmanuel**
**Director (Academics)**

# CBSE CIRCULAR 2021-22

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन)

## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

NO.: F.1001/CBSE-Acad/Curriculum/2021 July 22, 2021

**All the Heads of Schools affiliated to CBSE** Cir. No. A cad-53/2021

**Subject : Term wise syllabus for Board Examinations to be held in the academic session 2021-22 for Secondary conduct of the Internal Assessment/Practicum/Project.**

This is in continuation to Board's circular num regarding Special Scheme of Assessment for Board Examination for Classes X and XII for the Session 2021- 22. The subjects for classes IX to XII are hereby notified vides syllabus for term end board examinations, guidelines for the conduct of Internal Assessment/Practicum/Project are also enclosed.

Schools are requested to share the term wise syllabus and guidelines for the conduct of board examinations and Internal Assessment / Practicum / Project available on CBSE Academic Website http://cbseacademic.nic.in at the link http:/chseacademic.nic.in/Term-wise-curriculum 2022.html with all their teachers and students.

**Dr Joseph Emmanuel**
**Director (Academics)**

# पाठ्यक्रम

**कक्षा 10वीं हिंदी 'ब' परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम विनिर्देशन 2021-2022 द्वितीय सत्र**

| क्र० सं० | | विषयवस्तु | उप भार | कुल भार |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | | **पाठ्यपुस्तक स्पर्श भाग-2** | **08** | **14** |
| | 1. | स्पर्श से निर्धारित पाठों के आधार पर विषय-वस्तु का ज्ञान, बोध, अभिव्यक्ति आदि पर 25-30 शब्दों वाले तीन में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे। (2 अंक × 2 प्रश्न) | 04 | |
| | 2. | स्पर्श से निर्धारित पाठों के आधार पर विद्यार्थियों की उच्च चिंतन क्षमताओं एवं अभिव्यक्ति का आकलन करने हेतु 60-70 शब्दों वाला दो में से एक प्रश्न। (4 अंक × 1 प्रश्न) | 04 | |
| | | **पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन भाग-2** | **06** | |
| | | पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन के निर्धारित पाठों से तीन में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनका उत्तर 40-50 शब्दों में देना होगा। (3 अंक × 2 प्रश्न) | 06 | |
| **2.** | | **लेखन** | | **26** |
| | (अ) | संकेत बिंदुओं पर आधारित समसामयिक एवं व्यावहारिक जीवन से जुड़े हुए किन्हीं तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद। (6 अंक × 1 प्रश्न) (विकल्प सहित) | 06 | |
| | (ब) | औपचारिक विषय से संबंधित लगभग 120 शब्दों में पत्र। (5 अंक × 1 प्रश्न) (विकल्प सहित) | 05 | |
| | (स) | व्यावहारिक जीवन से संबंधित विषयों पर आधारित, दो सूचनाओं (प्रत्येक लगभग 50 शब्दों वाली) का लेखन। (2.5 अंक × 2 प्रश्न) (विकल्प सहित) | 05 | |
| | (द) | विषय से संबंधित दो विज्ञापनों (प्रत्येक लगभग 50 शब्दों वाला) का लेखन। (2.5 अंक × 2 प्रश्न) (विकल्प सहित) | 05 | |
| | (इ) | लघुकथा लेखन लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लेखन। (5 अंक × 1 प्रश्न)(विकल्प सहित) | 05 | |
| **3.** | | **आंतरिक मूल्यांकन** | | **10** |
| | (अ) | सामयिक आकलन | 3 | |
| | (ब) | बहुविध आकलन | 2 | |
| | (स) | पोर्टफोलिया | 2 | |
| | (द) | श्रवण एवं वाचन | 3 | |
| **कुल अंक** | | | | **50** |

**पाठ्यपुस्तक स्पर्श भाग-2**

**सत्र-2 ( 2021-22 ) में निम्नलिखित पाठ सम्मिलित किए गए हैं–**

**पद्य खंड**

1. मैथिलीशरण गुप्त – मनुष्यता
2. सुमित्रानंदन पंत – पर्वत प्रदेश में पावस
3. कैफ़ी आज़मी – कर चले हम फ़िदा

**गद्य खंड**


4. रवींद्र केलेकर – पतझर में टूटी पत्तियाँ : (ii) झेन की देन
5. हबीब तनवीर – कारतूस

**अनुपूरक पाठयपुस्तक, संचयन भाग-2**

1. मिथिलेश्वर – हरिहर काका
2. गुरदयाल सिंह – सपनों के-से दिन
3. राही मासूम रज़ा – टोपी शुक्ला

**निर्धारित पुस्तकें :**

1. स्पर्श, भाग-2, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित नवीनतम संस्करण
2. संचयन, भाग-2, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित नवीनतम संस्करण



1

## मनुष्यता

*– मैथिलीशरण गुप्त*

### पाठ की रूपरेखा

मनुष्यता कविता के माध्यम से कवि मानवता, एकता, सहानुभूति, उदारता और करुणा का संदेश देना चाहता है। वह मनुष्य को स्वार्थ, भिन्नता, वर्गवाद, जातिवाद आदि संकीर्णताओं से मुक्त रहने का संदेश भी देना चाहता है। वह मनुष्य में उदारता के भाव भरना चाहता है। कवि का मानना है कि हमें अपना जीवन परोपकार में व्यतीत करना चाहिए। सच्चा मनुष्य दूसरों की भलाई के काम को सर्वोपरि मानता है। हमें विभिन्न जाति, धर्म, वर्ग के लोगों के बीच कोई अंतर नहीं करना चाहिए। हमें उदार हृदय वाला बनना चाहिए, धन के मद में अंधा नहीं बनना चाहिए, मानवतावाद को अपनाना चाहिए व परोपकारी बनना चाहिए।

### पाठ का सार

'मनुष्यता' कविता में कवि मैथिलीशरण गुप्त मनुष्य को मनुष्यता का भाव अपनाने के लिए कहते हैं। उनके अनुसार आज का मनुष्य अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु लोकहित जैसी भावना को भूलता जा रहा है। जो मनुष्य अपने लिए जीता है, वह पृथ्वी पर पशु के समान है, क्योंकि पशु के जीवन का उद्देश्य खाना और सोना होता है। भगवान ने मनुष्य को सामर्थ्यवान बनाया है। यदि मनुष्य दूसरों की सेवा करने के स्थान पर पूरा जीवन स्वयं का भरण-पोषण करने में व्यर्थ करता है, तो वह मनुष्य कहलाने लायक नहीं है। कवि कहते हैं कि मनुष्य को सदैव संसार के हित के लिए कार्य करना चाहिए। जो परहित में जीवन दान करता है, उसे लोग सदैव याद करते हैं। कवि कर्ण, दधीचि ऋषि, रंतिदेव, राजा उशीनर आदि महाविभूतियों का उदाहरण देकर मनुष्य को लोकहित के लिए प्रेरित करते हैं। वे कहते हैं, जो मनुष्य इस संसार में दूसरों के सेवाभाव में अपना जीवन समर्पित करते हैं, वे इस संसार के द्वारा ही नहीं अपितु भगवान के द्वारा भी पूजनीय होते हैं, वे अपने कार्यों से समाज में अन्य लोगों को लोकहित और सेवा का मार्ग दिखाते हुए चलते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज में मिसाल कायम करते हैं। युगों-युगों तक उनकी गाथा गाई जाती है। अतः मनुष्य को अपने गुणों का विकास करते हुए, पूरा जीवन लोकहित में अर्पित कर देना चाहिए। अतः इस कविता के माध्यम से कवि ने परोपकार एवं भाईचारे के भावों को मन में रखकर हँसी-खुशी जीवन जीने का संदेश दिया है।

### काव्यांशों की व्याख्या

1. **विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,**
**मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।**
**हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,**
**मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।**
**वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने हमें मनुष्यता के लक्षणों से अवगत कराया है। साथ ही, उन्होंने हमें इस सत्य से भी अवगत कराया है कि मनुष्य अमर नहीं है। मनुष्य मरणशील है, इस बात को हमें स्वीकार करना चाहिए, तभी हमारे अंदर से मृत्यु का भय दूर होगा। कवि के अनुसार मनुष्य कहलाने का अधिकार उसी को है, जो दूसरे के हित तथा दूसरों की खुशी के लिए जीता और मरता है। ऐसे मनुष्य को मृत्यु के बाद भी उसके अच्छे कर्मों के लिए युगों-युगों तक याद किया जाता है, इस प्रकार परोपकारी मनुष्य मर कर भी दुनिया में अमर हो जाता है।


जबकि स्वार्थी मनुष्य केवल अपना भला व स्वार्थ सोचते हैं और खुद के लिए जीते हैं। ऐसे लोगों के मर जाने पर उन्हें कोई याद नहीं रखता। कवि के अनुसार ऐसे मनुष्यों एवं पशुओं में कोई अंतर नहीं होता है, क्योंकि पशु भी दूसरों के बारे में सोचे बिना केवल अपने हित के बारे में सोचते हैं और वैसे ही जीवन-यापन करते हैं।

2. **उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,**
**उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।**
**उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;**
**तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।**
**अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

9

# खंड 'क'

पाठ्यपुस्तक स्पर्श तथा पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन के पाठों की रूपरेखा, सारांश, व्याख्या तथा कठिन शब्दों के सरलतम अर्थ दिए गए हैं। नवीन पाठ्यक्रमानुसार पाठाधारित बहुविकल्पीय तथा वर्णनात्मक प्रश्नों का भी समावेश किया गया है।




**मर्त्य–** मरणशील, **वृथा–** बेकार, **पशु-प्रवृत्ति–** पशु जैसा स्वभाव, **उदार–** सहृदय, **धरा–** धरती, **कृतार्थ–** आभारी/धन्य, **सजीव–** जानदार, **कीर्ति–** प्रसिद्धि, **कूजती–** गूँजती/मधुर ध्वनि करती, **सृष्टि–** संसार, **अखंड–** जो खंडित न हो, **असीम–** सीमा रहित, **विश्व–** संसार, **क्षुधार्त–** भूख से व्याकुल, **रंतिदेव–** एक परम दानी राजा, **करस्थ–** हाथ में पकड़ा हुआ, **परार्थ–** दूसरों के लिए, **दधीचि–** एक प्रसिद्ध ऋषि, जिनकी हड्डियों से इंद्र का वज्र बना था, **अस्थिजाल–** हड्डियों का समूह, **उशीनर–** गंधार देश का राजा, **क्षितिज–** राजा, **स्वमांस–** अपने शरीर का मांस, **कर्ण–** दानवीर/कुंती का पुत्र, **चर्म–** चमड़ा, **अनित्य–** मिटने वाली, **महाविभूति–** बड़ी भारी पूँजी, **वशीकृता–** वश में की हुई, **विरुद्धवाद बुद्ध का–** बुद्ध ने पारंपरिक मान्यताओं का विरोध किया था, **मदांध–** मद (गर्व) में अंधा, **तुच्छ–** नगण्य/कम, **वित्त–** धन, **गर्व–** घमंड, **अतीव–** बहुत, **अधीर–** बेचैन, **अनंत–** जिसका अंत न हो, **समक्ष–** सामने, **स्वबाहु–** अपनी बाँह, **परस्परावलंब–** एक दूसरे का सहारा, **अंक–** गोद, **अपंक–** कलंक-रहित, **स्वयंभू–** परमात्मा/स्वयं उत्पन्न होने वाला, **अंतरैक्य–** अंतर/हृदय की एकता, **प्रमाणभूत–** साक्षी, **व्यथा–** कष्ट/तकलीफ़, **विपत्ति–** मुश्किल, **विघ्न–** रुकावट, **अतर्क–** तर्क से परे, **सतर्क पंथ–** सावधान यात्री।

**अभ्यास प्रश्नोत्तर**

**I. बहुविकल्पीय प्रश्न**

1. कवि की दृष्टि में सुमृत्यु क्या है?
   (*i*) जब मरने के बाद मनुष्य अमर हो जाए
   (*ii*) जब मरने के बाद मनुष्य को लोग उसके अच्छे गुणों के कारण याद करें
   (*iii*) जब मनुष्य अपने परिजनों के कल्याण के लिए ही काम करते-करते मर जाए
   (*iv*) जब मनुष्य समाज के कल्याण के लिए मर जाए
2. मनुष्य का मरना-जीना किस दृष्टि से व्यर्थ है?
   (*i*) जब मनुष्य किसी के काम न आ सके
   (*ii*) जब मनुष्य अपने परिवार जनों तक के भी काम न आ सके
   (*iii*) जब मरने के बाद मनुष्य को कोई याद करने वाला भी न हो
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
3. आपकी दृष्टि में कौन मरे के समान है?
   (*i*) जिसकी मृत्यु आपकी नजरों के सामने हो जाए



**अभ्यास प्रश्न पत्र**

नाम– ........................................ रोल नं. ........................................

समय– 20 मिनट कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए।** [2×2=4]

(क) मानव-जाति का सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?

........................................

(ख) मनुष्य को मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए?

........................................

(ग) गर्वरहित जीवन बिताने के लिए कवि ने क्या-क्या तर्क दिए हैं?

........................................


**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** [4×1=4]

(क) इस कविता में कवि ने सबको एक साथ चलने की प्रेरणा दी है, इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है?

........................................

# खंड 'ख'

लेखन खंड की पाठ्य-सामग्रियों को सहज एवं सुग्राह्य रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक अंशों से संबंधित ध्यातव्य अंश प्रदत्त हैं तथा विषय को और अधिक सहज एवं बोधपरक बनाने हेतु हल सहित अभ्यास प्रश्न तथा स्वमूल्यांकन हेतु हल रहित अभ्यास प्रश्न भी दिए गए हैं।



3

## सूचना-लेखन

कम शब्दों में औपचारिक शैली में लिखी गई संक्षिप्त जानकारी सूचना होती है। किसी विशेष सूचना को सार्वजनिक करना सूचना-लेखन कहलाता है। अंग्रेज़ी में इसे Notice Writing कहते हैं।

**सूचना लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए–**

1. सूचना की भाषा सरल होनी चाहिए।
2. समय और दिनांक स्पष्ट होने चाहिए।
3. सूचना लंबी नहीं होनी चाहिए।
4. स्थान और पता सही लिखा होना चाहिए।
5. सूचना जारी करने वाले का पद लिखा होना चाहिए।

**सूचना-लेखन के प्रमुख बिंदु–**

- संस्था/संगठन का नाम
- स्पष्ट विषय/शीर्षक
- सूचना जारी करने का दिनांक
- सूचना का संक्षिप्त तथा संप्रेषणीय कथ्य
- सरल तथा सुबोध भाषा

**सूचना-लेखन का प्रारूप**

**संस्था/संगठन का नाम**

**सूचना**

विषय/शीर्षक : ........................................

दिनांक : -----------

------------------------------------------------------------


------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

सूचना जारी करने वाले का नाम

पद

हस्ताक्षर



**15. हिंदी विकास परिषद की ओर से दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसका विवरण देते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।**

**गुलमोहर पब्लिक स्कूल**

**सूचना**

**हिंदी गौरव सम्मान**

दिनांक : 31 जुलाई, 20××

दसवीं के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हिंदी विकास परिषद की ओर से दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हिंदी गौरव सम्मान दिया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने हिंदी विषय में 100 अंक प्राप्त किए हैं, वे अपना नाम और अंक-तालिका हिंदी अध्यापिका श्रीमती कोमल सिंह को दिनांक 3 अगस्त तक जमा करवा दें।

रीता सिंह

हिंदी विभागाध्यक्षा

**अभ्यास**

1. विद्यालय में आयोजित होने वाली कविता प्रतियोगिता की जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।
2. छठ पर्व के अवसर पर शिवनादर स्कूल 12 नवंबर, 20×× को बंद रहेगा। इसकी सूचना प्रधानाचार्य की ओर से तैयार कीजिए।
3. आप एक संस्था चलाते हैं, जहाँ गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है। इसका लाभ और भी लोग उठा सकें, इसके लिए इस संस्था की जानकारी अख़बार में प्रकाशित करवाने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।
4. 'बाढ़-पीड़ित सहायता मंच' की ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ एक सूचना तैयार कीजिए।
5. सोसायटी में डेंगू बुखार की जानकारी देने हेतु स्वास्थ्य विभाग के सदस्य आ रहे हैं। इसकी सूचना सभी निवासियों को देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

# अनुक्रमणिका

## खंड 'क'–पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक

### स्पर्श-2 ( काव्य खंड )


1. मनुष्यता ..... 09
2. पर्वत प्रदेश में पावस ..... 17
3. कर चले हम फ़िदा ..... 22


### स्पर्श-2 ( गद्य खंड )


1. पतझर में टूटी पत्तियाँ ..... 27
   [(*ii*) झेन की देन] ..... 27
2. कारतूस ..... 32


### संचयन-2 ( पूरक पाठ्यपुस्तक )


1. हरिहर काका ..... 38
2. सपनों के-से दिन ..... 46
3. टोपी शुक्ला ..... 53


## खंड 'ख'–लेखन


1. अनुच्छेद-लेखन ..... 60
2. पत्र-लेखन ..... 69
3. सूचना-लेखन ..... 80
4. विज्ञापन-लेखन ..... 86
5. लघु कथा-लेखन ..... 92
   - प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र – 1 (हल सहित) ..... 100
   - प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र – 2 (हल सहित) ..... 107
   - प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र – 3 (हल रहित) ..... 115

# 1 मनुष्यता

*– मैथिलीशरण गुप्त*

## पाठ की रूपरेखा

मनुष्यता कविता के माध्यम से कवि मानवता, एकता, सहानुभूति, उदारता और करुणा का संदेश देना चाहता है। वह मनुष्य को स्वार्थ, भिन्नता, वर्गवाद, जातिवाद आदि संकीर्णताओं से मुक्त रहने का संदेश भी देना चाहता है। वह मनुष्य में उदारता के भाव भरना चाहता है। कवि का मानना है कि हमें अपना जीवन परोपकार में व्यतीत करना चाहिए। सच्चा मनुष्य दूसरों की भलाई के काम को सर्वोपरि मानता है। हमें विभिन्न जाति, धर्म, वर्ग के लोगों के बीच कोई अंतर नहीं करना चाहिए। हमें उदार हृदय वाला बनना चाहिए, धन के मद में अंधा नहीं बनना चाहिए, मानवतावाद को अपनाना चाहिए व परोपकारी बनना चाहिए।

## पाठ का सार

'मनुष्यता' कविता में कवि मैथिलीशरण गुप्त मनुष्य को मनुष्यता का भाव अपनाने के लिए कहते हैं। उनके अनुसार आज का मनुष्य अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु लोकहित जैसी भावना को भूलता जा रहा है। जो मनुष्य अपने लिए जीता है, वह पृथ्वी पर पशु के समान है, क्योंकि पशु के जीवन का उद्देश्य खाना और सोना होता है। भगवान ने मनुष्य को सामर्थ्यवान बनाया है। यदि मनुष्य दूसरों की सेवा करने के स्थान पर पूरा जीवन स्वयं का भरण-पोषण करने में व्यर्थ करता है, तो वह मनुष्य कहलाने लायक नहीं है। कवि कहते हैं कि मनुष्य को सदैव संसार के हित के लिए कार्य करना चाहिए। जो परहित में जीवन दान करता है, उसे लोग सदैव याद करते हैं। कवि कर्ण, दधीचि ऋषि, रंतिदेव, राजा उशीनर आदि महाविभूतियों का उदाहरण देकर मनुष्य को लोकहित के लिए प्रेरित करते हैं। वे कहते हैं, जो मनुष्य इस संसार में दूसरों के सेवाभाव में अपना जीवन समर्पित करते हैं, वे इस संसार के द्वारा ही नहीं अपितु भगवान के द्वारा भी पूजनीय होते हैं, वे अपने कार्यों से समाज में अन्य लोगों को लोकहित और सेवा का मार्ग दिखाते हुए चलते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज में मिसाल कायम करते हैं। युगों-युगों तक उनकी गाथा गाई जाती है। अतः मनुष्य को अपने गुणों का विकास करते हुए, पूरा जीवन लोकहित में अर्पित कर देना चाहिए। अतः इस कविता के माध्यम से कवि ने परोपकार एवं भाईचारे के भावों को मन में रखकर हँसी-खुशी जीवन जीने का संदेश दिया है।

## काव्यांशों की व्याख्या

**1. विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,**
**मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।**
**हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,**
**मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।**
**वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने हमें मनुष्यता के लक्षणों से अवगत कराया है। साथ ही, उन्होंने हमें इस सत्य से भी अवगत कराया है कि मनुष्य अमर नहीं है। मनुष्य मरणशील है, इस बात को हमें स्वीकार करना चाहिए, तभी हमारे अंदर से मृत्यु का भय दूर होगा। कवि के अनुसार मनुष्य कहलाने का अधिकार उसी को है, जो दूसरे के हित तथा दूसरों की खुशी के लिए जीता और मरता है। ऐसे मनुष्य को मृत्यु के बाद भी उसके अच्छे कर्मों के लिए युगों-युगों तक याद किया जाता है, इस प्रकार परोपकारी मनुष्य मर कर भी दुनिया में अमर हो जाता है।

जबकि स्वार्थी मनुष्य केवल अपना भला व स्वार्थ सोचते हैं और खुद के लिए जीते हैं। ऐसे लोगों के मर जाने पर उन्हें कोई याद नहीं रखता। कवि के अनुसार ऐसे मनुष्यों एवं पशुओं में कोई अंतर नहीं होता है, क्योंकि पशु भी दूसरों के बारे में सोचे बिना केवल अपने हित के बारे में सोचते हैं और वैसे ही जीवन-यापन करते हैं।

**2. उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,**
**उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।**
**उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;**
**तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।**
**अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

उदार होते हैं, उन्हें सदैव याद किया जाता है एवं उनका गुणगान किया जाता है। ऐसे व्यक्तियों के नाम इतिहास की पुस्तकों में स्वर्णिम अक्षरों से लिखे जाते हैं। स्वयं सरस्वती माता उनकी कीर्ति का बखान करती हैं एवं धरती खुद उनकी उदारता का ऋण मानती है। सारा संसार ऐसे उदार, परोपकारी और दानी मनुष्य की पूजा करता है। ऐसे मनुष्य ही विश्व में आत्मीयता, एकता तथा अखंडता का भाव भरते हैं। अंत में कवि कहते हैं कि सच्चे अर्थों में मनुष्य वही है, जो हमेशा दूसरे मनुष्य का भला सोचता है और उसके भले के लिए मर भी सकता है।

**3. क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,**
**तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।**
**उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,**
**सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।**
**अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने पौराणिक कथाओं का उदाहरण देते हुए हमें यह बताया है कि ऐसे बहुत से किस्से हैं, जिनमें हमें दानी व्यक्तियों का गुणगान मिलता है। इन पंक्तियों में मैथिलीशरण गुप्त जी ने हमें कई उदाहरण दिए हैं। भूख से व्याकुल रंतिदेव ने अपने हाथ में पकड़ी हुई खाने की थाली भी दान में दे दी थी। वहीं दधीचि ऋषि ने असुरों से रक्षा के लिए देवताओं को अपनी हड्डियाँ दान कर दी थीं। महर्षि दधीचि की हड्डियों से ही देवताओं ने वज्र (एक प्रकार का दैवीय अस्त्र) बनाकर असुरों का संहार किया। फिर एक कबूतर की रक्षा करने के लिए गंधार देश के राजा उशीनर ने अपने शरीर का मांस काट कर दान में दे दिया था। इसीलिए कवि कहते हैं कि आत्मा तो अमर है, फिर दूसरों की भलाई के लिए शरीर को जोखिम में डालने से क्या डरना। अपने जीवन का उपयोग दूसरे मनुष्यों के अच्छे के लिए करने पर ही तो हम मनुष्य कहलाने के लायक बनते हैं।

**4. सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;**
**वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।**
**विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,**
**विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?**
**अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने सहानुभूति, करुणा तथा उपकार की भावना को मानव का सबसे बड़ा धन बताया है। जिस व्यक्ति में उपकार करने की भावना होती है, वही धनवान कहलाने योग्य है और ऐसे धनवान व्यक्ति तो स्वयं ईश्वर को भी अपने वश में कर सकते हैं। यही कारण है कि भगवान बुद्ध ने जन-कल्याण के लिए सामाजिक रूढ़िवाद का विरोध किया और दया को ही मनुष्य का असली आभूषण बताया। इसी वजह से लोग आज भी उन्हें पूजते हैं।

**5. रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,**
**सनाथ जान आपको करे न गर्व चित्त में।**
**अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,**
**दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।**
**अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने हमें घमंड एवं अहंकार जैसी बुरी भावनाओं से दूर रहने को कहा है। उनके अनुसार इस संसार में कोई भी अकेला या अनाथ नहीं है, हर पल तीनों लोकों के स्वामी स्वयं हम सभी के साथ हैं। कवि हमें कहते हैं कि कभी भी अपने यश, धन-दौलत इत्यादि पर घमंड नहीं करना चाहिए और दूसरों को उपेक्षा की नज़र से नहीं देखना चाहिए। ईश्वर की नज़र में हम सब एक समान हैं। आगे कवि उन व्यक्तियों को अत्यंत भाग्यहीन मानते हैं, जो सांसारिक चिंता में व्याकुल हैं और जिन्हें ईश्वर की उपस्थिति का ज़रा भी ज्ञान नहीं है।

**6. अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,**
**समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े।**
**परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,**
**अभी अमर्त्य अंक में अपंक हो चढ़ो सभी।**
**रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि हमें एक-दूसरे की सहायता करते हुए उद्धार के रास्ते पर चलने का संदेश दे रहे हैं। उनके अनुसार मृत्यु के बाद देवतागण स्वयं अपने हाथ फैलाए परोपकारी एवं दयालु मनुष्यों का स्वागत करेंगे। वे चाहते हैं कि उद्धार पाने में मनुष्य परस्पर एक-दूसरे की सहायता करें। इस प्रकार कवि हमें एक-दूसरे का कल्याण करने का मार्ग बता रहे हैं। उनके अनुसार ऐसा मनुष्य, मनुष्य कहलाने के लायक नहीं है, जो ज़रूरत पड़ने पर दूसरे मनुष्य की सहायता न कर सके।

**7. 'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,**
**पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।**
**फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,**
**परंतु अंतरैक्य में प्रमाणीभूत वेद हैं।**
**अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥**

उन्होंने कहा है कि सिर्फ़ बाहर से ही हमारे रंग-रूप में अंतर है। लोग कर्म के अनुसार एक-दूसरे को अलग-अलग समझने की भूल करते हैं, लेकिन सभी की आत्मा में एक ही परमात्मा का निवास है। हम सभी परमेश्वर को पूज्यपिता के समान मानते हैं। फिर कवि कहते हैं कि ऐसे भाई (मनुष्य) के होने का फायदा ही क्या, जो ज़रूरत पड़ने पर दूसरे भाई (मनुष्य) की सहायता न कर सके।

**8. चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,**
**विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।**
**घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,**
**अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।**
**तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि हमें अपने लक्ष्य के मार्ग पर बिना रुके निरंतर चलने रहते का उपदेश दे रहे हैं। कवि कहते हैं कि रास्ते में जितनी भी बाधाएँ आएँ, उन्हें साहसपूर्वक पार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए। परंतु हमें ऐसा करते हुए, आपसी भेदभाव को कभी भी बढ़ने नहीं देना है और आपसी भाईचारे को कम भी नहीं होने देना है। हमारी सामर्थ्यता तभी सिद्ध होगी, जब हम अपने साथ-साथ दूसरों का भी भला करेंगे, ऐसा करने पर ही हम सही मायनों में मनुष्य कहलाने के लायक बनेंगे। इस प्रकार कवि ने हमें परोपकार एवं भाईचारे के भावों को मन में रखकर हँसी-खुशी जीवन जीने का संदेश दिया है।

## शब्दार्थ

**पृष्ठ-20-21**

**मर्त्य–** मरणशील, **वृथा–** बेकार, **पशु-प्रवृत्ति–** पशु जैसा स्वभाव, **उदार–** सहृदय, **धरा–** धरती, **कृतार्थ–** आभारी/धन्य, **सजीव–** जानदार, **कीर्ति–** प्रसिद्धि, **कूजती–** गूँजती/मधुर ध्वनि करती, **सृष्टि–** संसार, **अखंड–** जो खंडित न हो, **असीम–** सीमा रहित, **विश्व–** संसार, **क्षुधार्त–** भूख से व्याकुल, **रंतिदेव–** एक परम दानी राजा, **करस्थ–** हाथ में पकड़ा हुआ, **परार्थ–** दूसरों के लिए, **दधीचि–** एक प्रसिद्ध ऋषि, जिनकी हड्डियों से इंद्र का वज्र बना था, **अस्थिजाल–** हड्डियों का समूह, **उशीनर–** गंधार देश का राजा, **क्षितिज–** राजा, **स्वमांस–** अपने शरीर का मांस, **कर्ण–** दानवीर/कुंती का पुत्र, **चर्म–** चमड़ा, **अनित्य–** मिटने वाली, **महाविभूति–** बड़ी भारी पूँजी, **वशीकृता–** वश में की हुई, **विरुद्धवाद बुद्ध का–** बुद्ध ने पारंपरिक मान्यताओं का विरोध किया था, **मदांध–** मद (गर्व) में अंधा, **तुच्छ–** नगण्य/कम, **वित्त–** धन, **गर्व–** घमंड, **अतीव–** बहुत, **अधीर–** बेचैन, **अनंत–** जिसका अंत न हो, **समक्ष–** सामने, **स्वबाहु–** अपनी बाँह, **परस्परावलंब–** एक दूसरे का सहारा, **अंक–** गोद, **अपंक–** कलंक-रहित, **स्वयंभू–** परमात्मा/स्वयं उत्पन्न होने वाला, **अंतरैक्य–** अंतर/हृदय की एकता, **प्रमाणभूत–** साक्षी, **व्यथा–** कष्ट/तकलीफ़, **विपत्ति–** मुश्किल, **विघ्न–** रुकावट, **अतर्क–** तर्क से परे, **सतर्क पंथ–** सावधान यात्री।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. कवि की दृष्टि में सुमृत्यु क्या है?
   (*i*) जब मरने के बाद मनुष्य अमर हो जाए
   (*ii*) जब मरने के बाद मनुष्य को लोग उसके अच्छे गुणों के कारण याद करें
   (*iii*) जब मनुष्य अपने परिजनों के कल्याण के लिए ही काम करते-करते मर जाए
   (*iv*) जब मनुष्य समाज के कल्याण के लिए मर जाए
2. मनुष्य का मरना-जीना किस दृष्टि से व्यर्थ है?
   (*i*) जब मनुष्य किसी के काम न आ सके
   (*ii*) जब मनुष्य अपने परिवार जनों तक के भी काम न आ सके
   (*iii*) जब मरने के बाद मनुष्य को कोई याद करने वाला भी न हो
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
3. आपकी दृष्टि में कौन मरे के समान है?
   (*i*) जिसकी मृत्यु आपकी नजरों के सामने हो जाए
   (*ii*) जिसकी मृत्यु आपकी जानकारी में हो

(*iv*) इनमें से कोई नहीं

4. पशु और मनुष्य में मूलभूत अंतर क्या है?
   (*i*) पशु अपने लिए जीता है, जबकि मनुष्य समस्त मानव जाति के लिए
   (*ii*) पशु अपने तथा अपने बच्चों के बारे में सोचता है, जबकि मनुष्य केवल अपने बारे में
   (*iii*) पशु तथा मनुष्य केवल अपने बारे में सोचते हैं
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
5. सरस्वती किसका गुणगान करती हैं?
   (*i*) आमजन का (*ii*) स्वार्थी तथा लालची लोगों का (*iii*) उदार लोगों का (*iv*) सभी लोगों का
6. 'अखंड आत्म भाव' का क्या अर्थ है?
   (*i*) संपूर्ण एकता एवं आत्मीयता का भाव (*ii*) संपूर्ण एकता का भाव
   (*iii*) संपूर्ण आत्मीयता का भाव (*iv*) इनमें से कोई नहीं
7. किसकी कीर्ति सदा कूजती रहती है?
   (*i*) स्वार्थी की (*ii*) उदार की (*iii*) भले मानुष की (*iv*) उपर्युक्त सभी की
8. समस्त सृष्टि किसकी पूजा करती है?
   (*i*) धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की (*ii*) सामाजिक व्यक्ति की (*iii*) उदार व्यक्ति की (*iv*) उपर्युक्त सभी की
9. दधीचि ने दूसरों के कल्याण के लिए किस चीज़ का दान किया था?
   (*i*) गायों का (*ii*) भूमि का (*iii*) अपने शरीर के मांस का (*iv*) अपनी अस्थियों का
10. किसने खुशी-खुशी अपने शरीर के चर्म तक का दान कर दिया था?
   (*i*) रंतिदेव ने (*ii*) गंधार देश के राजा उशीनर ने (*iii*) दधीचि ने (*iv*) वीर कर्ण ने
11. कवि के अनुसार दूसरों की भलाई के लिए नश्वर शरीर को जोखिम में डालने से क्यों नहीं डरना चाहिए?
   (*i*) क्योंकि आत्मा अजर-अमर है, इसका नाश नहीं होता, भले ही शरीर का नाश हो जाए
   (*ii*) क्योंकि दूसरों की भलाई करने का मौका बार-बार नहीं मिलता
   (*iii*) क्योंकि दूसरों की भलाई के लिए जोखिम उठाकर अपने को प्रसिद्ध किया जा सकता है
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
12. किसने भूख से पीड़ित होने पर भी अपने हाथ में पकड़े थाल को भी दान में दे दिया था?
   (*i*) परमदानी राजा रंतिदेव ने (*ii*) गंधार के राजा क्षितीश ने (*iii*) दानवीर कर्ण ने (*iv*) महर्षि दधीचि ने
13. मनुष्य के किस गुण के कारण धरती भी उसके वश में हो जाती है?
   (*i*) मानवता (*ii*) सहानुभूति (*iii*) भाईचारा (*iv*) कट्टरता
14. बुद्ध का विरुद्धवाद क्या था?
   (*i*) लोगों को अहिंसा का उपदेश देना (*ii*) करुणावश उस समय की गलत मान्यताओं का विरोध करना
   (*iii*) लोगों को शासन के विरुद्ध करना (*iv*) इनमें से कोई नहीं
15. कवि के अनुसार उदार कौन है?
   (*i*) सबको अपना समझने वाला (*ii*) लोगों पर दया करने वाला (*iii*) परोपकार करने वाला (*iv*) उपर्युक्त सभी
16. कवि ने मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी किसे कहा है?
   (*i*) दया (*ii*) करुणा (*iii*) सहानुभूति (*iv*) अहिंसा
17. लोग क्यों मदांध हो जाते हैं?
   (*i*) अपने पास धन-संपत्ति होने के कारण (*ii*) भरा-पूरा परिवार होने के कारण
   (*iii*) बहुत बड़ा ज्ञानी होने के कारण (*iv*) ईश्वर-भक्ति के कारण
18. संसार में कोई भी अनाथ क्यों नहीं है?
   (*i*) क्योंकि सबके माता-पिता हैं
   (*ii*) लोगों का प्यार मिलने के कारण अनाथ को इसका पता ही नहीं चलता

(*iv*) उपर्युक्त सभी

19. कवि ने कैसे लोगों को भाग्यहीन कहा है?
   (*i*) जो ईश्वर को नहीं मानते
   (*ii*) जिनके पास धन-संपत्ति का अभाव हो
   (*iii*) और-और पाने की लालसा में अधीर रहने वालों को
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
20. सनाथ होने पर लोगों के मन में कैसे भाव आते हैं?
   (*i*) अभिमान का
   (*ii*) निडरता का
   (*iii*) चिंता का
   (*iv*) संतुष्टि का
21. उपर्युक्त पंक्तियों के अनुसार 'अनंत देव' किसके लिए खड़े हैं?
   (*i*) असंख्य देवताओं के लिए
   (*ii*) महान काम करने वाले असंख्य लोगों के लिए
   (*iii*) हमारे शुभचिंतकों के लिए
   (*iv*) इनमें से किसी के लिए नहीं
22. उपर्युक्त पंक्तियों में कवि लोगों को क्या संदेश दे रहा है?
   (*i*) स्वावलंबी बनकर आगे बढ़ने का
   (*ii*) एक-दूसरे का सहायक बनने का
   (*iii*) समस्याओं से मुक्ति के लिए ईश्वर की स्तुति करने का
   (*iv*) उपर्युक्त सभी
23. कवि के अनुसार हमें देव तुल्य लोगों का संरक्षण पाने के लिए अपने को किस प्रकार रखना चाहिए?
   (*i*) दोष रहित
   (*ii*) प्रेम युक्त
   (*iii*) परिश्रमी
   (*iv*) उपर्युक्त सभी
24. कवि सफलता की ऊँचाइयों को किस प्रकार प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रहा है?
   (*i*) अपने बल पर
   (*ii*) एक-दूसरे के सहयोग से
   (*iii*) स्वार्थ की सहायता से
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
25. कवि के अनुसार सबसे बड़ा विवेक क्या है?
   (*i*) संपूर्ण मानव जाति परस्पर बंधु-बांधव की तरह है
   (*ii*) परमात्मा सबका पिता है
   (*iii*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
26. वेद में किस बात को प्रमाणित किया गया है?
   (*i*) सबका शरीर रक्त और हाड़-मांस से बना है
   (*ii*) सबके अंदर एक जैसी आत्मा है
   (*iii*) सबके अंदर एक समान भाव उत्पन्न होते हैं
   (*iv*) उपर्युक्त सभी
27. बाह्य तौर पर मनुष्यों में भेद क्यों है?
   (*i*) संसाधनों के असमान बँटवारे के कारण
   (*ii*) कर्म-फल की असमानता के कारण
   (*iii*) भौगोलिक कारणों से
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
28. एक बंधु का दूसरे बंधु के दुख-तकलीफ को दूर न करना कवि की दृष्टि में क्या है?
   (*i*) उचित
   (*ii*) अनुचित
   (*iii*) अनर्थकारी
   (*iv*) उपर्युक्त सभी
29. लोगों को इच्छित मार्ग पर किस प्रकार बढ़ना चाहिए?
   (*i*) प्रसन्न मन से खेलते-कूदते हुए
   (*ii*) मार्ग में आने वाली विघ्न-बाधाओं को दूर करते हुए
   (*iii*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
30. किस काम के कारण हमारी एकता घटनी नहीं चाहिए तथा हमारे बीच की भिन्नता बढ़नी नहीं चाहिए?
   (*i*) इच्छित मार्ग पर बढ़ने के क्रम में
   (*ii*) किसी भी काम में
   (*iii*) चुने हुए कामों में
   (*iv*) उपर्युक्त सभी में
31. सभी अपनी मंज़िल पाने के लिए किस प्रकार आगे बढ़े?
   (*i*) तर्क से परे होकर सावधानीपूर्वक
   (*ii*) विघ्न-बाधाओं से समझौता करते हुए
   (*iii*) तर्क-वितर्क करते हुए असावधानीपूर्वक
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
32. कवि के अनुसार मनुष्य का समर्थ भाव है–
   (*i*) केवल अपना विकास करना
   (*ii*) सदा दूसरों की तरक्की में सहायता करना
   (*iii*) खुद का विकास करना तथा इस कार्य में दूसरों की भी मदद करना
   (*iv*) उपर्युक्त सभी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. (*ii*) | 8. (*iii*) | 9. (*iv*) | 10. (*iv*) | 11. (*i*) | 12. (*i*) |
| 13. (*ii*) | 14. (*ii*) | 15. (*iii*) | 16. (*iii*) | 17. (*i*) | 18. (*iii*) |
| 19. (*iii*) | 20. (*i*) | 21. (*ii*) | 22. (*ii*) | 23. (*i*) | 24. (*ii*) |
| 25. (*i*) | 26. (*ii*) | 27. (*ii*) | 28. (*iii*) | 29. (*iii*) | 30. (*i*) |
| 31. (*i*) | 32. (*iii*) | | | | |

## II. लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 अंक )

**1. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है?** **(CBSE 2017)**

उ॰ कवि ने ऐसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है जो मानवता की राह में परोपकार करते हुए आती है, जिसके बाद मनुष्य को याद रखा जाता है।

**2. उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है?**

उ॰ उदार व्यक्ति परोपकारी होता है। वह अपना पूरा जीवन पुण्य व लोकहित के कार्यों में बिता देता है। वह किसी से भेदभाव नहीं रखता, बल्कि आत्मीय भाव रखता है। कवि और लेखक भी उसके गुणों की चर्चा अपने लेखों में करते हैं। वह निज स्वार्थों का त्याग कर जीवन का मोह भी नहीं रखता।

**3. कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर 'मनुष्यता' के लिए क्या संदेश दिया है?**

उ॰ कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर 'मनुष्यता' के लिए यह संदेश दिया है कि परोपकार के लिए अपना सर्वस्व यहाँ तक कि अपने प्राण तक न्योछावर करने को तैयार रहना चाहिए। यहाँ तक कि परहित के लिए अपने शरीर तक का दान करने को तैयार रहना चाहिए। दधीचि ने मानवता की रक्षा के लिए अस्थियाँ तथा कर्ण ने खाल तक दान कर दी। हमारा शरीर तो नश्वर है, उसका मोह रखना व्यर्थ है। परोपकार करना ही सच्ची मनुष्यता है। हमें यही करना चाहिए।

**4. कवि ने किन पंक्तियों में यह व्यक्त किया है कि हमें गर्व रहित जीवन व्यतीत करना चाहिए?** **(CBSE 2009)**

उ॰ निम्नलिखित पंक्तियों में गर्व रहित जीवन व्यतीत करने की बात कही गई है–

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में, सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।।

**5. 'मनुष्य मात्र बंधु है' से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।** **(CBSE 2005, 2007, 2012)**

उ॰ 'मनुष्य मात्र बंधु है' से तात्पर्य है कि सभी मनुष्य आपस में भाई-बंधु हैं क्योंकि सभी का पिता एक ईश्वर है। इसलिए सभी को प्रेम-भाव से रहना चाहिए, सहायता करनी चाहिए। कोई पराया नहीं है। सभी एक-दूसरे के काम आएँ।

**6. कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है?** **(CBSE 2012 SP)**

उ॰ कवि ने सबको एक साथ चलने की प्रेरणा इसलिए दी है क्योंकि सभी मनुष्य उस एक ही परमपिता परमेश्वर की संतान हैं, इसलिए बंधुत्व के नाते हमें सभी को साथ लेकर चलना चाहिए क्योंकि समर्थ भाव भी यही है कि हम सबका कल्याण करते हुए अपना कल्याण करें।

**7. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?** **(CBSE 2012, 2019)**

उ॰ 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि यह संदेश देना चाहता है कि हमें अपना जीवन परोपकार में व्यतीत करना चाहिए। सच्चा मनुष्य दूसरों की भलाई के काम को सर्वोपरि मानता है। हमें मनुष्य-मनुष्य के बीच कोई अंतर नहीं करना चाहिए। हमें उदार हृदय बनना चाहिए। हमें धन के मद में अंधा नहीं बनना चाहिए। हमें मानवतावाद को अपनाना चाहिए।

**8. कवि मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार, मनुष्य कब अहंकारी हो जाता है और क्यों?** **(CBSE 2013)**

उ॰ कवि मैथिलीशरण गुप्त का मानना है कि मनुष्य धन-संपत्ति आने पर अहंकारी हो जाता है, क्योंकि वह इस तुच्छ धन-संपत्ति की प्राप्ति होने पर स्वयं को बड़ा महत्वपूर्ण समझने लगा है। उसे अपनी संपत्ति का अभिमान हो जाता है। वह संपत्तिविहीन लोगों को तुच्छ एवं व्यर्थ समझने लगता है।

**9. 'मनुष्यता' कविता में 'अभीष्ट मार्ग' किसे कहा गया है और क्यों?** **(CBSE 2012)**

उ॰ 'मनुष्यता' कविता में अभीष्ट मार्ग ऐसे मार्ग को कहा गया है, जिसके माध्यम से सभी व्यक्तियों की इच्छाओं को पूरा किया जा सके तथा जिससे समस्त समाज का कल्याण हो।

**10. 'मनुष्यता' कविता के आधार पर किन्हीं तीन मानवीय गुणों के बारे में लिखिए।** **(CBSE 2014)**

उ॰ राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से हमें मानवीय गुणों को अपनाने की सलाह दी है। कवि के अनुसार,

मानव-जीवन को सार्थक बनाने में सक्षम है। केवल अपने लिए जीना पशु-प्रवृत्ति है, जबकि दूसरों के लिए जीना ही सच्चे अर्थों में मनुष्यता है।

**11. व्यक्ति को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए?** **CBSE 2013**

उ० मनुष्य को परोपकारी जीवन व्यतीत करना चाहिए। उसे अपने अभीष्ट मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते जाना चाहिए। सच्चा व्यक्ति परोपकार करके ही अपने जीवन को सफल बना सकता है। यही मार्ग उसके लिए अभीष्ट है।

**12. कविता के आधार पर 'मनुष्यता' की परिभाषा बताइए।** **CBSE 2016**

उ० राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने बंधुत्व की भावना को सबसे विवेकशील माना है। 'मनुष्यता' कविता के अनुसार, इस संसार में कोई भी व्यक्ति पराया नहीं है। मनुष्य को मानवता का पक्षधर होना चाहिए। सब मनुष्य भाई-भाई हैं; प्रत्येक मनुष्य के प्रति यही दृष्टिकोण उसकी विवेकशीलता का परिचायक है।

## III. उच्च चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न (4 अंक)

**1. कवि ने आप ही आप चरने को पशु-प्रवृत्ति कहा है। आप मनुष्यवृत्ति किसे मानते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।**

उ० मनुष्य जब तक स्वार्थ में डूबा रहता है, अपने-आप तक सीमित रहता है तथा दूसरों के बारे में न सोचता है, न कुछ करता है तो उसे पशु-प्रवृत्ति कहा जाता है। इसके विपरीत मेरा मानना है कि जब व्यक्ति अपना स्वार्थ त्यागकर दूसरों की भलाई के लिए कुछ करता है, दूसरों के उत्थान के विषय में सोचता है, उन्हें अपना मानकर उनके प्रति संवेदनशीलता रखता है और मनुष्यता का भाव बनाए रखता है तो इसे मनुष्यवृत्ति कहते हैं। त्याग, परोपकार, सहानुभूति, सहृयता जैसे उच्च मानवीय गुण मनुष्यवृत्ति को बनाए रखते हैं।

**2. राजा रंतिदेव, उशीनर राजा शिवि आदि का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है? इनके कार्यों से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?**

उ० राजा रंतिदेव तथा उशीनर राजा शिवि का उल्लेख उनके द्वारा मनुष्यता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के संदर्भ में किया गया है। राजा रंतिदेव को अकाल में लगभग डेढ़ माह बाद एक थाली भोजन मिला। वे उसे खाना ही चाह रहे थे कि एक भूखा व्यक्ति उनके सामने आ गया। वे अपना भोजन उसे खिलाकर स्वयं भूखे रह गए। इसी तरह उशीनर राजा शिवि ने अपनी शरण में आए कबूतर के प्राणों की रक्षा के लिए शिकारी को कबूतर के बदले अपने शरीर का माँस देकर मनुष्यता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके कार्यो से हमें मनुष्यता बनाए रखने तथा परोपकार करने की प्रेरणा मिलती है।

**3. आज संसार जिस वस्तु को पूँजी मान बैठा है, उसे आप कितना उचित मानते हैं? आपके विचार से असली पूँजी किसे मानना चाहिए?**

उ० आज संसार भौतिक वस्तुओं और धन-संपत्ति को पूँजी मान बैठा है। लोगों की इस सोच को मैं उचित नहीं समझता हूँ। यह सत्य है कि जीवन-यापन के लिए धन की आवश्यकता होती है, पर धन सब कुछ नहीं है, क्योंकि धन मद उत्पन्न करने का कारक होने के अलावा तुच्छ वस्तु भर ही है। मेरे विचार से मनुष्यता को बढ़ावा देने वाले मानवीय गुण दया, करुणा, त्याग, सहानुभूति, पारस्परिक प्रेम, सद्भाव, समरसता आदि को असली पूँजी मानना चाहिए। इस पूँजी के अभाव में संसार में मनुष्यता का अभाव होता जाएगा और स्वार्थ का बोलबाला बढ़ता जाएगा।

**4. कवि का मानना है कि संसार में कोई अनाथ नहीं है। उसकी इस सोच को आप कितना उचित या अनुचित मानते हैं और क्यों?**

उ० मनुष्य के पास जैसे ही थोड़ी दौलत आ जाती है, वह घमंड करने लगता है और अपनी मनुष्यता खो बैठता है। वह यह भी भूल जाता है कि असली मालिक ईश्वर है। वह जब जिसे जितना देना चाहता है, देता है। वह यह दौलत सबको देता है, इसलिए संसार में कोई अनाथ नहीं है। ईश्वर अदृश्य रूप से सबके साथ है। उसके विशाल हाथ सबकी रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। वह हरेक का हितैषी है। ऐसे में धन आदि का घमंड नहीं करना चाहिए और न किसी को अनाथ समझना चाहिए।

**5. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने भगवान बुद्ध द्वारा दिए गए जिन संदेशों का उल्लेख किया है, आज के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।**

उ० भगवान बुद्ध जिन दिनों जनता की भलाई के लिए संदेश और ज्ञान दे रहे थे, उस समय समाज में तरह-तरह की कुरीतियाँ व्याप्त थी। उस समय हिंसा का बोल-बाला था और धर्म के नाम पर निरीह जानवरों की बलि दी जाती थी। उन्होंने इन जीवों के प्रति ही नहीं समूची मानवता के प्रति दया के प्रवाह का संदेश दिया, जिससे अनेक कुरीतियाँ समाप्त हो गईं। आज समाज में जब ऊँच-नीच, जाति-धर्म, क्षेत्र, भाषा आदि के नाम पर एक-दूसरे का शोषण किया जा रहा है, त्याग और दया लुप्त होती जा रही है, तब बुद्ध द्वारा दिए गए संदेशों की आवश्यकता और प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

नाम– ......................................... रोल नं. .........................................

समय– 20 मिनट कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए।** [2×2=4]

(क) मानव–जाति का सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

(ख) मनुष्य को मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए?

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

(ग) गर्वरहित जीवन बिताने के लिए कवि ने क्या-क्या तर्क दिए हैं?

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** [4×1=4]

(क) इस कविता में कवि ने सबको एक साथ चलने की प्रेरणा दी है, इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है?

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

(ख) 'फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं' – पंक्ति से क्या तात्पर्य है?

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

❑❑❑

# 2 पर्वत प्रदेश में पावस

*– सुमित्रानंदन पंत*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत कविता में कवि सुमित्रानंदन पंत जी ने प्रकृति का बड़ा ही सजीव चित्रण किया है। कवि ने वर्षा ऋतु में पर्वतों पर प्रतिपल परिवर्तित मनोहर रूप को मानवीकरण शैली में प्रस्तुत किया है। इस कविता को पढ़कर घर की चारदीवारी के अंदर बैठा हुआ व्यक्ति भी किसी पर्वत की चोटी को महसूस कर सकता है। जिसने कभी पर्वत, वन, झरने नहीं देखे, वह इस अद्‌भुत कविता के जरिए प्रकृति के मनमोहक रूप की कल्पना कर उसके सौंदर्य से मोहित हो, प्रकृति प्रेमी अवश्य बन जाएगा।

## पाठ का सार

कवि ने इस कविता में प्रकृति का ऐसा वर्णन किया है कि लग रहा है मानो प्रकृति सजीव हो उठी है। कवि कहता है कि वर्षा ऋतु में प्रकृति का रूप हर पल बदल रहा है– कभी वर्षा होती है तो कभी धूप निकल आती है। पर्वतों पर उगे हज़ारों फूल ऐसे लग रहे हैं जैसे वह पर्वतों की आँखें हों और वे इन आँखों के सहारे अपने-आप को अपने चरणों में फैले दर्पण रूपी तालाब में देख रहा हो। पर्वतों से गिरते हुए झरने कल-कल की मधुर आवाज़ कर रहे हैं जो रोम-रोम को प्रसन्नता से भर रहे हैं। पर्वतों पर उगे हुए पेड़ शांत आकाश को ऐसे देख रहे हैं जैसे वे उसे छूना चाह रहे हों। बारिश के बाद मौसम पूरी तरह परिवर्तित हो गया है। घनी धुँध के कारण लग रहा है मानों पेड़ कहीं उड़ गए हों अर्थात गायब हो गए हों, चारों ओर धुआँ होने के कारण लग रहा है कि तालाब में आग लग गई है। सारा नज़ारा ऐसा लग रहा है जैसे इस मौसम में इंद्र अपना बादल रूपी विमान लेकर इधर उधर जादू का खेल दिखाते हुए घूम रहे हों।

## काव्यांशों की व्याख्या

1. **पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,**
   **पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।**

**व्याख्या–** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता की प्रस्तुत पंक्तियों में कवि सुमित्रानंदन पंत जी ने वर्षा ऋतु का वर्णन करते हुए, पर्वतों के ऊपर प्रकृति में पल-पल हो रहे बदलाव के बारे में बताया है। उनके अनुसार, वर्षा ऋतु में पहाड़ों के ऊपर कभी धूप खिल जाती है, तो कभी उन्हीं पहाड़ों को घने काले बादल घेर लेते हैं, अर्थात उन्हें छुपा लेते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि ये सब होने में क्षण भर का भी समय नहीं लगता।

2. **मेखलाकर पर्वत अपार**
   **अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,**
   **अवलोक रहा है बार-बार**
   **नीचे जल में निज महाकार,**
   **–जिसके चरणों में पला ताल**
   **दर्पण-सा फैला है विशाल!**

**व्याख्या–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने पर्वत को एक करधनी (कमर में पहने जाने वाला गहना) के रूप में बताया है। पर्वत पर खिले हुए हज़ारों फूल पर्वत के नेत्र की तरह लग रहे हैं। पर्वत के ठीक नीचे फैला तालाब किसी दर्पण का काम कर रहा है, जिसमें पर्वत अपनी पुष्प रूपी आँखों से अपना विशाल रूप निहार रहा है।

3. **गिरि का गौरव गाकर झर-झर**
   **मद में नस-नस उत्तेजित कर**
   **मोती की लड़ियों-सी सुंदर**
   **झरते हैं झाग भरे निर्झर!**

**व्याख्या–** कविता की इन पंक्तियों में कवि ने किसी पर्वत से गिरते झरने की सुंदरता का बखान किया है। झरना उसमें उठने वाले झाग के कारण मोतियों की लड़ी की भाँति लग रहा है। उसके गिरने से पैदा होती कल-कल की गूँज मानो ऐसी है, जैसे झरना पर्वत का गुणगान कर रहा हो। गिरते हुए झरने की ध्वनि को सुनकर लेखक की नस-नस में मानो ऊर्जा का संचार होने लगता है।

उच्चाकांक्षाओं से तरुवर | अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

**व्याख्या–** इसमें कवि ऊँचे पर्वत के ऊपर उगे हुए वृक्षों का वर्णन कर रहा है। जिन्हें देखकर कवि को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ये पेड़ पर्वत के हृदय से उगे हैं और सदैव ऊपर उठने की कामना से एकटक ऊपर आकाश की ओर ही देख रहे हैं। उनकी ऊपर उठने की इच्छा कुछ इस प्रकार की प्रतीत हो रही है कि वे अपने इस लक्ष्य को पाकर ही रहेंगे, उन्हें ऊपर उठने से कोई रोक नहीं सकता। साथ ही, कवि को ऐसा भी प्रतीत हो रहा है मानो ये पेड़ किसी गहरी चिंता में डूबे हों।

**5. उड़ गया, अचानक लो, भूधर | रव-शेष रह गए हैं निर्झर!**
**फड़का अपार पारद के पर! | है टूट पड़ा भू पर अंबर!**

**व्याख्या–** अचानक बदलते इस मौसम में जब आकाश में बादल छा जाते हैं, तो पर्वत भी ढक जाता है। इसीलिए कवि ने कहा है कि अचानक पर्वत अपने चमकीले पंख फड़फड़ाकर कहीं उड़ गया है। वह अब कहीं नज़र नहीं आ रहा। चारों ओर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा, सिर्फ झरने के गिरने की आवाज़ सुनाई दे रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो आकाश पृथ्वी पर आ गिरा हो।

**6. धँस गए धरा में सभय शाल! | –यों जलद-यान में विचर-विचर**
**उठ रहा धुआँ, जल गया ताल! | था इंद्र खेलता इंद्रजाल।**

**व्याख्या–** इन पंक्तियों में कवि ने कहा है कि घनघोर बारिश हो रही है। इस मूसलाधार बरसात के कारण वातावरण में चारों ओर कोहरा फैल गया है। जिसकी वजह से शाल के विशाल पेड़ भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसीलिए कवि ने कहा है कि शाल के पेड़ डरकर धरती में घुस गए हैं। इस निरंतर उठते कोहरे को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो तालाब में आग लग गई हो। प्रकृति के विभिन्न रूपों को देखकर कवि को ऐसा लग रहा है, जैसे इंद्र बादलों में घूम-घूमकर अपना खेल खेल रहे हों।

## शब्दार्थ

**पृष्ठ-27-28**

**पावस–** वर्षा ऋतु, **परिवर्तित–** बदला हुआ, **प्रकृति-वेश–** प्रकृति का रूप, **मेखलाकार–** करधनी के आकार की पहाड़ की ढाल, **सहस्र–** हज़ार, **दृग-सुमन–** पुष्प रूपी आँखें, **अवलोक–** देखना, **महाकार–** विशाल आकार, **ताल–** तालाब, **दर्पण–** आईना, **गिरी–** पहाड़, **मद–** मस्ती, **झाग–** फेन, **उर–** हृदय, **उच्चाकांक्षा–** ऊँचा उठने की कामना, **तरुवर–** पेड़, **नीरव नभ–** शांत आकाश, **अनिमेष–** एकटक, **भूधर–** पहाड़, **पारद के पर–** पारे के समान धवल एवं चमकीले पंख। **रव-शेष–** केवल आवाज़ का रह जाना, **सभय–** भय के साथ, **शाल–** एक वृक्ष का नाम, **जलद-यान–** बादल रूपी विमान, **विचर–** घूमना, **इंद्रजाल–** जादूगरी।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. प्रस्तुत पंक्तियों में किस ऋतु को दर्शाया गया है?
   (*i*) वसंत (*ii*) ग्रीष्म (*iii*) पावस (*iv*) हेमंत
2. कौन पल-पल अपना वेश बदल रहा है?
   (*i*) ताल (*ii*) पर्वत (*iii*) प्रकृति (*iv*) इनमें से कोई नहीं
3. पर्वत की आँखों जैसे कौन हैं?
   (*i*) पर्वत पर उमड़ते-घुमड़ते बादल (*ii*) पर्वत पर खिले फूल
   (*iii*) पर्वत की बर्फ़ (*iv*) इनमें से कोई नहीं
4. नीचे स्थित जल में कौन अपने विशाल आकार को निहार रहा है?
   (*i*) बादल (*ii*) पेड़ (*iii*) पर्वत (*iv*) उपर्युक्त सभी
5. कौन गिरि के गौरव का गान करता हुआ प्रतीत हो रहा है?
   (*i*) ताल (*ii*) पेड़ (*iii*) पुष्प (*iv*) निर्झर

(*i*) पक्षियों के (*ii*) ताल के (*iii*) बहती हवा के (*iv*) झरनों के

7. झाग भरे निर्झर किनके समान लगते हैं?

(*i*) करधनी के समान (*ii*) पाजेब के घुँघरूओं के समान (*iii*) मोती की लड़ियों के समान (*iv*) माखन के समान

8. पर्वत की छाती पर उगे ऊँचे वृक्षों की तुलना किससे की गई है?

(*i*) झरने के गिरते पानी से (*ii*) नदी के बहते जल से
(*iii*) ताल के स्थिर जल से (*iv*) मन में उठने वाली ऊँची आकांक्षाओं से

9. कवि को क्यों लगा कि पहाड़ उड़ गया है?

(*i*) घनघोर बर्षा होने के कारण (*ii*) बादलों द्वारा पर्वत के ढक जाने के कारण
(*iii*) पर्वत को उसकी जगह पर न पाकर (*iv*) उपर्युक्त सभी

10. कवि ने पर्वत के पंख को कैसा बताया है?

(*i*) पारे के समान सफेद एवं चमकीला (*ii*) काजल के समान काला
(*iii*) काला एवं सफेद (*iv*) इनमें से कोई नहीं

11. 'पर्वत प्रदेश में पावस' ऋतु में कौन-कौन नज़रों से ओझल हो गए?

(*i*) पर्वत (*ii*) झरने (*iii*) शाल वृक्ष (*iv*) उपर्युक्त सभी

12. किसकी मात्र आवाज़ ही शेष रह गई है?

(*i*) चिड़ियों की (*ii*) झरनों की (*iii*) नदियों की (*iv*) ताल की

**उत्तर–** 1. (*iii*) 2. (*iii*) 3. (*ii*) 4. (*iii*) 5. (*iv*) 6. (*iv*)
7. (*iii*) 8. (*iv*) 9. (*ii*) 10. (*i*) 11. (*iv*) 12. (*ii*)

## II. लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 अंक )

**1. पर्वत अपना प्रतिबिंब तालाब में क्यों देख रहा है? (CBSE 2016)**

उ॰ पावस ऋतु के आने पर पर्वत का सौंदर्य दुगुना हो गया है। उस पर हज़ारों फूल खिल उठे हैं। पर्वत मानो स्वयं पर मोहित हो गया है। वह अपने चरणों में पड़े तालाब में अपने प्रतिबिंब को निहार रहा है क्योंकि तालाब दर्पण की भाँति लग रहा है। तालाब के स्वच्छ जल में पर्वत को स्वयं की परछाईं स्पष्ट दिखाई दे रही है। वह हज़ारों पुष्प रूपी आँखों से तालाब में अपनी छवि निहार कर प्रसन्न हो रहा है।

**2. पावस ऋतु में पर्वत प्रदेश का रूप क्यों परिवर्तित हो जाता है? (CBSE 2015)**

उ॰ पावस ऋतु में पर्वतीय प्रदेश की प्रकृति प्रतिपल अपना नया वेश धारण करती दिखाई देती है। क्षण में बादलों का घिरना, वर्षा होना तथा पुन: वातावरण का साफ-स्वच्छ होना, धूप खिलना, पर्वतों पर आम घटनाएँ हैं। अत्यधिक ऊँचाई के कारण मौसम का परिवर्तन वहाँ एक सामान्य क्रिया है जो वर्षा में और अधिक तीव्रता से होता है।

**3. पर्वत प्रदेश में पावस के आधार पर 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2014, 2016)**

उ॰ 'भू पर अंबर टूटने' का अर्थ है– बादलों द्वारा धरती पर आक्रमण करना अर्थात मूसलाधार वर्षा होना। पर्वतीय अंचल में अचानक बादलों के घिर आने से पर्वत अदृश्य हो गए, केवल झरनों का शोर शेष रह गया है। पृथ्वी और आकाश मानो एक-से हो गए हैं। अचानक तेज़ वर्षा होने से कवि को लगता है मानो पृथ्वी पर आकाश टूट पड़ा हो।

**4. 'पर्वत प्रदेश में पावस' की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (CBSE 2013)**

उ॰ 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता प्रकृति के परिवर्तन पर प्रकाश डालती है। प्रकृति पल-पल अपना रूप बदलती है। यहाँ प्रकृति के सुंदरतम रूप का भी वर्णन किया गया है और उसके भयानक रूप का भी चित्रण किया गया है। इस कविता की सार्थकता यह है कि हम ईश्वर द्वारा प्रदत्त प्रकृति को संभाल कर रखें, इसे प्रदूषित न होने दें, अन्यथा इसका विनाश हो जाएगा और हमारा जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

उ॰ मेखलाकार का अर्थ है– करधनी के आकार का। यहाँ इस शब्द का प्रयोग पर्वतों की शृंखला के लिए किया गया है। ये पावस ऋतु में दूर-दूर तक करधनी की आकृति में फैले हुए हैं।

**6. 'सहस्त्र दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इसका प्रयोग किसके लिए किया होगा? (CBSE 2010)**

उ॰ 'सहस्र दृग-सुमन' से कवि का तात्पर्य पहाड़ों पर खिले हज़ारों फूलों से है। कवि को फूल पहाड़ों की आँखों के समान लग रहे हैं, इसीलिए कवि ने इस पद का प्रयोग किया है।

**7. पर्वत के हृदय से उठकर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?**

उ॰ ऊँचे-ऊँचे पर्वत पर उगे वृक्ष आकाश की ओर चिंतामग्न देखते प्रतीत हो रहे हैं। जैसे वे आसमान की ऊँचाइयों को छूना चाहते हों। इसमें मानवीय भावनाओं को बताया गया है कि मनुष्य सदा आगे बढ़ने का भाव अपने मन में रखता है।

**8. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए? (CBSE 2017)**

उ॰ घनी धुँध के कारण लग रहा है मानो पेड़ कहीं उड़ गए हों अर्थात गायब हो गए हों। ऐसा लग रहा है कि पूरा आकाश ही धरती पर आ गया हो, केवल झरने की आवाज़ ही सुनाई दे रही है। प्रकृति का ऐसा भयानक रूप देख कर शाल के पेड़ डर कर धरती के अंदर धँस गए हैं।

## III. उच्च चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न (4 अंक)

**1. वर्षा ऋतु में कवि ने पर्वतीय प्रदेश में ऐसा क्या देखा कि उसे लगा जैसे इंद्र, इंद्रजाल का खेल दिखा रहा है? अपने शब्दों में लिखिए।**

उ॰ पर्वतीय प्रदेश में वर्षा ऋतु में अचानक आसमान में काले-काले बादल घिर आए और इतनी तेज़ वर्षा होने लगी मानो आसमान धरती पर टूट पड़ा हो। लगने लगा कि शाल के ऊँचे-ऊँचे वृक्ष भयभीत होकर धरती में छुप गए हैं। तेज़ वर्षा के कारण तालाब में उठने वाला धुआँ ऐसा दिखाई दे रहा है, मानो तालाब में आग लग गई हो। वर्षा के कारण पहाड़ पर पल-पल बदलता दृश्य देखकर कवि को ऐसा लगने लगा मानो इंद्र बादल रूपी विमान में घूम-घूमकर अपना जादुई खेल दिखा रहा हो।

**2. वर्षा ऋतु में पहाड़ मानवीय क्रियाएँ करता हुआ दिखाई देता है। 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए।**

उ॰ पर्वतों से घिरे भू-भाग के बीच छोटे-बड़े जो समतल भू-भाग होते हैं, वे वर्षा ऋतु में वर्षा का पानी जमा होने से तालाब का आकार ले लेते हैं। उनमें एकत्र स्वच्छ पानी अपनी निर्मलता के कारण दर्पण का काम करने लगता है। कवि को इसी विशाल दर्पण में पर्वत अपनी सुमन रूपी सहस्र आँखों से अपना विशालकाय प्रतिबिंब निहारता हुआ प्रतीत होता है। इसी तरह से पर्वत पर उगे हुए वृक्षों को देखकर कवि को ऐसा प्रतीत होता है कि ये वृक्ष पर्वत की आकांक्षाएँ हैं जो ऊपर उठने की कामना से आकाश को एकटक देख रहे हैं। पहाड़ इसी प्रकार की मानवीय क्रियाएँ करता हुआ प्रतीत होता है।

**3. कवि को वर्षा ऋतु में ऐसा क्यों लगने लगा कि पूरा पहाड़ ही आसमान में उड़ने लगा है? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।**

उ॰ वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश में आसमान काले-काले बादलों से घिर जाता है। ये जलधर इतने नीचे आ जाते हैं कि पर्वत की चोटियाँ और बादल एकाकार हो जाते हैं। अब पर्वत और काले बादलों में बहुत कम फ़र्क रह जाता है। ऐसा लगने लगता है जैसे समूचा पर्वत ही बादल रूपी पंखों के सहारे आसमान में उड़ रहा हो। बरसते बादलों को देखकर ऐसा लगता है मानो पहाड़ अपने बादल रूपी पंख फड़फड़ा रहा हो और उसके भीगे पंखों से पानी टपक रहा हो।

**4. पहाड़ पर उगे ऊँचे-ऊँचे तरुवर क्या संदेश देते प्रतीत होते हैं?**

**अथवा**

**पर्वत पर उगे ऊँचे-ऊँचे तरुवरों से आप कौन-सी प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं?**

उ॰ पर्वतीय प्रदेश में पहाड़ के सीने पर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष उगे हैं। ये ऊँचे-ऊँचे वृक्ष मानव मन में उठने वाली आकांक्षाओं के समान ही ऊँचे हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, मानो ये वृक्ष शांत आकाश को अपलक निहार रहे हैं। ये अटल रहकर किसी मौन चिंतन में डूबे हुए किसी रहस्य को सुलझाने में लगे हैं। इन तरुवरों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी अपनी आकांक्षाएँ ऊँची रखनी चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

❑❑❑

नाम– ..............................................                                        रोल नं. ..............................................

समय– 20 मिनट                                                                                     कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए।** **[2×2=4]**

(क) झरते हुए झरने की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ख) 'उड़ गया अचानक लो भूधर'– इस पंक्ति द्वारा कवि की कल्पना को स्पष्ट कीजिए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ग) कवि ने तालाब की तुलना किससे की है और क्यों की है? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** **[4×1=4]**

(क) पर्वत प्रदेश में पावस ऋतु में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों को ध्यान में रखकर यह बताइए कि पहाड़ी लोगों को इस ऋतु में किन-किन कठिनाइयों से सामना करना पड़ता होगा? कविता के कथ्य को ध्यान में रखकर लिखिए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ख) पर्वत पर उगे ऊँचे-ऊँचे तरुवरों से आप कौन-सी प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

❑❑❑

# 3 कर चले हम फ़िदा

*– कैफ़ी आज़मी*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत गीत जो युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी फ़िल्म 'हकीकत' के लिए लिखा गया था, ऐसे सैनिकों के हृदय की आवाज़ को बयान करता है, जिन्हें अपने किए-धरे पर नाज़ है। इसी के साथ ही इन्हें देशवासियों से कुछ अपेक्षाएँ भी हैं।

## पाठ का सार

गीतकार कैफ़ी आज़मी सैनिकों के हृदय की आवाज़ बनकर देशवासियों को संबोधित कर रहे हैं कि हमने अपनी जान देश के लिए कुर्बान कर दी; अब देश की रक्षा का भार आप पर है। हमारी साँस रुकती गई और हमारी नब्ज़ जमती गई, फिर भी हम नहीं रुके। देश की रक्षा करते-करते हमारी जान भी चली जाए तो भी हमें कोई दुख नहीं होगा। हमने मरते दम तक अपनी बहादुरी नहीं छोड़ी। ज़िदा रहने और खुशियाँ मनाने के मौके तो हमें बहुत मिलेंगे, लेकिन देश के लिए मर-मिटने का अवसर फिर नहीं मिलेगा। यदि जवान होकर कोई देश के लिए अपना खून नहीं बहाता तो उसकी जवानी पर धिक्कार है। आज हमारे खून से धरती दुलहन की तरह सजी हुई है। आप सभी से प्रार्थना है कि हमारे बाद देश पर जान लुटाने वालों की संख्या कम नहीं होनी चाहिए। आप लोग नई-नई टुकड़ियाँ बनाकर आगे बढ़ते रहना। देश पर बलिदान होने का जश्न मनाने के बाद ही हम विजय का जश्न मना सकेंगे। इसलिए अपने सिर पर कफ़न बाँधकर आप बढ़ते रहें। धरती पर अपने खून से ऐसी लक्ष्मण-रेखा खींच दें। कि कोई रावण (शत्रु) इस तरफ न आने पाए। तुम्हें राम और लक्ष्मण की तरह सीता माता अर्थात भारत माता की रक्षा करनी होगी। इस प्रकार इस गीत में देशभक्ति की भावना को प्रतिपादित किया गया है।

## काव्यांशों की व्याख्या

**1. कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**
**साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई**
**फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया**
**कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं**
**सर हिमालय का हमने न झुकने दिया**
**मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**

**व्याख्या–** प्रस्तुत गीत कैफ़ी आज़मी द्वारा भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'हकीकत' से लिया गया है। इस गीत में कवि ने खुद को भारत माता के सैनिक के रूप में प्रस्तुत किया है। कवि कहते हैं कि युद्धभूमि में शहीद होते हुए सैनिक अपने दूसरे साथियों से कहते हैं कि हमने अपनी जान और तन को देश सेवा में समर्पित कर दिया, हम जा रहे हैं, अब देश की रक्षा का भार तुम्हारे हाथों में है। हमारी साँस थम रही थीं, ठंड से नसें जम रही थीं, हम मृत्यु की गोद में जा रहे थे, फिर भी हमने पीछे हटकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। हमारे कटे सिरों यानी शहीद हुए जवानों का हमें गम नहीं है। हमारे लिए ये प्रसन्नता कि बात है कि हमने अपने जीते जी हिमालय का सिर झुकने नहीं दिया यानी दुश्मनों को देश में प्रवेश नहीं करने दिया। मरते दम तक हमारे अंदर बलिदान और संघर्ष का जोश बना रहा। हम बलिदान देकर जा रहे हैं, अब देश की रक्षा करने का भार तुम्हारे हाथों में है।

**2. ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर**
**जान देने के रुत रोज़ आती नहीं**
**हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे**
**वे जवानी जो खूँ में नहाती नहीं**
**आज धरती बनी है दुलहन साथियो**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**

**व्याख्या–** कवि एक सैनिक के रूप में कहते हैं कि व्यक्ति को ज़िंदा रहने के लिए बहुत समय मिलते हैं, परंतु देश के लिए जान देने के मौके कभी-कभी ही मिलते हैं। जो जवानी खून में सराबोर नहीं होती, वह प्यार और सौंदर्य को बदनाम करती है। सैनिक अपने साथियों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि आज धरती दुलहन बनी हुई है यानी ये हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है, इसलिए इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हमारे जाने के बाद इसकी रक्षा की ज़िम्मेदारी अब आपको हाथों में है।

**3. राह कुर्बानियों की न वीरान हो**
**तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले**
**फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है**
**ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले**
**बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**

देश की रक्षा के लिए सैनिक हमेशा आगे बढ़ते रहें। इन कुर्बानियों के बाद ही हम जश्न मनाने के अवसर मिलेंगे। आज हम मृत्यु को प्राप्त होने वाले हैं, हमें अपने सिर पर कफ़न बाँध लेना चाहिए यानी मृत्यु की चिंता न करते हुए शत्रु से लोहा लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। अब हमारे जाने के बाद देश की रक्षा की ज़िम्मेदारी तुम्हारी है।

**4. खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर**
**इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई**
**तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे**
**छू न पाए सीता का दामन कोई**
**राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**

**व्याख्या–** सैनिक अपने बलिदान से पहले अपने साथियों से कहते हैं कि आओ हम अपने खून से धरती पर लकीर खींच दें, जिसके पार जाने की कोई भी रावण रूपी शत्रु हिम्मत न कर पाए। भारत माता को सीता माता के समान बताते हुए सैनिक कहते हैं कि अगर कोई भी भारत माता का आँचल छूने का दुस्साहस करे तो उसके हाथ तोड़ दो। भारत माता के सम्मान को किसी भी तरह ठेस ना पहुँचे। जिस तरह राम और लक्ष्मण ने सीता की रक्षा के लिए पापी रावण का नाश किया, उसी तरह तुम भी शत्रु को पराजित कर भारत माता को सुरक्षित करो। अब इस वतन की ज़िम्मेदारी तुम्हारे हाथों में है।

## शब्दार्थ

**पृष्ठ-43-44**

**फ़िदा–** न्योछावर, **हवाले–** सौंपना, **वतन–** देश, **बाँकपन–** जवानी का जोश, **रुत–** ऋतु/मौसम, **रुस्वा–** बदनाम, **खूँ–** खून, **कुर्बानी–** बलिदान, **काफ़िला–** यात्रियों/मुसाफ़िरों का समूह, **जश्न–** उत्सव, **ज़मीं–** ज़मीन, **लकीर–** रेखा।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'– पंक्ति में 'सर' किसका प्रतीक है–
   (*i*) स्वाभिमान (*ii*) सिर (*iii*) घमंड (*iv*) पराक्रम
2. पद्यांश में 'बाँकपन' शब्द प्रतीक है–
   (*i*) वक्रता (*ii*) अद्भुत (*iii*) छवि (*iv*) बेमिसालपन
3. धरती के दुलहन बनने से तात्पर्य है–
   (*i*) दुलहन की भाँति शर्मा रही है। (*ii*) सैनिकों के ख़ून से नहा गई है।
   (*iii*) बलिदान से गौरवान्वित हुई है। (*iv*) दुलहन की भाँति अपने प्रियतम की आस देख रही है।
4. सर पर क़फन बाँधने का अर्थ है–
   (*i*) बलिदान के लिए तैयार होना। (*ii*) मरने की कोशिश करना।
   (*iii*) अपने लिए जान की बाजी लगाना। (*iv*) लोगों को दिखाना कि हम मरने से नहीं डरते।
5. सैनिक किसे सजाते रहने की बात कर रहा है?
   (*i*) दुलहन को (*ii*) भारत माता को (*iii*) घर-आँगन को (*iv*) देश पर कुर्बान होने वालों के काफ़िले को
6. कुर्बानियों की राह किससे आबाद रहनी चाहिए?
   (*i*) युद्ध संबंधी साजो-सामान से (*ii*) दलों से
   (*iii*) बलिदानी देशभक्तों की टोलियों से (*iv*) उपर्युक्त सभी
7. 'फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है' पंक्ति में इस जश्न से किसकी ओर संकेत किया गया है?
   (*i*) वर्तमान समय में मनाए जाने वाले जश्न
   (*ii*) जीत के बाद के जश्न की तैयारी के लिए किया जाने वाला जश्न
   (*iii*) देश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए बलिदान देने की भावना
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं

(*i*) ज़िंदगी और मौत का मिलन हो रहा है
(*ii*) देश के लिए बलिदान देने को तत्पर लोग अपना बलिदान दे रहे हैं
(*iii*) मौत ज़िंदगी को गले लगा रही है
(*iv*) इनमें से कोई नहीं

9. किसको इस तरफ आने से रोकने के लिए खूँ से ज़मीन पर लकीर खींचने की बात कही गई है?
(*i*) रावण जैसा दुष्ट कोई व्यक्ति (*ii*) देश के दुश्मन (*iii*) बुरी भावनाएँ (*iv*) उपर्युक्त सभी

10. 'छू न पाए सीता का दामन कोई' का भाव है–
(*i*) कोई भी हमारी बहन-बेटियों का अपमान न कर सके (*ii*) कोई भी देश की महिलाओं के साथ अन्याय न कर सके
(*iii*) कोई भी देश की पवित्र धरती को छू तक न सके (*iv*) उपर्युक्त सभी

11. उपर्युक्त पंक्तियों में 'रावन' शब्द से किसकी ओर संकेत किया गया है?
(*i*) लंकापति रावण की ओर (*ii*) दुष्ट लोगों की ओर (*iii*) दुश्मन देश की ओर (*iv*) इनमें से कोई नहीं

12. कवि किस हाथ को तोड़ने की बात कर रहा है?
(*i*) अपनी तरफ बढ़ने वाले हाथ को (*ii*) देश की पवित्र धरती की ओर उठने वाले हाथ को
(*iii*) देश की महिलाओं को अपमानित करने की सोचने वालों का (*iv*) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर–** 1. (*i*) 2. (*iv*) 3. (*iii*) 4. (*i*) 5. (*iv*) 6. (*iii*)
7. (*iii*) 8. (*ii*) 9. (*ii*) 10. (*iii*) 11. (*iii*) 12. (*ii*)

**II. लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 अंक )**

**1. क्या इस गीत की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है? (CBSE 2012)**

उ॰ यह गीत सन 1962 के भारत-चीन युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखा गया है। चीन ने तिब्बत की ओर से आक्रमण किया और भारतीय वीरों ने इस आक्रमण का मुकाबला वीरता से किया।

**2. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया', इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?**

उ॰ हिमालय भारत के मान-सम्मान का प्रतीक है। भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर भी देश के मान-सम्मान को सुरक्षित रखा।

**3. इस गीत में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है? ( CBSE 2011, 2016)**

उ॰ जिस तरह दुलहन को लाल जोड़े में सजाया जाता है, उसी तरह भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर धरती को खून के लाल रंग से सजा दिया, इसीलिए इस गीत में धरती को दुलहन कहा गया है।

**4. गीत में ऐसी क्या खास बात होती है कि वे जीवन भर याद रह जाते हैं? (CBSE 2017)**

उ॰ गीतों में भावनात्मकता, मार्मिकता, सच्चाई, योग्यता, संगीतात्मकता, लयबद्धता आदि गुण होते हैं जिससे वे जीवन भर याद रह जाते हैं। 'कर चले हम फ़िदा' गीत में बलिदान की भावना स्पष्ट रूप से झलकती है जो हर हिंदुस्तानी के दिमाग में रच-बस जाती है।

**5. कैफ़ी आज़मी ने किस काफ़िले के आगे बढ़ते रहने की बात कही है? (CBSE 2013)**

उ॰ कवि ने इस कविता में देश के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले लोगों के काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है। कुर्बानी का यही सिलसिला निरंतर चलते रहना चाहिए। देश पर कुर्बानी देने वालों की बड़ी संख्या में आवश्यकता है।

**6. 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' का भाव स्पष्ट कीजिए।**

उ॰ ये पंक्तियाँ विपरीत परिस्थितियों को उजागर करती हैं। हिमालय की उत्तरी सीमा में बहुत ठंड पड़ती है। यहाँ तक की अत्यधिक ठंड से नब्ज़ तक जम जाती है। ऐसी विषम परिस्थितियों में भी हमने अपने देश के गौरव को कम नहीं होने दिया।

**7. 'बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो' कहकर कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? (CBSE 2012)**

उ॰ कवि कहते हैं कि हमें देश-सेवा का एक अवसर मिलने जा रहा है। साथियो! हमें भी अपने सर पर कफ़न बाँधकर देश पर बलिदान होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उ० बाँकपन से अभिप्राय जवानी के जोश तथा लड़ने-मरने के उत्साह से है। 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि देश के लिए न्योछावर होने की घड़ी बार-बार नहीं आती। अत: कवि देश के लिए जान देने को प्रोत्साहित कर रहा है।

**9. 'कर चले हम फ़िदा' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।**

उ० कविता का शीर्षक सार्थक है, क्योंकि यह कविता देश पर जान न्योछावर करने वाले सैनिकों के हृदय की आवाज़ को बयान करती है, जिन्हें अपने कर्म पर नाज़ है तथा आने वाली पीढ़ियों से कुछ अपेक्षाएँ भी हैं।

**10. ज़मीन पर ख़ून से लकीर खींचने का क्या अर्थ है? दुश्मनों के लिए कवि ने क्या उपमा दी है?**

उ० ज़मीन पर खून से लकीर खींचने का अर्थ दुश्मनों के लिए सीमा-रेखा निर्धारित करने से है। दुश्मनों के लिए कवि ने रावण की उपमा दी है।

**11. कवि ने 'साथियो' संबोधन का प्रयोग किसके लिए किया है? (CBSE 2012)**

उ० कवि ने 'साथियो' शब्द का प्रयोग सैनिक साथियों व देशवासियों के लिए किया है। सैनिकों का मानना है कि वे इस देश की रक्षा हेतु बलिदान की राह पर बढ़ रहे हैं। उनके बाद यह राह सुनी न हो जाए। उनके बाद आने वाले भी देश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने को तैयार रहें।

**12. इस गीत में 'सर पर कफ़न बाँधना' किस ओर संकेत करता है? (CBSE 2012)**

उ० 'सर पर कफ़न बाँधना' का अर्थ होता है—मौत के लिए तैयार हो जाना। यह गीत शत्रुओं से रणभूमि में लड़ने की ओर संकेत करता है। सैनिक जब युद्धक्षेत्र में उतरते हैं तो वे देश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए प्राण तक देने को तैयार रहते हैं।

**13. इस कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। (CBSE 2018)**

उ० प्रस्तुत कविता को देश के सैनिकों की भाषा में लिखा गया है जो कि उनके देशभक्ति की भावना को दर्शाती है। इस कविता के माध्यम से यह बताया गया है कि युद्धरत सैनिक अपने देश के मान-सम्मान की रक्षा करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे, चाहे इन्हें अपने प्राणों को ही अर्पित क्यों न करना पड़े। साथ ही इन्हें आने वाली पीढ़ियों से अपेक्षाएँ भी हैं कि वे भी उनके शहीद होने के बाद इस देश के दुश्मनों से डट कर मुकाबला करें। जैसे वे कर रहे हैं। उनका मानना है कि देश पर जान देने के मौके बहुत कम मिलते हैं, अत: यह क्रम टूटना नहीं चाहिए।

## III. उच्च चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न (4 अंक)

**1. 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? उक्त पंक्ति में निहित संदेश अपने शब्दों में लिखिए।**

उ० 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' के माध्यम से कवि यह कहना चाहता है कि मनुष्य को जीवन में ज़िंदा रहने के अवसर तो बहुत मिलते हैं, परंतु देश की आन-बान-शान की रक्षा करने जैसा पुनीत कार्य करते हुए मरने का मौका एक बार ही मिलता है। ऐसा अवसर सीमा पर देश की रक्षा कर रहे सैनिकों को ही मिल पाता है। जिससे वे अमर हो जाते हैं। उक्त पंक्ति में निहित संदेश यह है कि हमें देश के लिए कुछ कर गुज़रने का अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

**2. 'राम' और 'लक्ष्मण' का प्रतीकार्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि घायल सैनिक उन्हें कौन-सी ज़िम्मेदारी सौंपकर शांति से मौत की गोद में चिर विश्राम करना चाहते हैं?**

उ० 'राम' और 'लक्ष्मण' हमारे देश के उन साहसी और वीर युवाओं के प्रतीक हैं, जो देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करते हुए जान देने के लिए भी तत्पर रहते हैं। भारत और चीन के बीच हुए युद्ध में घायल सैनिक इन युवाओं को भारत माता रूपी सीता की रक्षा की ज़िम्मेदारी सौंपकर शांति से मौत की गोद में चिर विश्राम करना चाहते हैं। ये वीर सैनिक चाहते हैं कि उनके मरने के बाद भी भारत माता रूपी सीता की ओर कोई कुदृष्टि से न देखे।

**3. 'कर चले हम फ़िदा' गीत में देशवासियों के लिए निहित प्रेरणा अपने शब्दों में लिखिए।**

उ० 'कर चले हम फ़िदा' गीत में देशवासियों को अपनी मातृभूमि अर्थात भारत माता की रक्षा करने की प्रेरणा निहित है। हमारे देश पर जब शत्रु के हमले की स्थिति हो और उसकी लोलुपता देश की स्वतंत्रता और आन-बान के लिए खतरा बन जाए तो प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करनी चाहिए। देश की रक्षा करते समय कितनी ही विषम परिस्थितियों का सामना क्यों न करना पड़े, हमें उनका सामना करना चाहिए और भूलकर भी कदम पीछे नहीं हटाना चाहिए। हमें बलिदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए, जिससे देश की शान पर आँच न आए।

नाम– ..............................................  रोल नं. ..............................................

समय– 20 मिनट  कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए।** [2×2=4]

(क) युद्धरत सैनिकों को किस बात पर गर्व है और क्यों?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ख) कविता में किन-किन पौराणिक पात्रों का किन-किन संदर्भों में उल्लेख किया गया है?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ग) कविता में शत्रु के साथ कैसा व्यवहार करने की बात कही गई है?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** [4×1=4]

(क) समर भूमि में शत्रुओं से लड़ते समय सैनिक के मन में क्या भाव जाग्रत होते होंगे? अपनी भाषा में लिखिए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

(ख) इस कविता में गीतकार ने क्या संदेश दिया है? अपने शब्दों में बताइए।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

❑❑❑

**1**

# पतझर में टूटी पत्तियाँ

(*ii*) झेन की देन

*–रवींद्र केलेकर*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत पाठ में लेखक जापान के लोगों के जीवन के बारे में बताकर उनकी जीवन-शैली को ही उनके मानसिक रोग का कारण बताते हैं। फिर वे चाय पीने की एक विधि 'टी-सेरेमनी' की विधि के बारे में बताते हैं। इस विधि से चाय पीने के बाद वे सब कुछ भूलकर बड़ी शांति का अनुभव करते हैं।

## पाठ का सार

**झेन की देन :** इस पाठ के माध्यम से लेखक रवींद्र केलेकर ने जापान में प्रचलित बौद्ध दर्शन के ध्यान पद्धति का परिचय कराया है। इस ध्यान के द्वारा दिमाग की अत्यधिक सोच में विराम लगाया जाता है। अमेरिका द्वारा जापान के शहरों को नष्ट कर दिए जाने के बाद जापानियों में अमेरिका से आगे निकलने की होड़-सी लग गई और इस होड़ में वे एक दिन का काम एक घंटे में करने लगे। लगातार सोचने से दिमाग में तनाव बढ़ने लगा और कई मानसिक बीमारियों का जन्म हुआ। इनके इलाज के लिए झेन ध्यान पद्धति को अपनाया जाने लगा। यहाँ टी-सेरेमनी नाम की पद्धति प्रचलित है, जिसे जापानी भाषा में चा-नो-यू कहते हैं। चा-नो-यू चाय पीने की एक पद्धति है। एक छह मंज़िली इमारत की छत पर सुंदर पर्णकुटी बनाई गई थी। जहाँ लेखक और उसके मित्र पहुँचे। उन्होंने बाहर रखे बर्तन के पानी से हाथ-पैर धोए। भीतर चाजीन बैठा था। उसने लेखक और उनके मित्र को झुककर प्रणाम किया और बैठने का निमंत्रण दिया। उसके बाद उसने अँगीठी सुलगाई और उस पर चाय दानी रखी तथा पास के कमरे से चाय बनाने के बर्तन लेकर आया। फिर तौलिए से बर्तन साफ़ किए। उसकी सभी क्रियाएँ अत्यंत गरिमापूर्ण थी, जिन्हें देखकर लेखक को बड़ा आनंद आया। उस कमरे में इतनी शांति थी कि चाय के पकने की आवाज़ भी सुनाई दे रही थी। चाय तैयार होने के बाद प्यालों में भरी गई और लेखक को दी गई। इस टी-सेरेमनी में तीन से अधिक आदमियों को प्रवेश नहीं दिया जाता, ताकि वहाँ की शांति बनी रहे। प्याले में केवल दो घूँट चाय थी, जिसे करीब डेढ़ घंटों तक पीना था। यह चाय पीते-पीते लेखक का दिमाग इतना शांत हो गया कि उन्हें अजीब-सा सुकून महसूस होने लगा। इस चाय का मुख्य उद्देश्य था, दिमाग से भूत और भविष्यत काल को हटाकर वर्तमान में ले आना। लेखक को चाय पीने के दौरान यह अनुभव हुआ कि हमारा दिमाग या तो बीती बातों में उलझा रहता है या फिर भविष्य के सपनों में। जबकि ये दोनों बातें व्यर्थ हैं।

## शब्दार्थ

**पृष्ठ-120**

**मनोरुग्ण–** तनाव के कारण मन से बीमार, **क्षण–** अवसर, **टी-सेरेमनी–** जापान में चाय पीने का विशेष आयोजन, **क्रिया–** काम, **गरिमापूर्ण–** सलीके से, **जयजयवंती–** एक राग का नाम, **खदबदाना–** उबलते पानी की आवाज़, **सजग–** जागरूक/सचेत, **शाश्वत–** जो सदैव एक-सा रहे, **प्रतिस्पर्धा–** होड़, **स्पीड–** गति, **मानसिक–** दिमागी, **दफ़्ती–** लकड़ी की खोखली सरकने वाली दीवार, जिस पर चित्रकारी होती है, **पर्णकुटी–** पत्तों से बनी कुटिया, **बेढब-सा–** बेडौल-सा, **चाजीन–** जापानी विधि से चाय पिलाने वाला, **भंगिमा–** मुद्रा।

**पृष्ठ-121**

**उलझन–** असमंजस की स्थिति, **अनंतकाल–** वह काल जो कभी समाप्त न हो, **खट्टी-मीठी यादें–** अच्छी-बुरी बातें, **रंगीन सपने–** आकर्षक इच्छाएँ, **भूत काल–** बीता हुआ समय, **वर्तमान–** उपस्थित, **उड़ जाना–**समाप्त होना,

**सिलसिला–** क्रम, **सन्नाटा–** खामोशी, **मिथ्या–** झूठ, **विस्तृत–** फैला हुआ।

## I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. मानसिक रोगों के बढ़ने का कारण क्या बताया गया है?
   (*i*) अमेरिका से प्रतिस्पर्धा करना।
   (*ii*) तेज़ रफ़्तार से दौड़ते दिमाग का तनाव।
   (*iii*) सामर्थ्य से अधिक कार्य करने का दबाव।
   (*iv*) खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहना।
2. जीवन की रफ़्तार बढ़ने का अर्थ है–
   (*i*) प्रतियोगी होना।
   (*ii*) दूसरों को हराना।
   (*iii*) तीव्र गति से कार्य का निष्पादन करना।
   (*iv*) जल्दी बूढ़ा होना।
3. 'दोनों ही काल मिथ्या हैं'– इसका तात्पर्य है?
   (*i*) समय सदा सत्य नहीं रहता।
   (*ii*) दोनों ही काल झूठे हैं।
   (*iii*) व्यक्ति का नियंत्रण केवल वर्तमान पर रहता है।
   (*iv*) व्यक्ति को खट्टी-मीठी यादों में नहीं रहना चाहिए।
4. दिमाग पर स्पीड का इंजन क्यों लगाया जाता है?
   (*i*) अमेरिका से प्रतिस्पर्धा के लिए
   (*ii*) दौड़ने की गति बढ़ाने के लिए
   (*iii*) दिमाग की स्पीड बढ़ाने के लिए
   (*iv*) दिमाग को तनावमुक्त रख अधिक कार्य करने के लिए।
5. अनंतकाल के विस्तृत होने का क्या कारण था?
   (*i*) समय व्यतीत नहीं हो पाने के कारण
   (*ii*) लेखक के बोर होने के कारण।
   (*iii*) लेखक केवल वर्तमान के बारे में सोच पा रहा था।
   (*iv*) क्योंकि आकाश का दूसरा नाम अनंत है।
6. 'चा-नो-यू' क्या है?
   (*i*) चाय पीने की विधि
   (*ii*) खाना खाने की विधि
   (*iii*) लोगों का अभिवादन करने की विधि
   (*iv*) घरों के साज-सज्जा की विधि
7. लेखक अपने मित्र के साथ 'टी-सेरेमनी' के लिए जिस इमारत में गए, वह कितनी मंज़िलों की थी?
   (*i*) चार (*ii*) पाँच (*iii*) छः (*iv*) सात
8. छत पर बनी पर्णकुटी के अंदर कौन बैठा था?
   (*i*) लेखक (*ii*) उसका मित्र (*iii*) चाजीन (*iv*) वह खाली थी
9. लेखक तथा उसके मित्र के पर्णकुटी में प्रवेश करने पर चाजीन ने उनका किस प्रकार अभिवादन किया?
   (*i*) दोनों हाथ जोड़कर (*ii*) कमर झुकाकर (*iii*) ज़मीन पर लेटकर (*iv*) उपर्युक्त में से कोई नहीं
10. पर्णकुटी के अंदर का वातावरण इतना शांत था कि–
    (*i*) बाहर गाड़ियों के गुज़रने की आवाज़ साफ़ सुनाई दे रही थी
    (*ii*) सबके साँसों की आवाज़ें साफ़ सुनाई दे रही थीं
    (*iii*) चायदानी के पानी की खदबदाहट साफ़ सुनाई दे रही थी
    (*iv*) उपर्युक्त सभी
11. 'टी-सेरेमनी' में शामिल होने लेखक कुल कितने मित्रों के साथ गए थे?
    (*i*) दो (*ii*) तीन (*iii*) चार (*iv*) पाँच
12. 'टी-सेरेमनी' में अधिकतम कितने लोगों को प्रवेश मिल पाता है?
    (*i*) तीन (*ii*) चार (*iii*) पाँच (*iv*) कोई संख्या निर्धारित नहीं

(*i*) लगभग दो घूँट (*ii*) आधा प्याला

(*iii*) पूरा प्याला (*iv*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. चाय की चुसकियाँ लेना शुरू करने के लगभग कितने समय बाद दिमाग की रफ़्तार धीमी पड़ने लगी?

(*i*) दस-पंद्रह मिनट (*ii*) तीस मिनट (*iii*) एक घंटा (*iv*) डेढ़ घंटे

15. दिमाग की रफ़्तार बिलकुल बंद हो जाने पर लेखक को कैसा अनुभव हुआ?

(*i*) अनंतकाल में जीने जैसा अनुभव हुआ (*ii*) लेखक को सन्नाटा भी सुनाई देने लगा

(*iii*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों (*iv*) कोई भी नहीं

**उत्तर–** 1. (*ii*) 2. (*iii*) 3. (*iii*) 4. (*iii*) 5. (*iii*) 6. (*i*)
7. (*iii*) 9. (*iii*) 9. (*ii*) 10. (*iii*) 11. (*ii*) 12. (*i*)
13. (*i*) 14. (*i*) 15. (*iii*)

## II. लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 अंक )

**1. लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात क्यों कही है?**

उ॰ जापान के लोग पूर्ण रूप से प्रतिस्पर्धा में हैं, वे किसी भी तरीके से उन्नति करके अमेरिका से आगे निकलना चाहते हैं। इसलिए उनका मस्तिष्क सदा तनावग्रस्त रहता है। इस कारण वे मानसिक रोगों के शिकार होते हैं। लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात कही है क्योंकि वे तीव्र गति से प्रगति करना चाहते हैं। महीने के काम को एक दिन में पूरा करना चाहते हैं, इसलिए उनका दिमाग भी तेज़ रफ़्तार से स्पीड इंजन की भाँति सोचता है।

**2. जापानी में चाय पीने की विधि को और चाय पिलाने वाले को क्या कहते हैं?**

उ॰ जापानी में चाय पीने की विधि को 'चा-नो-यू' कहते हैं, जिसका अर्थ है–'टी-सेरेमनी' और चाय पिलाने वाले को 'चाजीन' कहते हैं।

**3. जापान में जहाँ चाय पिलाई जाती है, उस स्थान की क्या विशेषता होती है?**

उ॰ जापान में जहाँ चाय पिलाई जाती है, वह स्थान पर्णकुटी जैसा होता है। वहाँ बहुत शांति होती है। प्राकृतिक ढंग से सजे हुए इस छोटे से स्थान में केवल तीन लोग ही बैठकर चाय पी सकते हैं। यहाँ अत्यधिक शांति का वातावरण होता है।

**4. चाजीन ने कौन-सी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से पूरी कीं?**

उ॰ चाजीन ने टी-सेरेमनी से जुड़ी सभी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से पूरी कीं। यह सेरेमनी एक पर्णकुटी में पूर्ण हुई। चाजीन द्वारा अतिथियों का उठकर स्वागत करना, आराम से अँगीठी सुलगाना, चायदानी रखना, दूसरे कमरे से चाय के बर्तन लाना, उन्हें तौलिए से पोंछना व चाय को बर्तनों में डालने आदि की सभी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग अर्थात बड़े ही आराम से, अच्छे व सहज ढंग से पूरी की गईं।

**5. 'टी-सेरेमनी' में कितने आदमियों को प्रवेश दिया जाता था और क्यों?**

उ॰ 'टी-सेरेमनी' में केवल तीन आदमियों को प्रवेश दिया जाता था। क्योंकि एक तो यह स्थान बहुत छोटा होता है, दूसरा इस सेरेमनी का उद्देश्य है–शांतिमय वातावरण। दौड़-धूप भरे जीवन से हटकर भूत और भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान पल को शांति से बिताना ही 'टी-सेरेमनी' का उद्देश्य होता है। अधिक आदमियों के आने से शांति के स्थान पर अशांति का माहौल बन जाता है, इसलिए तीन से अधिक आदमियों को यहाँ प्रवेश नहीं दिया जाता है।

**6. चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया?**

उ॰ चाय पीने के बाद लेखक ने महसूस किया कि जैसे उसके दिमाग की गति मंद हो गई हो। धीरे-धीरे उसका दिमाग चलना बंद हो गया हो, उसे सन्नाटे की आवाज़ें भी सुनाई देने लगीं। उसे लगा कि मानो वह अनंतकाल में जी रहा हो। वह भूत और भविष्य दोनों के चिंतन से मुक्त हो चुका था। उसे वह पल सुखद लगने लगा।

उ॰ वर्तमान काल में जीने से लेखक को ऐसा लगा मानो वह अनंतकाल में जी रहा हो। उसे परम शांति का अनुभव हुआ। उसका चित्त अतीत और भविष्य दोनों से कट गया।

**8. जापानी लोग किस कारण तनाव में हैं?**

उ॰ जापानी लोग अमेरिका से आगे निकलने की होड़ में लग गए हैं। इस कारण वे शक्ति से अधिक काम करते हैं। उनके पास इतना समय नहीं कि वे अपनी इच्छाओं को पूरा कर सकें। इस कारण वे तेज़ गति से दिमाग चलाते हैं, जिसके कारण तनाव बढ़ता चला जाता है।

**9. जापानी लोग अकेले होने पर क्या करते हैं और क्यों?**

उ॰ जापानी लोग अकेले होने पर बड़बड़ाते रहते हैं। वे काफ़ी अधिक उत्तेजित रहते हैं और उनके मन में लोगों के प्रति इतना घमासान द्‌वंद्‌व होता है कि वे अकेले में भी अशांत रहते हैं। यह व्यवहार, उनकी अशांति, उनके अतिकर्म और अत्यधिक तनाव को व्यक्त करता है।

**10. लेखक ने 'टी-सेरेमनी' में चाय पीते समय क्या निर्णय लिया?**

उ॰ लेखक ने 'टी-सेरेमनी' में चाय पीते समय यह निर्णय लिया कि अब वह कभी भी अतीत और भविष्य के बारे में नहीं सोचेगा। उसे लगा कि जो वर्तमान हमारे सामने है, वही सत्य है। भूत काल और भविष्यत काल दोनों ही मिथ्या हैं। क्योंकि भूत काल चला गया है जो कभी नहीं आएगा और भविष्य अभी आया ही नहीं है। अत: इन दोनों के बारे में सोचना छोड़कर वर्तमान में जीना ही जीवन का वास्तविक आनंद लेना है।

## III. उच्च चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न (4 अंक)

**1. लेखक के मित्र ने मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए? आप इन कारणों से कहाँ तक सहमत हैं?**

उ॰ लेखक के मित्र ने मानसिक रोग का कारण बताया कि जापानियों ने अमेरिका की आर्थिक प्रगति से प्रतिस्पर्धा करने के कारण अपनी दैनिक दिनचर्या की गति बढ़ा दी है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। वे एक महीने का काम एक दिन में करने का प्रयास करते हैं, इस कारण वे शारीरिक व मानसिक रूप से बीमार रहने लगे हैं। लेखक के ये विचार सत्य हैं क्योंकि शरीर और मन मशीन की तरह कार्य नहीं कर सकते और यदि उन्हें ऐसा करने के लिए विवश किया गया तो उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाना अवश्यंभावी है।

**2. लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए। लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा? स्पष्ट कीजिए।**

उ॰ लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है, हमें उसी में जीना चाहिए क्योंकि केवल सत्य ही शाश्वत है। वर्तमान स्वयं ही सत्य है। हम अकसर या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के सुखद सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूत काल में रहते हैं या भविष्यत काल में। हम जब भूत काल के अपने सुखों एवं दुखों पर गौर करते हैं तो हमारे दुख बढ़ जाते हैं। भविष्य की कल्पनाएँ भी हमें दुखी करती हैं क्योंकि हम उन्हें पूरा नहीं कर पाते। जो बीत गया वह सत्य नहीं हो सकता। जो अभी तक आया ही नहीं उस पर कैसे विश्वास किया जा सकता है। वर्तमान ही सत्य है, जो हमारे सामने घटित हो रहा है। इसमें कोई दुविधा नहीं है।

**3. 'जापान की स्थितियाँ वर्तमान भारत पर भी पूरी तरह लागू होती हैं।' सिद्‌ध कीजिए।**

उ॰ जापान के लोग अमेरिका से आगे बढ़ने की होड़ में पागल बने हुए हैं। इसलिए वहाँ के जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। वे सहज रूप से चलने-बोलने की बजाय भागते और बकते हैं। यही स्थिति इन दिनों भारत की है। भारत भी आजकल प्रगति के दौर से गुज़र रहा है। विशेष रूप से यहाँ के महानगरीय प्राणी प्रगति की दौड़ में अंधे बने हुए हैं।

वे पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहते हैं। दिमाग की रफ़्तार तेज़ रहने लगी है। स्पीड का इंजन लगने से दिमाग का तनाव बढ़ गया है। इसलिए मनोरुग्णता भी बढ़ रही है। अत: समय रहते भारतीयों को शांत जीवन की तरफ़ बढ़ने के उपाय करने चाहिए। उन्हें इच्छाओं के पीछे पागल बनने की बजाय मन को स्वतंत्र व हलका रखना चाहिए। कभी-कभी निरुद्‌देश्य भी रहना चाहिए

नाम– ............................................ रोल नं. ............................................

समय– 20 मिनट कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए।** [2×2=4]

(क) टी-सेरेमनी में सीमित संख्या में ही लोगों को क्यों प्रवेश दिया जाता है?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ख) जापानी लोगों के तनाव में रहने का कारण क्या है?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ग) टी-सेरेमनी के बाद लेखक ने कैसा महसूस किया?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** [4×1=4]

(क) लेखन ने वर्तमान काल में जीने की सलाह दी है। उसके ऐसा कहने के पीछे क्या कारण रहा होगा? सोचकर बताइए।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ख) 'झेन की देन' प्रसंग से क्या संदेश मिलता है?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

❑❑❑

# कारतूस

*– हबीब तनवीर*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत एकांकी में लेखक ने एक ऐसे जाँबाज़ के कारनामों का वर्णन किया है, जिसका एकमात्र लक्ष्य था– अंग्रेज़ों को इस देश से बाहर करना। यह सन 1799 की घटना है। गोरखपुर के जंगल में कर्नल कालिंज के खेमे का अंदरूनी हिस्सा है, जहाँ कर्नल कालिंज और ले.फ़्टीनेंट जंगलों की ज़िंदगी और वज़ीर अली के बारे में बात कर रहे हैं। कर्नल वज़ीर अली के जीवन से संबंधित कुछ बातें ले.फ़्टीनेंट को बताता है। उसकी तुलना रॉबिन हुड से करता है। सिंहासन से पदच्युत होने के बाद वह वकील से परेशान होकर उसका कत्ल कर देता है और जंगलों में छिप जाता है। उसे पकड़ने के लिए कर्नल बड़ी .फ़ौज के साथ जंगल में तंबू लगाए हुए है। बातचीत के दौरान उन्हें एक घुड़सवार आता दिखाई देता है। घुड़सवार स्वयं वज़ीर अली है, किंतु कर्नल उसे पहचान नहीं पाता है। घुड़सवार उन्हें धमकाकर कारतूस माँगता है और अंत में उन्हें अपना परिचय देकर चला जाता है। कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाता। कर्नल हक्का-बक्का रह जाता है। अंत में, वह उसकी बहादुरी की प्रशंसा करता है।

## पाठ का सार

आसि.फ़उद्दौला अवध का नवाब था। उसकी अपनी संतान न होने के कारण उसका छोटा भाई सआदत अली खुद को आसि.फ़उद्दौला का उत्तराधिकारी मानता था। लेकिन फिर आसि.फ़उद्दौला के पुत्र वज़ीर अली का जन्म हुआ। वज़ीर अली के जन्म के बाद सआदत अली का अवध का राजा बनने का सपना टूट गया, इसी कारण सआदत अली, वज़ीर अली से बेहद न.फ़रत करता था और उसको किसी भी तरह अवध से बाहर भेजना चाहता था। अपनी चाहत को हकीकत में बदलने के लिए उसने अंग्रेज़ों की मदद की। अंग्रेज़ों ने उसे अवध का नवाब बना दिया और वज़ीर अली को बनारस भेज दिया, यह कहकर कि बनारस में रहने पर उसे हर साल तीन लाख रुपये वज़ी.फ़ा दिया जाएगा। वज़ीर अली को बनारस भेजने के कुछ ही महीनों बाद उसे गवर्नर जनरल द्वारा कोलकाता बुलाया गया। इसकी वजह पूछने जब वह बनारस में रहने वाले कंपनी के वकील के पास गया तो उसने उसकी बात सुनने के बजाय उसे दुत्कार दिया। इस अपमान का बदला लेने के लिए उसने वकील का खून कर दिया और सज़ा से बचने के लिए अपने साथियों के साथ आजमगढ़ के जंगलों की ओर भाग गया। वह अंग्रेज़ सरकार से बचकर नेपाल जाना चाहता था। फिर अफगानिस्तान के साथ मिलकर भारत पर हमला करके सआदत अली को उसके पद से हटाकर खुद वहाँ का नवाब बनकर अंग्रेज़ों को देश से निकालना चाहता था। वह एक निडर, साहसी और बहादुर देशभक्त था। यह बात अंग्रेज़ों के उन लेफ़्टिनेंट और कर्नल को भी पता थी जो उसको पकड़ने के लिए कई ह.फ़्तों से जंगल में छावनी बनाकर रह रहे थे। वे उसकी तुलना रॉबिनहुड से करते हैं तथा उसकी वीरता के कायल हैं। क्योंकि केवल पाँच महीने के अपने कार्यकाल में उसने अंग्रेज़ों के नाक में दम कर दिया था। उसने अपनी निडरता का प्रमाण देने के लिए अंग्रेज़ों के खेमे में घुसकर कर्नल से दस कारतूस माँग लिए और कर्नल कुछ सोचे और करे, इसके पहले ही वह अपना असली परिचय देकर वहाँ से चला गया। कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाया। कर्नल हक्का-बक्का रह जाता है। अंत में, वह उसकी बहादुरी की प्रशंसा करता है।

## शब्दार्थ

**पृष्ठ-129**

**खेमा–** डेरा/अस्थायी पड़ाव, **कारनामा–** कार्य/ऐसे काम जो याद रहें, **अ.फ़साने–** कहानियाँ, **हुकूमत–** शासन, **तख़्त–** सिंहासन, **मसलेहत–** रहस्य, **ऐश-पसंद–** भोग-विलास पसंद करने वाला।

**पृष्ठ-130**

**दमखम–** शक्ति और दृढ़ता, **जाँबाज़–** जान की बाज़ी लगाने वाला, **वज़ी.फ़ा–** परवरिश के लिए दी जाने वाली राशि, **मुकर्रर–** तय करना, **तलब किया–** याद किया, **न.फ़रत–** घृणा, **खिला.फ़–** विरुद्ध, **हुकमरां–** शासक, **हि.फ़ाज़त–** सुरक्षा।

**मुमकिन–** संभव, **गर्द–** धूल, **शुब्हे–** संदेह, **गुंजाइश–** संभावना, **तन्हाई–** एकांत।

**पृष्ठ–132**

**मुकाम–** पड़ाव/मंज़िल, **लावलश्कर–** सेना का बड़ा समूह और युद्ध-सामग्री।

## पाठाधारित मुहावरे

**आँखों में धूल झोंकना–** धोखा देना, **हाथ न आना–** पकड़ा न जाना, **कूट-कूट कर भरना–** भावना का बहुत अधिक प्रबल होना, **काम तमाम करना–** जान से मार देना, **नज़र रखना–** निगरानी करना, **हक्का-बक्का होना–** हैरान होना।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. किसे जंगल की ज़िंदगी खतरनाक लगती है?
   (*i*) कर्नल (*ii*) लेफ़्टीनेंट (*iii*) सआदत अली (*iv*) आसिफ़उद्दौला
2. कर्नल कालिंज के खेमे के सिपाही क्यों तंग आ गए हैं?
   (*i*) जंगल की खतरनाक ज़िंदगी के कारण (*ii*) वज़ीर अली के नहीं पकड़े जाने के कारण
   (*iii*) अस्वस्थ होने के कारण (*iv*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों
3. वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर किसके कारनामे याद आ जाते हैं?
   (*i*) सआदत अली (*ii*) आसिफउद्दौला (*iii*) रॉबिनहुड (*iv*) इनमें से कोई नहीं
4. अवध में वज़ीर अली ने कितने महीने हुकूमत की?
   (*i*) चार (*ii*) पाँच (*iii*) छह (*iv*) सात
5. वज़ीर अली की पैदाइश को किसने अपनी मौत समझा?
   (*i*) आसिफ़उद्दौला (*ii*) सआदत अली (*iii*) कर्नल कालिंज (*iv*) रॉबिनहुड
6. सआदत अली को अवध के तख़्त पर क्यों बैठाया गया?
   (*i*) अंग्रेज़ों का दोस्त होने के कारण (*ii*) ऐश-पसंद आदमी होने के कारण
   (*iii*) अवध की धन-संपत्ति पर कब्ज़े के लिए (*iv*) उपर्युक्त सभी
7. सआदत अली ने स्वयं को अवध के तख्त पर बैठाने के एवज में अंग्रेज़ों को क्या दिया?
   (*i*) अपनी आधी ज़ायदाद (*ii*) दस लाख रुपये नगद (*iii*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों (*iv*) इनमें से कोई नहीं
8. अफ़गानिस्तान के बादशाह शाहे-जमा को हिंदुस्तान पर हमला करने की दावत सबसे पहले किसने दी?
   (*i*) वज़ीर अली (*ii*) शमसुद्दौला (*iii*) टीपू सुल्तान (*iv*) आसिफ़उद्दौला
9. अफ़गानिस्तान को हिंदुस्तान पर हमले का आमंत्रण किसने दिया?
   (*i*) वज़ीर अली (*ii*) शमसुद्दौला (*iii*) टीपू सुल्तान (*iv*) उपर्युक्त सभी
10. शमसुद्दौला कौन है?
    (*i*) आसिफ़उद्दौला का भाई (*ii*) बंगाल के नवाब का रिश्ते का भाई
    (*iii*) सआदत अली का भाई (*iv*) इनमें से कोई नहीं
11. कंपनी के खिलाफ़ हिंदुस्तान के किस भाग में लहर दौड़ गई?
    (*i*) उत्तरी भाग में (*ii*) दक्षिणी भाग में (*iii*) मध्य भाग में (*iv*) हर भाग में
12. अंग्रेज़ों ने बक्सर और प्लासी की लड़ाई किसके नेतृत्व में जीती थी?
    (*i*) लॉर्ड वेल्जली (*ii*) लॉर्ड क्लाइव (*iii*) लॉर्ड कार्नवालिस (*iv*) इनमें से कोई नहीं

(*i*) टीपू सुल्तान की (*ii*) वज़ीर अली की
(*iii*) शमसुद्दौला की (*iv*) उपर्युक्त सभी

14. कौन कर्नल की आँखों में बरसों से धूल झोंककर जंगलों में फिर रहा है?
(*i*) आसिफउद्दौला (*ii*) सआदत अली
(*iii*) वज़ीर अली (*iv*) इनमें से कोई नहीं

15. वज़ीर अली के साथ जंगलों में कितने आदमी थे?
(*i*) मुट्ठी भर (*ii*) एक-दो
(*iii*) पाँच सौ (*iv*) इनमें से कोई नहीं

16. वज़ीर अली ज़ाती तौर पर कैसा आदमी था?
(*i*) कायर (*ii*) बहादुर
(*iii*) खुशामद पसंद (*iv*) स्वाभिमानी

17. अंग्रेज़ों ने वज़ीर अली को उसके पद से हटाने के बाद उसे कहाँ पहुँचा दिया था?
(*i*) लखनऊ (*ii*) बक्सर
(*iii*) बनारस (*iv*) मेरठ

18. अंग्रेज़ों ने वज़ीर अली के लिए सालाना कितना वज़ीफा मुकर्रर किया था?
(*i*) दो लाख (*ii*) तीन लाख
(*iii*) चार लाख (*iv*) पाँच लाख

19. किसने वज़ीर अली को कलकत्ता तलब किया था?
(*i*) कंपनी के वकील ने (*ii*) गवर्नर जनरल ने
(*iii*) बंगाल के नवाब ने (*iv*) इनमें से कोई नहीं

20. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का क्यों काम तमाम कर दिया?
(*i*) अपनी शिकायत की परवाह नहीं करने के कारण
(*ii*) बुरा-भला कहने के कारण
(*iii*) अंग्रेज़ों के खिलाफ नफरत होने के कारण
(*iv*) उपर्युक्त सभी

**उत्तर–** 1. (*i*) 2. (*iv*) 3. (*iii*) 4. (*ii*) 5. (*ii*) 6. (*iv*)
7. (*iii*) 8. (*iii*) 9. (*iv*) 10. (*ii*) 11. (*iv*) 12. (*ii*)
13. (*ii*) 14. (*iii*) 15. (*i*) 16. (*ii*) 17. (*iii*) 18. (*ii*)
19. (*ii*) 20. (*iv*)

## II. लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 अंक )

**1. वज़ीर अली को नेपाल पहुँचने में क्या दिक्कतें थीं?** **(CBSE 2017)**

उ॰ वज़ीर अली के पीछे अंग्रेज़ी फौज और सआदत अली के सिपाही बुरी तरह पड़े हुए थे। वह जंगलों में छिपता फिर रहा था। अत: वह नेपाल नहीं पहुँच पा रहा था।

**2. वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?**

उ॰ वज़ीर अली ने कई बरसों से अंग्रेज़ों की आँख में धूल झोंककर उनकी नाक में दम कर रखा था, इसलिए वे उससे तंग आ चुके थे।

उ॰ कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए इसलिए कहा ताकि वे ये देख सकें कि वह किस दिशा की तरफ़ जा रहा है और इससे वज़ीर अली के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त हो सके।

**4. सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है? (CBSE 2011)**

उ॰ सवार स्वयं वज़ीर अली था और अब तक उसे कोई पहचान नहीं पाया था, साथ ही वह जाँबाज़ और बहादुर था, इसलिए उसने कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है।

**5. वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी? (CBSE 2009, 2012)**

उ॰ रॉबिनहुड की वीरता की अनेक कहानियाँ प्रचलित हैं। कर्नल को जब भी वज़ीर अली के अफ़साने या कहानियाँ सुनाई जातीं, तो उसे रॉबिनहुड की याद आ जाती थी क्योंकि वज़ीर अली भी उसी की तरह हिम्मती और दरियादिल था। रॉबिनहुड की तरह ही उसे पकड़ पाना मुश्किल हो रहा था। वज़ीर अली के मन में अंग्रेज़ों के प्रति बेहद नफ़रत थी। वह उनके हाथ नहीं आ पा रहा था। बस उसकी साहसिक और रोमांचक कहानियाँ ही सुनाई देती थीं।

**6. 'कारतूस' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि वज़ीर अली एक नीतिकुशल योद्धा था। (CBSE 2014)**

उ॰ 'कारतूस' पाठ में हमें वज़ीर अली में एक नीतिकुशल योद्धा के भी दर्शन होते हैं। अंग्रेज़ों की पूरी फौज उसे पकड़ने के लिए जंगल में खेमा डाले हुए थी, फिर भी उसे पकड़ नहीं पा रही थी। वह अपने जैसे मुट्ठी भर जाँबाज़ साथियों के साथ जंगल में इतनी कुशलता से छिपा था कि अंग्रेज़ सिपाही उसका बाल भी बाँका नहीं कर पा रहे थे। अपनी नीति कुशलता के दम पर ही वह बेधड़क अंग्रेज़ों के खेमे में जाकर कर्नल से वज़ीर अली को मारने की बात कहकर कारतूस ले आता है। कर्नल उससे चकमा खाने के बाद भी उसकी तारीफ़ किए बिना नहीं रह पाते हैं।

**7. सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था? (CBSE 2013, 2016)**

उ॰ सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का एक ही उद्देश्य था– अवध की अपार धन-संपत्ति पर अपना अधिकार करना। सआदत अली अंग्रेज़ों का मित्र था तथा ऐशोआराम वाली ज़िंदगी पसंद करता था। उसने कर्नल को आधी संपत्ति और दस लाख रुपये देकर उसके षड्यंत्र में स्वयं को भागीदार बना लिया। कर्नल का उद्देश्य सफल हो गया। अब सआदत अली से उसे कोई खतरा नहीं था।

**8. सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा? (CBSE 2011)**

उ॰ सआदत अली नवाब आसिफ़उद्दौला का छोटा भाई था। जब तक नवाब आसिफ़उद्दौला की कोई संतान नहीं थी तब तक उसे नवाब बनने की पूरी आशा थी, परंतु वज़ीर अली के जन्म लेते ही उसकी आशाओं पर पानी फिर गया, इसलिए वज़ीर अली की पैदाइश को सआदत अली ने अपनी मौत समझा।

**9. कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफ़ाज़त कैसे की?**

उ॰ कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली आजमगढ़ भाग गया और वहाँ के नवाब से सहायता पाकर सुरक्षित घागरा पहुँच गया और तब से वह इस जंगलों में रहकर अपनी शक्ति बढ़ाने लगा हुआ है।

**10. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?**

उ॰ वज़ीर अली को उसके नवाबी पद से हटा दिया गया और बनारस भेज दिया गया। फिर कुछ महीनों बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) बुलवाया तो वज़ीर अली ने कंपनी के वकील, जो कि बनारस में रहता था, उसे शिकायत की, परंतु उसने शिकायत सुनने की जगह वज़ीर अली को खूब खरी-खोटी सुनाई। इस पर वज़ीर अली को गुस्सा आ गया और उसने वकील का कत्ल कर दिया।

**11. सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?**

उ॰ सवार जो कि स्वयं वज़ीर अली ही था, उसने कर्नल के खेमे में वेश बदलकर उसको अपनी बातों से प्रभावित कर उससे स्वयं को ही पकड़वाने की सहायता देने का जाल बिछाकर बड़ी ही चतुराई से कारतूस प्राप्त किए।

उ० वज़ीर अली का निर्भयता से शत्रु के खेमे में अकेले जाकर दुश्मनों से ही कारतूसों को प्राप्त करना, वकील की अपमानजनक बात को सहन न करना और उसी के घर में उसकी हत्या करना और आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने के लिए तत्पर होना, ये सभी बातें उसकी जाँबाज़ी सिद्ध करती हैं।

**13. सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का क्यों रह गया? (CBSE 2017)**

उ० सवार कर्नल से कारतूस लेने में सफल रहता है। कर्नल जब उससे नाम पूछता है तो वह अपना नाम बताता है– वज़ीर अली और सामने से चला जाता है। कर्नल हक्का-बक्का-सा उसे देखता रह जाता है, क्योंकि जिस वज़ीर अली को पकड़ने के लिए वह महीनों से जंगल में खेमा लगाए हुए था, वही खुद अकेले जान हथेली पर लेकर आता है और खुद को मारने की बात कहकर उससे कारतूस भी ले जाता है। कर्नल उसकी जाँबाज़ी से प्रभावित हो जाता है।

## III. उच्च चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न (4 अंक)

**1. साहस और बुद्धि से विपरीत परिस्थितियों पर भी विजय पाई जा सकती है। इसे वज़ीर अली ने कैसे सिद्ध किया? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।**

उ० वज़ीर अली स्वाभिमानी एवं देशभक्त व्यक्ति था। उसने अंग्रेज़ों की नाक में दम कर रखा था। उसे पकड़ने के लिए कर्नल कालिंज ने अपने सैनिकों के साथ गोरखपुर के जंगल में डेरा डाल रखा था। वज़ीर अली अचानक कर्नल के डेरे में गया। उसने वज़ीर अली को पकड़वाने के संबंध में कर्नल से बातचीत करके उससे कुछ कारतूस हासिल कर लिए। उसने कर्नल को अपना नाम वज़ीर अली बताया और कर्नल को उसकी जान बख्शने की बात कहकर डेरे से साफ़ निकल आया। इस तरह उसने साहस और बुद्धि से विपरीत परिस्थितियों पर विजय पा लिया।

**2. वज़ीर अली ने अपने स्वाभिमान और देशप्रेम का परिचय किस तरह दिया? 'कारतूस' पाठ के आधार लिखिए।**

उ० वज़ीर अली अवध का भूतपूर्व नवाब था। उसमें स्वाभिमान कूट-कूटकर भरा था। अंग्रेज़ों ने जब उसे नवाबी से हटाया और गवर्नर जनरल ने पेशी के लिए बुलाया तो इसे उसने अपना अपमान समझा। कंपनी के वकील ने जब उसकी शिकायत नहीं सुनी तो गुस्से में उसने वकील की हत्या कर दी। वज़ीर अली अंग्रेज़ों से नफ़रत करता था। उसने अपनी मातृभूमि को अंग्रेज़ों से बचाने के लिए संघर्ष किया और अपने शासनकाल में अंग्रेज़ी प्रभाव फैलने से बचाए रखा। उसने अंत तक अंग्रेज़ों से संघर्ष करते हुए अपने स्वाभिमान और देशप्रेम का परिचय दिया।

**3. अंग्रेज़ी शासन से छुटकारा पाने के लिए देश के तत्कालीन नवाबों ने किस तरह संघर्ष किया? इससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है?**

उ० अंग्रेज़ों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर अपने देश में अंग्रेज़ी शासन का विस्तार किया जा रहा था। इससे देश को बचाने के लिए अवध के बर्खास्त नवाब वज़ीर अली ने अंग्रज़ों से टक्कर लिया। उसने कंपनी द्वारा दिए गए वज़ीफ़े को ठुकरा दिया और अंग्रेज़ों से युद्ध करने के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ तैयार करने लगा। उसने अफ़गानिस्तान के बादशाह शाहे ज़मा को हिंदुस्तान पर हमला करने का न्योता दिया। उसने टीपू सुल्तान और बंगाल के शमशुद्दौला को भी इस निमंत्रण में शामिल किया। वज़ीर अली के इस कार्य से हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा मिलती है।

**4. आपसी फूट सदैव हानिकारक होती है। इससे आप कितना सहमत हैं? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

उ० आपसी फूट सदैव हानिकारक होती है। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूँ। इसी फूट का लाभ उठाकर अंग्रेज़ों ने अवध की सत्ता का सुख लूटा। अवध का नवाब वज़ीर अली अंग्रेज़ों से नफरत करता था, किंतु वज़ीर अली का चाचा सआदत अली वज़ीर अली से विद्रोह किए बैठा था। सआदत अली अंग्रेज़ों का पिट्ठू था। अंग्रेज़ों ने सआदत अली को वज़ीर अली के स्थान पर अवध का शासक बना दिया। इससे अंग्रेज़ों को अवध की आधी सत्ता मिल गई। इस तरह उन्होंने आपसी फूट का फायदा उठाकर अवध पर अधिकार कर लिया।

नाम– ............................................ रोल नं. ............................................

समय– 20 मिनट कुल अंक– 8

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए।** [2×2=4]

(क) सिपाहियों द्वारा जंगल में खेमा डालने का क्या मकसद था?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ख) पाठ में आए 'कंपनी' शब्द से किस कंपनी का बोध होता है? इसने कहाँ-कहाँ कामयाबी हासिल की?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ग) वज़ीर अली की पैदाइश से सआदत अली के कौन-से सपने टूट गए थे?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में दीजिए।** [4×1=4]

(क) सवार कर्नल से अकेले में क्यों मिलना चाहता था? इस मुलाकात का कर्नल पर क्या प्रभाव पड़ा?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ख) अफ़गानिस्तान के शासक को हिंदुस्तान पर हमले की दावत क्यों दी गई होगी? अपने विचार रखिए।

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

❑❑❑

# 1 हरिहर काका

*– मिथिलेश्वर*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत पाठ में लेखक 'मिथिलेश्वर' ने ग्रामीण परिवेश, वर्तमान में पारिवारिक संबंधों पर चढ़ी स्वार्थ-लोलुपता, बुजुर्गों के प्रति उदासीन व्यवहार तथा धर्म के नाम पर अंधभक्ति को चित्रित किया है। इस पाठ में हरिहर काका नाम का एक पात्र है, जिसकी अपनी कोई संतान नहीं है, परंतु उसके पास पंद्रह बीघे ज़मीन है और वही ज़मीन उसकी जान की आफत बन जाती है। अंत में उसी ज़मीन के कारण उसे सुरक्षा भी मिलती है। लेखक इस पाठ के जरिए समाज में हो रहे नकारात्मक बदलाव से हमें अवगत करवाना चाहता है कि आज का मनुष्य कितना स्वार्थी मनोवृत्ति का हो गया है।

## पाठ का सार

प्रस्तुत कहानी लेखक के गाँव की अपनी कहानी है। हरिहर काका की दशा बहुत खराब है, वे बीमार हैं। लेखक उनसे मिलने जाते हैं; पर हरिहर काका उनसे बात तक नहीं करते हैं। उन्हें बड़ा आश्चर्य होता है। वे सोचने लगते हैं कि हरिहर काका मेरे दोस्त जैसे हैं और मुझसे कभी कोई बात नहीं छुपाते हैं; पर आज वे मुझसे क्यों नहीं बोल रहे हैं। हरिहर काका के साथ क्या हुआ, यह बताने से पहले लेखक अपने गाँव के बारे में विशेषकर मंदिर के बारे में बताते हैं। यह मंदिर उस क्षेत्र की सबसे बड़ी ठाकुरबारी है। लोग तन-मन-धन से इसके प्रति समर्पित हैं। इसके मुखिया महंत जी हैं। हरिहर काका की दोनों पत्नियों की मृत्यु हो चुकी है। उनकी कोई संतान नहीं है। वे अपने भाइयों के परिवार के साथ ही खुश हैं। उनके पास साठ बीघे ज़मीन है। उनके हिस्से पंद्रह बीघे ज़मीन है। घर में उनकी हालत ठीक नहीं है। उन्हें कोई नहीं पूछता है। एक बार उनके यहाँ कोई मेहमान आता है। घर में अच्छा भोजन बनता है, पर हरिहर काका को खाने को रूखा-सूखा ही दिया जाता है। यह देखकर काका गुस्सा हो जाते हैं और थाली आँगन में पटककर चिल्लाते हुए बाहर चले जाते हैं। यह बात महंत जी को पता चलती है, जो पहले से ही हरिहर काका की संपत्ति ठाकुरबारी के नाम करवाने की फ़िराक में थे। वे काका को अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम कर देने की खुशामद करते हैं। वे उन्हें अच्छा खाना खिलाते हैं और उनकी खूब सेवा करते हैं। पर काका 'हाँ' या 'ना' कुछ नहीं कहते। उनके भाइयों को अपनी गलती का एहसास होता हैं और वे काका के हाथ-पाँव पड़कर उन्हें घर ले आते हैं। अब घर में उनकी खूब खातिरदारी होती है। उधर महंत जी बौखला जाते हैं। वे बात न बनती देख काका का अपहरण कर उन्हें ठाकुरबारी ले आते हैं। काका के मना करने पर भी वे ज़बरन उनके अँगूठे का निशान सादे और लिखे कागज़ पर ले लेते हैं। फिर उनके हाथ-पैर बाँधकर, मुँह में कपड़ा ठूँसकर उन्हें एक गोदाम में बंदकर भाग जाते हैं। काका के भाई पुलिस लेकर आते हैं और काका को छुड़ाते हैं। अब घर में काका की कड़ी सुरक्षा कर दी जाती है। धीरे-धीरे उनके भाई उन पर ज़बरदस्ती करते हैं कि वे ज़मीन उनके नाम लिख दें। लेकिन काका अब चतुर और ज्ञानी हो गए हैं। वे समझने लगे हैं कि ज़मीन हाथ से जाने के बाद कोई उन्हें नहीं पूछेगा। उनके सामने इसके कई उदाहरण हैं। इस मामले में गाँव वाले भी दो गुटों में बँट गए हैं। एक पक्ष काका के भाइयों का हिमायती है तो दूसरा पक्ष चाहता है कि काका अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम लिख दें। इस बार काका के भाई भी उनके साथ वही सब कुछ करते हैं जैसा महंत ने उनके साथ किया था। अब काका को किसी पर भरोसा नहीं रहता। वे अकेले रहने लगते हैं। उन्हें अब दुनिया की समझ हो गई है। गाँव के और लोग भी उनकी संपत्ति हथियाने की कोशिश करते हैं; पर सफल नहीं होते। एक नौकर और कुछ पुलिस वालों के साथ वे बीमारी की हालत में अपना बचा हुआ जीवन काटने लगते हैं। अब वे किसी से कुछ नहीं कहते। इस प्रकार इस कहानी के माध्यम से आज के ग्रामीण और शहरी जीवन में समा रही स्वार्थ-लोलुपता को दर्शाया गया है।

## शब्दार्थ

**यंत्रणा–** यातना/कष्ट, **मन:स्थिति–** मन की स्थिति, **आसक्ति–** लगाव, **वैचारिक–** विचार संबंधी, **मझदार–** जल-प्रवाह या भवसागर के मध्य में, **विलीन होना–** लुप्त हो जाना, **विकल्प–** दूसरा उपाय, **उक्ति–** कथन, **ठाकुरबारी–** देवस्थान, **प्रचलित–** जिसका चलन हो, **जाग्रत–** जगा हुआ, **मनौती–** मन्नत, **परंपरा–** प्रथा, **समिति–** संस्था, **संचालन–** नियंत्रण, **नियुक्ति–** तैनाती। **अहाता–** चारों ओर से दीवारों से घिरा हुआ मैदान, **अखंड–** निर्विघ्न, **दवनी–** गेहूँ/धान निकालने की प्रक्रिया, **अगउम–** प्रयोग

**परिस्थितिवश–** परिस्थितियों के कारण, **दोनों जून–** दोनों वक्त, **अलावा–** अतिरिक्त, **क्लर्क–** लिपिक/कर्मचारी, **प्रतीक्षारत–** इंतज़ार करते हुए, **इत्मीनान–** तसल्ली।

**व्यंजन–** अच्छा खाना, **संतोष–** तृप्ति, **मशगूल–** व्यस्त, **धमाचौकड़ी–** उछल-कूद, **दालान–** बरामदा, **मोहभंग–** प्रेम की भ्रांति का नाश, **सराहना–** प्रशंसा, **निश्चिंत–** बेफ़िक्र।

**विराजमान–** उपस्थित, **हुमाध–** हवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, **तत्क्षण–** उसी पल, **संयोग–** किस्मत, **एकांत–** अलग, **स्वार्थ–** अपना मतलब, **संकोच–** झिझक, **बैकुंठ–** स्वर्ग, **कीर्ति–** ख्याति, **अकारथ–** अकारण, बेकार।

**चिंतामग्न–** सोच में पड़ा हुआ, **शंकालु–** संदेह करने वाला, **बेचैन–** व्याकुल, **आशंका–** भय, खतरे, अनिष्ट की संभावना, **मथना–** बार-बार सोचना, **पसीज़ना–** मन में दया का भाव जागना, **याचना–** माँगना, **आवभगत–** सत्कार, **मुस्तैद–** कमर कसकर तैयार, **श्रद्धा–** आदरपूर्ण आस्था या विश्वास, **निरंतर–** लगातार, **तथ्य–** वास्तविक घटना, **वाकिफ़–** परिचित, **अवगत–** जाना हुआ, **अचल–** गतिहीन।

**हिमायती–** पक्षपाती, **सिवाय–** अलावा, **निष्कर्ष–** परिणाम, **टोह–** खोज, **बय–** वसीयत, **जागरूक–** सावधान, **जबरदस्ती–** बलपूर्वक, **अतिरिक्त–** सिवाय, **राजी–** सहमत, **दबंग–** प्रभावशाली, **परिणत–** जिसमें परिवर्तन हुआ हो, **गोपनीयता–** जो सभी को न बताकर कुछ लोगों को ही बताया जाए, **निर्वाह–** गुजारा, **भनक–** उड़ती खबर, **गुहार–** रक्षा के लिए, **चंपत–** गायब हो जाना, **शुभचिंतक–** भलाई चाहने वाला, **आहट–** किसी के आने-जाने/बात करने की मंद आवाज़, **मय–** युक्त, **दल-बल–** संगी-साथी, **व्याप्त–** पूरी तरह फैला और समाया हुआ, **हरजाने–** हानि के बदले दिया जाने वाला धन, **प्रस्थान करना–** जाना।

**श्रद्धेय–** श्रद्धा के योग्य, **घृणित–** घिनौना, **दुराचारी–** दुष्ट/बुरा आचरण करने वाला, **नेक–** भला, **बेचैन–** व्याकुल, **उबारना–** निकालना, **एकमात्र–** केवल एक, **इंचार्ज–** प्रभारी, **दस्तक–** दरवाज़ा खटखटाना, **सीमित–** सीमा के अंदर, **असमर्थ–** योग्यता न होना, **रोड़ा–** छोटा पत्थर, **आत्मसमर्पण–** हथियार डाल देना।

**सुरमा–** योद्धा, **क्रूर–** निर्दयी।

**प्रतिक्रिया–** प्रतिकार/बदला, **अपेक्षा–** तुलना, **जायदादहीन–** धन-दौलत के बिना, **बाने–** वेश में, **अर्जित–** इकट्ठा, **समक्ष–** सामने, **नकारना–** मना करना, **स्वतः–** अपने आप, **अखरने–** बुरा लगना, **दुर्गति–** बुरी हालत, **प्रतिकार–** विरोध, **प्रहार–** हमला, **चेत–** ध्यान, **तत्परता–** दक्षता, **नेपथ्य–** रंग-मंच के पीछे की जगह, **पैरवी–** खुशामद/अनुगमन।

**हस्तगत–** अपने हाथों में, **आच्छादित–** ढका हुआ।

## पाठाधारित मुहावरे

**लाज रखना–** इज़्ज़त रखना, **फरार हो जाना–** भाग कर गायब हो जाना, **खून खौलना–** बहुत क्रोध आना, **आँखें भर आना–** बहुत दुख होना, **जान से मार देना–** हत्या कर देना, **चिकनी-चुपड़ी बातें करना–** खुशामद करना, **घुट-घुट कर मरना–** खुलकर न जी पाना, **रंग चढ़ना–** प्रभाव आना, **हड़प लेना–** हथिया लेना, **फूटी आँख न सुहाना–** तनिक भी अच्छा न लगना, **तू-तू-मैं-मैं होना–** आपस में कहा-सुनी होना, **भनक तक न लगना–** कुछ भी पता न चलना।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. लेखक के दृष्टिकोण से हरिहर काका के संबंध में कौन-सी बात गलत है?
   (*i*) वे लेखक के पड़ोस में रहते थे। (*ii*) वे लेखक को एक पिता से भी ज़्यादा प्यार करते थे।
   (*iii*) वे लेखक के पक्के दोस्त थे। (*iv*) वे लेखक की आर्थिक मदद करते थे।
2. निम्नलिखित में से कौन लेखक के गाँव के प्रमुख स्थानों में से नहीं है?
   (*i*) गाँव के पश्चिमी किनारे का बड़ा तालाब (*ii*) गाँव के मध्य स्थित पुराना बरगद
   (*iii*) गाँव के उत्तर में स्थित पुराना विद्यालय (*iv*) गाँव के पूरब में स्थित ठाकुरजी का विशाल मंदिर
3. ठाकुरबारी की देख-रेख और संचालन के लिए महंत और पुजारी की नियुक्ति किस प्रकार की जाती थी?
   (*i*) अप्रत्यक्ष मतदान द्वारा (*ii*) ग्राम पंचायत द्वारा
   (*iii*) धार्मिक लोगों की समिति द्वारा (*iv*) इनमें से कोई नहीं

(*i*) ठाकुर जी के प्रति भक्ति-भावना पैदा करना (*ii*) धर्म से विमुख हो रहे लोगों को रास्ते पर लाना
(*iii*) बाढ़ या सूखे जैसी आपदा में लोगों की मदद करना (*iv*) ग्रामीणों में वैज्ञानिक खेती-बाड़ी के तरीकों को बढ़ावा देना

5. लेखक को ठाकुरबारी के साधु-संत क्यों नहीं सुहाते थे?
(*i*) ठाकुरजी के नाम पर खाने-पीने तथा आराम फ़रमाने के कारण (*ii*) कोई काम-धाम नहीं करने के कारण
(*iii*) बातों का धनी होने के कारण (*iv*) उपर्युक्त सभी

6. हरिहर काका ने तीसरी शादी करने से क्यों मना कर दिया?
(*i*) सामाजिक लोक-लाज के डर से (*ii*) गिरती उम्र तथा धार्मिक संस्कारों की वजह से
(*iii*) गिरते स्वास्थ्य के कारण (*iv*) अपनी औलाद-प्राप्ति से नाउम्मीद होने के कारण

7. तबीयत खराब होने पर हरिहर काका की आँखें क्यों भर आतीं?
(*i*) अत्यधिक ज्वर के कारण (*ii*) अपनी देख-भाल नहीं किए जाने के कारण
(*iii*) इस कठिन समय में पत्नियों की याद आने के कारण (*iv*) उपर्युक्त सभी

8. ठाकुरबारी के पुजारी से सारी बातें जानकर महंत जी हरिहर काका से मिलने के लिए उनके घर की ओर क्यों चल पड़े?
(*i*) उन्हें शांत मन से परिवार के साथ रहने की शिक्षा देने के लिए (*ii*) उनका क्रोध शांत करने के लिए
(*iii*) अपने मन की इच्छा पूरी होने की उम्मीद में (*iv*) हरिहर काका के परिवारवालों को समझाने-बुझाने के लिए

9. हरिहर काका के भाइयों को ठाकुरबारी से निराश क्यों लौटना पड़ा?
(*i*) हरिहर काका द्वारा घर जाने से मना किए जाने के कारण
(*ii*) ठाकुरवारी के महंत तथा साधु-संतों के समझाने-बुझाने के कारण
(*iii*) ठाकुरबारी में उपस्थित गाँव के लोगों के समझाने-बुझाने के कारण
(*iv*) (ii) तथा (iii) दोनों

10. हरिहर काका के भाई रात-भर क्यों नहीं सो सके?
(*i*) तबीयत खराब होने के कारण (*ii*) ज़मीन-जायदाद हाथ से निकल जाने की आशंका के कारण
(*iii*) प्राकृतिक विपदा आने के डर से (*iv*) इनमें से कोई नहीं

11. आधी रात को हरिहर काका को कौन उठा ले गए?
(*i*) डाकू (*ii*) ठाकुरबारी के साधु-संत तथा उनके पक्षधर (*iii*) पुलिसवाले (*iv*) इनमें से कोई नहीं

12. पुलिस को ठाकुरबारी में हरिहर काका किस स्थिति में मिले?
(*i*) ठाकुरबारी के एक कमरे में सोए हुए (*ii*) ठाकुर जी की पूजा करते हुए
(*iii*) हाथ-पैर और मुँह बाँधकर डाल दी गई स्थिति में (*iv*) इनमें से कोई नहीं

13. हरिहर काका को रमेसर की विधवा की ज़िंदगी से क्या सबक मिला था?
(*i*) अपनी ज़मीन भतीजों के नाम लिख देनी चाहिए। (*ii*) ज़मीन लिखकर शेष ज़िंदगी घुट-घुटकर जीना ठीक नहीं।
(*iii*) ज़मीन अपने रिश्तेदारों को जीते-जी नहीं लिखना चाहिए। (*iv*) (ii) तथा (iii) दोनों

14. गाँव के नेता जी ने हरिहर काका के सामने क्या प्रस्ताव रखा?
(*i*) पंचायत प्रमुख का चुनाव लड़ने का (*ii*) उनकी ज़मीन पर हाई स्कूल खोलने का
(*iii*) उनकी ज़मीन पर सार्वजनिक सभागार बनाने का (*iv*) इनमें से कोई नहीं

15. गाँव में चल रही खबर के अनुसार हरिहर काका की मृत्यु के बाद उनकी ज़मीन पर कब्ज़े के लिए उनके भाइयों ने किससे बात पक्की कर ली थी?
(*i*) ठाकुरबारी के महंत से (*ii*) पुलिस कप्तान से (*iii*) डाकू बुढन सिंह से (*iv*) इनमें से किसी से नहीं

**उत्तर–** 1. (*iv*) 2. (*iii*) 3. (*iii*) 4. (*iv*) 5. (*iv*) 6. (*ii*)
7. (*iii*) 8. (*iii*) 9. (*iv*) 10. (*ii*) 11. (*ii*) 12. (*iii*)
13. (*iv*) 14. (*ii*) 15. (*iii*)

**1. कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं? (CBSE 2010, 2012)**

उ० कथावाचक जब छोटे थे तब से ही हरिहर काका उन्हें बहुत प्यार करते थे। जब वे बड़े हो गए तो वे हरिहर काका के मित्र बन गए। हरिहर काका उनसे खुलकर बातें करते थे। यही कारण है कि कथावाचक को उनके एक-एक पल की खबर थी। शायद अपना मित्र बनाने के लिए काका ने स्वयं ही उन्हें प्यार से बड़ा किया और इंतजार किया।

**2. महंत और अपने भाई हरिहर काका को एक जैसे क्यों लगने लगते हैं? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2010, 2011, 2012, Sample Paper 2020-21)**

उ० हरिहर काका को अपने भाइयों और महंत में कोई अंतर नहीं लगा। दोनों एक ही श्रेणी के लगे। उनके भाइयों की पत्नियों ने कुछ दिन तक तो हरिहर काका का ध्यान रखा, फिर बची-खुची रोटियाँ देने लगीं। बीमारी में कोई पूछने वाला भी न था। जितना भी उन्हें रखा जा रहा था, उनकी ज़मीन के लिए था। इसी तरह महंत ने एक दिन तो बड़े प्यार से खातिर की, फिर ज़मीन को ठाकुरबारी के नाम करने के लिए कहा। काका के मना करने पर उसने उन्हें कई यातनाएँ दीं। इस तरह दोनों ने केवल ज़मीन-ज़ायदाद के लिए काका से व्यवहार रखा। अत: काका को दोनों एक जैसे ही लगे।

**3. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है? (CBSE 2011, 2012)**

उ० कहा जाता है कि गाँव के लोग भोले होते हैं। इसके साथ-साथ गाँव के लोग अंधविश्वासी तथा धर्मभीरु होते हैं। मंदिर जैसे स्थान को पवित्र, निष्कलंक तथा ज्ञान का प्रतीक मानते हैं। पुजारी, पुरोहित, महंत जैसे जितने भी धर्म के ठेकेदार हैं, उन पर अगाध श्रद्धा रखते हैं। वे चाहे कितने भी पतित, स्वार्थी और नीच हों, पर उनका विरोध करने से डरते हैं। इसी कारण ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों की अपार श्रद्धा थी। उनका हर सुख-दुख उससे जुड़ा था।

**4. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2010, 2011, 2012)**

उ० हरिहर काका अनपढ़ थे, फिर भी उन्हें दुनियादारी की बेहतर समझ थी। जब उनके भाई ज़मीन ज़बरदस्ती अपने नाम कराने के लिए उन्हें डराते थे तब उन्हें गाँव में दिखावा करके ज़मीन हथियाने वालों की याद आती थी। काका ने उन्हें दुखी होते देखा था। इसलिए उन्होंने ठान लिया था, चाहे महंत उकसाए चाहे भाई दिखावा करे, वे ज़मीन किसी को भी नहीं देंगे। एक बार महंत के उकसाने पर वे भाइयों के प्रति धोखा नहीं करना चाहते थे, परंतु जब भाइयों ने भी धोखा दिया तो उन्हें समझ में आ गया कि उनके प्रति उन्हें कोई प्यार नहीं है। जो प्यार दिखाते हैं वह केवल ज़ायदाद के लिए है।

**5. हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया? (CBSE 2011, 2012)**

उ० हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले लोग महंत के आदमी थे। महंत ने हरिहर काका को कई बार ज़मीन-जायदाद ठाकुरबारी के नाम कर देने को कहा, परंतु वे नहीं मान रहे थे। महंत ने अपने चेले और साधु संतों के साथ मिलकर उनके हाथ-पैर बाँध दिए, मुँह में कपड़ा ठूँस दिया और ज़बरदस्ती अँगूठे के निशान लिए और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। जब पुलिस आई तो स्वयं गुप्त दरवाज़े से भाग गया।

**6. हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे? (CBSE 2010, 2011)**

उ० कहानी के आधार पर गाँव के लोगों को बिना बताए पता चल गया कि हरिहर काका को उनके भाई नहीं पूछते। इसलिए सुख-आराम का प्रलोभन देकर महंत उन्हें अपने साथ ले गया। भाई मन्नत करके काका को वापिस ले आए। इस तरह गाँव के लोग दो पक्षों में बँट गए, कुछ लोग महंत की तरफ थे जो चाहते थे कि काका अपनी ज़मीन धर्म के नाम पर ठाकुरबारी को दे दें ताकि उन्हें सुख-आराम मिले, मृत्यु के बाद मोक्ष तथा यश मिले। लेकिन दूसरे पक्ष के लोग कहते थे कि ज़मीन परिवार वालों को दी जाए। मंदिर को ज़मीन देना अन्याय होगा। इस तरह दोनों पक्ष अपने-अपने हिसाब से सोच रहे थे, परंतु हरिहर काका के बारे में कोई नहीं सोच रहा था। इन बातों का एक कारण यह भी था कि काका विधुर थे और उनकी कोई संतान भी नहीं थी।

**7. कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, "अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं। ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है।" (CBSE 2011, 2012)**

उ० जब काका को असलियत पता चली तब उन्हें समझ में आ गया कि सब लोग उनकी ज़मीन-ज़ायदाद के पीछे हैं, तब उन्हें वे सभी लोग याद आ गए, जिन्होंने परिवार वालों के मोह में आकर अपनी ज़मीन उनके नाम कर दी और मृत्यु तक तिल-तिल कर मरते रहे, दाने-दाने को मोहताज़ हो गए। इसलिए उन्होंने सोचा कि इस तरह रहने से तो एक बार मरना अच्छा है। जीते जी

स्थिति में मनुष्य मृत्यु से डरता है, परंतु ज्ञान होने पर मृत्यु के वरण को तैयार रहता है।

**8. समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।** **(CBSE 2010, 2013, 2018, 2019)**

उ० आज समाज में मानवीय मूल्य धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। ज़्यादातर व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए रिश्ते निभाते हैं, अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से मिलते हैं। अमीर रिश्तेदारों का सम्मान करते हैं, उनसे मिलने को आतुर रहते हैं जबकि गरीब रिश्तेदारों से कतराते हैं। आज केवल स्वार्थ-सिद्धि की अहमियत रह गई है। आए दिन हम अखबारों में समाचार पढ़ते हैं कि ज़मीन-ज़ायदाद, पैसे, जेवर के लिए लोग हत्या व अपहरण जैसे नीच कार्य कर जाते हैं।

**9. हरिहर काका की नज़र में महंत कब घृणित और दुराचारी लगने लगा?** **(CBSE 2010)**

उ० हरिहर काका जब नाराज़ होकर घर से निकले तो महंत उन्हें अपने साथ ठाकुरबारी ले गया। उसे लगा अगर हरिहर की पंद्रह बीघे ज़मीन ठाकुरबारी के नाम हो गई तो उन सबकी मौज हो जाएगी। उसने काका को बहलाना शुरू किया और सुखी जीवन का प्रलोभन दिया। हालाँकि हरिहर काका अपनी ज़मीन पर भाइयों का हक समझते थे। इसलिए वे महंत की बातों में नहीं आए। अत: महंत ने उनका अपहरण करवाकर ज़बरदस्ती उनके अँगूठे का निशान कुछ कागज़ों पर ले लिया। ये देखकर हरिहर काका को आघात लगा। तब उनकी नज़र में महंत घृणित और दुराचारी लगने लगा।

**10. भाइयों के परिवार के प्रति काका के मोहभंग की शुरूआत कब हुई? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर स्पष्ट करें।**

उ० हरिहर काका की पत्नी का निधन हो गया था। वे नि:संतान थे। उनके तीनों भाइयों की पत्नियों ने कुछ दिन तो उनकी देख-रेख की, लेकिन अब वे उनकी खोज-खबर भी नहीं लेती थीं। बीमार होने पर कोई उनको पानी भी नहीं पूछता था। इसी दौरान उनके घर शहर में काम करने वाले भतीजे का दोस्त आया, जिसके स्वागत में खूब स्वादिष्ट भोजन बना, लेकिन किसी ने भी हरिहर काका को नहीं पूछा। जब उन्होंने खुद माँगा तो उन्हें भात-मट्ठा और अचार परोस दिया गया। यह देखकर उनके तन-बदन में गुस्से की ऐसी आग लगी कि उन्होंने भोजन की थाली उठाकर आँगन में फेंक दी। उसी दिन से काका का अपने परिवार के प्रति मोह कम होने लगा।

**11. 'यह कहानी अंधभक्ति और ठाकुरबारी के चरित्र को उजागर करती है।' सोदाहरण स्पष्ट करें।** **(CBSE 2012)**

उ० 'हरिहर काका' कहानी अंधभक्ति और ठाकुरबारी के चरित्र को उजागर करती है। कहानी में धर्म के ठेकेदार एक महंत को छल-बल का प्रयोग करते हुए दिखाया गया है। गाँव में इतनी अंधभक्ति है कि वे अपनी समस्त सफलता का श्रेय ठाकुरजी को देते हैं और खुशी से रुपये, पैसे, गहने और ज़मीन भी दान में देते हैं। उन्हें ठाकुरबारी की विशालता पर गर्व होता है। ठाकुरबारी का महंत धर्म की आड़ में स्वार्थपूर्ति करता है। हरिहर काका को नि:संतान देखकर उनकी पंद्रह बीघे की उपजाऊ ज़मीन को वह छल-बल से हासिल करना चाहता है। इसके लिए वह हिंसा का सहारा लेने से भी बाज नहीं आता। स्वार्थवश कोई भी गलत कार्य करने से उसे कोई एतराज नहीं है।

**12. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं, इससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?** **(CBSE 2013)**

उ० ठाकुरबारी गाँव के लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। यह गाँव का पुराना और अत्यंत विशाल मंदिर है। कृषि कार्य में दिन भर डूबे रहनेवाले ग्रामीणों का बाकी समय ठाकुरबारी में ही बीतता था। वे अपनी हर सफलता और संपन्नता का कारण ठाकुरजी की कृपा मानते थे। मुकदमें में जीत हो या लड़की का विवाह, पुत्र जन्म हो या पुत्र को नौकरी मिलने की खुशी, वे सभी में खुले मन से ठाकुरजी को रुपये, अनाज और जेवर चढ़ाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। इस श्रद्धा से उनकी धर्मभीरु प्रवृत्ति का पता चलता है। वे बेहद धार्मिक और सात्विक प्रवृत्ति के हैं। उनके मन में अपार भक्ति-भावना है।

**13. महंत जी ने हरिहर काका की किस प्रकार आवभगत की?** **(CBSE 2013)**

उ० हरिहर काका को रात में ठाकुरबारी में ऐसे मिष्ठान्न और व्यंजन मिले जो उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी में कभी नहीं खाए थे। पुजारी जी ने उन्हें अपने हाथों से खाना परोसा था। घी टपकते मालपुए, रस बुनिया, लड्डू, छेने की तरकारी, दही और खीर। महंत जी पास में ही बैठे-बैठे धर्म-चर्चा से उनके मन में अपार शांति का भाव भर रहे थे। हरिहर काका को ठाकुरबारी में एक ही रात में इतना अपार सुख मिला जो उन्होंने अपने पूरे जीवन में नहीं पाया था।

**14. बंधनमुक्त होने पर हरिहर काका को उनके परिवार वालों ने किस प्रकार रखा?** **(CBSE 2014)**

उ० हरिहर काका को महंत के चंगुल से निकालकर उनके भाइयों ने उन्हें बेहद संभाल के रखा जैसे कोई बेशकीमती चीज़ रखी जाती है। उनका कमरा दालान से घर के अंदर कर दिया गया। वे एक चीज़ भी माँगते तो चार चीज़ें हाज़िर की जाती थीं। परिवार के सभी सदस्य उनका ध्यान रखते। रिश्ते-नाते के सभी सूरमाओं को भाइयों ने इकठ्ठा किया और हथियार भी जूटा लिए गए थे। काका को जब भी घर से निकलकर गाँव में जाना होता तो हथियारों से लैस चार-पाँच लोग उनके आगे-पीछे होते। भाइयों ने भी अपनी ड्यूटी बाँट ली थी। रात में काका को घेरकर आधे लोग सोते थे और आधे पहरा देते थे।

उ॰ हरिहर काका ने दो बार शादी की, उनकी पत्नियाँ असमय काल-कवलित हो गईं। वे संतानहीन भी थे। अत: भाइयों ने अपनी पत्नियों को उनका ध्यान रखने को कहा था। शुरू में तो उन्होंने उनकी ज़रूरत का ख्याल रखा, फिर धीरे-धीरे वे सिर्फ़ अपने पतियों का ध्यान रखने लगीं। तबियत खराब होने पर भी कोई उन्हें एक गिलास पानी भी नहीं देता था। सब अपने कामों में मशगूल रहते। बच्चे पढ़ाई और खेल-कूद में उलझे रहते। भोजन के लिए उनको बचा हुआ और रूखा-सूखा भोजन दिया जाता था। परिवार के सभी सदस्य उनसे उपेक्षित व्यवहार करते थे।

**16. हरिहर काका अपने भाइयों के परिवार में रहने के लिए कैसे तैयार हुए? (CBSE 2015)**

उ॰ हरिहर काका अपने भाइयों की पत्नियों के व्यवहार से रूठकर ठाकुरबारी चले गए थे। शाम को जब खेत से सभी भाई लौटे तो उन्हें इस बात का पता लगा। उन्होंने अपनी पत्नियों को डाँटा और काका को मनाने के लिए ठाकुरबारी पहुँच गए। वे सभी काका के चरणों में सर रखकर फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने अपनी-अपनी पत्नियों को सजा देने की बात भी कही। उस रात तो महंत ने उन्हें जाने नहीं दिया। यह सब देखकर काका का दिल पसीज गया और वे अपने भाइयों के साथ लौट आए। काका वैसे भी खून के रिश्ते को ज्यादा बड़ा समझते थे।

**17. महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण किए जाने के बाद गाँव के कुछ लोग किस प्रकार उनके भाइयों के घर पर जुटने लगे थे? इस घटना से समूचे गाँव पर क्या प्रभाव पड़ा? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2016)**

उ॰ महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण किए जाने के बाद नाते-रिश्ते के 'सूरमाओं' को भाइयों ने घर में बुला लिया। वे हथियार सहित काका की सुरक्षा में तैनात कर दिए गए। गाँव के लोगों को भी काका के अपहरण का प्रसंग मालूम हुआ। वे लोग दो वर्गों में बँट गए, एक वर्ग धार्मिक संस्कारों से जुड़ा चटोरों का था जो चाहता था कि काका अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम लिख दें। दूसरा वर्ग परिवार का हितैषी था, जो उनकी ज़मीन उनके भाइयों को देने का पक्षधर था। वे आपस में बहस करते हुए तू-तू, मैं-मैं तक करने लगे थे। सारे गाँव का वातावरण तनावपूर्ण था और वे काका के अगले कदम की प्रतीक्षा भी कर रहे थे।

**18. महंत ने हरिहर काका के साथ दो अलग-अलग प्रकार का व्यवहार किस प्रकार और क्यों किया? (CBSE 2017)**

उ॰ महंत ने दो अवसरों पर हरिहर काका से दो अलग-अलग तरह का व्यवहार किया। पहली बार जब काका घर से बहुओं द्वारा अपमानित होकर गुस्से से निकले तो महंत उन्हें अपने साथ ठाकुरबारी ले गया और वहाँ उनकी जमकर खातिरदारी की। उनको साफ-सुथरे और आरामदेह बिस्तर पर लिटाया गया तथा रात को भोजन में ऐसे-ऐसे मिष्ठान्न और व्यंजन दिए गए जो उन्होंने कभी नहीं खाए थे।

दूसरे अवसर पर महंत का व्यवहार काका के प्रति बेहद यातनापूर्ण था। काका की ज़मीन हड़पने के लिए उन्होंने उनका अपहरण तक करवा लिया। उन्हें मारा-पीटा और उनके अँगूठे का निशान भी ले लिया। साथ ही उनके मुँह में कपड़ा ठूँस दिया कि वे चिल्ला न सकें। इन सब कारणों से काका का महंत के प्रति मोहभंग हो गया। महंत को पहले उनसे ज़मीन मिलने की आशा थी, इसलिए अच्छा व्यवहार किया लेकिन असफल रहने पर उसने काका से दुर्व्यवहार किया।

**19. अपने हिस्से का खेत ठाकुरजी के नाम लिख देने पर हरिहर काका को होने वाले किन लाभों का प्रलोभन महंत जी ने दिया? (CBSE 2017)**

उ॰ महंत हरिहर काका की ज़मीन हड़पना चाहता था। इसलिए वह हरिहर काका को समझाने की कोशिश कर रहा था कि संसार नश्वर है। हरिहर काका की अपने भाइयों के परिवार की ओर आसक्ति थी। इसलिए महंत उनकी धार्मिक प्रवृत्ति को उकसाकर, उनके भाइयों को स्वार्थी बताकर उन्हें ज़मीन ठाकुरबारी के नाम करने के लिए प्रेरित कर रहा था। उसने हरिहर काका को समझाते हुए कहा कि यहाँ कोई किसी का नहीं है। सब माया के बंधन हैं। इससे बाहर निकलकर ईश्वर की भक्ति में मन लगाएँ। ठाकुरजी के नाम खेत लिख देने से बैकुंठ तो मिलेगा ही कीर्ति होने के साथ-साथ जीवन भी सार्थक हो जाएगा। पुश्तों तक लोग इस दान को याद रखेंगे। बाकी बची हुई ज़िंदगी आरामपूर्वक यहीं गुज़ारना। भाई तभी तक पूछेंगे, जब तक वे उनके नाम ज़मीन न कर दें।

**20. कहानी में हरिहर काका और उनके परिवार के बारे में क्या बताया गया है? विस्तारपूर्वक लिखिए। (CBSE 2011)**

उ॰ 'हरिहर काका' लेखक के पड़ोस में रहने वाले एक नि:संतान विधुर थे। उनके तीन भाई थे, जिनका भरा-पूरा परिवार था, उनके बच्चे सयाने थे। काका भाइयों के साथ ही रहते थे। काका के भाइयों की पत्नियाँ न तो उनका ख्याल रखती थीं, न ढंग से

नज़र थी। एक दिन बचा हुआ खाना देने पर काका गुस्से से भोजन की थाली फेंककर घर से निकल पड़े। महंत उन्हें ठाकुरबारी ले जाकर ज़मीन ठाकुर जी को देने के लिए उकसाने लगा। लेकिन काका नहीं माने तो उनका अपहरण करवा लिया और उनके अँगूठे का निशान कागज़ों पर ले लिया। उनके भाई पुलिस के साथ उन्हें छुड़वाकर ले गए और वे भी उनके साथ वही सब दोहराए। काका उन सभी के व्यवहार से बेहद उदासीन होकर अकेले पुलिस की सुरक्षा में अपना जीवन बिताने लगे। वे किसी से बात तक नहीं करते थे। उन्होंने जीते-जी अपनी ज़मीन किसी को भी नहीं देने की मन में ठान ली थी।

**21. हरिहर काका ने अपनी संपत्ति से संबंधित क्या निर्णय लिया और क्यों? (CBSE 2015)**

उ० हरिहर काका को जब महंत के चंगुल से छुड़वाकर लाया गया तो भाइयों ने कुछ दिन बाद ही उनसे निवेदन किया कि वे अपनी ज़मीन भतीजों के नाम लिख दें। लेकिन अनपढ़ काका ने अनुभवों की समझदारी दिखाते हुए कहा कि वे ज़मीन किसी के नाम नहीं लिखेंगे। उनके मरने के बाद स्वतः ही ज़मीन भाइयों को मिल जाएगी। काका ने गाँव में ऐसे अनेक उदाहरण देखे थे, जिन्होंने जीते-जी ज़मीन नाते-रिश्तेदारों के नाम करने के बाद घनघोर कष्ट और यातनाएँ सही थीं। वे रमेसर की विधवा की तरह घुट-घुट कर नहीं जीना चाहते थे। काका समझ गए थे कि उनके भाई का परिवार आज उन्हें जो मान और इज़्ज़त दे रहा है, उसका कारण उनकी जायदाद है। महंत के छल-प्रपंच और कुत्सित इरादों को भी वे देख चुके थे। अतः उन्होंने एक चतुर और ज्ञानी के समान अपनी ज़मीन जीते जी भाइयों या महंत के नाम न लिखने का बुद्धिमानी भरा फैसला लिया।

**22. हरिहर काका के प्रति उनके भाइयों के व्यवहार में समय-समय पर क्या-क्या परिवर्तन आए और क्यों? (CBSE 2016)**

उ० हरिहर काका के भाइयों ने उनकी देख-रेख अपनी पत्नियों को सौंप दी और निश्चिंत हो गए। उनके दुर्व्यवहार के कारण काका जब नाराज़ होकर घर से निकले तो महंत उन्हें ठाकुरबारी ले गया। भाइयों ने काका के पाँव पकड़े तो वे उनके साथ घर वापस आ गए। घर लाकर भाइयों ने काका की खूब खातिरदारी की। महंत द्वारा अपहरण किए जाने के उपरांत भाई जब काका को उसके चंगुल से छुड़वाकर लाए तो उन्होंने काका की ज़मीन हड़पने की भूमिका बाँधी और ज़मीन भतीजों के नाम लिखने का निवेदन किया। जब काका ने उन्हें साफ इंकार कर दिया तो भाइयों का व्यवहार पुनः बदल गया और वे काका के साथ दुर्व्यवहार करते हुए हिंसा पर उतर आए। उनके इस परिवर्तित रूप का कारण हरिहर काका की ज़मीन थी, जिसे वे हर कीमत पर हथियाना चाहते थे।

**23. 'हरिहर काका' कहानी समाज के किस कटु सत्य को उजागर करती है? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2017)**

उ० 'हरिहर काका' कहानी समाज के कई सत्यों को उजागर करती है। आज के रिश्ते स्वार्थ पर आधारित हैं। स्वार्थ हटा नहीं कि रिश्ते धराशायी होने लगते हैं। आज जायदाद पाने के लिए छल-बल का प्रयोग करते हुए परिवारजनों के साथ तथाकथित धर्म के ठेकेदारों को लिप्त देखा जा सकता है। वे अपनी स्वार्थ-लिप्सा की पूर्ति के लिए बेहिचक हिंसात्मक प्रवृत्ति दिखाते हैं। हरिहर काका इसका ज्वलंत उदाहरण हैं। उनके साथ भाइयों और महंत ने जो किया वह अत्यंत ही घृणास्पद और निंदनीय है।

**24. हरिहर काका का चरित्र-चित्रण कीजिए। (CBSE 2017)**

उ० हरिहर काका का चरित्र-चित्रण–

**अनपढ़ परंतु अनुभवी व्यक्ति–** हरिहर काका अनपढ़ थे, फिर भी उन्हें दुनियादारी की बेहद समझ थी। जब उनके भाई ज़बरदस्ती ज़मीन अपने नाम कराने के लिए डराते थे तो उन्हें गाँव में दिखावा करके ज़मीन हथियाने वालों की याद आती थी। काका ने उन्हें दुखी होते देखा था। इसलिए उन्होंने ठान लिया था कि चाहे महंत उकसाए चाहे भाई दिखावा करें, वे ज़मीन किसी को भी नहीं देंगे। एक बार महंत के उकसाने पर भी वे भाइयों के प्रति धोखा नहीं करना चाहते थे, परंतु जब भाइयों ने भी धोखा दिया तो उन्हें समझ में आ गया कि उनके प्रति उन्हें कोई प्यार नहीं है। जो प्यार दिखाते हैं वह केवल ज़ायदाद के लिए है।

**हँसमुख–** हरिहर काका एक हँसमुख व्यक्ति थे। वे अकेले होते हुए भी चेहरा दुखी नहीं रखते थे। लेखक को उनके मुख की हँसी हमेशा याद रहती है।

**अंतर्मुखी–** अपने साथ हुए हादसों ने काका को इतना तोड़ दिया कि वे चुप रहने लगे। उनकी चुप्पी और खाली आँखें सब कुछ बयान कर जाती थीं। उनमें दुख और दर्द इस प्रकार दिखाई देता है कि लेखक तक डर गया था। उनकी चुप्पी इस बात का प्रमाण थी कि वे अंदर ही अंदर घुट रहे थे। परंतु वे किसी को कुछ कहते नहीं थे।

नाम– .......................................... रोल नं. ..........................................

समय– 30 मिनट कुल अंक– 12

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) लेखक को ठाकुरबारी जाना क्यों पसंद था?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(ख) महंत जी ने हरिहर काका को ज़मीन देने के लिए कैसे प्रेरित किया?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(ग) हरिहर काका की सहनशक्ति कब जवाब दे गई?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) गाँव के लोगों में हरिहर काका चर्चा का केंद्र क्यों बने हुए थे?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(ख) हरिहर काका के मन में घरवालों के प्रति क्रोध का भाव क्यों उत्पन्न हुआ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(ग) महंत जी को कैसे पता चला कि हरिहर काका के घर पर कोई घटना घटी है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

❑❑❑

2

# सपनों के-से दिन

*– गुरदयाल सिंह*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत आत्मकथा में लेखक अपने बचपन की यादों का ज़िक्र कर रहा है कि किस तरह से वह और उसके साथी स्कूल के दिनों में मस्ती करते थे, खेलते समय चोटें खाया करते थे, और अपने अध्यापकों से कितना डरते थे। बचपन में लेखक अपने अध्यापक के व्यवहार को नहीं समझ पाया था, उसे स्कूल का वातावरण नीरस व भयानक लगता था। उसी का वर्णन लेखक ने इस पाठ में किया है।

## पाठ का सार

प्रस्तुत पाठ 'सपनों के-से दिन' लेखक गुरदयाल सिंह की आत्मकथा का एक अंश है। इसमें वे अपने बचपन के दिनों को तथा स्कूल के दिनों को याद करते हैं। वे बहुत संपन्न परिवार से न थे। वे ऐसे गाँव से थे, जहाँ कुछ ही लड़के पढ़ाई में रुचि रखते थे। कई बच्चे तो स्कूल कभी जाते ही नहीं या बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते। द्वितीय विश्व युद्ध का जमाना था और उन दिनों चीज़ें महँगी हुआ करती थीं। पढ़ाई की चीज़ों में जितना दाम लगता उतने में एक सेर घी आ जाता था। वे अपने परिवार के पहले लड़के थे जो स्कूल जाते थे। वे याद करते हैं कि सभी विद्यार्थी स्कूल को कैद समझते और पढ़ने में कुछ ही लड़कों की रुचि होती। उन्हें अपना खेल-कूद याद आता है कि कैसे सभी बच्चे खेलते समय अकसर चोटिल हो जाया करते और इसके बाद उन्हें अपने-अपने घरों में मार पड़ती। स्कूल से चुराए अलियार के फूल की सुगंध वे आज भी महसूस कर पाते हैं। पूरे साल में सिर्फ एक-दो महीने ही पढ़ाई होती और लंबा अवकाश होता। छुट्टियों में वे गृहकार्य न कर पूरी छुट्टियाँ खेलने में निकाल देते और शेष कुछ दिनों में जैसे-तैसे उसे पूरा करते। स्कूल न जाने का एक बड़ा कारण था– मास्टर से पिटाई का भय। उन्हें अकसर शिक्षकों से मार खानी पड़ती। कुछ शिक्षक ऊँची श्रेणी में भी पढ़ाते। उनके हेडमास्टर श्री मदनमोहन शर्मा नरम दिल के थे जो बच्चों को सज़ा देने में यकीन नहीं रखते थे, पर उन्हें याद हैं अपने पीटी सर, जो का.फी सख्त थे और स्काउट कराते थे। वे बच्चों की खाल उधेड़ने को सदा तैयार रहते थे। गुरदयाल जी और उनके साथियों को स्काउट करना बहुत पसंद था। खाकी वर्दी पहने गले में दोरंगे रूमाल लटकाए और नीली पीली झंडियाँ पकड़कर अभ्यास करना उन्हें उत्साहित करता था। ऐसा लगता था मानो एक .फौजी हों। मास्टर जी की एक शाबाशी उन्हें एहसास कराती जैसे फौज के सारे तमगे जीत लिए हों। अंग्रेज़ों के अ.फसर बच्चों को .फौज में भर्ती होने को आकर्षित करते, पर कुछ ही लड़के थे जो उनके सूट और बूट की लालच में आकर भर्ती होते। मास्टर जी का भारी बूट उन्हें भाता, पर घरवाले लेने नहीं देते। इसके बाद भी गुरदयाल सिंह जी और उनके सहपाठी पीटी मास्टर से न.फरत करते, जिसकी वजह थी, उनका उन्हें बुरी तरह पीटना। जब वे सब चौथी श्रेणी में पढ़ते थे तब पीटी मास्टर उन्हें .फारसी पढ़ाते थे जो एक कठिन विषय था। एक शब्द-रूप याद करने को उन्होंने दिया था, जिसे कुछ ही बच्चे याद कर पाए और तब मास्टर साहब ने सबको मुर्गा बनने को कहा। जब हेडमास्टर शर्मा जी ने यह देखा तो बहुत गुस्सा हुए और उन्हें निलंबित करने को एक आदेश पत्र लिख दिया, जिसे शिक्षा विभाग के डायरेक्टर की मंजूरी आवश्यक थी। उसके बाद पीटी मास्टर कभी स्कूल न आए। गुरदयाल सिंह जी को इतना याद है कि सख्त पीटी मास्टर अपने तोतों से मीठी-मीठी बातें किया करते थे जो उन्हें हैरान करते थीं। यह कहानी आज के अध्यापकों को एक संदेश देती है कि बच्चों का बाल मन स्नेह देने के लिए है, सख्त सज़ा देने के लिए नहीं।

## शब्दार्थ

**पिंडलियाँ–** घुटने और टखने के बीच का पिछला मांसला भाग, **गुस्सैल–** गुस्से वाला, **ट्रेनिंग–** प्रशिक्षण, **बाल-मनोविज्ञान–** बच्चों के मन का विज्ञान या ज्ञान, **परचूनिये–** राशन की दुकान वाले, **आढ़तीये–** जो किसानों की फसलों को खरीदते और बेचते हैं, **लंडे–** हिसाब-किताब लिखने की प्राचीन पंजाबी लिपि, **चपड़ासी–** चपरासी, **श्रेणी–** कक्षा, **सयाने–** समझदार, **ननिहाल–** नानी का घर, **पिछड़ा–** जो उन्नति न कर सका हो, **गंदले–** गंदा/मटमैला, **दुम–** पूँछ, **सलाह–** विचार-विमर्श/परामर्श, **ढाँढ़स–** धीरज दिलाना/हौसला देना, **हाँड़ी–** मटका, **ठिगने–** छोटे कद का, **बालिश्त–** बित्ता, **कतार–** पंक्ति, **घुड़की–** धमकी भरी डाँट, **तमगा–** पदक, **फटकारना–** डाँटना,

सम्पन्न/हर क्षेत्र में आगे रहने वाला, **विलायत–** विदेश, **शामियाना–** तंबू, **मसखरे–** विदूषक या हँसी-मजाक करने वाले व्यक्ति, **रंगरूट–** सेना या पुलिस आदि में भर्ती होने वाला नया सिपाही, **अठे–** यहाँ, **लीतर–** फटे-पुराने खस्ताहाल जूते, **उठै–** वहाँ, **स्वाभाविक–** प्राकृतिक, **आदेश–** आज्ञा, **ज़बानी–** केवल जुबान के द्वारा, **गुर्राए–** गुस्से में चिल्लाना, **मुअत्तल–** निलंबित या निकाल देना, **मंज़ूरी–** स्वीकृति, **महकमाए-तालीम–** शिक्षा विभाग, **चौबारा–** वह कमरा जिसमें चारों और खिड़कियाँ या दरवाजें हों, **बिल्ला–** पट्टी, **अलौकिक–** अद्‌भूत या अपूर्व।

## पाठाधारित मुहावरे

**तार-तार होना–** बुरी तरह कट-फट जाना, **तरस खाना–** दया करना, **आँख बचाना–** छिपाना, **हाय-हाय करना–** अपने कष्टों का रोना रोना, **दिन गिनना–** अधीर होना, **ढाँढ़स बँधाना–** हिम्मत देना, **खाल खींचना–** बुरी तरह पीड़ा पहुँचाना, **चमड़ी उधेड़ना–** बुरी तरह पीटना।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. लेखक ने बाल-मनोविज्ञान पढ़कर क्या जाना?
   (*i*) बच्चों को मारना-पीटना ठीक नहीं होता। (*ii*) बच्चों को खेलना क्यों अच्छा लगता है।
   (*iii*) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी ज़रूरी है। (*iv*) उपर्युक्त सभी
2. पढ़ाई में रुचि न होने के कारण लेखक के बचपन के कुछ साथी क्या करते थे?
   (*i*) तालाब में तैरने चले जाते थे। (*ii*) बस्ता तालाब में फेंक आते थे।
   (*iii*) माँ-बाप से स्कूल नहीं जाने की जिद्द करते थे। (*iv*) मास्टर जी को चिढ़ाया करते थे।
3. स्कूल की क्यारियों से तोड़ी गई कलियों का लेखक क्या करते थे?
   (*i*) वे इन्हें अपनी जेब में रखकर भूल जाते थे।
   (*ii*) वे इन्हें किताबों के बीच दबा देते थे।
   (*iii*) स्कूल से बाहर निकलते समय वे इन्हें मेमनों की तरह चर जाते थे।
   (*iv*) अपने किसी दोस्त को दे देते थे।
4. लेखक के साथी ओमा की शक्ल-सूरत कैसी थी?
   (*i*) ठिगने शरीर पर हाँड़ी जैसा सिर
   (*ii*) नारियल की-सी आँखों वाला बंदरिया के बच्चे जैसा चेहरा
   (*iii*) पतला, छरहरा, सुगठित शरीर
   (*iv*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों
5. ओमा के सिर की टक्कर से किसके टूटने का डर बना रहता?
   (*i*) हाथ के (*ii*) पैर के
   (*iii*) पसलियों के (*iv*) सिर के
6. मास्टर प्रीतम चंद अन्य अध्यापकों की तरह हेडमास्टर साहब के पीछे कतार में क्यों नहीं खड़े होते थे?
   (*i*) अन्य अध्यापकों से मतभेद के कारण (*ii*) पीटी सर की भूमिका के कारण
   (*iii*) बच्चों की तरह कतार में खड़ा होना पसंद नहीं होने के कारण (*iv*) इनमें से कोई नहीं
7. निचली कक्षाओं में लेखक को कभी-कभी स्कूल अच्छा भी लगने लगता था, क्यों?
   (*i*) हेडमास्टर शर्मा जी की प्यारी चपत के कारण (*ii*) पीटी साहब की शाबाशी के कारण
   (*iii*) खेल-कूद की अनिवार्यता समाप्त हो जाने के कारण (*iv*) (*i*) तथा (*iii*) दोनों

(*i*) लेखक के घर में किसी की पढ़ाई में दिलचस्पी नहीं होने के कारण
(*ii*) लेखक का साधारण परिवार से होने के कारण
(*iii*) हेडमास्टर शर्मा जी द्वारा पुरानी किताबें आसानी से उपलब्ध करा दिए जाने के कारण
(*iv*) उपर्युक्त सभी

9. नई श्रेणी में लेखक का मन उदास होने का क्या कारण था?
(*i*) नई श्रेणी की मुश्किल पढ़ाई
(*ii*) नए मास्टरों की मार-पीट का भय
(*iii*) किताब-कॉपियों तथा अलिआर के झाड़ से आने वाली गंध
(*iv*) उपर्युक्त सभी

10. पीटी साहब से प्रेरित होकर जब बच्चे घरवालों से बूटों की माँग करते थे, तो वे क्या करते थे?
(*i*) बूट दिला देते थे।
(*ii*) बूट से टखने टेढ़े होने का भया दिखा दिया करते थे।
(*iii*) डाँट दिया करते थे।
(*iv*) इनमें से कोई नहीं

11. उस ज़माने में किस श्रेणी से अंग्रेज़ी पढ़ानी शुरू की जाती थी?
(*i*) दूसरी से (*ii*) तीसरी से
(*iii*) चौथी से (*iv*) पाँचवीं से

12. हेडमास्टर शर्मा जी किस श्रेणी के बच्चों को अंग्रेज़ी पढ़ाते थे?
(*i*) तीसरी और छठी (*ii*) चौथी और सातवीं
(*iii*) पाँचवीं और आठवीं (*iv*) छठी और नवीं

**उत्तर–** 1. (*ii*) 2. (*ii*) 3. (*iii*) 4. (*iv*) 5. (*iii*) 6. (*ii*)
7. (*ii*) 8. (*iv*) 9. (*iv*) 10. (*ii*) 11. (*iv*) 12. (*iii*)

## II. पाठ आधारित प्रश्नोत्तर ( 3 अंक )

**1. कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती– पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता है? (CBSE 2012)**

उ० बचपन में लेखक के आधे से ज्यादा साथी राजस्थान या हरियाणा से थे, जिनके साथ वे खेलते थे। सबकी बोलियाँ अलग-अलग थीं। वे एक-दूसरे की बोलियाँ कम ही समझ पाते थे, परंतु खेलते समय यह बात जरा भी महसूस नहीं होती थी। सबकी भाषा सब समझ लेते थे। उनके व्यवहार में इससे कोई अंतर न आता था। पाठ के इस अंश द्वारा यह पता चलता है कि कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती।

**2. पीटी साहब की 'शाबाशी' फ़ौज के तमगों-सी क्यों लगती थी? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2013)**

उ० पीटी साहब प्रीतमचंद बहुत सख्त अध्यापक थे। यदि कोई कतार में सिर इधर-उधर हिला लेता या दूसरी पिंडली खुजलाने लगता, इस पर वे उस लड़के की ओर बाघ की तरह झपट पड़ते। परंतु जब बच्चे कोई भी गलती न करते तो पीटी साहब उन्हें शाबाश कहते तो बच्चे यह शब्द सुनकर खुश होते और उन्हें लगता कि जैसे फ़ौज में सिपाही को तमगे दिए जाते हैं वैसा ही तमगा उन्हें भी मिल गया हो।

**3. नई श्रेणी में जाने और नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था?**

उ० नई श्रेणी में जाने पर लेखक को हेडमास्टर जी एक अमीर घर के बच्चे की पुरानी किताबें लाकर देते थे। परंतु इन नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध लेखक का बालमन उदास कर जाती थी क्योंकि नई श्रेणी का मतलब और कठिन पढ़ाई और नए मास्टरों से भी पिटाई का भय होता था। पुराने मास्टरों की भी अपेक्षाएँ बढ़ जाती थीं। उन्हें लगता था कि नई श्रेणी में आने से बच्चे तेज हो गए हैं और अपेक्षाओं के प्रति खरा न उतरने पर वे चमड़ी उधेड़ने में देर न लगाते थे।

(CBSE 2011)

उ॰ स्काउट परेड में लेखक धोबी के धुले साफ़-सुथरे कपड़े, पॉलिश किए हुए बूट तथा जुराबों को पहनकर जब ठक-ठक करके चलता था तो वह अपने-आप को फ़ौजी से कम नहीं समझता था। अकड़कर चलता था तो अपने अंदर एक फ़ौजी जैसी आन-बान-शान महसूस करता था।

**5. हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया? (CBSE 2012)**

उ॰ एक दिन मास्टर प्रीतमचंद ने कक्षा में बच्चों को फ़ारसी के शब्द-रूप याद करने के लिए दिए। परंतु बच्चों से यह शब्द-रूप याद नहीं हो सका। इस पर मास्टर जी ने उन्हें मुर्गा बना दिया। बच्चे इसे सहन नहीं कर पाए तथा कुछ ही देर में लुढ़कने लगे। उसी समय नम्र हृदय हेडमास्टर जी वहाँ से निकले और बच्चों की हालत देखकर सहन नहीं कर पाए और पीटी मास्टर को मुअत्तल कर दिया।

**6. लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा? (CBSE 2011)**

उ॰ लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल जाना बिलकुल अच्छा नहीं लगता था, परंतु जब स्कूल में रंग-बिरगें झंडे लेकर, गले में रूमाल बाँधकर मास्टर परेड करवाते थे, तो लेखक को बहुत अच्छा लगता था। सब बच्चे ठक-ठक करते राइट टर्न, लेफ्ट टर्न या अबाऊट टर्न करते और मास्टर जी उन्हें शाबाश कहते तो लेखक को पूरे साल में मिले गुड्डों से भी ज़्यादा अच्छा लगता था। इसी कारण लेखक को स्कूल जाना अच्छा लगने लगा।

**7. पाठ में वर्णित घटनाओं के आधार पर पीटी सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (CBSE 2012)**

उ॰ पीटी सर शरीर से दुबले-पतले तथा ठिगने कद के थे। उनकी आँखें भूरी और तेज थीं। वे खाकी वर्दी और लंबे जूते पहनते थे। वे बहुत अनुशासन प्रिय थे। बच्चे उनका कहना नहीं मानते तो वे उन्हें दंड देते थे। वे कठोर स्वभाव के थे। उनके मन में दया भाव न था। बाल खींचना, ठुड्ढे मारना, खाल खींचना उनकी आदत थी। इनके साथ वे स्वाभिमानी भी थे। नौकरी से निकाले जाने पर वे हेडमास्टर जी के सामने गिड़गिड़ाए नहीं,बल्कि चुपचाप चले गए।

**8. विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।**

उ॰ पाठ में अनुशासन रखने के लिए कठोर दंड, मार-पीट जैसी युक्तियाँ अपनाई गई हैं, परंतु वर्तमान में यह निंदनीय माना गया है। आजकल अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाता है कि वे बच्चे की भावनाओं को समझें, उनके गलतियों के कारणों को समझें, उन्हें उनकी गलती का एहसास कराएँ तथा उनके साथ मित्रतापूर्ण व ममतापूर्ण व्यवहार रखें। इससे बच्चे स्कूल आने से डरेंगे नहीं बल्कि खुशी-खुशी आएँगे।

**9. हेडमास्टर की चपत बच्चों को नमकीन पापड़ी-सी क्यों लगती थी? (CBSE 2005)**

उ॰ हेडमास्टर शर्मा कोमल स्वभाव के बेहद मृदुभाषी थे। वे पाँचवीं से आठवीं तक के बच्चों को अंग्रेज़ी पढ़ाते थे। जब बच्चे गलती करते तो अधिक गुस्सा आने पर जल्दी-जल्दी पलकें झपकाते और लंबे हाथ की उलटी उँगलियों से एक चपत गाल पर मार देते थे। इसपर कमज़ोर शरीर वाले बच्चे भी सिर झुकाकर मुँह नीचा करके हँस देते थे। बच्चों को हेडमास्टर शर्मा जी की यह चपत नमकीन पापड़ी जैसी मज़ेदार लगती थी।

**10. मास्टर प्रीतम के व्यक्तित्व और पहनावे को भयभीत करने वाला क्यों कहा गया है? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आध ार पर स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2009)**

उ॰ मास्टर प्रीतमचंद का कद ठिगना था। शरीर दुबला-पतला, परंतु गठीला था। उनका चेहरा माता के दागों से भरा था, परंतु आँखें किसी बाज-सी तेज़ थीं। वे खादी वर्दी पहनते थे और पैरों में चौड़े पंजों वाले बूट पहनते थे। बूटों में ऊँची एड़ियों के नीचे खुरियाँ लगी रहती थीं और पंजों के नीचे मोटे सिरों वाले कील ठुके रहते थे। उनका यह व्यक्तित्व और पहनावा बच्चों को बेहद भयभीत करता था और सभी उनसे भय खाते थे।

उ॰ लेखक जब छुट्टियों में माँ के साथ ननिहाल जाते तो उन्हें अत्यंत खुशी मिलती थी। उनकी नानी उन्हें दूध-दही, घी-मक्खन तो खिलाती ही थीं, साथ ही प्यार भी करती थीं। नानी से जो जी में आता माँगकर खाते। नानी उनके बोलने के ढंग और कम खाने के कारण अत्यंत खुश होतीं और अपने पोतों को भी लेखक की तरह बोलने का ढंग और कम खाने-पीने की सलाह देतीं। वहाँ उन्हें पढ़ाई का भी कोई डर नहीं रहता था।

**12. छात्रों के नेता ओमा के सिर की क्या विशेषताएँ थी? पाठ 'सपनों के-से दिन' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2010)**

उ॰ 'ओमा' ठिगने शरीर का था और उसका सिर हाँड़ी जितना बड़ा था। वह बदशक्ल तो था, लेकिन सबसे शक्तिशाली भी था। उसको देखकर लगता जैसे बिल्ली के बच्चे के सिर पर तरबूज रखा है। वह सभी लड़कों का नेता था। उसके लड़ने का ढंग भी उसी की तरह विचित्र था। वह हाथ-पैर नहीं चलाता था बल्कि साँड़ की भाँति फुँफकारता हुआ सिर झुकाकर किसी के भी पेट या छाती में मार देता था। उसकी मार से बच्चे ऐसे रोते-बिलबिलाते जैसे किसी ने उनकी पसली तोड़ दी हो। बच्चे उसकी पिटाई से डरते थे और उसकी टक्कर का नाम 'रेल बम्बा' रख दिया था, क्योंकि वह रेल के इंजन की भाँति बड़ा और भयानक लगता था।

**13. 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों को पढ़ाई करने से अधिक खेलना क्यों रुचिकर लगता था? (CBSE 2013)**

उ॰ लेखक और उसके साथियों को स्कूली जीवन बिलकुल भी रुचिकर नहीं लगता था। गाँव के पाँच-छह बच्चों को छोड़कर सभी रोते-पीटते ही स्कूल जाते थे। पाठ के आधार पर इसके कई कारण थे। उनके लिए स्कूल में कोई आकर्षण नहीं था। पीटी मास्टर उन्हें साक्षात यमराज की तरह लगते थे। बच्चों को गृहकार्य याद नहीं होता तो मास्टर प्रीतमचंद बर्बरतापूर्वक सज़ा देते थे। छुट्टियों में मिला ढेर सारा गृहकार्य करने के बदले वे अध्यापकों से मार खाना ज़्यादा पसंद करते थे। अध्यापक भय का वातावरण बनाए रखते थे। यही कारण था कि बच्चों को खेलना रुचिकर लगता था और पढ़ाई करना अप्रिय।

**14. 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में रुचि क्यों नहीं थी? पढ़ाई को व्यर्थ समझने में उनके क्या तर्क थे? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2015)**

उ॰ गरीब घरों के लड़कों की पढ़ने में रुचि नहीं थी क्योंकि उनके लिए स्कूल में कोई आकर्षण नहीं था। स्कूल उनके लिए भय का स्थान था। वे बस्ता तालाब में फेंक देते थे और फिर कभी स्कूल नहीं जाते थे। ऐसे बच्चों के अभिभावकों की रुचि भी पढ़ाई में बिलकुल नहीं होती थी। वे उन्हें पंडित घनश्याम दास से हिसाब-किताब की प्राचीन पंजाबी लिपि 'लंडे' पढ़वाकर दुकान का खाता लिखवाना ज्यादा पसंद करते थे। यहाँ तक कि आढ़तीये और परचूनिये माँ-बाप भी पढ़ाई के बदले मुनीमी सिखवाते थे। ऐसे अभिभावकों का यह तर्क था कि बच्चों को पढ़-लिख कर तहसीलदारी तो करनी नहीं है, इन्हें बनना तो मुनीम ही है।

**15. लेखक को बचपन में स्कूल की पढ़ाई में किन कठिनाइयों को सामना करना पड़ा था और हेडमास्टर शर्मा जी उसकी किस प्रकार सहायता करते थे? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए। (CBSE 2017)**

उ॰ लेखक के बचपन में सिर्फ़ खाते-पीते घरों के लड़के ही पढ़ने के लिए स्कूल जाया करते थे। लेखक अपने खानदान का पहला लड़का था, जो स्कूल जा रहा था। उस ज़माने में कई किताबें एक-दो रुपये की आती थीं। कॉपियों, पेंसिलों, होल्डर या स्याही-दावत में भी साल भर में एक से दो रुपये का खर्च आता था। उस ज़माने में यह रकम भी बहुत ही बड़ी मानी जाती थी। लेखक को हेडमास्टर शर्मा जी एक साल पुरानी किताबें एक धनाढ्य लड़के से लाकर दे देते थे। उस लड़के को वे जाकर पढ़ाते थे और उसकी पुरानी किताबें लेखक को दिया करते थे। लेखक के घर में पढ़ाई के प्रति किसी की भी रुचि नहीं थी। अगर उन्हें उनकी पढ़ाई और किताबों में रुपये खर्च करने पड़ते तो शायद उनकी पढ़ाई तीसरी-चौथी श्रेणी में ही बंद करवा दी जाती। लेखक ने लगातार सात साल स्कूल की पढ़ाई की तो इसका श्रेय वे हेडमास्टर साहब को ही देते हैं।

**16. तोतों के प्रति मधुर व्यवहार से प्रीतमचंद के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता के बारे में पता चलता है? (CBSE 2010)**

उ॰ बच्चों को बर्बरतापूर्ण सज़ा देने के कारण पी॰टी॰ मास्टर को हेडमास्टर साहब ने मुअत्तल कर दिया था। कई सप्ताह तक पीटी

आराम से रह रहे थे। मुअत्तली की उन्हें कोई चिंता नहीं थी। पहले की तरह ही वे अपने पाले हुए दोनों तोतों को दिन में कई बार भिगोकर रखी बादाम की गिरियाँ खिलाते रहते थे और उनसे बातें भी करते रहते थे। लड़कों ने जब उनका यह रूप देखा तो अचंभित रह गए। उन्हें विश्वास नहीं हुआ कि जो प्रीतमचंद मार-पीट कर उनकी चमड़ी उधेड़ देते थे, वे अपने तोतों से इतनी मीठी-मीठी बातें कैसे कर लेते हैं? क्या तोतों को उनकी भूरी, दहकती आँखों का ज़रा भी भय नहीं था? वे ये सारी बातें समझ नहीं पाते थे, उन्हें ये सारी बातें अलौकिक ही लगती थीं।

**17. पीटी अध्यापक कैसे स्वभाव के व्यक्ति थे? विद्यालय के कार्यक्रमों में उनकी कैसी रुचि थी? अपने शब्दों में लिखिए। (CBSE 2013)**

उ॰ पीटी साहब बहुत सख्त व अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। विद्यालय में वे ज़रा-सी गलती होने पर विद्यार्थियों की चमड़ी उधेड़ देते थे। विद्यालय की प्रार्थना सभा में वे बच्चों को पंक्तिबद्ध खड़ा करते थे और यदि कोई बच्चा थोड़ी-सी भी शरारत करता, तो उसकी खाल खींच लेते थे। स्काउट परेड के आयोजन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती थी। वे बच्चों को अपने मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक परेड करवाते थे और परेड के समय बच्चों को 'शाबाशी' भी देते थे, इसलिए बच्चों को उनकी यह 'शाबाशी' फ़ौज के तमगों-सी लगती थी और कुछ समय के लिए उनके मन में पीटी साहब के प्रति आदर का भाव जाग जाता था।

**18. 'सपनों के-से दिन' पाठ के लेखक का मन पुरानी किताबों से क्यों उदास हो जाता है? (CBSE 2012)**

उ॰ लेखक का मन पुरानी किताबों से इसलिए उदास हो जाता है क्योंकि लेखक को पुरानी किताबों से आती विशेष गंध परेशान करती थी। आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर होने के कारण लेखक नई किताब नहीं खरीद पाता था। अन्य विद्यार्थियों की तरह लेखक में भी नई किताबों से पढ़ने का उमंग और उत्साह होता था, परंतु पुरानी किताबों को देखकर वह उदास हो जाता था।

**19. फ़ारसी की घंटी बजते ही बच्चे डर से क्यों काँप उठते थे? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए। (CBSE 2011)**

उ॰ फ़ारसी की घंटी बजते ही बच्चे डर से इसलिए काँप उठते थे क्योंकि मास्टर प्रीतमचंद ने फ़ारसी का शब्द-रूप याद करके न लाने पर उनकी बुरी तरह पिटाई की थी, जबकि यह देखकर हेडमास्टर शर्मा जी ने उन्हें मुअत्तल भी कर दिया था, फिर भी बच्चों के मन में डर होने के कारण वे सोचते थे कि मुअत्तल होने के बावजूद कहीं मास्टर प्रीतमचंद उन्हें पढ़ाने के लिए न आ जाएँ। उनका यह डर तब समाप्त होता था जब मास्टर नौहरिया राम जी या फिर हेडमास्टर जी कक्षा में आ जाते थे।

**20. 'सपनों के-से दिन' कहानी के आधार पर पीटी साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ बताते हुए लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्वपूर्ण आदमी (एक फौजी जवान) क्यों समझता था? (CBSE 2019)**

उ॰ पीटी साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ–

- **कठोर अनुशासनप्रिय–** विद्यालय में वे ज़रा-सी गलती होने पर विद्यार्थियों की चमड़ी उधेड़ देते थे। विद्यालय की प्रार्थना सभा में वे बच्चों को पंक्तिबद्ध खड़ा करते थे और यदि कोई बच्चा थोड़ी-सी भी शरारत करता, तो उसकी खाल खींच लेते थे।
- **कुशल प्रशिक्षक–** बच्चों को अपने मार्गदर्शन में परेड करवाते थे और परेड के समय बच्चों को 'शाबाशी' भी देते थे, इसलिए बच्चों को उनकी यही 'शाबाशी' फ़ौज के तमगों-सी लगती थी और कुछ समय के लिए उनके मन में पीटी साहब के प्रति आदर का भाव जाग जाता था।

फ़ौजी समझने के कारण–

– पॉलिश किए बूट शानदार वर्दी एवं लेफ्ट-राइट करते फ़ौजी जवानों की परेड की छवि का मन में बसना।

– मन में फ़ौजी बनने की इच्छा जाग्रत होना।

– पीटी सर द्वारा परेड में लेफ्ट-टर्न, राइट-टर्न एवं अबाऊट-टर्न कहने पर पीछे मुड़ते हुए ठक-ठक की आवाज़ करते समय स्वयं को फ़ौजी समझना।

नाम– ..........................................                                    रोल नं. ..........................................

समय– 30 मिनट                                                                                           कुल अंक– 12

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) ओमा की लड़ाई का ढंग क्या था? पाठ के आधार पर लिखिए।

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ख) हेडमास्टर शर्मा जी का छात्रों के साथ कैसा व्यवहार था?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ग) गरीब घरों के लड़कों का स्कूल जाना क्यों कठिन था?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) प्रीतमचंद को स्कूल से क्यों निकाल दिया गया? निकाल दिए जाने के बाद वे क्या किया करते थे?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ख) हेडमास्टर और प्रीतमचंद दोनों के व्यवहार में क्या अंतर था? बच्चे किसे पसंद करते थे? पाठ के आधार पर लिखिए।

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(ग) खेलते समय बच्चों को जब चोटें लगती थीं तब क्या होता था? स्पष्ट कीजिए।

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

❑❑❑

# 3 टोपी शुक्ला

*–राही मासूम रज़ा*

## पाठ की रूपरेखा

प्रस्तुत पाठ में लेखक ने दो परिवारों का वर्णन किया है, जिसमें से एक हिंदू और दूसरा मुस्लिम परिवार है। दोनों परिवार समाज के बनाए नियमों के अनुसार एक-दूसरे से नफ़रत करते हैं, परंतु दोनों परिवार के बच्चों में गहरी दोस्ती हो जाती है। ये दोस्ती दिखाती है कि बच्चों की भावनाएँ किसी भेद को नहीं मानती। दूसरी ओर मुख्य पात्र टोपी शुक्ला को अपनेपन की तलाश में भटकते हुए दिखाया गया है। लेखक यहाँ यह भी बताते हैं कि बच्चे हमेशा प्रेम के भूखे होते हैं।

## पाठ का सार

'टोपी शुक्ला' दो अलग-अलग धर्मों से जकड़े बच्चों और एक बच्चे व एक बूढ़ी दादी के बीच स्नेह की कहानी है। इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला दोनों गहरे दोस्त थे। एक-दूसरे के बिना अधूरे थे, परंतु दोनों की आत्मा में प्यार की प्यास थी। टोपी हिंदू धर्म का था और इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम। परंतु जब भी टोपी इफ़्फ़न के घर जाता दादी के पास ही बैठता। उनकी मीठी पूरबी बोली उसे बहुत अच्छी लगती थी। दादी पहले अम्मा का हाल-चाल पूछतीं। दादी उसे रोज़ कुछ खाने को देतीं, परंतु टोपी खाता नहीं था। फिर भी उनका हर शब्द उसे गुड़ की डली-सा लगता था। इसलिए उनका रिश्ता अटूट था। इफ़्फ़न की दादी जितना प्यार इफ़्फ़न को करतीं, उतना ही टोपी को भी करती थीं, टोपी से अपनत्व रखती थीं। उनकी मृत्यु के बाद टोपी को ऐसा लगा मानो उस पर से दादी की छत्रच्छाया ही खत्म हो गई है। टोपी को इफ़्फ़न की दादी की मृत्यु के बाद उसका घर खाली-सा लगने लगा। इफ़्फ़न की दादी के प्रति उसके मन में बहुत प्रेम था, बदले में ऐसा ही प्रेम उसे उनसे भी प्राप्त हुआ था, किंतु ऐसी ममता उसे अपनी दादी से नहीं मिली थी। इसी कारण उसने इफ़्फ़न को यह कहकर सांत्वना दी कि तेरी दादी की जगह हमारी दादी मर गई होती, तो ठीक भया होता। दस अक्टूबर सन पैंतालिस को इफ़्फ़न के पिता का तबादला मुरादाबाद हो गया और वे चले गए। अपने प्रिय दोस्त के चले जाने से वह बहुत दुखी हुआ। उसी दिन उसने एक कसम खाई कि अब वो कभी ऐसे किसी लड़के से दोस्ती नहीं करेगा, जिसके पिता का, नौकरी में तबादला होता हो। घर में टोपी का दुख समझने वाला कोई न था। बस घर की नौकरानी सीता उसका दुख समझती थी। जाड़ों के दिनों में मुन्नी बाबू और भैरव के लिए नया कोट बना। टोपी को मुन्नी बाबू का कोट मिला, कोट नया था, पर था तो उतरन, टोपी ने वह कोट उसी वक्त नौकरानी के बेटे को दे दिया। टोपी को बिना कोट के जाड़ा सहन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब टोपी दसवीं कक्षा में पहुँच गया। वह दो साल फेल हो गया था। उसे पढ़ने का उचित समय नहीं मिलता था। पिछली दर्जे के छात्रों के साथ बैठना उसे अच्छा नहीं लगता था। अब वह अपने घर के साथ-साथ स्कूल में भी अकेला हो गया था। मास्टर ने भी उस पर ध्यान देना बंद कर दिया था। टोपी को भी शर्म आने लगी थी। जब उसके सहपाठी अब्दुल वहीद ने उस पर व्यंग्य बाण कसा तो उसे बहुत बुरा लगा। उसने पास होने की कसम खाई। इसी बीच चुनाव आ गए। डॉ॰ भृगु नारायण चुनाव हार गए। घर का वातावरण शांत और गंभीर हो गया। जैसे-तैसे टोपी तीसरे साल पास हुआ वह भी तीसरी श्रेणी में। दादी बोली– टोपी को भगवान बुरी नज़र से बचाए, चलो पास हुआ। परंतु लेखक कहता है कि सभी को उसकी मुश्किलों को भी ध्यान में रखना चाहिए कि वह किस वजह से दो साल फेल हुआ और तीसरी साल में थर्ड डिवीज़न से पास हुआ। ऐसे वातावरण में तो पास हो जाना ही काफ़ी था।

आज के समाज के लिए ऐसी ही दोस्ती की आवश्यकता है, जो धर्म के नाम पर खड़ी दीवारों को गिरा सके और समाज का सर्वांगीण विकास कर सके। साथ ही लेखक ने यह भी बताया है कि बचपन में बच्चे को जहाँ से अपनापन और प्यार मिलता है, वह वहीं रहना चाहता है।

## शब्दार्थ

**घपला–** गड़बड़, **परंपरा–** प्रथा/प्रणाली जो बहुत दिनों से चली आ रही हो, **अटूट–** जिसे तोड़ा न जा सके, **मौलवी–** इस्लाम धर्म का आचार्य, **काफ़िर–** गैर मुस्लिम, **करबला–** इस्लाम का एक पवित्र स्थान, **नमाज़ी–** नियमित रूप से नमाज़ पढ़ने वाला, **सदका–** एक टोटका, **पाबंद–** नियम/वचन आदि का पालन करने वाला, **छठी–** जन्म से छठे दिन का स्नान/पूजन/उत्सव, **जश्न–** उत्सव/खुशी का जलसा, **नाक-नक्शा–** रूप-रंग, **कस्टोडियन–** जिस संपत्ति पर किसी का मालिकाना हक न हो उसका संरक्षण करने वाला विभाग, **बेशुमार–** बहुत सारी, **बाजी–** बड़ी बहन, **कचहरी–** न्यायालय, **पाक–** पवित्र, **परवरदिगार–** परमेश्वर, **मुलुक–** देश, **अलबत्ता–**

वाला, **वास्ते**– नीति/लिए, **जुगराफ़िया**– भूगोल शास्त्र, **फिकर**– चिंता, **सन्नाटा**– शांति, **पुरसा**– सहानुभूति, **तबादला**– बदली/स्थानांतरण, **दाज**– बराबरी, **गाउदी**– मूर्ख/मंदबुद्धि, **सितम**– ज़ुल्म, **मिसाल**– उदाहरण।

## पाठाधारित मुहावरे

**एक टाँग पर खड़े होना**– काम करने के लिए सदा तैयार रहना, **होश ठिकाने आना**– भ्रांति/मोह/घमंड दूर होना, **आसमान सर पर उठाना**– बहुत शोर मचाना, **प्यास बुझाना**– किसी की इच्छा पूरी करना, **चक्कर में पड़ना**– झमेले में पड़ना, **पापड़ बेलना**– बहुत मेहनत करना।

## अभ्यास प्रश्नोत्तर

### I. बहुविकल्पीय प्रश्न

1. मरने के बाद लाश को करबला ले जाने की वसीयत किसने की थी?
   (*i*) इफ़्फ़न के परदादा ने (*ii*) इफ़्फ़न के दादा ने (*iii*) इफ़्फ़न के पिता ने (*iv*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों
2. मौलवी के घर से संबंध होने के बावजूद इफ़्फ़न की दादी ने पोते की छठी पर जी भरकर जश्न मनाया। क्यों?
   (*i*) दादा की मृत्यु के बाद पैदा होने के कारण (*ii*) घर की आर्थिक स्थिति सुधर जाने के कारण
   (*iii*) दादा के स्वभाव में बदलाव आने के कारण (*iv*) इनमें से कोई नहीं
3. इफ़्फ़न की दादी जब तक ज़िंदा रहीं तब तक पूरबी बोलती रहीं तथा उसे गले लगाए रहीं, क्यों?
   (*i*) उनके दिल की बात समझने वाला एकमात्र सहारा होने के कारण (*ii*) कोई अन्य भाषा नहीं सीख पाने के कारण
   (*iii*) उर्दू पसंद नहीं होने के कारण (*iv*) उपर्युक्त सभी
4. इफ़्फ़न की दादी मायके जातीं तो लपड़-शपड़ कर जी भर कर खाती थीं, क्यों?
   (*i*) ससुराल में दूध, घी, दही की कमी होने के कारण
   (*ii*) काफ़ी दिनों से भूखी होने के कारण
   (*iii*) वहाँ इन चीज़ों की गुणवत्ता अच्छी होने के कारण
   (*iv*) इनमें से कोई नहीं
5. इफ़्फ़न अपनी दादी को ही सबसे ज़्यादा प्यार क्यों करता था?
   (*i*) अम्मी तथा बाजी उसे कभी-कभार डाँटती-मारती थीं।
   (*ii*) अब्बू भी कभी-कभार घर को कचहरी समझकर फैसला सुनाते थे।
   (*iii*) नुज़हत भी मौका मिलने पर उसकी कॉपियों पर तसवीरें बनाती थी।
   (*iv*) केवल दादी ने कभी उसका दिल नहीं दुखाया था।
6. इफ़्फ़न की दादी की बोली टोपी के परिवार के किस सदस्य की बोली जैसी थी?
   (*i*) दादी जैसी (*ii*) माँ जैसी (*iii*) पिता जैसी (*iv*) इनमें से कोई नहीं
7. टोपी ने किसको रहीम कबाबची की दुकान पर कबाब खाते देखा था?
   (*i*) इफ़्फ़न को (*ii*) मुन्नी बाबू को (*iii*) भैरव को (*iv*) उपर्युक्त सभी
8. इफ़्फ़न के पिता का पेशा क्या था?
   (*i*) डॉक्टर (*ii*) इंजीनियर (*iii*) कलेक्टर (*iv*) आर्किटेक्ट
9. किसको सात सुइयाँ लगीं?
   (*i*) इफ़्फ़न को (*ii*) टोपी को
   (*iii*) मुन्नी बाबू को (*iv*) गुड्डू को

(*i*) टोपी के लिए (*ii*) मुन्नी बाबू के लिए (*iii*) भैरव के लिए (*iv*) इनमें से कोई नहीं

11. टोपी नवीं कक्षा में दूसरी बार किस कारण फेल हुआ था?
    (*i*) घर के कामों के कारण (*ii*) टाइफ़ाइड के कारण (*iii*) चुनाव के कारण (*iv*) इनमें से कोई नहीं
12. नए कलेक्टर ठाकुर हरिनाम सिंह के तीन लड़कों में से किसी से भी टोपी की दोस्ती क्यों नहीं हो सकी?
    (*i*) इनमें कलेक्टर के बेटे होने के एहसास के कारण (*ii*) टोपी को अपने मुँह नहीं लगाने के कारण
    (*iii*) इनके अंग्रेज़ी पसंद होने के कारण (*iv*) उपर्युक्त सभी
13. इफ़्फ़न जुगराफ़िया का घंटा छोड़कर टोपी के साथ पंचक की दुकान पर क्यों गया?
    (*i*) घूमने तथा मन बहलाने के लिए (*ii*) जुगराफ़िया में मन नहीं लगने के कारण
    (*iii*) भूखे टोपी को केले खिलाने के लिए (*iv*) उपर्युक्त सभी
14. टोपी को मुन्नी बाबू का कोट क्यों मिला?
    (*i*) कोट मुन्नी बाबू को पसंद नहीं था। (*ii*) मुन्नी बाबू के लिए कोट का नया कपड़ा आया था।
    (*iii*) कोट टोपी को पसंद आ गया था। (*iv*) (*i*) तथा (*ii*) दोनों

**उत्तर–** 1. (*iv*) 2. (*i*) 3. (*i*) 4. (*i*) 5. (*iv*) 6. (*ii*)
7. (*ii*) 8. (*iii*) 9. (*ii*) 10. (*ii*) 11. (*ii*) 12. (*iv*)
13. (*iii*) 14. (*iv*)

## II. पाठ आधारित प्रश्नोत्तर ( 3 अंक )

**1. इफ़्फ़न टोपी शुक्ला की कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?**

अथवा

**इफ़्फ़न को 'टोपी शुक्ला' कहानी का मुख्य पात्र कैसे माना जा सकता है?**

उ० इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला दोनों गहरे दोस्त थे। वे एक-दूसरे के बिना अधूरे थे, परंतु दोनों की आत्मा प्यार की प्यासी थी। इफ़्फ़न तो अपने मन की बात दादी को या टोपी को कहकर हल्का कर लेता था, परंतु टोपी के लिए इफ़्फ़न और उसकी दादी के अलावा कोई नहीं था। अत: इफ़्फ़न वास्तव में टोपी की कहानी का अटूट हिस्सा है।

**2. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं? (CBSE 2012)**

उ० इफ़्फ़न की दादी मौलवी की बेटी न होकर ज़मींदार की बेटी थीं। वे पहीर में दूध, घी, दही खाती थीं। लखनऊ आकर वे इनके लिए तरस गईं, क्योंकि यहाँ मौलविन बन कर रहना पड़ता था। इसलिए वे पीहर जाना चाहती थीं।

**3. इफ़्फ़न की दादी अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाईं? (CBSE 2012)**

उ० दादी का विवाह मौलवी परिवार में हुआ था, जहाँ गाना-बजाना पसंद नहीं किया जाता था। इसलिए बेचारी बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छापूर्ति के लिए दिल मसोस कर रह गईं।

**4. 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई? (CBSE 2011, 2017)**

उ० 'अम्मी' शब्द को सुनते ही सबकी नज़रें टोपी पर पड़ गईं। क्योंकि यह उर्दू का शब्द था और टोपी हिंदू था। इस शब्द को सुनकर जैसे परंपराओं की दीवारें डोलने लगीं। घर में सभी हैरान थे। माँ ने डाँटा, दादी गरजीं और टोपी की जमकर पिटाई हुई।

**5. दस अक्तूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्व रखता है?**

उ० दस अक्तूबर सन् पैंतालिस को इफ़्फ़न के पिता का तबादला हो गया और वे चले गए। अपने प्रिय दोस्त के चले जाने से टोपी बहुत दुखी हुआ। उसने कसम खाई कि वह आगे कोई ऐसा दोस्त नहीं बनाएगा, जिसके बाप की बदली हो जाती हो। एक तो इफ़्फ़न की दादी, जिनसे वह बहुत प्यार करता था, वह नहीं रहीं, फिर इफ़्फ़न चला गया तो यह दिन उसके लिए महत्वपूर्ण दिन बन गया।

**6. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही? (CBSE 2012)**

उ० इफ़्फ़न की दादी टोपी को बहुत प्यार करती थीं। उनकी मीठी-मीठी बोली उसे तिल के लड्डू या शक्कर-गुड़ जैसी लगती

उसका दादी की बोली पसंद नहीं थी। अतः इफ़्फ़न की दादी और टोपी की माँ दोनों एक स्वर की महिलाएँ थीं। यही सोचकर टोपी ने दादी बदलने की बात कही।

**7. पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष स्नेह क्यों था? (CBSE 2012)**

उ॰ इफ़्फ़न की दादी उसे बहुत प्यार करती थीं, हर तरह से उसकी सहायता करती थीं। उसके अब्बू-अम्मी उसे डाँटते थे, उसकी बाजी और नुज़हत भी उसको परेशान करती थीं। दादी उसको रात में अनार परी, बहराम डाकू, अमीर हमज़ा, गुलबकाबली, हातिमताई जैसी अनेक कहानियाँ सुनाती थीं। इसी कारण वह अपनी दादी से प्यार करता था।

**8. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा? (CBSE 2012, 2013)**

उ॰ इफ़्फ़न की दादी जितना प्यार इफ़्फ़न को करती थीं, उतना ही प्यार टोपी को भी करती थीं। वे टोपी से अपनत्व रखती थीं। उसे भी कहानियाँ सुनाती थीं, उसकी माँ का हाल-चाल पूछती थीं। उनकी मृत्यु के बाद टोपी को ऐसा लगा मानो उस पर से दादी की छत्रच्छाया ही खत्म हो गई है। इसलिए टोपी को इफ़्फ़न की दादी की मृत्यु के बाद उसका घर खाली-सा लगा।

**9. 'टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे, पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे।' इस कथन के आलोक में विचार लिखिए। (CBSE 2009)**

उ॰ टोपी हिंदू धर्म का था और इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम। परंतु जब भी टोपी इफ़्फ़न के घर जाता दादी के पास ही बैठता। उनकी मीठी पूरबी बोली उसे बहुत अच्छी लगती थी। दादी पहले अम्मा का हाल-चाल पूछतीं। वे उसे रोज़ कुछ-न-कुछ खाने को देतीं, परंतु टोपी खाता नहीं था। फिर भी उनका हर शब्द उसे गुड़ की डली-सा लगता था। इसलिए उनका रिश्ता अटूट था।

**10. इफ़्फ़न की दादी के मायके का घर कस्टोडियन में क्यों चला गया?**

उ॰ कस्टोडियन पर जाना अर्थात सरकारी कब्ज़ा होना। दादी के पीहर वाले जब पाकिस्तान में रहने लगे तो भारत में उनके घर की देखभाल करने वाला कोई नहीं रहा। इस पर उनका मालिकाना हक भी न रहा। इसलिए वह घर सरकारी कब्ज़े में चला गया।

**11. टोपी शुक्ला इफ़्फ़न के परिवार से क्यों अधिक हिला-मिला था? (CBSE 2011)**

उ॰ टोपी शुक्ला इफ़्फ़न के परिवार से इसलिए अधिक हिला-मिला था, क्योंकि वहाँ उसे उसकी दादी बहुत अच्छी लगती थीं। टोपी जब भी उसके घर जाता तो दादी के पास ही बैठा करता था। उसकी दादी टोपी शुक्ला के साथ आत्मीयता का व्यवहार करती थीं और फिर उस घर में उसका दोस्त इफ़्फ़न भी रहता था। यही कारण था कि टोपी शुक्ला उस परिवार से बहुत हिल-मिल गया था।

**12. दादी के अलावा घर के अन्य लोगों का इफ़्फ़न के साथ कैसा व्यवहार था? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर बताइए। (CBSE 2012)**

उ॰ इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष स्नेह था। अम्मा और बाजी तो उसे कभी-कभार डाँट देती थीं; बस एक दादी ही ऐसी थीं, जिन्होंने कभी उसका दिल नहीं दुखाया।

**13. टोपी शुक्ला का लेखक हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई की बात क्यों नहीं करना चाहता? (CBSE 2006)**

उ॰ लेखक ने लोगों को दिखावे के लिए हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई करते देखा था। दोनों ही धर्म के लोग कट्टर थे और एक-दूसरे से दिखावे का मेल-जोल रखते थे। लेखक का मानना है कि क्या हम अपने भाइयों से रोज़ कहते हैं कि हम भाई-भाई हैं। अगर दोनों धर्मों के लोग सचमुच एक-दूसरे को भाई समझते तो इस बात को न ही बार-बार दोहराते न नारेबाज़ी करते। इसलिए लेखक हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई की बात नहीं करना चाहते।

**14. रामदुलारी की मार से टोपी पर क्या प्रभाव पड़ा? (CBSE 2009, Sample Paper 2020-21)**

उ॰ रामदुलारी को जब टोपी ने माँ की जगह 'अम्मी' कहा तो उनके होश उड़ गए। वे उस समय सबको खाना परोस रही थीं कि अम्मी सुनते ही उनके हाथ रुक गए। जब उन्हें पता चला कि टोपी ने कलेक्टर के बेटे से दोस्ती गाँठ ली है, जो कि मुसलमान है तो उनका गुस्सा सातवें आसमान तक पहुँच गया। उन्होंने टोपी से अब वहाँ जाने को मना किया, लेकिन टोपी नहीं माना तो रामदुलारी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। लेकिन टोपी ने एक बार भी नहीं कहा कि अब वह इफ़्फ़न के घर नहीं जाएगा। वह दूसरे दिन उदास रहा क्योंकि उसका सारा बदन दुख रहा था। उसने इफ़्फ़न को पूरी बात बताई और पूरे दिन सोच में ही डूबा रहा।

उ॰ टोपी की माँ ने अम्मी बोलने पर रात को उसकी जमकर पिटाई की थी। उसके सारे शरीर में दर्द हो रहा था और वह उदास भी था। रात को भरपेट खाना भी नहीं खाया था। स्कूल में ये सारी बातें जब इफ़्फ़न को बताईं तो वे दोनों जुगराफ़िया के घंटे में खिसक लिए। तब इफ़्फ़न ने टोपी के लिए पंचम की दुकान से केले खरीदे ताकि टोपी की भूख मिट सके क्योंकि इफ़्फ़न जानता था कि टोपी सिर्फ़ फल खाता है।

**16. इफ़्फ़न को अपनी दादी से प्यार क्यों था? (CBSE 2009)**

उ॰ इफ़्फ़न एक भरे-पूरे घर का लड़का था। उसके घर में अम्मी-अब्बू, बाजी और छोटी बहन नुज़हत थी। सबके होते हुए भी इफ़्फ़न को अपनी दादी से बहुत प्यार था। इसकी वजह यह थी कि उसकी अम्मी और बाजी अकसर ही उसे डाँट देती थीं। नुज़हत उसकी कॉपियों पर तस्वीरें बना देती थी। अब्बू भी अपने मनमाने फैसले थोपने में पीछे नहीं रहते थे। केवल दादी ही थीं जो उसे रात को कहानियाँ सुनाती थीं, जिनमें बहराम डाकू, गुलबकावली, अमीर हमज़ा, हातिमताई, पाँच फुल्ला रानी और अनार परी की कहानियाँ होती थीं। दादी के प्यार की बौछार के आगे इफ़्फ़न को कुछ अच्छा नहीं लगता था। उनके अपार निःस्वार्थ स्नेह के कारण ही इफ़्फ़न उनसे विशेष स्नेह करता था।

**17. टोपी एक सुविधा-संपन्न परिवार से था, फिर भी इफ़्फ़न की हवेली की तरफ उसके खिंचे चले जाने के क्या-क्या कारण थे? स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2014)**

उ॰ टोपी एक भरे-पूरे घर का बच्चा था, लेकिन उसे कभी भी किसी से स्नेह व अपनापन नहीं मिला, जिसकी उसे आवश्यकता थी। उसकी दादी और पिता की डाँट-फटकार, माँ का क्रोध में आकर मारना, बड़े भाई की चुगली और दादागिरी, छोटे भाई का कॉपियाँ फाड़ना इन सभी बातों से पता चलता है कि टोपी एक उपेक्षित बालक था। वह हर पल भावनात्मक सहारे की खोज करता था। यह खोज उसे इफ़्फ़न के घर की ओर ले जाती थी, जहाँ उसकी दादी से उसे यह सुख मिलता था। उसकी दादी भी पूरबी भाषा बोलती थीं, तो उनका भी मज़ाक उड़ाया जाता था। वहाँ वे भी टोपी से अपनी बोली में बात कर सारा अपनत्व लुटा देतीं और टोपी उनकी बोली की मिठास में डूबा हर दिन उनके घर आ जाता था।

**18. टोपी कक्षा में अध्यापक की किन बातों से अपमानित महसूस करता था? पाठ के आधार पर बताइए। (CBSE 2015)**

उ॰ टोपी उसी क्लास में दो बार फेल हो चुका था। उसके साथी अगली कक्षा में जा चुके थे। क्लास के मास्टर भी ताने मारते रहते थे। उनके तानों से टोपी बेहद ही अपमानित महसूस करता था। वे दूसरे कमज़ोर लड़के को उसका उदाहरण देते हुए समझाते थे कि क्या तुम्हें भी बलभद्र की तरह इसी क्लास में टिके रहना है? सभी बच्चे इस पर उसे देखते हुए हँस देते थे और वह शर्म से लाल हो जाता था। यदि वह किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए हाथ उठाता तो अध्यापक उसे अनदेखा करते थे और निरुत्साहित करते हुए कहते थे कि तुम तो तीन बरस से इस किताब को पढ़ रहे हो, तुम्हें तो सारे जवाब याद हो गए होंगे। तुमसे अगले साल पूछ लूँगा, अभी इन्हें जवाब देने दो। अध्यापकों के इस उपहास से वह व्याकुल हो जाता था और हर समय अपमानित-सा रहता था।

**19. इफ़्फ़न की दादी की मौत का समाचार सुनकर टोपी पर क्या प्रभाव पड़ा? टोपी ने इफ़्फ़न को क्या कहकर सांत्वना दी? (CBSE 2014)**

उ॰ इफ़्फ़न की दादी की मौत का समाचार सुनकर टोपी का बालमन शोक से भर उठा। इफ़्फ़न तो उसी समय घर गया और टोपी जिम्नेज़ियम में जाकर एक कोने में बैठकर रोने लगा। शाम को वह इफ़्फ़न के घर गया, तो एक दादी के न रहने से उसे सारा घर खाली-खाली-सा लगा। इफ़्फ़न की दादी के प्रति उसके मन में बहुत प्रेम था, बदले में ऐसा ही प्रेम उसे उनसे भी प्राप्त हुआ था, किंतु कभी ऐसी ममता उसे अपनी दादी से नहीं मिली थी। इसी कारण उसने इफ़्फ़न को यह कहकर सांत्वना दी कि तोरी दादी की जगह अगर हमरी दादी मर गई होती, त ठीक भया होता अर्थात उसकी यानि इफ़्फ़न की दादी की जगह उसकी दादी मर गई होतीं, तो ठीक होता।

**20. किन घटनाओं के कारण टोपी को कक्षा में शर्म आने लगी थी? (CBSE 2014)**

उ॰ टोपी को जब नवीं कक्षा में पहले व दूसरे साल फेल होना पड़ा, तो परिवार के साथ-साथ विद्यालय में भी अध्यापकों ने उसकी उपेक्षा शुरू कर दी तथा नए सहपाठियों से भी उसे सहानुभूति नहीं मिल सकी। अंग्रेज़ी के अध्यापक ने तो एक दिन उसके

वे अलग साल भी पूछ लेंगे। उनके इस कटाक्ष पर जब बच्चे हँसे, तो टोपी शर्म से पानी-पानी हो गया। कक्षा में उसके नए सहपाठी उससे बहुत छोटे थे और उनके बीच में यह बहुत बड़ा दिखाई देता था तथा वे दूर ही रहना चाहते थे और मौका मिलने पर उसकी हँसी भी उड़ाते थे। इन्हीं सब कारणों से टोपी को कक्षा में शर्म आने लगी थी।

**21. टोपी पढ़ने में बहुत तेज़ था, फिर भी वह दो बार फेल हो गया। उसकी पढ़ाई में क्या बाधाएँ आ जाती थीं? (CBSE 2013)**

उ० टोपी पढ़ने में बहुत तेज था, फिर भी वह दो बार फेल हो गया, क्योंकि पहले साल उसे पढ़ने ही नहीं दिया गया। वह जब पढ़ने बैठता, उसके बड़े भाई मुन्नी बाबू का कोई काम निकल आता था या उसकी माँ रामदुलारी को कोई ऐसी चीज़ मँगवानी पड़ जाती थी, जो घर के नौकरों से नहीं मँगवाई जा सकती थी और रही सही कसर उसका छोटा भाई भैरव उसकी कॉपियों के पन्नों से हवाई जहाज़ बनाकर पूरी कर डालता था तथा दूसरे वर्ष परीक्षा के दिनों में उसे टाइफ़ाइड हो गया था।

**22. कलेक्टर साहब के लड़के टोपी के दोस्त क्यों नहीं बन सके? (CBSE 2010)**

उ० कलेक्टर साहब के लड़के टोपी के दोस्त इसलिए नहीं बन सके, क्योंकि वे तीनों बहुत घमंडी थे। उन्हें अपने पिता के पद तथा आर्थिक स्थिति पर गुमान था। वे बार-बार जानबूझकर टोपी से उसके पिता के पद के विषय में पूछते थे और वह भी अपमानजनक भाषा में। एक बार तो उन्होंने टोपी पर अपना कुत्ता छोड़ दिया था। उन्हें मानवीय संबंधों और दोस्ती की गरिमा का बिलकुल ज्ञान नहीं था।

**23. मुन्नी बाबू के व्यवहार का टोपी पर क्या प्रभाव पड़ा? (CBSE 2013)**

उ० जिस दिन टोपी पर झूठा आरोप लगाया गया, उस दिन टोपी बहुत उदास रहा। वह अभी इतना बड़ा नहीं हुआ था कि झूठ और सच के किस्से में पड़ता, और सच्ची बात तो यह है कि वह इतना बड़ा कभी नहीं हो सका। उस दिन तो वह इतना पिट गया था कि उसका सारा बदन दुख रहा था। वह बस लगातार एक ही बात सोचता रहा कि अगर एक दिन के वास्ते मुन्नी बाबू से बड़ा हो जाता तो समझ लेता उनसे, परंतु मुन्नी बाबू से बड़ा हो जाना उसके बस में तो था नहीं। वह मुन्नी बाबू से छोटा पैदा हुआ था और उनसे छोटा ही रहा।

**24. 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर बताइए कि इफ़्फ़न की दादी मिली-जुली संस्कृति में विश्वास क्यों रखती थीं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2014)**

उ० इफ़्फ़न की दादी एक ज़मींदार की बेटी थीं। उनके पिता के मित्र और आसामी दोनों समुदाय के लोग थे। उन्होंने बचपन से अपने घर में हिंदू रीति-रिवाज़ों को देखा था। उनकी ससुराल में धर्म के प्रति कट्टरता थी जो उन्हें पसंद नहीं आती थी। वे नमाज-रोज़े की बेहद पाबंद थीं। अनेक धार्मिक स्थलों की यात्रा भी कर आई थीं। उनके पति एक मौलवी थे। अत: उन्हें भी मौलविन बन कर ही रहना पड़ता था। अपने पुत्र के जन्म के अवसर पर वे छठी का उत्सव करना और बेटे की शादी में गाना-बजाना करना चाहती थीं, लेकिन उनके मियाँ ने इनकी अनुमति नहीं दी। जब इफ़्फ़न का जन्म हुआ तो दादी ने जी भरकर छठी का उत्सव किया और उसकी मुसलमानी में गाना-बजाना भी क्योंकि उस वक्त तो मौलवी जी अल्लाह को प्यारे हो गए थे। दादी परिवार पर संकट आने पर कुछ हिंदू टोटकों का भी सहारा लेती थीं। जब उनके बेटे को चेचक निकली तो उन्होंने उसकी चारपाई के पास एक टाँग पर खड़े होकर माता रानी से उसके लिए माफ़ी भी माँगी। इन सभी उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि दादी मिली-जुली संस्कृति में विश्वास रखती थीं।

**25. टोपी और इफ़्फ़न की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरक है? (CBSE 2018)**

उ० टोपी और इफ़्फ़न के संबंध एक-दूसरे के पूरक थे। उन दोनों की दोस्ती जात-पात के बंधन से मुक्त थी। बालमन को ऐसे भी धर्म की इतनी समझ नहीं होती, वह तो बड़े ही तय करते हैं। इफ़्फ़न के आने से टोपी को अपना सुख-दुख बाँटने वाला दोस्त मिला। दिनों-दिन दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। इफ़्फ़न टोपी को अपने घर ले गया और अपनी दादी से मिलवाया, जिन्हें वह सबसे ज़्यादा प्यार करता था। धीरे-धीरे टोपी का लगाव दादी से भी हो गया। तीनों साथ बैठते और बातें करते। टोपी को इफ़्फ़न की मित्रता पर इतना भरोसा था कि उनसे अपनी दादी बदल कर उसकी दादी लेने की बात भी कह डाली। उनकी मित्रता सांप्रदायिक सद्भाव का ज्वलंत उदाहरण है।

नाम– .............................................. रोल नं. ..............................................

समय– 30 मिनट कुल अंक– 12

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) इफ़्फ़न के दादा-परदादा क्या वसीयत करके मरे थे?

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

(ख) डॉ॰ भृगु नारायण का क्या काम था और उनके परिवार का माहौल कैसा था?

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

(ग) पिटाई के बावजूद टोपी ने इफ़्फ़न के घर नहीं जाने की बात क्यों नहीं मानी?

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए। [3×2=6]

(क) इफ़्फ़न की दादी मायके की भाषा को जीवन भर गले क्यों लगाए रहीं? स्पष्ट कीजिए।

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

(ख) दूसरे कलेक्टर के लड़कों ने टोपी के साथ कैसा व्यवहार किया?

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

(ग) टोपी घर में अकेला क्यों महसूस करता था? किसी ने उसे अपनापन क्यों नहीं मिला?

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

❑❑❑

# 1 अनुच्छेद-लेखन

अनुच्छेद-लेखन गद्य की लघु विधा है। इसमें किसी वाक्य-विचार, अनुभव या दृश्य को कम-से-कम शब्दों में व्यक्त करना होता है। छोटे-छोटे वाक्य और विचारों में क्रमबद्धता अनुच्छेद-लेखन की महत्वपूर्ण विशेषता है। यह बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाने का बहुत ही अच्छा माध्यम है।

**अनुच्छेद लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है–**

- दिए गए विषय को 10 से 15 वाक्यों या 100 से 150 शब्दों में व्यक्त करना होता है।
- वाक्य छोटे-छोटे तथा एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।
- लेखन का आरंभ सीधे विषय से होता है। किसी भूमिका या परिचय की आवश्यकता नहीं होती है।
- विचारों का प्रवाह स्पष्ट होना चाहिए।
- उदाहरण का संकेत ही पर्याप्त होता है।
- भाषा सरल, स्पष्ट तथा मुहावरे युक्त होनी चाहिए।
- विषय के अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए।
- रोचकता बनाए रखना अनुच्छेद-लेखन की विशेषता होती है।
- अनुच्छेद के अंत में निष्कर्ष समझ में आ जाना चाहिए यानी विषय समझ में आ जाना चाहिए।
- यदि अनुच्छेद-लेखन के संकेत बिंदु दिए गए हैं तो उन्हीं के आधार पर विषय का क्रम तैयार करना चाहिए।

**अनुच्छेद की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–**

- अनुच्छेद किसी एक भाव या विचार या तथ्य को एक बार, एक ही स्थान पर व्यक्त करता है। इसमें अन्य विचार नहीं रहते।
- अनुच्छेद के वाक्य-समूह में उद्देश्य की एकता रहती है। अप्रासंगिक बातों को हटा दिया जाता है।
- अनुच्छेद के सभी वाक्य एक-दूसरे से संबद्ध होते हैं।
- अनुच्छेद एक स्वतंत्र और पूर्ण रचना है, जिसका कोई भी वाक्य अनावश्यक नहीं होता।
- उच्च कोटि के अनुच्छेद-लेखन में विचारों को इस क्रम में रखा जाता है कि उनका आरंभ, मध्य और अंत आसानी से व्यक्त हो जाए।
- अनुच्छेद सामान्यत: छोटा होता है, किंतु इसकी लघुता या विस्तार विषयवस्तु पर निर्भर करता है।

## विभिन्न विषयों पर अनुच्छेद-लेखन के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–

### 1. मन के हारे हार है, मन के जीते जीत **(CBSE 2018)**

**संकेत बिंदु– • निराशा • अभिशाप • दृष्टिकोण-परिवर्तन • सकारात्मक सोच।**

मन की ताकत का अंदाज़ा लगाना बहुत कठिन है। यह सच है कि यह हमसे महान से महान कार्य करवा सकता है तो जघन्य-से-जघन्य अपराध करने के लिए भी मजबूर कर सकता है। इसे बहुत ही चंचल माना जाता है। यदि जीवन में सफल होना है तो हमें मन के वश में नहीं, अपितु मन को अपने वश में करना आना चाहिए। मन को एकाग्र करके ही सफलता प्राप्त की जा सकती है और यदि कभी किसी कार्य में असफलता या हार का सामना करना पड़ता है तो मन को निराशा के चंगुल से बचाना चाहिए, क्योंकि निराशावादी मन हार मानकर बैठने पर मजबूर कर देता है। मन की स्थिति हमारे दृष्टिकोण को, हमारे बल व निश्चय को बदलने की ताकत रखती है। मन से हारा हुआ व्यक्ति कभी प्रयास नहीं कर सकता और यदि वह नकारात्मक विचारों के साथ प्रयास करता भी है तो उसकी जीत की संभावना नहीं रहती। वहीं दूसरी ओर जब तक मन से हार नहीं माना जाए तथा सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रयास किया जाए,

से आशावान बने रहेंगे तो अन्य परिस्थितियाँ व वातावरण भी हमारे अनुकूल होकर हमें लक्ष्य-प्राप्ति में सहायक हो जाएँगे।

## 2. भारतीय किसान के कष्ट (CBSE 2018)

**संकेत बिंदु– • अन्नदाता की कठिनाइयाँ • कठोर दिनचर्या • सुधार के उपाय।**

अपने देश की धरती को मातृभूमि का नाम दिया जाता है, क्योंकि उसमें जन्म लेकर, उसका अन्न-जल ग्रहण करके हम जीवन व्यतीत करते हैं, किंतु मातृभूमि की कोख से अन्न पैदा करने की मेहनत जो किसान करता है, वह भी समान रूप से पूजनीय है। अनाज उगाने के लिए किसान को किन कष्टों को सहना पड़ता है, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। वह कठोर दिनचर्या का पालन करता है। उसके लिए धूप-छाँव, सरदी-गरमी में कोई अंतर नहीं। उसे हर हाल में निरंतर मेहनत करनी होती है। अपना खून-पसीना एक करके वह फसलें उगाता है। बीज बोने से लेकर फसल काटने तथा बाज़ार में पहुँचाने तक उसका जीवन पिसता ही रहता है। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में किसानों की आत्महत्या के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं। बेचारा गरीब किसान कर्ज़ लेकर खेती करता है और यदि कुछ हाथ न लगे तो परिवार का निर्वाह करना भी उसके लिए असंभव हो जाता है। ऐसे में किसानों के लिए उचित नीतियाँ बननी चाहिए तथा उन पर सख्ती से अमल भी होना चाहिए। सरकार द्वारा उसे अच्छे बीज, खाद व अन्य सुविधाओं के अतिरिक्त फसल बीमा योजना भी दी जानी चाहिए ताकि वह निश्चिंत होकर अपना जीवन-निर्वाह कर सके।

## 3. स्वच्छता स्वास्थ्य की जननी है (CBSE 2018)

**संकेत बिंदु– • क्यों • बदलाव • हमारा उत्तरदायित्व • स्वच्छता आंदोलन।**

स्वच्छता के अभाव में स्वास्थ्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जिस पर्यावरण में हम साँस लेते हैं, उठते-बैठते हैं, उसका प्रभाव हमारे शरीर व मन-मस्तिष्क पर निश्चित ही पड़ता है। वातावरण स्वच्छ होगा तो शरीर के साथ-साथ मन को भी प्रसन्न व कार्यशील बनाएगा, जबकि अस्वच्छ वातावारण से तन-मन रोगी महसूस करने लगेंगे। गंदगी में पनपने वाले हज़ारों अदृश्य कीटाणु शरीर को रोगी बनाते हैं। अत: मन-मस्तिष्क व स्वास्थ्य के लिए शरीर का स्वस्थ रहना व शरीर के स्वास्थ्य के लिए वातावरण को स्वच्छ रखना बेहद ज़रूरी है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी के प्रतिनिधित्व में जब से स्वच्छता आंदोलन चला है, वातावरण में भले ही बहुत बदलाव न आया हो, किंतु लोग सचेत अवश्य हो गए हैं। बच्चा-बच्चा आज स्वच्छता को महत्वपूर्ण मानता है। वहीं गंदगी फैलाने को बुरा माना जाने लगा है। अनेक क्षेत्रों में अनगिनत लोग व संस्थाएँ इस आंदोलन को जारी रखे हुए हैं। जैसे-जैसे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, सब स्वच्छता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी समझेंगे, वैसे-वैसे वातावरण में सुधार भी दिखाई देने लगेगा। किसी भी बड़े परिवर्तन की शुरुआत छोटे स्तर से ही होती है और वह हो चुका है। अब आवश्यकता है सभी को अपना उत्तरदायित्व समझने व निभाने की ताकि हम अपने भारत को प्रदूषण मुक्त बनाकर रोग मुक्ति की ओर कदम बढ़ा सकें।

## 4. व्यायाम का महत्व

**संकेत बिंदु– • आवश्यकता • लाभ • चयन।**

कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ मन में अच्छे विचार आते हैं, जिन्हें अपनाकर हम सकारात्मक रह सकते हैं। जैसे सुबह टहलने से शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है। इसी तरह हमें थोड़ा व्यायाम ज़रूर करना चाहिए, लेकिन ध्यान रखें कि खाना खाने के बाद व्यायाम नहीं करना है। छोटे बच्चों को थोड़ा टहलना चाहिए। समय पर खाना-पीना चाहिए। सभी काम समय पर करके व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। व्यायाम करने से धमनियाँ सही काम करती हैं और शरीर के सभी अंग ठीक रहते हैं तथा सही काम करते हैं। सुबह पार्क में टहलने से आँखों की ज्योति बढ़ती है। इस प्रकार हमें स्वस्थ और खुश रहना चाहिए। व्यायाम के अनेक प्रकार हैं। अपने शरीर की आवश्यकता के अनुसार हमें ऐसा व्यायाम चुनना चाहिए जो हमारी शारीरिक आवश्यकता पूर्ण करने के अलावा हमारी पहुँच में हो और साथ ही यदि यह हमारे लिए रुचिकर भी हो तो सोने पे सुहागा होगा।

## 5. प्रदूषण की समस्या

**संकेत बिंदु– • प्रदूषण एक अभिशाप • हानियाँ • संदेश।**

आधुनिक काल में प्रदूषण की समस्या सबसे बड़ा अभिशाप है। पर्यावरण में मुख्य रूप से तीन प्रकार के प्रदूषण फैल रहे हैं और इनके बढ़ते स्तर से संपूर्ण विश्व प्रभावित हो रहा है। जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण का खतरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता

जाता है। नतीजा यह होता है कि नदियों का पानी पीने के लायक नहीं रह जाता है। इस पानी से यदि फसलों की सिंचाई होती है तो रासायनिक अपशिष्ट फसलों में प्रविष्ट होकर खाद्य पदार्थों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बना देते हैं। जलचरों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। मोटर-गाड़ियों तथा कारखानों की चिमनियों से उठने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का कारण बनता है। इसके जरिए धुआँ में कार्बन डाइ-ऑक्साइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, सल्फर और लेड जैसे हानिकारक तत्व हवा में घुलकर वातावरण को विषैला बना देते हैं। जो साँस के साथ हमारे शरीर में जाते हैं और हमारे शरीर को बीमार कर देते हैं। फलत: हमें अस्थमा जैसी बीमारियाँ हो जाती हैं। बारिश के पानी में घुलकर ये फसलों और वनस्पतियों को भी नुकसान पहुँचाते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता समाप्त हो जाती है और वह बंजर हो जाती है। वायुयान, कल-कारखाने, मोटर-गाड़ियाँ, गाड़ियों के हॉर्न तथा शादी-पार्टियों में लगने वाले डीजे आदि के शोर-शराबे से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे उच्च रक्तचाप, बहरापन आदि रोग हो जाते हैं। कैंसर, ब्रोन्काइटिस तथा हृदय के खतरनाक रोगों का कारण बनने वाले प्रदूषण के खिलाफ संपूर्ण विश्व-समुदाय को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए।

## 6. वृक्षारोपण का महत्व

**(CBSE 2019)**

**संकेत बिंदु– • वृक्ष बिना जीवन बेकार • उपयोगिता • सहायता • सुझाव।**

वृक्षों के बिना धरती कैसी होगी, यह हम किसी मरुस्थलीय प्रदेश के दर्शन करके सहज ही समझ सकते हैं। वृक्ष हमारे लिए अनेक प्रकार से लाभदायक हैं। गरमी की तपती दोपहर में वृक्षों की शीतल छाया का सुख तो केवल वृक्षों से ही प्राप्त हो सकता है। छाया के अलावा वृक्षों से हमें फल-फूल, जड़ी-बूटी, इमारती लकड़ी एवं ईंधन आदि अनेक आवश्यक सामग्रियाँ प्राप्त होती हैं। वृक्षों से वायु प्रदूषण के खिलाफ़ लड़ाई लड़ने में मदद मिलती है। वनों से मानसून का चक्र भी नियमित होता है तथा मृदा के क्षरण पर भी रोक लगती है और जल संरक्षण भी संभव होता है। बेल और पीपल जैसे वृक्षों को पवित्र माना जाता है। लोग पवित्र वृक्षों की पूजा करते हैं। बाढ़ की विभीषिका को रोकने तथा मिट्टी को उर्वर बनाए रखने में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। वृक्षों के इस व्यापक महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा हर वर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर स्कूलों तथा कॉलेजों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। हमें भी अधिक-से-अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और इन वृक्षों से प्राकृतिक सौंदर्य तथा स्वास्थ्य का उपहार प्राप्त करना चाहिए।

## 7. खेलों का महत्व

**(CBSE 2011)**

**संकेत बिंदु– • उपयोगिता • प्रकार • लाभ • नैतिक मूल्यों में वृद्धि • निष्कर्ष।**

'जैसा तन वैसा मन' यह कहावत जानते तो सभी हैं, परंतु जो इसका पालन करते हैं, वे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देते हैं। खेलों का महत्व और उपयोगिता आधुनिक जीवन में और भी अधिक बढ़ गई है। स्कूलों तथा कॉलेजों में भी अब खेलों पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। खेल कई प्रकार के होते हैं। कुछ खेल घर में भी खेले जा सकते हैं तो कुछ ऐसे हैं, जिनको खेलने के लिए मैदान की आवश्यकता होती है। वैसे छात्रों के लिए तो मैदान में खेले जाने वाले खेल ही अधिक लाभदायक होते हैं। कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, बॉस्केटबॉल आदि ऐसे ही खेल हैं। इन्हें खेलने से मनोरंजन भी होता है और साथ-ही-साथ व्यायाम भी। खेल हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के साथ-साथ हमारे भीतर कई अच्छे और आवश्यक गुणों का भी विकास करते हैं। खेलों से प्रतियोगिता तथा संघर्ष की भावना सहज ही सीखी जा सकती है। सामूहिक ज़िम्मेदारी, सहयोग और अनुशासन की भावना का कोषागार खेलों में ही छिपा है। जो देश खेलों में अव्वल होते हैं, वे विकास की दौड़ में भी अग्रणी रहते हैं। ओलंपिक तथा राष्ट्रमंडलीय खेल स्पर्धाओं के द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' का मंत्र प्रत्यक्ष होता हुआ दिखता है।

## 8. मदिरापान : एक सामाजिक कलंक

**संकेत बिंदु– • भूमिका • मदिरापान के दुष्परिणाम • पक्ष में तर्क • मदिरापान का विरोध।**

मदिरापान सब व्यसनों की जड़ है। जब मदिरा भीतर जाती है तो हमारे सारे संस्कार, विचार, विवेक, सद्भाव बाहर निकल जाते हैं। किसी ने सच ही कहा है कि जहाँ शैतान स्वयं नहीं पहुँच पाता, वहाँ मदिरा को भेज देता है यानी मदिरा आदमी को शैतान बना देती है। मदिरा का सबसे पहला हमला इसको पीने वाले पर होता है। उसके फेफड़े, गुर्दे, लीवर तथा मस्तिष्क शिथिल पड़ जाते

रहता है। पत्नी व बच्चों को भूखों रहने तक की नौबत आ जाती है। शराब पीने से व्यक्ति सही और गलत में फर्क नहीं कर पाता है। अनेक अपराध शराब के नशे में ही किए जाते हैं। मदिरापान करने वाले अपने पक्ष में यह तर्क देते हैं कि इससे थकान दूर होती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, ध्यान केंद्रित रहता है और काम करने में मन भी लगता है। परंतु ये सभी बातें झूठी और तथ्यहीन हैं। जिस शराब को पीने से हाथ-पैर लड़खड़ाते हों, भला उससे ध्यान कैसे केंद्रित रह सकता है? मदिरापान को केवल और केवल आत्म-नियंत्रण से रोका जा सकता है।

## 9. करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

**संकेत बिंदु– • अभ्यास की आवश्यकता • महान लोगों के उदाहरण • नियम।**

जिस प्रकार रस्सी के बार-बार आने-जाने से कठोर पत्थर पर भी निशान पड़ जाते हैं, उसी प्रकार बार-बार अभ्यास करने पर मूर्ख व्यक्ति भी एक दिन कुशलता प्राप्त कर लेता है। सारांश यह है कि निरंतर अभ्यास कम कुशल व्यक्ति को भी पूर्णतया पारंगत बना देता है। अभ्यास की आवश्यकता शारीरिक और मानसिक दोनों कार्यों में समान रूप से पड़ती है। लुहार, बढ़ई, सुनार, दर्ज़ी, धोबी आदि का अभ्यास साध्य है। ये कलाएँ बार-बार अभ्यास करने से ही सीखी जा सकती हैं। दर्ज़ी का बालक पहले ही दिन बढ़िया कोट-पैंट नहीं सिल सकता। विद्या-प्राप्ति के विषय में भी यही बात सत्य है। डॉक्टर को रोगों के लक्षण और दवाओं के नाम रटने पड़ते हैं। वकील को कानून की धाराएँ रटनी पड़ती हैं। जिस प्रकार रखे हुए शस्त्र की धार को जंग खा जाती है, उसी प्रकार अभ्यास के अभाव में मनुष्य का ज्ञान कुंठित हो जाता है और विद्या नष्ट हो जाती है। इस बात के अनेक उदाहरण हैं कि अभ्यास के बल पर मनुष्य ने विशेष सफलता पाई है। कालिदास वज्र मूर्ख थे, परंतु अभ्यास के बल पर संस्कृत के महान कवियों की श्रेणी में विराजमान हुए। वाल्मीकि अभ्यास से 'आदि-कवि' बने। यह तो अब स्पष्ट हो ही चुका है कि अभ्यास सफलता की कुंजी है, परंतु अभ्यास के कुछ नियम हैं। अभ्यास निरंतर नियमपूर्वक और समय-सीमा में होना चाहिए। यदि एक पहलवान एक दिन में एक हजार दंड-बैठक करे और दस दिन तक एक भी दंड-बैठक न करे तो इससे कोई लाभ नहीं होगा। अभ्यास परिश्रम के साथ-साथ धैर्य भी चाहता है।

## 10. अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत

**संकेत बिंदु– • अमूल्य उपहार • महत्व • गया समय वापस नहीं आता • उदाहरण।**

संसार में समय को सबसे अमूल्य वस्तु माना गया है। धन-संपत्ति खो जाने पर उसे परिश्रम करके दोबारा प्राप्त किया जा सकता है, पर समय खो जाने पर उसे पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता है। वक्त निकल जाने और समझ आने पर व्यक्ति के पास हाथ मलने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता है। यहाँ 'अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत' कहकर समय के महत्व को समझाया गया है तथा समय के सदुपयोग करने के महत्व को बताया गया है। इसके अलावा हमें सावधान करते हुए यह भी बताया गया है कि यदि हम समय पर कर्म करने से चूक जाएँगे, समय का सदुपयोग नहीं करेंगे तो बाद में यह अभिशाप बन जाएगा। समय का पंछी एक बार हाथ से छूट जाने के बाद दोबारा कभी भी पकड़ में नहीं आता। समय का सदुपयोग ही सफलता का प्रतीक है। समझदार व्यक्ति समय का एक पल भी बेकार नहीं करते। गांधी जी, अब्दुल कलाम जैसे महान पुरुष हमेशा समय के पाबंद रहते थे। वे कभी यह नहीं सोचते थे कि कल करेंगे। प्रकृति सदैव समय की पाबंद रहती है। यदि ऐसा न हो तो जीवन-चक्र बिगड़ जाएगा। समय ही वास्तव में जीवन और कर्म है।

## 11. समाचार-पत्रों का महत्व **(CBSE 2005, 2017)**

**संकेत बिंदु– • विश्व भर को जोड़ने का साधन • लोकतंत्र का प्रहरी • ज्ञान-वृद्धि और मनोरंजन का साधन • उपसंहार।**

वर्तमान युग में प्रत्येक व्यक्ति देश-विदेश के समाचारों से अवगत रहना चाहता है। समाचार-पत्र एक ऐसा माध्यम है जो विश्व को एक कड़ी के समान जोड़े रखता है। यह हमारी ख़बर लेने का सबसे सस्ता और सरल माध्यम है। समाचार-पत्र लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। यह लोकतंत्र तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज़ उठाता है। सरकार की सफलता के क्रिया-कलापों का कच्चा-चिट्ठा खोलने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समाचार-पत्रों में समसामयिक विषयों पर लेख, चर्चाएँ, मनोरंजन जगत की खबरें, विज्ञान की जानकारी, नए उत्पादों की जानकारी तथा खेल जगत के समाचारों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। समाचार-पत्र जनजीवन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने का सस्ता और महत्वपूर्ण साधन है। इसकी इन्हीं खूबियों की वजह से कहा जाता है कि समाचार-पत्र समाज का दर्पण है।

**संकेत बिंदु– • बढ़ता प्रयोग • विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका • मनोरंजन एवं शिक्षा का माध्यम।**

वर्तमान युग विज्ञान का युग है। वर्तमान समय में कंप्यूटर का स्थान विज्ञान के वरदानों में सर्वोपरि बनता चला जा रहा है। कंप्यूटर की विभिन्न क्षेत्रों में विशेष भूमिका है। यह हमारे सभी कामों में सहायता करता है। आज चारों ओर इसकी चर्चा होती है। यह आज के युग की ज़रूरत बन गया है। रेलवे, भवनों, मोटर-गाड़ियों आदि के डिज़ाइन तैयार करने में, कंप्यूटर ग्राफ़िक्स का व्यापक प्रयोग हो रहा है। आज अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में, औद्योगिक क्षेत्र में, युद्ध के क्षेत्र में तथा अन्य अनेक क्षेत्रों में इसका प्रयोग होता है। मनोरंजन के क्षेत्र में भी इसका योगदान कम नहीं है। बच्चों को भी तरह-तरह के खेल कंप्यूटर स्क्रीन पर खेलते देखा जा सकता है। बच्चे व युवा अपनी शिक्षा संबंधी सूचनाएँ भी इस पर इंटरनेट के जरिए प्राप्त करते हैं।

## 13. पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं (CBSE 2010)

**संकेत बिंदु– • पराधीनता का स्वरूप • पराधीनता का कलंक • स्वतंत्रता का महत्व।**

'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं' उक्ति का अर्थ है कि पराधीन व्यक्ति सपने में भी सुख का अनुभव नहीं कर सकता। पराधीन और परावलंबी के लिए तो सुख बना ही नहीं। पराधीनता एक प्रकार का अभिशाप है। पराधीनता की अवस्था में मनुष्य तो क्या पशु-पक्षी तक छटपटाने लगते हैं। पराधीन व्यक्ति अथवा जाति अपने आत्म-सम्मान को सुरक्षित नहीं रख सकता। पराधीनता की कहानी दुख एवं पीड़ा की कहानी है जो किसी भी व्यक्ति, जाति अथवा देश की हो सकती है। जो व्यक्ति पराधीन होता है, उसका कोई अस्तित्व नहीं होता। उसका कोई भी अपमान कर सकता है। पराधीनता की पीड़ा को वही बता सकता है, जिस पर प्रतिबंध लगा दिया गया हो। किसी बंदी से पूछो कि पराधीनता का दुख क्या होता है? वह अपनी इच्छा से शुद्ध हवा में साँस तक नहीं ले सकता। भारत शताब्दियों तक पराधीनता की पीड़ा सहन करता रहा। भारतवासियों ने अपनी आज़ादी के लिए तमाम प्रयास किए। अंत में उनके किए प्रयास सफल हुए और देश आज़ाद हो गया। पराधीनता अगर अभिशाप है, तो स्वाधीनता वरदान।

## 14. इंटरनेट का उपयोग (CBSE 2011, 2019)

**संकेत बिंदु– • विज्ञान और तकनीक की देन • जीवन के विविध क्षेत्रों में लाभ • हानियाँ: पुस्तकों और सोच-विचार की अपेक्षा इंटरनेट पर निर्भर • अपराधीकरण • कुछ सुझाव।**

इंटरनेट जनसंचार का सबसे नया लेकिन लोकप्रिय माध्यम है। इस माध्यम में प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविज़न, पुस्तक, सिनेमा और पुस्तकालय के सारे गुण हैं। इसकी पहुँच और गति आज दुनिया के किसी भी अख़बार या पत्रिका को हरा सकती है। इसमें पल-भर में अपने मतलब की जानकारी खोजी जा सकती है। साथ ही हम किसी से बातचीत (चैट) भी कर सकते हैं। अपना ब्लॉग बनाकर पत्रकारिता की किसी भी बहस के सूत्रधार बन सकते हैं। यूट्यूब से हम नृत्य-संगीत का आनंद ले सकते हैं। साथ ही खाना बनाने की प्रक्रिया भी सीख सकते हैं। इंटरनेट ने पढ़ने-लिखने वाले तथा शोधकर्ताओं के लिए संभावनाओं के नए आयाम गढ़ दिए हैं। इन विशेषताओं के साथ इसकी खामियाँ भी हैं। इसमें अनेक अश्लील पन्ने भी भर दिए गए हैं, जिससे बच्चों के कोमल मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। युवा भी इनकी चपेट में आकर असामाजिक और अश्लील हरकत करते रहते हैं। इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार को इसकी सामग्री की गुणवत्ता पर नज़र रखनी चाहिए। आपत्तिजनक साइटों और पन्नों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। इस कदम से इसके दुरुपयोग को रोका जा सकता है।

## 15. प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा (CBSE 2011)

**संकेत बिंदु– • मनुष्य प्रकृति का अंग • प्रकृति से खिलवाड़ • बढ़ता प्रदूषण • प्रकृति की रक्षा, मानव-जाति का कर्तव्य।**

प्रकृति ईश्वर प्रदत्त एक बहुमूल्य भेंट है। प्रकृति ने मनुष्य को सदा दिया ही है। प्रकृति के बिना पृथ्वी पर रहने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज हमने आविष्कार किए, अद्भुत चीज़ों का निर्माण कर अपनी कल्पना को साकार किया। इससे मनुष्य ने प्रगति तो कर ली, किंतु प्रकृति के साथ वह खिलवाड़ कर बैठा। वनों के अत्यधिक कटाव से बाढ़, भूकंप की समस्या तो आई ही, दुर्लभ पशु-पक्षियों का अस्तित्व भी मिटने की कगार पर आ गया। रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरता पर प्रभाव पड़ा है। जगह-जगह मानव निर्मित कचरे के ढेर और औद्योगिक कचरे के फैलाव के कारण अनेक बीमारियों और समस्याओं को रोज़

का कर्तव्य है कि ईश्वर से प्राप्त इस अमूल्य भेंट की रक्षा करें। प्रकृति पर हम सभी आश्रित हैं। प्रकृति नहीं तो हम भी नहीं।

## 16. भ्रष्टाचार और जनता

(CBSE 2012)

**संकेत बिंदु– • भ्रष्टाचार : अर्थ और कारण • जनता पर प्रभाव • भ्रष्टाचार से मुक्ति के उपाय।**

आज के युग में व्यक्ति का जीवन अपने स्वार्थ तक ही सीमित होकर रह गया है। आज के समय में धन की लालसा इतनी बढ़ गई है कि व्यक्ति के प्रत्येक कार्य के पीछे स्वार्थ ही नज़र आता है। प्रत्येक व्यक्ति अधिक धनी बनना चाहता है, जिसके कारण वह अनैतिक मार्ग पर जाने में भी संकोच नहीं करता। वह येन-केन प्रकारेण धन कमाना चाहता है। भ्रष्टाचार फैलाने का सबसे बड़ा माध्यम दूरदर्शन है। विभिन्न चैनलों पर इतने अश्लील कार्यक्रम दिखाए जाते हैं कि किशोर तथा युवा वर्ग के लिए यह चरित्रहीनता सम्मान की वस्तु बन गई है। फैशन के नाम पर शरीर को 'उत्पाद' की तरह दिखाया जाता है। हमारी भ्रष्ट होती सामाजिक व्यवस्था के प्रमाण प्रतिदिन हो रहे फैशन शो हैं। अतः इन सबसे जनता पर बहुत गलत प्रभाव पड़ रहा है। आजकल पारिवारिक संबंधों में भी भ्रष्टाचार ने ज़हर घोल दिया है। समाज में मदिरा का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिसे पीकर लोग अनेक प्रकार के अनैतिक कार्य करते हैं। इन सबकी रोक-थाम के लिए ज़रूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति के मनोबल को ऊँचा उठाया जाए, न्यायिक व्यवस्था को कठोर किया जाए। जनता में सकारात्मक जागरूकता लाकर ही हम भ्रष्टाचार रूपी दानव को जड़ से उखाड़ सकते हैं।

## 17. स्त्री-शिक्षा

(CBSE 2014)

**संकेत बिंदु– • आवश्यकता • बढ़ते आँकड़े • संतान तथा समाज पर प्रभाव।**

शिक्षा व्यक्ति के विवेक को उजागर कर उसे सही दिशा प्रदान करती है। मानव जाति की प्रगति का इतिहास शिक्षा के इतिहास के साथ ही लिखा गया है। शिक्षा नारी और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है, अन्यथा सही अर्थों में न प्रगति होगी और न शांति। भारत जैसे विकासशील देश में स्त्री-शिक्षा का महत्व इसलिए अधिक है कि वह देश की भावी पीढ़ी को योग्य बनाकर उसका उचित मार्गदर्शन कर सकती है। नेपोलियन ने कहा भी है– "मातृभूमि की प्रगति शिक्षित और समझदार माताओं के बिना असंभव है।" यह ठीक ही कहा गया है कि एक पुरुष को शिक्षा देने से वह अकेला शिक्षित होता है लेकिन एक स्त्री की शिक्षा से समूचा परिवार शिक्षित हो जाता है। प्राचीनकाल में स्त्रियों के लिए गुरुकुल की व्यवस्था नहीं होती थी, फिर भी हमें ग्रामी, विद्योत्तमा, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियों के दर्शन होते हैं। आधुनिक युग में स्त्रियों को शिक्षा के समान अधिकार प्राप्त हुए। स्त्री शिक्षा का महत्व लोगों को दिनों-दिन पता चलता जा रहा है और इसके आँकड़े बढ़ते जा रहे हैं। स्त्री की पहली भूमिका पुत्री के रूप में, दूसरी भूमिका पत्नी के रूप में तथा तीसरी और अंतिम भूमिका माँ के रूप में होती है। शिक्षित होकर वह इन तीनों भूमिकाओं के कर्तव्यों का सही रूप से पालन कर पाती है। शिक्षित माँ बच्चे का सही मार्गदर्शन कर उसके विचारों को परिपक्व करके उसके चरित्र-निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। समाज और राष्ट्र की प्रगति में वह पुरुषों के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर चलने में समर्थ है। आज हर क्षेत्र में शिक्षित नारी ने अपनी सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। विश्व की प्रगति में स्त्रियों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। एक शिक्षित स्त्री परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र का गौरव होती है।

## 18. देशाटन

(CBSE 2013, 2014, 2017)

**संकेत बिंदु– • देशाटन क्या है? • उपयोगिता और साधन • प्रोत्साहन के उपाय।**

देशाटन करना मानव का आदिम शौक है। मानव-विकास भी इसी से हुआ है। इसका अर्थ होता है– चारों और आनंद के लिए घूमना। वह विभिन्न स्थलों के लोगों से मिलता है, उनकी भाषा-संस्कृति, वेश-भूषा, रीति-रिवाज़ और जीवन-शैली का परिचय प्राप्त करता है। इससे उसकी जिज्ञासा तो शांत होती ही है, ज्ञान और अनुभव में भी वृद्धि होती है। आज देशाटन ने एक उद्योग का रूप धारण कर लिया है। देश-विदेश में ऐसे अनेक स्थान हैं जो लाखों पर्यटकों को अपनी ओर खींचते हैं। व्यक्ति प्रसिद्ध स्थलों, पहाड़ों, समुद्रों, नदियों आदि को देखकर विशिष्ट आनंद प्राप्त करता है। वह विश्व की अनेक संस्कृतियों की खूबियों से परिचित होता है। "वसुधैव कुटुंबकम्" की परिकल्पना भी देशाटन से साकार होती है। वर्तमान समय में सरकार द्वारा और विभिन्न कंपनियों द्वारा

ले सकते हैं। भारतीय पर्यटन विभाग 'अतुल्य भारत' नामक एक अभियान चलाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय पर्यटन को विश्व मंच पर पदोन्नत करना है।

## 19. श्रम का महत्व

**(CBSE 2014, 2015)**

**संकेत बिंदु– • तात्पर्य • सफलता का सोपान • भविष्य का निर्माण।**

'श्रम' का अर्थ है– तन-मन से किसी कार्य को पूरा करने के लिए प्रयत्नशील होना। श्रम के भेद हैं– मानसिक श्रम और शारीरिक श्रम। जीवन में दोनों का अपना-अपना महत्व है। श्रम की महत्ता बताते हुए गांधी जी ने कहा था– "जो अपने हिस्से का परिश्रम किए बिना ही भोजन करते हैं, वे चोर हैं।" परिश्रमी व्यक्ति के पास मेहनत की सुनहरी कुंजी होती है जो भाग्य के बंद कपाट खोल देती है। संसार रूपी कर्म-क्षेत्र में निरंतर श्रम करके ही हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। परिश्रम के बल पर ही मनुष्य ने समुद्र लाँघ लिया, आकाश नाप लिया और दुर्गम पहाड़ों पर भी चढ़ गया। श्रम ही मनुष्य का सच्चा मित्र है, इसीलिए कहा जाता है– "श्रमेव जयते।" मनुष्य अपने भविष्य का निर्माण श्रम से ही करता है। उसे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना होगा ताकि सफलता उसके कदम चूमे। राष्ट्र की उन्नति श्रम के द्वारा ही संभव होती है। अमेरिका, जापान, चीन इस बात को सत्यापित करते हैं। भारतीय मनीषियों ने भी कहा है– "करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। रसरी आवत जात ते सिल पर परत निसान।।"

## 20. ग्राम्य जीवन

**(CBSE 2016)**

**संकेत बिंदु– • प्राकृतिक वातावरण • विशुद्ध वस्तुएँ सुलभ • मनोरमता • उपसंहार।**

**"है अपना हिंदुस्तान कहाँ, यह बसा हमारे गाँवों में।"**

हमारे कवियों ने अपनी कविता में भारतीय गाँवों के अत्यंत ही लुभावने चित्र खींचे हैं। किसी ने गाँवों को भारत की आत्मा कहा तो किसी ने उसे देश का हृदय-स्पंदन। भारत प्राचीनकाल से ही कृषि पर निर्भर रहा और देश की 70% से भी अधिक जनसंख्या गाँव में निवास करती है। अगर भारत की सच्ची तस्वीर देखनी हो, उसका महत्व जानना हो तो गाँव के दर्शन करने चाहिए। गाँव में प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में दिखाई देती है– हरे-भरे खेत, बरसता सावन, सुगंधित हवा के झोंके, कूकती कोयल, नाचते मोर, हुक्का पीते या जुताई-बुआई करते किसान, बाजरे और मक्के की रोटी, झूमती सरसों, दूध-दही, मक्खन-घी, धन-धान्य से भरे खेत-खलिहान– यह है गाँव का मनोरम चित्र। विशुद्धता इसकी पहचान है। आज भी यहाँ की सारी वस्तुएँ मिलावट रहित होती हैं। गाँव का सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन भी अत्यंत मनोहारी होता है। सभी ग्रामवासी भाईचारे के अटूट बंधन में बँधे एक-दूसरे के दुख-सुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है, त्योहार मनाते हैं, सामाजिक परंपराएँ भी निभाते हैं। भारत के ग्राम्य जीवन में प्रकृति को हर लय-ताल पर झूमते, नाचते-गाते और गुनगुनाते देखा जा सकता है।

## 21. बढ़ते अपराध

**(CBSE 2016)**

**संकेत बिंदु– • भारत में अपराधों का बढ़ना • नौकरी का न होना • संस्कारों का अभाव • न्याय में विलंब • सुझाव।**

आज प्रिंट मीडिया हो या सोशल मीडिया, जिसे भी देखें चीख-चीखकर एक ही बात की पुष्टि करता है कि भारत में किस प्रकार अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कई वर्षों से महानगरों और यहाँ तक कि मँझोले शहरों में भी हर रोज़ दिन-दिहाड़े अपहरण, बलात्कार, हत्या, डकैती, दहेज के लिए बहु जलाना और जालसाज़ी आदि की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। आज लोगों ने इस प्रकार की घटनाओं को अपनी नियति मान लिया है। बढ़ते अपराधों का मुख्य कारण ग्रामीण युवकों का जीविका की तलाश में शहर की ओर पलायन है। गाँव की गरीबी उन्हें शहर के चकाचौंध में यहाँ रहने को मजबूर करती है। शहर आकर भी वे दिशाहीनता में भटकते रहते हैं। शहर में सबको नौकरी नहीं मिलती तब ऐसे आजीविकाहीन नौजवान अपराध के क्षेत्र की ओर अपने कदम बढ़ा लेते हैं। आज के युवकों में संस्कारों की भी कमी दिखाई देती है। वे असामाजिक कार्यों में संलिप्त होते चले जाते हैं। ऐसे लोग जब पकड़े जाते हैं तो पुलिस का भ्रष्टाचारी रवैया उनको सुधारने में नहीं, बल्कि उनको अपराधी बनाने में ज़्यादा ज़ोर देता है, कई बार तो पैसे लेकर वे उनको छोड़ देते हैं और कई बार न्याय व्यवस्था में कमी के कारण वे आजीवन कारावास में रहते हैं या जेल से

अपराध नियंत्रण तथा अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस के पास सभी प्रकार के आधुनिक यंत्र होने चाहिए। भ्रष्ट और बेईमान अफ़सरों को कड़ी सज़ा देनी चाहिए। इन उपायों से हम बढ़ते अपराध पर नियंत्रण पा सकते हैं।

## 22. सैनिकों के प्रति सद्भाव (CBSE 2017)

**संकेत बिंदु– • सैनिक देश के रक्षक • त्याग और शौर्य के प्रतीक • सैनिकों से प्रेरणा।**

सैनिक हमारे देश के प्रहरी होते हैं। अगर हम अपने देश में सुरक्षित और सुखी हैं तो यह हमारी भारतीय सेना के कारण है। हमारे देश के बहादुर सैनिक देश की सुरक्षा में सीमाओं पर प्रतिकूल परिस्थितियों में सतर्कता से डटे रहते हैं। हर एक सैनिक देशभक्ति की भावना से भरपूर समर्पण के साथ देश की सुरक्षा में तैनात रहता है। सैनिक हमें बाहरी आक्रमणों से ही नहीं बचाते, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भी बचाते हैं। उत्तराखंड की बाढ़, लद्दाख की मूसलाधार बारिश, कश्मीर में जल-प्रलय इन सभी के दौरान उन्होंने अपनी जान दाँव पर लगाकर देशवासियों की सुरक्षा की, इससे हमें पता चलता है कि वे अपने देश को अपनी जान से ज़्यादा प्यार करते हैं। हमारी सेना का आदर्श वाक्य है– 'करो या मरो।' हमारे सैनिक इस आदर्श का पालन करते हुए देश के साथ हम सबकी रक्षा करते हैं। अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए वे अपने परिवार से दूर अनेक प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में, दुर्गम स्थानों में, विपत्तियों को सहते हुए डटे रहते हैं। उनकी वीरता, कर्तव्य परायणता और हौसले के आगे कई बार मौत भी हार मान जाती है। सैनिक देश की रक्षा के लिए अपने समस्त हितों को भूलकर अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान केवल एक भारतीय सैनिक ने कई बार विभिन्न मोर्चों पर अनेक दुश्मनों को मारा। इसलिए हमें अपने सैनिकों के प्रति हमेशा सम्मान और सद्भाव रखना चाहिए क्योंकि उन्हीं की बदौलत हम अपने घरों में चैन से रह पाते हैं।

## 23. शिक्षा में सदाचार (CBSE 2017)

**संकेत बिंदु– • सदाचार क्यों? कैसे • लाभ।**

सदाचार शब्द 'सत् + आचार' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है– उत्तम आचरण या अच्छा व्यवहार। यह एक ऐसा आचरण है, जिसका ज्ञान हमारे व्यावहारिक जीवन से होता है। आज हमारी शिक्षा-पद्धति में यह सबसे बड़ी कमी है कि हमारे जीवन-मूल्य लक्षित नहीं होते। व्यक्ति को बचपन में जैसे संस्कार मिलते हैं, उनका असर उसके पूरे जीवन पर पड़ता है, बचपन के बहुत अच्छे विचार एवं संस्कार आगे के जीवन में उसे बहुत अच्छा इनसान बनाते हैं तथा बुरे विचार एवं संस्कार उसे भ्रष्टाचारी एवं दुराचारी इनसान बनाते हैं। अतः सदाचार को अपनाए बिना समाज व देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को कम नहीं किया जा सकता, इसलिए छात्रों को उपयोगी पुस्तकें पढ़ाई जाएँ तथा बुरे वातावरण से दूर रखा जाए। इनके बिना व्यक्ति का मानसिक विकास नहीं हो सकता। अतः शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा द्वारा शिक्षार्थियों के मनोजगत में नैतिक मूल्यों को उभार जाए। महात्मा गांधी की मान्यता के अनुसार सदाचार और निर्मल जीवन सच्ची शिक्षा के आधार हैं। सच्चरित्र व्यक्ति ही विश्व को समृद्धि की राह दिखाता है।

## 24. आतंकवाद : एक समस्या ( CBSE 2014)

**संकेत बिंदु– •एक कलंक • दुष्प्रवृत्ति • दुष्परिणाम • समाधान।**

आतंकवाद किसी एक व्यक्ति, समाज अथवा राष्ट्र विशेष के लिए ही नहीं, अपितु पूरी मानव सभ्यता के लिए कलंक है। हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में इसका ज़हर इतनी तीव्रता से फैल रहा है कि यदि इसे समय रहते नहीं रोका गया तो यह पूरी मानव सभ्यता के लिए खतरा बन सकता है। यह एक ऐसी समस्या है जो आज पूरे विश्व में फैलती जा रही है। आतंकवाद एक ऐसी भयंकर प्रवृत्ति है, जिसके द्वारा मनुष्य अपनी उचित अथवा अनुचित माँगों को मनवाने के लिए आतंक, भय तथा मारपीट का मार्ग चुनता है। आतंकवादी हमेशा आतंक फैलाने के नए-नए तरीके आजमाते रहते हैं। भीड़ भरे स्थानों, रेल-बसों इत्यादि में बम विस्फोट करना, रेल-लाइनों की पटरियाँ उखाड़ देना, वायुयानों का अपहरण कर लेना, निर्दोष लोगों या राजनीतिज्ञ को बंदी बना लेना, बैंक डकैतियाँ करना इत्यादि कुछ ऐसी आतंकवादी गतिविधियाँ हैं, जिन्हें पूरा विश्व पिछले कुछ दशकों से सह रहा है। मौका मिलने पर बेगुनाहों को मौत के घाट उतारने में आतंकवादियों का दिल नहीं पसीजता। हमारे भूतपूर्व युवा प्रधानमंत्री स्व॰ राजीव गांधी इसी आतंक रूपी दानव की क्रूरता का शिकार बने। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में तो खून की नदियाँ बहना आम

चाहिए। विश्व के सभी राष्ट्रों को एक होकर इसके समूल विनाश का संकल्प लेना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को हम एक सुनहरा भविष्य प्रदान कर सकें।

### 25. मीठी वाणी/मधुर वाणी (CBSE 2009)

**संकेत बिंदु– • मधुर वाणी • एक वरदान • प्रभाव और प्रयोग • जीवन में महत्व।**

मीठी वाणी के प्रभाव से कोई सारे जग को अपना बना लेता है और कटुभाषी अपने ही घर में पराया हो जाता है। जहाँ मधुरभाषी को लोग दिलोजान से प्यार करते हैं, वहीं कटुभाषी के पास फटकते भी नहीं। मीठी वाणी बोलने से चारों ओर सुख उपजता है। यह किसी को वश में करने वाले मंत्र की तरह काम करता है, यदि इस वशीकरण मंत्र को प्राप्त करना है तो कठोर वचनों को त्याग दो। जहाँ कटुवाणी हृदय में ज़ख्म करती है, वहीं मधुर भाषा हृदय में आनंद, आह्लाद उत्पन्न करती है। क्या कोयल लोगों को कुछ अलग से दे जाती है या कौआ किसी से कुछ छीन लेता है। पर यह आवाज़ का ही जादू कहा जाएगा कि लोग कोयल की बोली सुनने के लिए तरसते हैं, वसंत ऋतु आने का इंतज़ार करते हैं और उसकी वाणी सुनकर प्रफुल्लित होते हैं। किसी भी मधुरभाषी को कोयल की उपमा दी जाती है जबकि सहज ही सुलभ कौए की काँव-काँव को सभी नापसंद करते हैं। मधुर वाणी जहाँ दूसरों को आनंद की अनुभूति कराती है, वहीं खुद हमारा मन भी संतुष्टि और शीतलता से भर देती है। मधुर वाणी बोलने वाले और सुनने वाले दोनों को अच्छी लगती है, मनुष्य को जीवन में उन्नत बनने के लिए मधुर भाषण की बड़ी आवश्यकता है। इससे समाज में प्रतिष्ठा, गौरव और ख्याति प्राप्त होती है।

## अभ्यास

**दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–**

**1. आज की युवा पीढ़ी**

**संकेत बिंदु–** • भौतिकता की ओर आकर्षण • भारतीय संस्कृति के प्रति घटती आस्था • कुछ कर गुज़रने की हिम्मत।

**2. युवाओं के लिए मतदान का अधिकार**

**संकेत बिंदु–** • मतदान का अधिकार क्या और क्यों • जागरूकता • आवश्यकता • सुझाव।

**3. जीवन एक अग्निपथ**

**संकेत बिंदु–** • आरक्षण क्यों? • आरक्षण की सुविधाएँ • बदलती परिस्थितियाँ • समान अधिकार।

**4. मानवता : सबसे श्रेष्ठ धर्म**

**संकेत बिंदु–** • मानवता क्या है? • महापुरुषों का उल्लेख • लाभ।

**5. विज्ञान के आधुनिक चमत्कार**

**संकेत बिंदु–** • विज्ञान का अर्थ • आधुनिक आविष्कार • आविष्कारों की उपियोगिता • लाभ-हानि।

**6. ज़हरीले धुएँ में डूबी दिल्ली**

**संकेत बिंदु–** • कारण • समस्याएँ • कठिनाइयाँ • बचाव।

**7. मित्रता**

**संकेत बिंदु–** • मित्रता की आवश्यकता • मित्र कैसे बनाएँ? • लाभ।

**8. पुस्तकालय**

**संकेत बिंदु–** • अच्छे पुस्तकालय की पहचान • लाभ • अधिकाधिक उपयोग।

❑❑❑

2

# पत्र-लेखन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अपने जीवन को सरस और सफल बनाने के लिए वह अपने परिवार, समाज, संबंधियों, मित्रों तथा सभी परिचितों से संबंध बनाकर रखता था। पत्र-व्यवहार न केवल परिचितों के साथ बल्कि अपरिचितों के साथ भी विचार-विनिमय बनाए रखने में सहायक होता है। पत्रों के माध्यम से हम अपने मित्रों, आत्मीय जनों से विचारों का आदान-प्रदान सहजता से कर सकते हैं। पत्र न केवल व्यक्तिगत संबंधों में बल्कि व्यापार और व्यवस्था में भी मनुष्य के लिए सहायक सिद्‌ध होते हैं।

- पत्र के दो प्रकार होते हैं–

  1. औपचारिक पत्र
  2. अनौपचारिक पत्र

  **औपचारिक पत्र–** ये पत्र अपने क्षेत्र में व्याप्त परेशानियों की चर्चा करने, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने, सरकारी कर्मचारियों को सूचित करने, समाचार-पत्र के संपादक को, प्रधानाचार्य आदि को लिखे जाते हैं।

- औपचारिक पत्र को भी दो भागों में बाँट सकते हैं–

  1. आवेदन पत्र
  2. व्यावसायिक/आधिकारिक पत्र

  **अनौपचारिक पत्र–** ये पत्र अपने सगे-संबंधियों, मित्रों एवं परिचितों को लिखे जाते हैं। ऐसे पत्रों में भावनाओं, अनुभूतियों तथा अपनत्व का पुट अवश्य होना चाहिए।

**पत्र लिखते समय निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक है–**

- पत्र की भाषा सरल व सहज होनी चाहिए।
- वाक्य छोटे व सारगर्भित होने चाहिए।
- लेखन में तारतम्यता होनी चाहिए।
- पत्र संक्षिप्त व अर्थपूर्ण होना चाहिए।
- पत्र में अनावश्यक विस्तार नहीं होना चाहिए।
- दोनों प्रकार के पत्र पृष्ठ की बाईं ओर से लिखने चाहिए।
- शिकायती पत्र की भाषा में विवेक तथा संयम का भाव होना चाहिए।
- पत्र में दिनांक अवश्य लिखना चाहिए।

**प्रारूप–1**

................................
................................ [जिसको पत्र लिखते हैं, उसका पदनाम एवं पता]
................................

विषय ....................................................................................................................................................

संबोधन ....................................

............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................ [विषय-वस्तु]
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................

भवदीय

................................
................................ [लिखने वाले का नाम तथा पता]

दिनांक ....................................

**प्रारूप–2**

................................
................................ [जहाँ से पत्र लिखा जा रहा है– पता]
................................

................................
................................ [जिसको पत्र लिखते है, उसका पदनाम एवं पता]
................................

विषय ....................................................................................................................................................

संबोधन ....................................

............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................ [विषय-वस्तु]
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................

भवदीय

................................

नाम

................................

दिनांक ....................................

**1. आजकल किशोरों के लिए दूरदर्शन पर आ रहे कार्यक्रमों में जीवन-मूल्यों की प्रेरणा देने वाले कार्यक्रम की आवश्यकता को बताते हुए संपादक को प्रकाशनार्थ एक पत्र लिखिए।**

मुख्य संपादक

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली

**विषय:** दूरदर्शन कार्यक्रमों में जीवन-मूल्यों की बहुलता हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं भारत देश का सामान्य नागरिक हूँ और देश की युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट हो रही है, इसलिए चिंतित होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ। देश की युवा पीढ़ी, जिसके कंधे पर भारत का भविष्य निर्भर करता है, दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले जादू-टोने, सास-बहू के षड्यंत्र व चुड़ैलों के कार्यक्रमों को देखकर दिशा-भ्रष्ट हो रही है। भारत के युवाओं को आगे चलकर देश की बागडोर सँभालनी है। ऐसे में यदि वे इन कार्यक्रमों को देखकर इन पर विश्वास करने लगेंगे तो यह समाज और देश दोनों के लिए खतरनाक है। टीवी का युवाओं पर बड़ी जल्दी प्रभाव पड़ता है, इसलिए इस पर इस प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित होने चाहिए, जिनसे युवक व युवतियाँ देश-प्रेम की ओर उन्मुख हों। वे देश की उन्नति में अपना योगदान दें। युवाओं में शारीरिक बल के साथ-साथ कुछ कर गुज़रने की तमन्ना व ढेरों सपने होते हैं, लेकिन ऐसे कार्यक्रम उनके सपनों पर कुठाराघात कर उन्हें लाचार बना देते हैं। वे अपने बाहुबल पर नहीं इस तरह की बातों पर विश्वास करने लगते हैं जो उचित नहीं है।

आपसे अनुरोध है कि आप मेरे इस पत्र को अपने अख़बार में छापें, ताकि संबंधित अधिकारी इसे पढ़कर इस पर उचित कार्यवाही कर सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

10 जुलाई, 20××

**2. बरसात के दिनों में जल जमाव के कारण होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए।**

अधिकारी महोदय

नगर निगम कार्यालय

नई दिल्ली

**विषय:** जल भराव से होने वाली कठिनाइयों की जानकारी हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं रोहिणी सेक्टर-1 का निवासी हूँ और अपने क्षेत्र में वर्षा के दिनों में होने वाले जल-भराव से परेशान होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ।

सेक्टर-1 में वर्षा के दिनों में गलियों में पानी भर जाता है। शौचालय ऊपर तक भर जाते हैं, जिससे उनका गंदा पानी न केवल गलियों में वरन घरों के अंदर तक पहुँच जाता है। आप सोच सकते हैं ऐसे में वहाँ रहने वालों का क्या हाल होता होगा। पानी निकल जाने के पश्चात नालियों की सारी गंदगी गलियों व घरों में सड़ाँध पैदा कर देती है। बच्चे व बूढ़े बीमार होने लगते हैं। डेंगू, मलेरिया, हैज़ा जैसी बीमारियाँ हर घर में अपना स्थान बना लेती हैं। आने वाले माह में वर्षा आरंभ होने को है और हम उससे उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को सोचकर ही चिंतित हो रहे हैं।

हम सभी क्षेत्रवासियों का आपसे अनुरोध है कि समय रहते हमारी समस्या का उचित समाधान कर दें ताकि हम चैन की साँस ले सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

31 मार्च, 20××

**ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए पत्र लिखिए।**

अध्यक्ष महोदय

मेट्रो कार्यालय

नई दिल्ली

**विषय:** मेट्रो कर्मचारी की प्रशंसा हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं सेक्टर अठारह रोहिणी का निवासी हूँ। आप का ध्यान एक अच्छे व ईमानदार मेट्रो-कर्मचारी की ओर दिलाना चाहती हूँ।

मैं कल सुबह लगभग 7 बजे सेक्टर-18 से मेट्रो पकड़कर 'एम्स' के लिए गई थी। मेरे पास मेरे छोटे बैग के अतिरिक्त लैपटॉप बैग भी था। जिसमें मैंने मोबाइल भी रख दिया था। डॉक्टर से मिलने की हड़बड़ी में मैं अपना बैग अपनी सीट के नीचे ही भूल गई। अस्पताल जाकर याद आया कि मुझे तो यहीं से ऑफिस जाना था, बैग तो वहीं छूट गया। बहुत दुख हो रहा था कि अब लैपटॉप के बिना कैसे काम चलेगा। बैग में लगभग 3000 रू० व ज़रूरी कागज़ों की फाइल भी थी। तभी आपके नरेश नाम के कर्मचारी का फोन आया और उन्होंने वह बैग लेने के लिए मुझे एम्स मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। मैं वहाँ पहुँची और नरेश जी ने मेरा बैग ज्यों-का-त्यों मुझे लौटा दिया। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं कैसे उनका धन्यवाद करूँ। सच में आज भी दुनिया में ईमानदार है, तभी यह दुनिया चल रही है। उन्होंने बताया कि सफ़ाई करते समय उन्हें मेरा यह बैग मिला, जिसकी एक जेब से मेरा कार्ड था, जिस पर मेरा फोन नं० लिखा था। मेरे पैसे, मोबाइल व लैपटॉप सब कुछ उस बैग में मौजूद थे।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने इस कर्मचारी को प्रशंसा करते हुए सम्मानित करें ताकि दूसरों को भी ऐसा कार्य करने की प्रेरणा मिल सके।

धन्यवाद।

भवदीया

क.ख.ग.

10 फरवरी, 20××

**4. परिवहन निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखिए, जिसमें आपने गाँव या कॉलोनी में बस चलाने का अनुरोध किया गया हो।**

अध्यक्ष महोदय

परिवहन निगम, नई दिल्ली

**विषय:** गाँव तक बस चलाने का अनुरोध करते हुए पत्र।

मान्यवर

मैं रोहिणी सेक्टर-35 के पास रज़ापुर गाँव का निवासी हूँ। आपसे अपने गाँव तक बस चलाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिख रहा हूँ।

श्रीमान जी, हम सभी यहाँ रज़ापुर के वासी खराब बस-व्यवस्था से परेशान हैं। हमारे यहाँ से सुबह-सुबह लगभग सौ लोग काम पर जाने के लिए निकलते हैं, लेकिन गाँव के पास बस-स्टैंड तो पिछले वर्ष बना दिया गया, पर वहाँ कोई बस आती-जाती नहीं। हमें लगभग 2 से 3 किलोमीटर तक पैदल चलकर सेक्टर 34 के पास पहुँचना पड़ता है। वहाँ भी एक निश्चित समय पर केवल एक ही बस आती है। दोनों गाँवों के निवासियों के लिए एक ही बस में इतनी सवारियों का चढ़ना लगभग असंभव हो जाता है। कभी झगड़ा तो कभी गाली-गलौच होने लगता है। काम पर पहुँचने में देरी होने से मालिक की डाँट भी खानी पड़ती है। बच्चों को स्कूल पहुँचने में देरी होने से वे भी स्कूल में सज़ा पाते हैं। स्त्रियाँ तो कहीं आने-जाने लायक रहती ही नहीं, क्योंकि छोटे बच्चों को लेकर इतनी दूर तक पैदल चलना, फिर सामान ढोकर लाना उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर देता है।

आपसे अनुरोध है कि आप स्वयं इस कार्य को अपने हाथ में लेकर हमारी समस्या का उचित समाधान करें। सभी क्षेत्रवासी आपके प्रति अनुगृहित होंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

24 जुलाई, 20××

संपादक महोदय

संध्या टाइम्स, नई दिल्ली

**विषय:** प्लास्टिक की चीज़ों से होने वाली हानियों के विषय में पत्र।

मान्यवर

देश का सामान्य नागरिक होने के नाते प्लास्टिक की चीज़ों से हो रहे नुकसान को लेकर चिंतित हूँ, इसलिए आपको पत्र लिख रहा हूँ।

कुछ दिनों पहले कारखाना क्षेत्र में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। वहाँ जाकर जो देखा उसे शब्दों में बयाँ कर पाना आसान नहीं, क्योंकि कर्मचारियों की स्थिति व आसपास का दूषित वातावरण देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक बाहर से दिखने में जितना सुंदर लगता है, उतना ही बनते समय खतरनाक भी होता है। इससे वायु प्रदूषित होकर हमारी साँसों द्वारा शरीर के भीतर प्रवेश करके विभिन्न बीमारियों को जन्म देती है। लोग प्लास्टिक की थैलियों में गर्म खाना लेकर आते हैं, वह भी दूषित होकर शरीर के भीतर जाता है। हम इन सभी बातों को जानकर भी अनजान बने घूम रहे हैं। अस्थमा, कैंसर, फेफड़ों से संबंधित रोग इस प्लास्टिक की ही देन हैं। यदि हम चाहते हैं कि हम अपना जीवन अच्छे से जीएँ तो आवश्यक है कि प्रण लें कि प्लास्टिक की इन चीजों का प्रयोग न स्वयं करेंगे और न किसी को करने देंगे।

आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप इस पत्र को अपने अख़बार में छापें ताकि आम लोग इसे पढ़कर जागरूक हों तथा प्लास्टिक की चीज़ों से होने वाली हानियों को समझकर इसका प्रयोग कम कर दें तभी हम अपने मकसद में कामयाब होंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

15 दिसंबर, 20××

**6. क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की सूचना देते हुए क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।**

अध्यक्ष महोदय

थाना रानीबाग

नई दिल्ली

**विषय:** क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की सूचना हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं रानीबाग क्षेत्र का आम नागरिक हूँ और पिछले दिनों क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से परेशान होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ।

कल शाम को सब्ज़ी लेते समय दो मोटर साइकिल सवार लड़कों ने महिला की चेन खींच ली। उससे पहले सुबह-सुबह फोन पर बात कर रहे एक प्रौढ़ के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। कल रात को साथ वाली गली में चोरों ने सेंध मारी। ये कुछेक घटनाएँ दो-तीन दिन के अंदर ही घटित हुई हैं। कुछ दिन पहले रात करीब 11 बजे मैंने तीन-चार लोगों को रेकी करते देखा और अपने क्षेत्र के प्रधान से इस विषय में बात भी की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आपसे मिलकर इस विषय में अवश्य चर्चा करेंगे। कुछ अराजक तत्व जान-बूझकर पड़ोस में झगड़ा तक करवा रहे हैं जबकि वे हमारे क्षेत्र के निवासी भी नहीं हैं। इन तत्वों से बात करते हुए भी डर लगता है। बच्चों को बाहर खेलने के लिए भेजना भी एक समस्या बन चुका है। घर की महिलाएँ अलग परेशान हैं कि बच्चे खेलने नहीं जाएँगे तो सारा दिन घर में उधम मचाएँगे। संध्या समय भी पार्क खाली नज़र आते हैं। क्षेत्र का माहौल डरा-डरा-सा हो गया है।

आप से विनम्र प्रार्थना है कि आप इस विषय में स्वयं हस्तक्षेप करते हुए इस क्षेत्र का दौरा करें और सारी स्थिति को समझकर उसके अनुकूल पुलिस कर्मियों को तैनात करें। दुर्घटना होने से पहले यदि उसका बचाव कर लिया जाए तो अधिक उचित है।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

4 अगस्त, 20××

**मंत्री, भारत सरकार को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।**

पर्यावरण मंत्री

भारत सरकार

भारत

**विषय:** वन-महोत्सव के उपलक्ष्य में आमंत्रण-पत्र।

मान्यवर

मैं केंद्रीय विद्यालय का प्रधानाचार्य आपको वन-महोत्सव पर आयोजित वृक्षारोपण के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करना चाहता हूँ। हमारे स्कूल में लगभग 4 एकड़ ज़मीन खाली पड़ी है, जिसे हमने क्रिकेट, हॉकी के खेल के मैदान के रूप में छोड़ रखा है। उसी के चारों तरफ इस बार वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। बच्चे बहुत उत्साहित हैं और चाहते हैं कि आप स्वयं आकर उनका मार्ग-दर्शन करें तथा उनको संदेश भी दें कि वृक्ष हमारे लिए व हमारी आने वाली संतानों के लिए कितने ज़रूरी हैं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप पर्यावरण के हित में तथा बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए अवश्य पधारेंगे। अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय यदि इन बच्चों के साथ वृक्षारोपण में लगाएँगे तो बच्चे तो प्रसन्न होंगे ही साथ ही हमें भी आपके सान्निध्य में रहने का अवसर प्राप्त होगा।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

24 जुलाई, 20××

**8. पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि आपके क्षेत्र में कुछ अनजबी, अनचाहे लोग घूम रहे हैं, जिनसे लोगों में असुरक्षा और डर की भावना बढ़ रही है।**

पुलिस आयुक्त

थाना रोहिणी

सेक्टर-24, नई दिल्ली

**विषय:** अजनबी, अनचाहे लोगों की शिकायत हेतु पत्र।

मान्यवर

श्रीमान जी, मैं सेक्टर-24 रोहिणी का निवासी हूँ और अपने क्षेत्र में घूम रहे अजनबी, अनचाहे चेहरों को देखकर परेशान हूँ। संध्या समय ऑफ़िस से लौटते हुए मैंने लगभग पंद्रह दिन पहले चार-पाँच अजनबी लोगों को देखा। मैंने सोचा कि शायद किसी के मेहमान होंगे, लेकिन मेरी सोच गलत साबित हुई, जब डी-18 में रात को चोरी हो गई। ये लोग कई दिनों से रेकी कर रहे थे। इन्हें देखकर लग रहा था कि न तो ये इस क्षेत्र के हैं और न ही ये अच्छे घरों से संबंधित हैं। श्रीमान शर्मा से बातचीत करते हुए मैंने कहा भी था कि सर, मुझे ये चार लोग अजनबी लग रहे हैं, इनकी आँखें किसी विशेष चीज़ को ढूँढ़ती हुई मालूम पड़ती हैं। जब से ये यहाँ किराए पर कमरा लेकर रहने लगे हैं तब से हमारे क्षेत्र में कुछ-न-कुछ गलत होता ही रहता है।

आप से अनुरोध है कि आप इस विषय में स्वयं हस्तक्षेप करें तथा इन अजनबी व अनचाहे लोगों से स्वयं बातचीत करके सारी स्थिति को जानने का प्रयत्न करें। दुर्घटना से पहले यदि कार्यवाही हो जाए तो अधिक अच्छा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी समस्या को समझ कर उचित कार्यवाही करेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

22 मार्च, 20××

पुलिस अधीक्षक

मुख्य पुलिस थाना

पश्चिम विहार, नई दिल्ली

**विषय:** सामान चोरी की सूचना देने हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं पश्चिम विहार का निवासी हूँ। रेलयात्रा के दौरान मेरा सामान चोरी हो गया है, इसके लिए शिकायत दर्ज़ करवाना चाहता हूँ। कल सुबह दिल्ली से शानेपंजाब पकड़कर मैं जालंधर के लिए निकला था। सुबह 6:10 पर गाड़ी के चलते ही मैंने कुछ खाने-पीने का सामान निकाला और अपना बैग ऊपर की बर्थ पर रख दिया। नाश्ता करके सहयात्रियों के साथ बातचीत करते हुए कब बारह बज गए पता ही नहीं चला। सुबह जल्दी उठने के कारण बार-बार झपकी लग जाती थी। सभी सहयात्री भी ऊँघने लगे थे, मैं भी कुछ देर के लिए आँखें बंद करके बैठ गया। लगभग एक बजे के आसपास जब गाड़ी जालंधर पहुँची तो मैंने अपना बैग उठाने के लिए ऊपर की बर्थ पर हाथ डाला तो वहाँ से बैग नदारद था। सहयात्रियों से पूछा और उन सबके बैग भी देखे, वे मौजूद थे। केवल मेरा और एक अन्य सहयात्री का बैग नहीं था। उस बैग में कपड़ों के अतिरिक्त मेरे ऑफ़िस के कुछ ज़रूरी कागजात तथा 2000 रुपये रखे हुए थे। सहयात्री के बैग में कपड़ों के अतिरिक्त एक कैमरा और 5000 रुपये थे।

आपसे अनुरोध है कि उचित कार्यवाही करते हुए ज़ल्द से ज़ल्द चोर का पता लगाने का प्रयत्न करें, ताकि मेरे ऑफ़िस के सभी ज़रूरी कागजात मुझे मिल सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

4 अगस्त, 20××

**10. आतंकवाद की समस्या पर अपने विचार प्रकट करते हुए समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।**

संपादक महोदय

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली

**विषय:** आतंकवाद की समस्या पर विचार प्रकट करने हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं देश का एक आम नागरिक हूँ और देश में बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों से परेशान होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ।

पहले कोलकाता और फिर पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा सैनिकों को विस्फोट कर मार देना, सुनकर ही दिल दहलने लगता है। सुबह-सुबह अखबार उठाते ही और न जाने कितनी ऐसी घटनाएँ पढ़ने व सुनने को मिलती हैं। असल में हम तभी जागरूक होते हैं, जब ऐसी घटना घटित हो चुकी होती है। पहले से ध्यान नहीं रखा जाता। लोगों में क्रोध व लालच काफी बढ़ गया है। वे इन दोनों के कारण अपनी समझ-बूझ खो चुके हैं। ज़रा-ज़रा सी बात पर मरने-मारने को उतारू हो जाते हैं और रातों-रात अमीर बनने का सपना देखते हैं। इन्हीं का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व उनसे गलत काम करवाते थे। उनकी बुद्धि तथा विवेक को अपने नियंत्रण में कर लेते हैं। भोले-भाले गरीब लोग उनके झाँसे में आकर गलत काम करने को उतारू हो जाते हैं। रही-सही कसर ये 'सोशल नेटवर्क' ने पूरी कर दी है।

आपसे अनुरोध है कि आप इस पत्र को अखबार में छापें ताकि देश के युवा इसे पढ़कर समझ सकें कि ये अराजक ताकतें किस प्रकार उनका शोषण कर उन्हें गुमराह कर रही हैं। उन्हें समझ आए कि देश भी अपना है और देश के नागरिक भी अपने ही हैं।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

7 फरवरी, 20××

**शीघ्र किया जाए।**

अध्यक्ष महोदय

मुख्य जल बोर्ड कार्यालय

नई दिल्ली

**विषय:** गंदे पानी के निराकरण हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं सेक्टर-25 रोहिणी का निवासी हूँ और आपका ध्यान अपने क्षेत्र में आ रहे गंदे पानी की ओर दिलाना चाहता हूँ।

श्रीमान, यह मेरा दूसरा पत्र है। पंद्रह दिन पहले भी मैंने गंदे पानी का फ़ोटो खींचकर, उसकी प्रतिलिपि के साथ आपको इस समस्या से अवगत कराया था। पानी इतना गंदा आ रहा है कि लगता है, कोई सिवर का पाइप पीने वाले पानी की पाइप के साथ जुड़ गया है। पानी से बदबू आ रही है। कल तो हद हो गई, जब नल से पानी के साथ-साथ छोटे-मोटे कीड़े और लगभग एक फुट लंबा साँप का बच्चा बाहर निकला। ऐसा पानी पीने के लिए भेजा जा रहा है जो कि साफ़-सफ़ाई करने के लिए भी उचित नहीं है। शहर के लोग पानी की बोतलें लाकर गुज़ारा कर रहे हैं, लेकिन आप देख रहे हैं कितनी गर्मी पड़ रही है, ऐसे में खरीदकर पानी पीना समस्या का समाधान नहीं है। बच्चे, बूढ़े सभी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप स्वयं इस कार्य में हस्तक्षेप करते हुए जाँच करें और दोषी कर्मचारियों को दंडित करते हुए हमारे क्षेत्र को दूषित जल से निजात दिलवाएँ।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

22 मार्च, 20××

**12. सूखे से जूझते लोगों की कठिनाइयों का वर्णन करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।**

संपादक महोदय

पंजाब केसरी

जालंधर, पंजाब

**विषय:** सूखे से पीड़ित लोगों की कठिनाइयों का वर्णन करते हुए पत्र।

मान्यवर

मैं जालंधर निवासी हूँ और अपने आस-पास के गाँवों में रहने वाले किसानों के जीवन को देख आपको पत्र लिखने को विवश हुआ हूँ।

कुछ दिनों पहले पास के गाँव जाने का अवसर मिला। बच्चों को साथ लेकर गए थे कि पंजाब के गाँव खुशहाल हैं। यहाँ के किसानों का जीवन स्वच्छ वातावरण में रहकर अच्छा बीत रहा है, पर वहाँ की स्थिति देखकर तो कलेजा मुँह को आने लगा। बात करने पर पता चला कि वर्षा न होने से खड़ी फसलें बरबाद हो गईं और किसान दाने-दाने को मोहताज हो गए। बैंक का लोन न चुका पाने की खातिर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली। चमनलाल व हरविंद्र को तो बेटियों की शादी करनी थी, सो रिश्ता ही टूट गया। बच्चे भी कुपोषित लगा रहे थे। समझ में नहीं आता हमारी सरकारें वोट लेने से पहले किनके लिए बड़े-बड़े वादे करती हैं, वोट देते ही आम आदमी को दरकिनार कर दिया जाता है। सरकार को पता है कि इस साल सूखा पड़ा है तो इन गरीब किसानों हेतु कोई योजना बनाकर इनके घरों में चूल्हा जलाने का कार्य क्यों नहीं करती। ये किसान खेतों में अन्न उपजाकर सभी मनुष्यों का पेट भर सकते हैं तो क्या हम सब मिलकर इन कुछेक परिवारों के लिए कुछ नहीं कर सकते?

आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप इस पत्र को अपने अखबार में छापें। जिसे पढ़कर संबंधित सरकारी कर्मचारी जागरूक हों और इन गरीब किसानों की समस्याओं को समझकर किसी उचित कार्यवाही को अंजाम दे सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

24 जुलाई, 20××

**हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।**

संपादक महोदय

सांध्य टाइम्स

नई दिल्ली

**विषय :** महिलाओं की असुरक्षा व उपाय बताते हुए पत्र।

महोदय

मैं देश का एक आम नागरिक हूँ और महिलाओं की असुरक्षा को लेकर बढ़ती घटनाओं से परेशान होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ।

देश में बढ़ती ऐसी घटनाएँ अपने देश को दूसरे देशों की श्रेणी में नीचे गिरा देती हैं। समझ में नहीं आता हमारा समाज जहाँ बेटी को लक्ष्मी व दुर्गा का रूप माना जाता है, वहाँ का पुरुष वर्ग इतना निर्दयी और क्रूर क्यों होता जा रहा है। हर दिन बेटियों-बहुओं के साथ बलात्कार या छेड़खानी की घटनाएँ देखने व सुनने को मिलती हैं। पिछले दिनों इन्हीं कारणों से मेट्रो में स्त्रियों के लिए अलग कोच की व्यवस्था की गई, पर मुझे लगता है, यह उचित समाधान नहीं है। देश के युवाओं को बचपन में ही घर से ही लड़कियों से इज़्ज़त के साथ पेश आने की शिक्षा देनी चाहिए। घर में लड़के व लड़कियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। लड़कों को लड़कियों से व लड़कियों को लड़कों से श्रेष्ठ साबित करने का प्रयत्न नहीं करना चाहिए। घर के पुरुषों को घर की औरतों के साथ गलत तरीके से पेश नहीं आना चाहिए। यदि इन बातों का ध्यान रखा जाए तो हो सकता है कि आने वाले समय में हमें इन बढ़ती घटनाओं से मुक्ति मिल जाए।

आपसे अनुरोध है कि आप इस पत्र को अपने अखबार में स्थान दें ताकि लोग इसे पढ़ें, इस पर विचार करें और अपने सुझाव देकर देश के सच्चे नागरिक का कर्तव्य निभा सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

11 जुलाई, 20××

**14. राशनकार्ड बनवाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों का विवरण देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिए।**

अधिकारी महोदय

क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय

नई दिल्ली

**विषय :** राशनकार्ड बनवाने हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं कंझावला गाँव का निवासी हूँ और मेरी मासिक आय 7000/- से कम है। इसलिए मुझे राशनकार्ड बनवाना है ताकि सरकार के द्वारा दिए गए सस्ते अनाज को प्राप्त कर मैं अपना जीवन-यापन कर सकूँ। मेरे पारिवारिक सदस्यों का विवरण इस प्रकार है–

| क्र.सं. | सदस्यों के नाम | मुखिया से संबंध | उम्र | आधार कार्ड नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्याम लाल | पिता | 70 वर्ष | – |
| 2. | संतरा देवी | माता | 67 वर्ष | – |
| 3. | घनश्याम दास | स्वयं | 48 वर्ष | – |
| 4. | रंगोली देवी | पत्नी | 45 वर्ष | – |
| 5. | समता | बेटी | 20 वर्ष | – |
| 6. | रूप | बेटा | 16 वर्ष | – |

रखते हुए मेरा राशनकार्ड जल्द से जल्द बनवाने की कृपा करें। हम सभी आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

10 जुलाई, 20××

**15. आए दिन बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।**

संपादक महोदय

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली

**विषय:** बस चालकों की असावधानी से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र।

मान्यवर

मैं देश का एक साधारण नागरिक हूँ और बस चालकों की असावधानी से हर दिन दिल्ली में हो रही दुर्घटनाओं से परेशान होकर आपको पत्र लिख रहा हूँ।

अभी कल ही बाहरी मुद्रिका में सफ़र करने का मौका मिला। मैं मधुबन चौक से चढ़ा था। शुरू में तो चालक बस को आराम से चलाता रहा। दीपाली, मंगोलपुरी फिर पीरागढ़ी के पार होते ही चालक ने पीछे से आती 883 रूट की एक अन्य बस को देख लिया। तब तो सवारी लेने के चक्कर में हम ही जानते हैं कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से भी इन लोगों ने कैसे बस चलाई। सभी सवारियाँ चालक से भिड़ गईं कि वह ऐसा न करें। हम सभी घर-परिवार वाले हैं। घर पर सभी हमारा इंतज़ार कर रहे हैं। लेकिन चालक तो चालक कंडक्टर भी उसी के साथ हो लिया और दोनों ही सवारियों के साथ बदसलूकी करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। उनका यह भी कहना था कि जिसे भी हमारे इस तरह से बस चलाने पर एतराज है, वह नीचे उतर सकता है। श्रीमान आपको तो मालूम ही है कि एक बार टिकट लेकर इनसान मजबूर हो जाता है। तभी अचानक से पास से जाती एक कार के साथ हमारी बस भिड़ गई। गनीमत यह हुई कि किसी की भी जान नहीं गई, लेकिन जिस तरह से चालक बस चला रहा था, उस तरीके से तो किसी की जान भी जा सकती थी।

आपसे अनुरोध है कि बस नं. डी.एल. 8970 की संख्या के साथ ही इस पत्र को अपने अखबार में छापें ताकि संबंधित अधिकारी इसे पढ़कर इस पर उचित कार्यवाही कर सकें।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

15 जुलाई, 20××

**16. 'उमर उजाला' के संपादक को पत्र लिखकर 'यमुना सफ़ाई अभियान' में लोगों की भागीदारी की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।**

संपादक महोदय

अमर उजाला

नई दिल्ली

**विषय:** यमुना सफ़ाई अभियान में लोगों की भागीदारी हेतु पत्र।

मान्यवर

मैं भारत देश का एक आम नागरिक हूँ और देश की नदियों के दूषित होने से चिंतित हूँ। इसी कारण आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए पत्र लिख रहा हूँ।

तरफ से सफ़ाई हेतु करोड़ों रुपये भी खर्च किए गए, पर यमुना ज्यों-की-त्यों दूषित बनी हुई है। पिछले दिनों अखबार में पढ़ने को आया कि एक व्यक्ति सुबह चार बजे यमुना किनारे जाता है और वहाँ जितने भी पॉलीथिन व फूल-पत्तियाँ गिरी होती हैं, उन्हें इकट्ठा कर बोरियों में भरकर कूड़े वाले स्थान पर डालता है। उसका यह कार्य सराहना के योग्य तो है ही मानवता की रक्षा हेतु भी उपयुक्त है। यहाँ समस्या केवल कुछ लोगों के कार्य करने की है। यदि हम सभी मिलकर कुछ घंटे सुबह व शाम इस सफ़ाई अभियान को दें तो मुझे लगता है कि इस समस्या का समाधान हम कुछ दिनों में ही कर लेंगे। आवश्यकता है तो केवल एक से एक के मिलने की। कुछेक लोगों की दिन में तैनाती की जाए ताकि लोग पूजा के नाम पर यहाँ सामग्री न फेंक सकें। लेकिन ये सभी कार्य हम आपकी सहायता के बिना नहीं कर सकते।

आपसे अनुरोध है कि आप हमारे इस पत्र को अपने अखबार में छापें ताकि लोग इसे पढ़कर जागरूक हों और हमारे इस स्वच्छता अभियान में मिलजुलकर कार्य करने को तैयार हो जाएँ। यमुना का स्वच्छ होना केवल दिल्लीवासियों के लिए ही नहीं समस्त मानवता की रक्षा के लिए उपयोगी साबित होगा।

धन्यवाद।

भवदीय

क.ख.ग.

4 अगस्त, 20××

## अभ्यास

**निम्नलिखित विषयों पर निर्देशानुसार पत्र लिखिए–**

**1.** अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए वन विभाग के सचिव को पत्र लिखिए।

**2.** पुस्तक विक्रेता या प्रकाशक से वी.पी.पी. द्वारा वसंत भाग-2 और 3 की पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए।

**3.** अपनी रचना प्रकाशित करवाने हेतु 'आज तक' समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**4.** डेंगू की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

**5.** आपके क्षेत्र में कोई भी अस्पताल नहीं है, इसलिए अपने क्षेत्र में एक अस्पताल बनवाने की माँग हेतु अपने क्षेत्र के ज़िलाधिकारी को पत्र लिखिए।

**6.** बिजली के बिल में गड़बड़ी की जानकारी देते हुए बिजली दफ़्तर के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखिए।

**7.** स्वयं को एक व्यापारी मानकर अपने क्षेत्र के सांसद को सीलिंग अभियान बंद करने के प्रयास हेतु एक पत्र लिखिए।

**8.** स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह रवैये के कारण खाद्य-पदार्थों में मिलावट की समस्या गंभीर होती जा रही है। विभाग के निर्देशक के नाम पत्र लिखकर इस समस्या की ओर उनका ध्यान आकर्षित कीजिए।

❑❑❑

# सूचना-लेखन

कम शब्दों में औपचारिक शैली में लिखी गई संक्षिप्त जानकारी सूचना होती है। किसी विशेष सूचना को सार्वजनिक करना सूचना-लेखन कहलाता है। अंग्रेज़ी में इसे Notice Writing कहते हैं।

**सूचना लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए–**

- सूचना की भाषा सरल होनी चाहिए।
- सूचना लंबी नहीं होनी चाहिए।
- सूचना जारी करने वाले का पदनाम लिखा होना चाहिए।
- समय और दिनांक स्पष्ट होने चाहिए।
- स्थान और पता सही लिखा होना चाहिए।

**सूचना-लेखन के प्रमुख बिंदु–**

- संस्था/संगठन का नाम
- सूचना जारी करने का दिनांक
- सरल तथा सुबोध भाषा
- स्पष्ट विषय/शीर्षक
- सूचना का संक्षिप्त तथा संप्रेषणीय कथ्य

**सूचना-लेखन का प्रारूप**

**संस्था/संगठन का नाम**
**सूचना**
विषय/शीर्षक : ..................................................................

दिनांक : ..............................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

सूचना जारी करने वाले का नाम
पदनाम
हस्ताक्षर

## सूचना-लेखन के उदाहरण

**1. अपने विद्यालय के वार्षिक उत्सव में नाटक मंचन हेतु इच्छुक छात्रों को जानकारी देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।**

**विवेकानंद पब्लिक स्कूल**
**सूचना**
**नाटक मंचन का आयोजन**

दिनांक : 20 अगस्त, 20××

विद्यालय के सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय के वार्षिक उत्सव में नाटक मंचन का आयोजन किया जाएगा। जो भी छात्र/छात्रा नाटक में अभिनय करने के इच्छुक हों, वे 10 सितंबर 20×× को अंतिम कालांश में जाकर छात्र सचिव को अपना नाम दर्ज़ करवा दें।

रोहित
छात्र सचिव

**दिनांक 18 अगस्त को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक पानी की कटौती के विषय में सूचित किया गया हो।**

## दिल्ली नगर निगम

**सूचना**

**पानी की कटौती हेतु**

दिनांक : 12 अगस्त, 20××

हरि नगर के सभी निवासियों को दिल्ली नगर निगम की ओर से सूचित किया जा रहा है कि आपकी कॉलोनियों को पानी पहुँचाने वाली मुख्य पाइपलाइन पर कार्य चल रहा है। जिस कारण दिनांक 18 अगस्त को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक पानी की कटौती की जाएगी। आप सभी से सहयोग का अनुरोध है।

राधामोहन
सचिव
दिल्ली नगर निगम

**3. सूचना बनाइए कि विद्यालय में 'आशुभाषण प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए विद्यार्थी को कब, कहाँ और किससे संपर्क करना है।** **( CBSE 2014)**

## क्वींस कॉन्वेंट स्कूल, रोहिणी

**सूचना**

**आशुभाषण प्रतियोगिता**

दिनांक : 15 सितंबर, 20××

कक्षा नवीं से ग्यारहवीं तक की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में 'आशुभाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 सितंबर को स्कूल के सभागार में आयोजित की जाएगी। इच्छुक छात्राएँ शीघ्रातिशीघ्र श्रीमती प्रिया अग्रवाल, हिंदी विभागाध्यक्षा से संपर्क करें।

प्रगति
हेड गर्ल

**4. मोहल्ला समिति के सचिव की ओर से कॉलोनी में आयोजित होने वाले 'दिवाली मेले' की सूचना लिखिए।**

## मोहल्ला समिति

**सूचना**

**दिवाली मेला**

दिनांक : 2 नवंबर, 20××

मोहल्ले के सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि इस बार शहीद पार्क में 8 नवंबर से 10 नवंबर तक 'दिवाली मेले' का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई जाएँगी। जो भी व्यक्ति मेले में दुकान लगाना चाहते हैं, वे 5 नवंबर तक मोहल्ला समिति के सचिव ज्ञानसिंह से संपर्क करें।

ज्ञानसिंह
सचिव
मोहल्ला समिति

है। आठवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

## गुरुनानक पब्लिक स्कूल

**सूचना**

**आपदा प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन**

दिनांक : 31 जुलाई, 20××

आठवीं से लेकर बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि स्थानीय प्रशासन की तरफ़ से दिनांक 6 अगस्त, 20×× से लेकर 7 अगस्त, 20×× तक दो दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के क्रियाकलाप कक्ष में किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मोहित
छात्र सचिव

**6. आप नवजागरण संस्थान में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। व्यक्तिगत कारणों से आपने अपना आवास बदल लिया है। अपने नए आवास का पता देते हुए एक सूचना लिखिए।**

## नवजागरण संस्थान

**सूचना**

**आवास बदलने की सूचना**

दिनांक : 10 दिसंबर, 20××

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना आवास बदल लिया है। अब से डाक संबंधी या अन्य कार्य हेतु इस पते पर संपर्क किया जाए–

म॰नं॰–106, गली नं॰–6
विकासपुरी
पूर्वी दिल्ली

राजकुमार
मैनेजर

**7. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी सोसाइटी की तरफ से तिलक पार्क में ध्वजारोहण कार्यक्रम संबंधी सूचना दें।**

## कल्पतरु सोसाइटी

**सूचना**

**ध्वजारोहण कार्यक्रम हेतु**

दिनांक : 6 अगस्त, 20××

सोसाइटी की तरफ़ से आपको यह सूचित करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सोसाइटी की तरफ़ से ध्वजारोहण का आयोजन तिलक पार्क में प्रातः 8 बजे किया जाएगा। सभी जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएँ।

क. ख. ग.
अध्यक्ष

**प्रधानाचार्य की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए सूचना लिखिए।**

**सागर पब्लिक स्कूल**

**सूचना**

**अतिरिक्त कक्षाओं हेतु**

दिनांक : 22 दिसंबर, 20××

विद्यालय ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शीतकालीन अवकाश में 1 जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की है। ये कक्षाएँ सुबह नौ बजे से एक बजे तक चलेंगी। इन कक्षाओं में बोर्ड आधारित प्रश्नों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

श्रीमती प्रकाश सिंह

प्रधानाचार्या

**9. विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रतिनिधियों की बैठक के लिए समय, स्थान आदि के विवरण सहित सूचना तैयार कीजिए।**

**गंगा इंटरनेशनल स्कूल**

**सूचना**

**स्वच्छता शिविर की बैठक हेतु**

दिनांक : 28 सितंबर, 20××

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने हेतु एक योजनाबद्ध कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रतिनिधियों की बैठक दिनांक 30 सितंबर को प्रात: नौ बजे विद्यालय सभागार में होगी। सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

रवि किशन

सदन संचालक

**10. गुमशुदा लड़की की तलाश हेतु अख़बार में प्रकाशित करने हेतु सूचना तैयार कीजिए।**

**मोहन नगर पुलिस चौकी**

**सूचना**

**गुमशुदा लड़की की तलाश**

दिनांक : 12 मई, 20××

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम मोना है, पुत्री– रवि शंकर, निवासी– मोहन नगर, गाजियाबाद, उम्र– छह साल, कद– तीन फुट, चेहरा– गोल, रंग– गोरा, आँखें– भूरी, बाल– काले, गुलाबी रंग की फ्रॉक और पैरों में सफ़ेद सैंडिल पहने हुए है, जो दिनांक 10 मई, 20×× से मोहन नगर, गाजियाबाद से लापता है। इस गुमशुदा लड़की की कोई सूचना मिलने पर तुरंत निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

मोहन नगर पुलिस चौकी
दूरभाष नं० 9846xxxxxx
ई. मेल. mnp@xxxx.com

कीरत सिंह

थानाध्यक्ष

मोहन नगर, गाजियाबाद

## दिल्ली मेट्रो

**सूचना**

**मेट्रो की सूचना हेतु**

दिनांक : 14 अगस्त, 20××

वैशाली रूट पर जाने वाले सभी यात्रियों को सूचित किया जाता है कि कल 15 अगस्त, 20×× को स्वतंत्रता दिवस के कारण इस रूट पर मेट्रो की आवाजाही बाधित रहेगी। इस असुविधा के लिए हमें खेद है, लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से यह निर्णय लिया गया है। आशा है आप अवश्य सहयोग करेंगे।

बाबूराम
स्टेशन अधीक्षक
वैशाली

**12. विद्यालय में 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। उसकी जानकारी देने हेतु स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना लिखिए।**

## सर्वोदय कन्या विद्यालय

**सूचना**

**रक्तदान शिविर हेतु**

दिनांक : 10 नवंबर, 20××

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 14 नवंबर, 20×× को बाल दिवस के अवसर पर 'रेडक्रॉस' की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। अपने परिवार के सदस्यों को जनकल्याण हेतु जागरूक कर इस शिविर में लाएँ और 'रक्तदान' जैसे महान कार्य में सहयोग करें।

कांता प्रसाद
प्रधानाचार्य

**13. आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी संघ के सचिव की हैसियत से आप एक सूचना तैयार कीजिए।**

## भारत पब्लिक स्कूल

**सूचना**

**पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन**

दिनांक : 18 अप्रैल, 20××

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23 अप्रैल, 20×× को विद्यालय के सभागार में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ भिन्न-भिन्न विषयों की रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी उजागर करने वाली पुस्तकें उपलब्ध होंगी। अत: आप सभी वहाँ आएँ और अपनी ज़रूरत के अनुसार मनपसंद पुस्तकें खरीदें।
अर्नव ठाकुर
छात्र संघ सचिव

हेतु इस महोत्सव की सूचना तैयार कीजिए।

# भारतीय कला भवन

**सूचना**

**अंतर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव**

दिनांक : 20 फरवरी, 20××

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भारतीय कला भवन में दिनांक 22 फरवरी से 24 फरवरी, 20×× तक सायं 6 बजे से 9 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी आदर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| 22 फरवरी, 20×× | भारत की प्रस्तुति |
| 23 फरवरी, 20×× | फ्रांस/जापान की प्रस्तुति |
| 24 फरवरी, 20×× | जर्मनी/रूस की प्रस्तुति |

रामानुज
सचिव
भारतीय कला संस्कृति विभाग

**15. हिंदी विकास परिषद् की ओर से दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसका विवरण देते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।**

# गुलमोहर पब्लिक स्कूल

**सूचना**

**हिंदी गौरव सम्मान**

दिनांक : 31 जुलाई, 20××

दसवीं के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हिंदी विकास परिषद् की ओर से दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हिंदी गौरव सम्मान दिया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने हिंदी विषय में 100 अंक प्राप्त किए हैं, वे अपना नाम और अंक-तालिका हिंदी अध्यापिका श्रीमती कोमल सिंह को दिनांक 3 अगस्त तक जमा करवा दें।

रीता सिंह
हिंदी विभागाध्यक्षा

## अभ्यास

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए–**

**1.** विद्यालय में आयोजित होने वाली कविता प्रतियोगिता की जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**2.** छठ पर्व के अवसर पर शिवनादर स्कूल 12 नवंबर, 20×× को बंद रहेगा। इसकी सूचना प्रधानाचार्य की ओर से तैयार कीजिए।

**3.** आप एक संस्था चलाते हैं, जहाँ गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है। इसका लाभ और भी लोग उठा सकें, इसके लिए इस संस्था की जानकारी अख़बार में प्रकाशित करवाने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**4.** 'बाढ़-पीड़ित सहायता मंच' की ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ एक सूचना तैयार कीजिए।

**5.** सोसायटी में डेंगू बुखार की जानकारी देने हेतु स्वास्थ्य विभाग के सदस्य आ रहे हैं। इसकी सूचना सभी निवासियों को देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**6.** विद्यालय में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**7.** आपको विद्यालय प्रांगण में एक अँगूठी मिली है, उसकी सूचना, सूचनापट्ट पर लिखकर दीजिए।

**8.** सरकार द्वारा योग दिवस पर आपकी कॉलोनी में योग शिविर लगाया जा रहा है। इसकी जानकारी कॉलोनी वालों को देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

❑❑❑

# विज्ञापन-लेखन

विज्ञापन शब्द 'वि+ज्ञापन' दो शब्दों से मिलकर बनता है। 'वि' का अर्थ होता है– विशेष और 'ज्ञापन' का अर्थ होता है– सार्वजनिक सूचना। जिसे सार्वजनिक सूचना को विशेष रूप से बनाया जाए वह विज्ञापन कहलाता है।


विज्ञापन ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करके वस्तु को बेचने का एक माध्यम है। विज्ञापन के जरिए विक्रेता अपने उत्पाद के गुणों की जानकारी देते हुए ग्राहकों को लुभाता है।

**विज्ञापन लिखते समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए–**

- विज्ञापन में स्लोगन का प्रयोग हो।
- यह सुंदर अक्षरों में लिखा हुआ और आकर्षक होना चाहिए।
- आकर्षक बनाने के लिए चित्र का प्रयोग करना चाहिए।
- इसमें उस चीज़ की विशेषताओं एवं महत्व के बारे में बताया गया हो, जिस चीज़ का विज्ञापन हो।
- भाषा सरल व सहज होनी चाहिए।
- स्लोगन याद रखने लायक होने चाहिए।
- विज्ञापन शब्द-सीमा (25-50 शब्दों) के अंतर्गत होनी चाहिए।

**विज्ञापन-लेखन के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–**

▶ **कोचिंग सेंटर के लिए विज्ञापन।**




▶ **चाट वाले की दुकान के लिए विज्ञापन।**



20 नवंबर, 20××

देशहित में मतदान करें

देश में फैल रही विषमताओं को मिटाने में योगदान दीजिए, चुनाव के दिन मतदान कीजिए।

**मतदान एक अधिकार, न जाने दीजिए इसे बेकार**



**मतदान एक समाधान**


सोच-समझकर
देख और जानकर
सही नेता को करें मतदान।

**लोकतंत्र का त्योहार है देश को उपहार है**

चुनाव आयोग, भारत सरकार द्वारा जनहित में जारी

▶ स्वीट बिस्कुट हेतु विज्ञापन।

साथ में खिलौने मुफ़्त




हर स्वाद में उपलब्ध
आज ही ले जाइए।
गेहूँ के आटे से बने, बिना मिलावट वाले।
नज़दीकी स्टोर में उपलब्ध।

**स्वीट बिस्कुट**

स्वाद से भरपूर,
इसका अलग है नूर।

रु. 10 में उपलब्ध

पहाड़ गली के मशहूर बिस्कुट

4 पैक के साथ
1 पैक मुफ़्त

मुँह में जाते ही
घुल जाएँ।

स्वीट बिस्कुट

क्रीम बिस्कुट

संपर्क करें: **स्वीट बिस्कुट, जयपुर**

▶ जल संरक्षण पर विज्ञापन।

जल की
अनेक बूँदें मिलकर
बनाती हैं सागर

स्थिति को समझें,
कदम बढ़ाएँ,
चलो आज से जल बचाएँ।
अपना कल बचाएँ।

# जल है तो जीवन है



**जल का न करो दुरुपयोग**

हो न यह
अमृत बेकार
रखना है हमें
ध्यान।
यह है आने वाली
पीढ़ियों
के लिए उचित
समाधान।

भारत सरकार द्वारा जनहित में जारी

संपर्क करें: 881234××××

ऐसा दंत मंजन जो जादू बिखेरे!

# निहार दंत मंजन

लौंग-चंदन की खुशबू से युक्त

सिर्फ रु. 30 में उपलब्ध

मसूढ़ों का दर्द भगाए




चमकदार दाँत, खिली हुई मुस्कान,
निहार दंत मंजन बढ़ाए चेहरे की शान।

आज ही नज़दीकी स्टोर से लाएँ
और अपने दाँतों को चमकदार बनाएँ।




दाँतों को चमकाए

संपर्क करें: 884215××××

▶ स्वच्छ भारत अभियान पर विज्ञापन।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

"साफ़-सफ़ाई और स्वच्छता राजनीतिक आज़ादी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।"
–महात्मा गांधी

- बनाएँ सुंदर देश
- रहें स्वस्थ
- खुशबू हो वातावरण में
- हो धरती माँ प्रसन्न

स्वच्छतापूर्ण व्यवहार करें,
समस्याओं को दूर करें।

स्वच्छता हमारा एकमात्र धर्म है

स्वच्छता अपनाओ,
देश को सुंदर बनाओ।

- डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया
- गंदी बदबू
- मक्खी-मच्छर
- बदसूरत दृश्य से हों मुक्त

▶ रक्तदान पर विज्ञापन।

रक्तदान

# रक्तदान कैंप

महादान

A + –
B + –
AB + –
O + –




A + –
B + –
AB + –
O + –

**रक्तदान बचाए कई ज़िंदगी**

**आइए गांधी जयंती के महान अवसर पर करें ये महान दान, करें रक्तदान।**


**संपर्क करें:** टावर नं. 2, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 946269××××

# स्वराज पेंसिल

बस चलती जाए

अब लिखो सुंदरता के साथ





मुफ़्त! एवं

रु. 2 में उपलब्ध

सन सना सन साएँ साएँ
स्वराज पेंसिल लाएँ

अलग-अलग रंगों में उपलब्ध।

यदि अपनाएँगे स्वराज, तो करेंगे लिखावट पर नाज़।

अपने नज़दीकी दुकानदार से पाएँ। अपनी लिखावट को सुंदर बनाएँ।।

संपर्क करें : 997150××××

► साड़ी सेल का विज्ञापन

सेल! सेल! सेल!

# मीनल साड़ी स्टोर



रु. 1500 से 4000 तक







70% की छूट

खूबसूरती में चार चाँद लगा दे।

अलग–अलग रंगों और चित्रकारी में उपलब्ध

संपर्क करें : पी.–4/28, बड़ा बाज़ार, कोलकाता, दूरभाष: 366498××××

► एक नृत्य संस्थान के लिए विज्ञापन।



# राधिका नृत्य संस्थान



आइए और अपने हुनर को पहचानकर
अपनी कला को निखारिए।

अनुभवी कलाकारों से सीखें।


भरतनाट्यम्, कुचिपुड़ी, मणिपुरी, कत्थक
आदि सभी प्रकार के नृत्य सीखें।

मंच का अवसर पाएँ।

समय: शाम 5 से 9 बजे
शुल्क: रु. 1200/- प्रति माह

संपर्क करें : गली नं. 6, सेक्टर-6, मीरानगर, लखनऊ। दूरभाष : 634256××××, 642930××××

**है पुरानी कार पर अभी है दमदार!**



• ए.सी. युक्त • नई तकनीक से युक्त • पावर स्टीयरिंग

**उचित दाम पर ले जाएँ।**

**ऑल्टो 800**
**मॉडल 2018**

**संपूर्ण कागज़ात के साथ ले जाएँ हाथोंहाथ**

**अच्छी कंडीशन अच्छा माइलेज़**

**केवल 20,000 किलोमीटर चली है।**

संपर्क करें: **गली नं. 10, मुरादनगर, गाज़ियाबाद।** दूरभाष: 682345××××

► **अपने पुराने मकान को बेचने हेतु विज्ञापन।**

दो मंज़िला मकान बिकाऊ है!

**दो बेडरूम** | **प्रत्येक तल पर एक रसोईघर, एक शौचालय** | **एक ड्राइंगरूम**

**हवादार एवं रोशनी से भरपूर**

**फ्री होल्ड मात्र 25 लाख रुपये में 120 गज में फैला हुआ**



**आधुनिक ढंग से निर्मित**

**• पास में सुपर बाज़ार • अच्छा स्कूल तथा अस्पताल भी पास में**
**• बच्चों के खेलने के लिए पार्क की सुविधा भी उपलब्ध**

संपर्क करें: **गली नं. 6, मालवीय नगर, नई दिल्ली।** दूरभाष: 623478××××

► **खुशबूदार साबुन हेतु विज्ञापन।**

**एलोवेरा व चंदन से बना**

# गुलाब साबुन




**चार के पैक पर एक साबुन फ्री**

**गुलाब की खुशबू से भरा,**
**नहाने के बाद मन रखे हरा-भरा।**

**त्वचा को रखे मुलायम और महकदार, गुलाब साबुन का है ऐसा चमत्कार।**

गुलाब साबुन में इतने गुण समाएँ तो देर कैसी
आएँ आएँ जल्दी आएँ, गुलाब साबुन ले जाएँ।

• अच्छी गुणवत्ता • सबसे सस्ता • घमोरियाँ हटाए • कीटाणु भगाए
• दिनभर ताज़गी दिलाए • सुंदरता में चार चाँद लगाए

संपर्क करें: 987124××××

## सपना गणवेश भंडार

हमारे यहाँ सभी विद्यालयों के गणवेश उपलब्ध हैं।

कम दामों में

**शर्ट, पैंट, स्कर्ट, टाई, मोजे सभी वस्तुएँ**

टिकाऊ एवं मज़बूत

आइए-आइए, कम कीमत में अच्छी ड्रेस पाइए।

**16% की छूट भी**

**हर साइज़ में उपलब्ध**

संपर्क करें: **दुकान नं. 414, करमनगर, जम्मू।** दूरभाष: 987623××××

► **समीर किताब भंडार हेतु विज्ञापन।**

## समीर किताब भंडार

प्रत्येक किताब पर 20% की छूट



- ❑ शैक्षिक
- ❑ नॉवल
- ❑ मैग्ज़ीन
- ❑ बच्चों की किताबें
- ❑ चित्रकला आदि।

**एक दाम की दुकान**

संपर्क करें-दुकान- ए-340, अंसारी नगर, दिल्ली दूरभाष- 011-2439XXXX, 987921XXXX,

### अभ्यास

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-**

1. कनक फर्नीचर हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
2. मोमबत्ती की बिक्री हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।
3. वीणा संगीत कला केंद्र के प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
4. साक्षरता अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु एक विज्ञापन बनाइए।
5. मेडिकल स्टोर हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
6. अमन आइसक्रीम के लिए विज्ञापन बनाइए।
7. ऊनी वस्त्रों की सेल हेतु एक विज्ञापन बनाइए।
8. वरदान मैरिज होम के लिए एक विज्ञापन बनाइए।

❑❑❑

# 5 लघु कथा-लेखन

साहित्य की सभी विधाओं में 'कहानी' का विशेष स्थान है। कहानी सुनना-सुनाना सभी को अच्छा लगता है। बच्चों को तो कहानियाँ बहुत प्रिय होती हैं।

साहित्य की सभी विधाओं में कहानी, सबसे पुरानी विधा है और जनजीवन में सबसे अधिक लोकप्रिय है। कहानी में किसी सत्य अथवा काल्पनिक घटना का इस प्रकार कथन किया जाता है, जिसे श्रोता रुचिपूर्वक सुनता है। इसीलिए कहानी में एक कहानी कहने वाला और एक कहानी सुनने वाला अवश्य होता है।

पहले कहानी का उद्देश्य उपदेश देना और मनोरंजन करना माना जाता था, लेकिन आज इसका लक्ष्य मानव-जीवन की विभिन्न समस्याओं और संवेदनाओं को व्यक्त करना है। यही कारण है कि प्राचीन कथा से आधुनिक हिंदी कहानी बिलकुल भिन्न हो गई है।

जहाँ तक 'लघु-कथा' का प्रश्न है तो यह भी कथात्मक विधा है, पर कहानी से भिन्न है। क्योंकि दोनों के कलेवर में अंतर होता है इसलिए दोनों को एक मानकर नहीं चलना चाहिए। किसी भी कहानी को संक्षिप्त कर देने से लघु-कथा नहीं बन जाती। हाँ, यह सत्य है कि लघु कथा कहानी से सबसे अधिक निकट होती है। इसीलिए अंग्रेज़ी में 'कहानी' को 'Story' कहते हैं तो 'लघु कथा' को 'Short Story'।

'लघु कथा' दिखने में छोटी अवश्य होती है, पर पाठक के मन पर इसका प्रभाव बहुत गहरा पड़ता है। कहानी की तुलना में लघु कथा लिखना अधिक श्रमसाध्य है। लघु कथा के प्रमुख गुण हैं– संक्षिप्तता, सूक्ष्मता और सांकेतिकता। कहानी की तरह लघु कथा में वर्णन और विवरण का अवकाश नहीं होता बल्कि संकेत और व्यंजना से काम चलाया जाता है।

ध्यान रखिए, 'लघु कथा' का महत्व उसकी लघुता में है जो वह कथा को प्रदान करती है। छोटी-छोटी बातों में बड़े अर्थ निकालना उसकी एक ख़ासियत है और अपनी बात संदेश रूप में कम-से-कम शब्दों में पाठक तक पहुँचाना, इसी में उसकी सफलता छुपी होती है। लघु कथा का सौंदर्य उसकी अपनी शैली, बनावट, कसावट, कथ्य और शिल्प में निहित होता है।

## लघु कथा की प्रमुख विशेषताएँ

**कथानक–** जहाँ कहानी के कथानक में घटनाओं का विस्तार होता है वहीं लघु कथा के कथानक में घटनाओं के विस्तार का अभाव होता है। कहानी में जहाँ संघर्ष की तीव्रता होती है वहीं लघु कथा में संघर्ष की तीव्रता नहीं होती है।

**पात्र-योजना–** कहानी की तुलना में लघु कथा में पात्रों की संख्या एक-दो तक ही सीमित होती है। लघु कथा में मानव के अलावा पशु-पक्षी भी हो सकते हैं।

**कल्पना की उड़ान–** लघु कथा में यथार्थ के साथ-साथ काल्पनिक अभिव्यक्ति भी हो सकती है। अर्थात लघु कथा में राजा, रानी, पशु-पक्षी आदि काल्पनिक पात्र भी हो सकते हैं और काल्पनिक घटनाएँ भी।

**शैली–** लघु कथा में लेखक अपनी बात संकेतों के माध्यम से व्यक्त करता है। अत: 'संकेतात्मकता' लघु कथा की शैली का विशिष्ट गुण है। लघु कथा लेखक में किसी बात को संक्षेप रूप में कहने की योग्यता होनी चाहिए। शैली की दृष्टि से लघु कथा किसी गद्य-गीत जैसी सुगठित होती है।

**उपदेशात्मकता–** लघु कथा में कोई-न-कोई उपेदश अवश्य होता है। अत: उपदेशात्मकता भी उसका प्रमुख गुण है।

**संक्षिप्तता–** लघु कथा का सारा कलेवर उसकी लघुता में निहित होता है। अत: कहानी की तरह उसमें विस्तार की गुंजाइश नहीं होती।

**उद्देश्य–** लघु कथा में उसका कोई-न-कोई उद्देश्य अवश्य निहित रहता है। 'लघु कथा' को पढ़ने के बाद यह उद्देश्य पाठक के समक्ष बिजली की कौंध की तरह अभिव्यक्त हो जाता है। इसमें जो उपदेश दिया जाता है वह भी एक तरह का उद्देश्य हो सकता है।

**विद्यार्थियों को लघु कथा-लेखन में दक्ष बनाने के लिए अध्यापकों द्वारा निम्नलिखित विधियाँ अपनाई जा सकती हैं–**

### 1. प्रस्थान बिंदु के आधार पर लघु कथा-लेखन विधि–

**(क) प्रस्थान-बिंदु–**

एक गाँव में एक गरीब लकड़हारा रहता था। वह जंगल से लकड़ियाँ काटकर लाता और उन्हें बेचकर गुजारा करता था। एक दिन वह नदी के किनारे के पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ काट रहा था। अचानक उसके हाथ से कुल्हाड़ी छूटकर नदी में गिर पड़ी, लकड़हारा सोचने लगा कि अब मैं अपना जीवन-निर्वाह कैसे करूँगा? सोचते-सोचते उसकी आँखों में आँसू आ गए, वह कुछ देर तक रोता रहा। इतने में नदी से जल-देवता प्रकट हुए। उन्होंने लकड़हारे से पूछा–"तुम रो क्यों रहे हो?" लकड़हारे ने देवता को सारी बात बताई ......।

एक गाँव में एक गरीब लकड़हारा रहता था। वह जंगल से लकड़ियाँ काटकर लाता और उन्हें बेचकर गुजारा करता था। एक दिन वह नदी के किनारे के पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ काट रहा था। अचानक उसके हाथ से कुल्हाड़ी छूटकर नदी में गिर पड़ी, लकड़हारा सोचने लगा कि अब मैं अपना जीवन-निर्वाह कैसे करूँगा? सोचते-सोचते उसकी आँखों में आँसू आ गए, वह कुछ देर तक रोता रहा। इतने में नदी से जल-देवता प्रकट हुए। उन्होंने लकड़हारे से पूछा—"तुम रो क्यों रहे हो?" लकड़हारे ने देवता को सारी बात बताई।

जल-देवता ने कहा, "तुम रोओ मत। मैं अभी जाकर तुम्हारी कुल्हाड़ी लेकर आता हूँ।" जल-देवता नदी के अंदर गए और सोने की एक कुल्हाड़ी लेकर बाहर आए। उन्होंने इसे लकड़हारे को देते हुए कहा, "यह लो, तुम्हारी कुल्हाड़ी।" लकड़हारा एक ईमानदार व्यक्ति था। उसने कहा कि यह उसकी कुल्हाड़ी नहीं है। तब जल-देवता फिर नदी में गए और एक चाँदी की कुल्हाड़ी लेकर आए। लकड़हारे ने इस कुल्हाड़ी को भी लेने से मना कर दिया। तीसरी बार जल-देवता लोहे की कुल्हाड़ी लेकर आए। कुल्हाड़ी को देखते ही लकड़हारा खुश हो गया। उसने कहा, "यही मेरी कुल्हाड़ी है।" लकड़हारे की ईमानदारी देखकर जल-देवता बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे तीनों कुल्हाड़ियाँ दे दीं। (पंचतंत्र से)

**शीर्षक–** ईमानदार लकड़हारा

**शिक्षा–** पंचतंत्र की यह प्रेरक लघु कथा हमें शिक्षा देती है कि मनुष्य को कभी भी ईमानदारी का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए, ईमानदारी का फल सदा मीठा होता है।

**(ख) प्रस्थान-बिंदु–**

एक बार दो मित्र व्यापार करने के लिए घर से चले। दोनों ने एक-दूसरे को वचन दिया कि किसी भी मुसीबत के समय वे एक-दूसरे की सहायता करेंगे। चलते-चलते वे दोनों एक भयंकर जंगल में जा पहुँचे।

जंगल बहुत विशाल तथा घना था। दोनों मित्र सावधानी से जंगल में से गुजर रहे थे। एकाएक उन्हें सामने से एक भालू आता हुआ दिखाई दिया। भालू को देखकर दोनों मित्र बहुत भयभीत हो गए। भालू को पास आता देखकर एक मित्र तो जल्दी से पेड़ पर चढ़कर पत्तों में छिपकर बैठ गया, दूसरे मित्र को वृक्ष पर चढ़ना ......।

**लघु कथा–**

एक बार दो मित्र व्यापार करने के लिए घर से चले। दोनों ने एक-दूसरे को वचन दिया कि किसी भी मुसीबत के समय वे एक-दूसरे की सहायता करेंगे। चलते-चलते वे दोनों एक भयंकर जंगल में जा पहुँचे।

जंगल बहुत विशाल तथा घना था। दोनों मित्र सावधानी से जंगल में से गुजर रहे थे। एकाएक उन्हें सामने से एक भालू आता हुआ दिखाई दिया। भालू को देखकर दोनों मित्र बहुत भयभीत हो गए। भालू को पास आता देखकर एक मित्र तो जल्दी से पेड़ पर चढ़कर पत्तों में छिपकर बैठ गया, दूसरे मित्र को वृक्ष पर चढ़ना नहीं आता था। वह घबरा गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। उसने कहीं सुना था कि भालू मरे हुए आदमी को नहीं खाता, वह झट से अपनी साँस रोककर ज़मीन पर लेट गया। भालू ने पास आकर उसे सूँघा और मरा हुआ समझकर वहाँ से चला गया। कुछ देर बाद पहला दोस्त पेड़ से नीचे उतरा, उसने दूसरे मित्र से कहा—"उठो दोस्त, भालू चला गया, यह तो बताओ कि उसने तुम्हारे कान में क्या कहा था?" भूमि पर लेटने वाले मित्र ने कहा कि भालू केवल यही कह रहा था कि स्वार्थी मित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

**शीर्षक–** दोस्त की पहचान

**शिक्षा–** असली दोस्त की पहचान मुसीबत के समय ही होती है। मित्र वही है जो विपत्ति के समय काम आए। स्वार्थी मित्र से हमेशा दूर रहो।

**(ग) प्रस्थान-बिंदु–**

एक जंगल में एक शेर रहता था। एक दिन दोपहर को वह एक पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। अचानक एक चूहा उसके ऊपर आकर कूदने लगा। इससे शेर की नींद टूट गई। अपने ऊपर चूहे को देखकर वह बहुत क्रोधित हुआ और गरजकर बोला—"तेरी यह हिम्मत! मैं अभी तुझे जान से मार दूँगा।"

बेचारा चूहा भय से काँपने लगा। उसने शेर से विनती की ......।

**लघु कथा–**

एक जंगल में एक शेर रहता था। एक दिन दोपहर को वह एक पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। अचानक एक चूहा उसके ऊपर

हिम्मत! मैं अभी तुझे जान से मार दूंगा।"

बेचारा चूहा भय से काँपने लगा। उसने शेर से विनती की–"महाराज, मुझे मत मारिए। मुझे छोड़ दीजिए। वैसे तो मैं बहुत छोटा और दुर्बल हूँ, मगर मैं वादा करता हूँ कि आपका एहसान जीवन भर न भूलूँगा। कभी मौका मिला तो आपकी मदद अवश्य करूँगा।" उसकी बात पर शेर हँसते हुए बोला–"तुम जैसा बहुत ही कमज़ोर और छोटा जीव, मेरी क्या मदद करेगा? चलो तुम कह रहे हो तो मैं तुम्हें माफ करता हूँ।" यह कहकर शेर ने चूहे को छोड़ दिया।

एक दिन की बात है, किसी शिकारी ने जंगल में जाल बिछा रखा था। शेर शिकार की तलाश में जंगल में भटक रहा था कि शिकारी के जाल में फँस गया। घबराकर वह दहाड़ने लगा। मगर जाल बहुत मज़बूत था। बेचारे शेर की एक न चली। जाल तोड़कर बाहर निकलना उसके लिए संभव नहीं था। चूहे ने दूर से शेर की दहाड़ सुनी तो वह भागकर शेर के पास पहुँचा और उसने देखते-ही-देखते उस जाल को कुतर दिया। जाल के कटते ही शेर उससे आज़ाद हो गया। जाल से बाहर आकर शेर ने चूहे का आभार व्यक्त किया और उसे धन्यवाद दिया। फिर वे दोनों शिकारी के आने से पहले वहाँ से चले गए।

**शीर्षक–** शेर और चूहा

**शिक्षा–** कभी किसी भी जीव को छोटा और कमज़ोर नहीं समझना चाहिए। हर प्राणी की कोई-न-कोई उपयोगिता होती है।

## 2. संकेत बिंदु के आधार पर लघु कथा-लेखन विधि–

### (क) संकेत-बिंदु–

• नदी के किनारे एक जामुन के पेड़ पर एक बंदर • नदी में रहने वाले मगरमच्छ से उसकी मित्रता होना • मगरमच्छ को खाने के लिए जामुन देते रहना • एक दिन मगरमच्छ द्वारा कुछ जामुन अपनी पत्नी को खिलाना • पत्नी का सोचना कि स्वादिष्ट जामुन खाने वाले बंदर का कलेजा मीठा होना • अपने पति से बंदर का दिल लाने की ज़िद करना • मगरमच्छ द्वारा बंदर को भोजन पर निमंत्रित करना • अपनी पीठ पर बंदर को बैठाकर ले चलना • नदी के बीचोंबीच पहुँचकर भेद खोलना • बंदर द्वारा धैर्य न खोना • पेड़ की खोखल में दिल को सँभालकर रखने की कहानी बताना • दिल लाने हेतु वापस चलने के लिए कहना • मगरमच्छ द्वारा बंदर को वापस लाना • बंदर का उछलकर पेड़ पर वापस पहुँचना • मगरमच्छ से दोस्ती समाप्त करना।

**लघु कथा–**

एक नदी के किनारे एक जामुन के पेड़ पर एक बंदर रहता था। उसकी मित्रता उसी नदी में रहने वाले मगरमच्छ से हो गई थी। बंदर रोज़ पेड़ से तोड़कर मीठे-मीठे जामुन खाता था और मगरमच्छ को भी खाने के लिए देते रहता था। एक दिन उस मगरमच्छ ने कुछ जामुन लेकर अपनी पत्नी को भी खिलाए। स्वादिष्ट जामुन खाने के बाद उसकी पत्नी ने सोचा–'जब जामुन इतने स्वादिष्ट हैं तो इन जामुनों के खाने वाले बंदर का दिल कितना मीठा होगा'। उसके दिल में बंदर का कलेजा खाने की इच्छा पैदा हुई और अपने पति से उस बंदर का दिल लाने की ज़िद की।

मगरमच्छ ने उसे बहुत समझाया पर वह न मानी। पत्नी के हाथों मजबूर हुए मगरमच्छ ने बंदर से जाकर कहा कि उसकी भाभी उससे मिलना चाहती है। उसने उसको भोजन पर बुलाया है। बंदर ने कहा कि वह पानी में कैसे जा सकता है तो मगरमच्छ ने कहा कि वह उसे अपनी पीठ पर बैठाकर ले चलेगा। अपने मित्र की बात का भरोसा कर, बंदर पेड़ से नदी में कूदा और उसकी पीठ पर सवार हो गया। जब वे नदी के बीचोंबीच पहुँचे तब मगरमच्छ ने भेद खोलते हुए कहा कि उसकी पत्नी उसका दिल खाना चाहती है इसलिए वह उसको अपने साथ ले जा रहा है।

मगरमच्छ की बात सुनकर बंदर को बहुत धक्का लगा, लेकिन उसने अपना धैर्य नहीं खोया और बोला–"ओह, तुमने यह बात मुझे पहले क्यों नहीं बताई थी क्योंकि, मैंने तो अपना दिल जामुन के पेड़ की खोखल में सँभालकर रखा हुआ है। पहले ही बता देते तो मैं अपनी भाभी के लिए वहीं निकालकर दिल दे देता। अब जल्दी से मुझे वापस नदी के किनारे ले चलो ताकि मैं अपना दिल लाकर अपनी भाभी को उपहार में देकर; उसे खुश कर सकूँ।" मूर्ख मगरमच्छ बंदर को जैसे ही नदी किनारे लेकर आया, बंदर ने जल्दी से जामुन के पेड़ पर छलाँग लगाई और क्रोध में भरकर भोला–"अरे मूर्ख, दिल के बिना भी क्या कोई ज़िंदा रह सकता है? तूने मित्रता में धोखा किया है। जा, आज से तेरी-मेरी दोस्ती समाप्त।"

**शीर्षक–** बंदर और मगरमच्छ

**शिक्षा–** मुसीबत के क्षणों में कभी भी धैर्य नहीं खोना चाहिए तथा मित्रता का सदैव सम्मान करना चाहिए।

**(क) शीर्षक– अभ्यास की शक्ति**

**लघु कथा–**

प्राचीन भारत में एक बालक था। वह पढ़ाई-लिखाई में बहुत कमज़ोर था। जब वह पाँच वर्ष का था, तभी वह गुरुकुल शिक्षा के लिए आ गया। दस वर्ष बीत जाने के बाद भी वह आगे नहीं बढ़ पाया। सभी साथी उसका मज़ाक उड़ाते हुए उसे वरदराज, (बैलों का राजा) कहा करते थे। एक दिन गुरु जी ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, "बेटा वरदराज" तुम किसी और काम में ज्यादा सक्षम हो सकते हो, इसलिए अपना समय नष्ट मत करो और घर जाओ। कुछ और काम करो।" गुरु जी की बात से वरदराज को बहुत ही दुख पहुँचा। उसने विद्या विहीन होने से जीवन को खत्म करना बेहतर समझा। यह गुरुकुल से चला गया और आत्महत्या करने का उपाय सोचने लगा। रास्ते में उसे एक कुआँ दिखाई दिया। वहाँ महिलाएँ रस्सी से पानी निकाल रही थीं। वह वहीं बैठ गया। तब उसने देखा कि रस्सी के आने-जाने के कारण पत्थर पर निशान पड़ गए हैं। वरदराज ने सोचा कि जब इतना कठोर पत्थर, कोमल रस्सी के बार-बार रगड़ने से घिस सकता है, तो परिश्रम करने से मुझे विद्या क्यों नहीं प्राप्त हो सकती?

उसने आत्महत्या का विचार त्याग दिया और गुरुदेव के पास लौट आया। उसने गुरुदेव से कुछ दिन और रखकर शिक्षा देने की प्रार्थना की। सरल हृदय से गुरुदेव राजी हो गए। अब वरदराज ने मन लगाकर अध्ययन करना आरंभ किया। उसमें ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा इतनी प्रबल हो गई थी कि उसे न अपने खाने-पीने का ध्यान रहता और न ही समय का।

यही वरदराज आगे चलकर संस्कृत के महान विद्वान बनें। लोगों को संस्कृत आसानी से समझ में आए इस बात को ध्यान में रखकर उन्होंने 'लघु सिद्धांत कौमुदी' की रचना की, जो संस्कृत का महान ग्रंथ है। यह ग्रंथ पाणिनी के व्याकरण का संक्षिप्त सार है। वरदराज की कहानी से निम्नलिखित लोकोक्ति प्रचलित हो गई जो कहानी की शिक्षा को चरितार्थ करती है–

करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

रसरी आवत-जात ते, सिल पर परत निसान।।

**शिक्षा–** अभ्यास सफलता का मूलमंत्र है।

**(ख) शीर्षक– जैसे को तैसा**

**लघु कथा–**

एक गाँव में जीर्णधन नामक गरीब लड़का रहता था। धन कमाने की दृष्टि से उसने परदेश जाने का विचार किया। उसके पास कोई धन-दौलत तो थी नहीं, केवल एक बहुत भारी लोहे की तराजू थी। उस तराजू को गाँव के महाजन के पास धरोहर के रूप में रखकर वह परदेश चला गया। परदेश से आने के बाद उसने महाजन से अपनी धरोहर वापस माँगी। महाजन ने कहा, "उस तराजू को तो चूहे खा गए।"

लड़का समझ गया कि महाजन उसकी तराजू देना नहीं चाहता, लेकिन वह कुछ कर भी तो नहीं सकता था। उसने महाजन से कहा, "कोई बात नहीं इसमें आपकी कोई गलती नहीं है। सब चूहों का दोष है।" यह कहकर वह बिना कुछ कहे अपने घर चला गया। अगले दिन वह महाजन के पास जाकर बोला, "सेठ जी! मैं नदी पर स्नान करने के लिए जा रहा हूँ। आप अपने पुत्र को मेरे साथ भेजना चाहें तो भेज सकते हैं। वह भी नदी में स्नान कर लेगा।" महाजन लड़के की सज्जनता से बहुत प्रभावित था, इसलिए उसने अपने पुत्र को उसके साथ स्नान के लिए भेज दिया। जीर्णधन ने महाजन के पुत्र को वहाँ से कुछ दूर ले जाकर एक गुफा में छुपा दिया और फिर महाजन के पास पहुँचा। महाजन ने पूछा–"मेरा बेटा भी तो तुम्हारे साथ स्नान के लिए गया था, वह कहाँ है?"

जीर्णधन ने कहा, "उसे तो चील उठा ले गई।"

महाजन–"यह कैसे हो सकता है? कभी चील भी इतने बड़े बच्चे को उठाकर ले जा सकती है?"

जीर्णधन–"यदि चूहे लोहे की तराजू को खा सकते हैं तो चील भी बच्चे को उठाकर ले जा सकती है।" महाजन को अपनी भूल का अहसास हो चुका था, उसने जीर्णधन से माफी माँगते हुए तराजू वापस कर दी। तराजू मिल जाने पर उसने महाजन के बेटे को भी गुफा से लाकर लौटा दिया।

**शिक्षा–** जो जैसा करता है उसके साथ वैसा ही करना चाहिए। (पंचतंत्र से)

**(क) शिक्षा– केवल बुद्धिमान को सीख दो, मूढ़ को नहीं**

**लघु कथा–**

एक जंगल के एक घने वृक्ष पर गौरैया का एक जोड़ा रहता था। उन्होंने अपना घोंसला उस वृक्ष की घनी डाली पर बना रखा था। वे दोनों अपने घोंसले में बड़े सुख से रहते थे।

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया था। एक दिन सुबह ठंडी हवा चल रही थी और साथ में बूँदा-बाँदी भी शुरू हो गई थी। उस समय एक बंदर ठिठुरता हुआ उस वृक्ष की शाखा पर आ बैठा। ठंड की वज़ह से उसका सारा शरीर काँप रहा था और उसके दाँत कटकटा रहे थे। उसे देखकर गौरैया ने कहा, "अरे! तुम कौन हो? देखने में तो तुम्हारा चेहरा आदमियों जैसा लगता है। तुम्हारे तो हाथ-पैर भी हैं। फिर भी तुम यहाँ बैठे हो, अपना घर बनाकर क्यों नहीं रहते?"

यह सुनकर बंदर गुस्से में बोला, "तू चूप रह और अपना काम कर। मेरा उपहास क्यों कर रही है?"

गौरैया ने कहा, "अगर तुमने भी अपना घर बनाया होता तो आज इस तरह मारे-मारे न फिर रहे होते। देखो, तुम्हारा पूरा शरीर गीला हो चुका है और सारा बदन भी ठंड से काँप रहा है।" इस तरह से गौरैया बंदर को ताने देते हुए कुछ-न-कुछ कहती रही।

गौरैया की बातों से बंदर बुरी तरह झल्ला गया। क्रोध में आकर बोला, "तू कौन होती है मुझे उपदेश और सीख देने वाली। तू अपने जिस घर को लेकर इतरा रही है मैं उसे ही नष्ट कर देता हूँ।" यह कहकर बंदर ने बेचारी गौरैया के घोंसले को तोड़-फोड़ दिया।

इसीलिए कहा गया है कि बुद्धिमान् को दी गई शिक्षा ही फलदायक होती है, मूर्ख को दी हुई शिक्षा का परिणाम कई बार विपरीत भी हो सकता है। (पंचतंत्र से)

**शीर्षक–** गौरैया और बंदर

**(ख) शिक्षा– बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय।**

**लघु कथा–**

देववर्मा नामक एक ब्राह्मण था। उसके घर जिस दिन पुत्र का जन्म हुआ, उसी दिन उसके घर में रहने वाली नकुली ने भी एक नेवले को जन्म दिया। देववर्मा की पत्नी बहुत दयालु स्वभाव की स्त्री थी। उसने उस नवजात नेवले को भी अपने पुत्र के समान ही पाल-पोसकर बड़ा किया।

वह नेवला सदा उसके पुत्र के साथ खेलता था। दोनों में बड़ा प्रेम था। देववर्मा की पत्नी भी दोनों के प्रेम को देखकर प्रसन्न रहती थी। किंतु, कभी-कभी उसके मन में यह शंका भी उठती रहती थी कि कभी यह नेवला उसके पुत्र को काट न खाए क्योंकि नेवला एक पशु ही तो था।

एक दिन देववर्मा की पत्नी अपने पुत्र को सुलाकर पास के तालाब से पानी भरने गई। जाते समय उसने अपने पति से कहा कि वह बच्चे का ध्यान रखे। कहीं ऐसा न हो कि नेवला उसे काट खाए। पत्नी के जाने के बाद देववर्मा थोड़ी देर तक तो बच्चे के पास बैठा रहा, पर थोड़ी देर बाद भिक्षा के लिए बाहर निकल गया। उसके जाने के बाद वहाँ एक काला नाग कहीं से आ गया। नेवले ने उसे देख लिया। उसे लगा कि कहीं यह नाग उसके मित्र को न डस ले, इसलिए वह उस नाग पर टूट पड़ा और स्वयं बहुत क्षत-विक्षत होते हुए भी उसने नाग के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। नाग को मारने के बाद वह उसी दिशा में चल पड़ा, जिधर देववर्मा की पत्नी गई थी। उसने सोचा कि वह उसकी इस बहादुरी की प्रशंसा करेगी, किंतु हुआ इसके विपरीत।

नेवले के मुँह पर लगे खून को देखकर देववर्मा की पत्नी को लगा कि इस नेवले ने उसके पुत्र को मार दिया है। यह विचार आते ही वह क्रोध से भर गई और अपने सिर पर रखे घड़े को नेवले पर फेंक दिया। छोटा-सा नेवला जल से भरे घड़े की चोट से वहीं मर गया। ब्राह्मण-पत्नी जब घर पहुँची तो उसने देखा कि उसका पुत्र बड़े आराम से सो रहा है और उससे कुछ दूरी पर एक काले नाग का शरीर टुकड़े-टुकड़े हुआ पड़ा है। तब उसे अपनी ग़लती का अहसास हुआ। जिस नेवले ने नाग से उसके पुत्र की जान बचाई थी, उसने उसी बेचारे की जान ले ली। जब उसका पति घर वापस आया तो उसने उसको रोते-रोते सारी घटना बताई। नेवले की मृत्यु से उसका मन बहुत आहत था। देववर्मा ने उससे यही कहा कि बिना विचारे जो काम किया जाता है उसका ऐसा ही परिणाम होता है। अत: हर काम सोच-समझकर ही करना चाहिए। (पंचतंत्र से)

**शीर्षक–** ब्राह्मणी और नेवला

**(क) शीर्षक– बगुला भगत और केकड़ा**

**शिक्षा–** बिना सोचे-समझे किसी पर आँख बंद करके विश्वास नहीं करना चाहिए।

**लघु कथा–**

एक जंगल में एक बहुत बड़ा तालाब था। इसमें नाना प्रकार के जीव, पक्षी, मछलियाँ, कछुए और केकड़े आदि रहते थे। वहीं एक बगुला भी रहता था, जिसे परिश्रम करना बिलकुल अच्छा नहीं लगता था। हमेशा यही उपाय सोचता रहता था कि कैसे बिना हाथ-पैर हिलाए रोज भोजन मिल जाया करे। एक दिन उसे एक उपाय सूझ ही गया। वह तालाब के किनारे खड़े होकर नकली आँसू बहाने लगा। एक केकड़े ने उसे आँसू बहाते देखा तो कारण पूछा। बगुला बोला, "बेटे, बहुत कर लिया मछलियों का शिकार। अब मैं यह पाप-कर्म और नहीं करना चाहता। मेरी आत्मा जाग उठी है। केकड़ा बोला, "मामा, शिकार नहीं करोगे, कुछ खाओगे नहीं तो ज़िंदा कैसे रहोगे?" बगुले ने लंबी साँस ली और बोला, "वैसे भी हम सबको जल्दी मरना ही है। मुझे पता चला है कि शीघ्र ही यहाँ बारह वर्ष का लंबा सूखा पड़ेगा और उसमें कोई नहीं बचेगा। यह बात मुझे एक त्रिकालदर्शी महात्मा ने बताई है। महात्माओं की भविष्यवाणी कभी ग़लत नहीं होती।" केकड़े ने जाकर सबको बताया कि कैसे बगुले ने अहिंसा का मार्ग अपना लिया है और सूखा पड़ने वाला है। यह सुनते ही उस तालाब के सारे जीव दौड़े-दौड़े बगुले के पास आए और बोले–"भगत मामा, अब तुम्हीं हमें बचाव का कोई रास्ता बताओ।"

बगुला बोला, "यहाँ से थोड़ी दूर पर एक जलाशय है, जिसमें पहाड़ी झरना बहकर गिरता है। वह कभी नहीं सूखता। यदि तुम सब लोग वहाँ चले जाओ तो बचाव हो सकता है।" "पर हम लोग वहाँ जाएँगे कैसे?" सभी जीवों ने पूछा। तब बगुला बोला, "तुम लोग चिंता मत करो। मैं तुम्हें एक-एक करके अपनी पीठ पर बिठाकर वहाँ तक ले जाऊँगा क्योंकि मैं तो अपना शेष जीवन दूसरों की सेवा में बिताना चाहता हूँ।" सभी जीव खुश हो गए और बगुला भगत की जय-जयकार करने लगे। अब बगुला रोज़ एक जीव को अपनी पीठ पर बिठाकर ले जाता और कुछ दूर ले जाकर एक चट्टान के पास जाकर उसे मारकर खा जाता। धीरे-धीरे चट्टान के पास मरे हुए जीवों की हड्डियों का ढेर बढ़ने लगा और बगुले की सेहत बनने लगी। वह खा-खाकर खूब मोटा हो गया। बहुत दिनों तक ऐसा ही चलता रहा। एक दिन केकड़े ने बगुले से कहा–"मामा, तुमने इतने सारे जानवर उस तालाब तक पहुँचा दिए, लेकिन मेरी बारी अभी तक नहीं आई।"

बगुले–"बेटा, आज तेरी ही बारी है, आ जा मेरी पीठ पर बैठ जा।"

केकड़ा खुश होकर बगुले की पीठ पर बैठ गया। जब वह चट्टान के निकट पहुँचा तो ऊपर से हड्डियों का ढेर देखकर केकड़े का माथा ठनका। उसे सारी बात समझते देर न लगी। वह सिहर उठा परंतु उसने हिम्मत नहीं हारी और तुरंत अपने नुकीले पंजों से दुष्ट बगुले की गर्दन दबा दी और तब तक दबाए रखी, जब तक उसके प्राण न निकल गए। फिर केकड़ा बगुले का कटा सिर लेकर तालाब पर लौटा और सारे जीवों को सच्चाई बताई कि कैसे दुष्ट बगुला उन्हें धोखा देता रहा था।

इस तरह इस लघु कथा से यही शिक्षा मिलती है कि बिना सोचे-समझे किसी पर आँखें बंद करके विश्वास नहीं करना चाहिए।

(पंचतंत्र से)

**(ख) शीर्षक– मूर्ख बातूनी कछुआ**

**शिक्षा–** जो अपनी वाचालता पर नियंत्रण नहीं रख पाता है, उसका परिणाम बुरा होता है।

**लघु कथा–**

किसी तालाब में कुंबुग्रीव नामक एक कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे संकट और विकट नामक दो हंस भी रहते थे। इन दोनों से कछुए की गहरी दोस्ती थी। कछुआ बहुत बातूनी था। उसे बातें करने में बहुत मज़ा आता था। वह हर रोज़ पानी से निकलकर तालाब के किनारे आ जाता था और दोनों हंसों के साथ बातें करता था। एक वर्ष उस प्रदेश में सूखा पड़ा। ज़रा भी बारिश नहीं हुई, जिसके कारण धीरे-धीरे वह तालाब भी सूखने लगा। हंसों को अपनी चिंता न थी। वे तो उड़कर कहीं और भी जा सकते थे, पर वे अपने दोस्त कछुए को लेकर चिंतित थे। जब उन्होंने अपनी चिंता के बारे में कछुए को बताया तो वह बोला, "भाई, चिंता करने से क्या होगा। तुम लोग उड़कर किसी ऐसे तालाब की खोज करो जो पानी से लबालब भरा हो।" कछुए की बात सुनकर संकट नामक हंस ने कहा, "तालाब मिल भी गया तो तुम वहाँ कैसे जाओगे?" कछुआ बोला, "तुम लोग मुझे किसी लकड़ी के टुकड़े से लटकाकर ले चलना।" कछुए की बात दोनों को भी उचित लगी।

कछुए ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह किसी भी हालत में अपना मुँह नहीं खोलेगा।

कछुए ने लकड़ी के टुकड़े को अपने दाँतों से कसकर पकड़ लिया और फिर दोनों हंस उसे लेकर उड़ चले। रास्ते में नगर के लोगों ने जब देखा कि एक कछुआ आकाश में उड़ा जा रहा है तो वे आश्चर्य से चिल्लाने लगे। लोगों को चिल्लाते हुए देखकर कछुए से रहा नहीं गया। वह अपना वादा भूल गया। उसने कुछ कहने के लिए जैसे ही अपना मुँह खोला कि आकाश से सीधा ज़मीन पर आकर गिरा और चोट अधिक लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

लघु कथा इस शिक्षा को चरितार्थ करती है कि व्यक्ति को अपनी वाचालता पर नियंत्रण रखना चाहिए। जो ऐसा नहीं करता तो उसका बुरा होता है। (पंचतंत्र से)

## अभ्यास-कार्य

**1. दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लघु कथा लिखिए और उसका उचित शीर्षक तथा उससे मिलने वाली शिक्षा भी लिखिए।**

**(क) संकेत-बिंदु–**

• किसी गाँव के मंदिर में एक साधु • गाँव के लोगों से उसे दान में तरह-तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य-सामग्री और पैसे मिलना • उनको बेचकर काफी धन जमा कर लेना • साधु का किसी पर विश्वास न होना • अपने धन को एक पोटली में रखना • पोटली सदा अपने साथ रखना • उसी गाँव में एक ठग का आना • उसकी नज़र साधु के धन पर होना • शिष्य के वेश में ठग का साधु के पास आना • शिष्य बनाने की प्रार्थना करना • साधु का मान जाना • ठग का भी साधु के साथ रहना • मंदिर की साफ़-सफ़ाई आदि सभी कार्य करना • साधु का विश्वासपात्र बन जाना • एक दिन साधु के साथ पास के गाँव के मुखिया के घर पर जाना • रास्ते में नदी पर साधु का स्नान करने जाना • ठग का गठरी लेकर चंपत हो जाना।

**(ख) संकेत-बिंदु–**

• एक दिन एक सियार का किसी गाँव से गुज़रना • गाँव के बाज़ार के पास लोगों को देखना • वहाँ दो तगड़े बकरों की आपस में लड़ाई होना • सभी लोगों का ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना और तालियाँ बजाना • दोनों बकरों का बुरी तरह से लहूलुहान होना और सड़क पर खून बहाना • इतना सारा ताज़ा खून देखकर अपने-आप को न रोक पाना • खून का स्वाद लेने के लिए बकरों पर टूट पड़ना • सियार को देखकर बकरों के द्वारा अपनी शत्रुता भूल जाना • मिलकर सियार पर हमला बोल देना • सियार को वहीं मार देना।

**(ग) संकेत-बिंदु–**

• हिमालय की एक कंदरा में एक बलिष्ठ शेर का रहना • एक दिन एक भैंसे का शिकार कर अपनी गुफ़ा में लौटना • रास्ते में एक मरियल-सा सियार का मिलना • सियार द्वारा शेर को दंडवत प्रणाम करना • शेर द्वारा ऐसा करने का कारण पूछना • शेर से अपनी शरण में लेने की प्रार्थना करना • शेर की सेवा करने का आश्वासन देना • शेर का उसकी बात मान लेना • कुछ ही दिनों में शेर द्वारा छोड़े शिकार को खा-खाकर बहुत मोटा हो जाना • एक दिन शेर से अपने शक्तिशाली होने का दंभ भरना • हाथी का शिकार करने की बात कहना • शेर द्वारा समझाना • घमंड के कारण न मानना • पहाड़ की चोटी से हाथियों के झुंड को देखना • शेर की तरह गर्जना करते हुए एक बड़े हाथी के ऊपर कूद पड़ना किंतु हाथी के सिर के ऊपर गिरते हुए उसके पैरों पर जा गिरना • हाथी का अपनी मस्तानी चाल से चलते हुए उसके सिर पर पैर रखकर बढ़ जाना • सियार का सिर चकनाचूर हो जाना • प्राण पखेरू उड़ जाना।

**(घ) संकेत-बिंदु–**

• जंगल के एक बड़े वट-वृक्ष की खोल में बहुत से बगुलों का रहना • उसी वृक्ष की जड़ में एक साँप का रहना • चुपचाप बगुलों के बच्चों को खा जाना • एक बगुले का बहुत दुखी होकर नदी किनारे जाकर बैठना • आँखों के आँसू देखकर एक केकड़े द्वारा रोने का कारण पूछना • पूरी घटना बताना और उपाय पूछना • केकड़े का ऐसा उपाय बताना, जिससे साँप के साथ-साथ बगुलों का भी नाश हो जाना क्योंकि बगुले उसके जन्मजात शत्रु • नेवले के बिल से शुरू करके साँप के बिल तक मांस के टुकड़े बिखरने की सलाह देना •बगुले का ऐसा ही करना • नेवले द्वारा साँप के साथ-साथ उस वृक्ष पर रहने वाले सभी बगुलों को भी खा जाना • बगुले द्वारा उपाय के बारे में सोचना पर दुष्परिणाम के बारे में न सोचना • अपनी मूर्खता का फल पाना।

• एक जंगल में विशाल वृक्ष के तने के खोल में कपिंजन नामक तीतर का रहना • एक दिन अपने साथियों के साथ दूर धान के खेत में नई-नई कोंपलें खाने चले जाना • रात को उस वृक्ष की खोल में एक खरगोश का आकर रहने लगना • कुछ दिन बाद तीतर का लौटना • खरगोश को अपनी जगह खाली करने को कहना • खरगोश द्वारा न निकलना • खरगोश के द्वारा तर्क देना कि घर में रहने वाले का घर पर अधिकार होना • झगड़ा बढ़ जाना • तीतर का किसी अन्य से फैसला करवाने की बात कहना • एक बिल्ली का यह सब सुनना • दोनों को खा जाने के इरादे से पंच बनने की बात सोचना • हाथ में माला लेकर सूर्य की ओर मुख करके नदी के किनारे कुशासन बिछाकर आँखें बंद कर बैठ जाना और धर्म का उपदेश देना • दोनों का पाखंडी बिल्ली से समझौता कराने की बात कहना • जिसका पक्ष धर्म-विरुद्ध हो उसे खा लेने की बात बिल्ली द्वारा कहना • दोनों के द्वारा बिल्ली का प्रस्ताव स्वीकार कर लेना • पास आकार समस्या बताने की बात दोनों से कहना • झपट्टा मारकर दोनों को एक साथ ही पंजों में दबोच लेना।

**2. निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर लघु कथा और उससे मिलने वाली शिक्षा को लिखिए।**

**(क) शीर्षक–** एकता में बल

**(ख) शीर्षक–** लालच बुरी बला है

**3. शीर्षक देते हुए ऐसी लघु कथाएँ लिखिए, जिनसे निम्नलिखित शिक्षाएँ मिलती हों।**

**(क) शिक्षा–** घोर संकट की परिस्थितियों में भी हमें सूझ-बूझ और चतुराई से काम लेना चाहिए और आखिरी दम तक प्रयास करते रहना चाहिए।

**(ख) शिक्षा–** भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो कर्म में विश्वास रखते हैं जबकि भाग्य के भरोसे हाथ-पर-हाथ बैठे रहने वाले का विनाश होता है।

**(ग) शिक्षा–** मूर्ख मित्र की अपेक्षा विद्वान शत्रु ज्यादा अच्छा होता है।

**(घ) शिक्षा–** किसी झूठ को बार-बार बोलने से वह सच की तरह लगने लगता है। अत: दिमाग से काम लें और अपने-आप पर विश्वास करें।

**4. निम्नलिखित शीर्षकों एवं शिक्षाओं के आधार पर लघु कथाएँ लिखिए।**

**(क) शीर्षक–** कुमार्ग

**शिक्षा–** अपने हित के लिए गलत कर्मों का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए।

**(ख) शीर्षक–** ले डूबती है आपस की शत्रुता

**शिक्षा–** अपनों से बदला लेने के लिए जो शत्रु का साथ लेता है, उसका अंत निश्चित है।

**5. निम्नलिखित प्रस्थान बिंदुओं के आधार पर लघु कथाएँ लिखिए।**

**(क)** किसी नगर में एक व्यापारी रहता था। वह टोपियाँ बेचकर अपना तथा अपने परिवार का गुज़ारा करता था। एक दिन वह पास के नगर में टोपी बेचने निकला। गरमी का मौसम था। सूरज आग उगल रहा था। वह लगातार चलते रहने तथा धूप के कारण थक गया था। उसने सोचा कि थोड़ी देर विश्राम कर लिया जाए। उसने टोपियों से भरी टोकरी एक तरफ़ रख दी और थोड़ी ही देर में उसे नींद आ गई। पास ही के एक पेड़ पर कुछ बंदरों का बसेरा था ····

**(ख)** एक धोबी था। उसके पास एक कमज़ोर-सा गधा था। वह गधे से बहुत काम करवाता था। गधा रोज़ सुबह मैले कपड़े लादकर घाट पर ले जाता था। शाम को धुले हुए कपड़े लादकर घर लाता था। उसे खाने के लिए रूखा-सूखा ही मिलता था। वह रात को घूमने के लिए निकलता था। एक रात गधे को गीदड़ मिला। दोनों में मित्रता हो गई। वे दोनों हर रात मक्का के खेत में जाते और दावत उड़ाते। ····

❑❑❑

**निर्धारित समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 40**

*सामान्य निर्देश :*

(क) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं–खंड 'क' और खंड 'ख'।

(ख) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न पूछे गए हैं। तीनों प्रश्नों में कुल 8 उपप्रश्न दिए गए हैं इनमें से 5 के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं तथा इन सभी में कुल 13 उपप्रश्न दिए गए हैं। इनमें से निर्देशानुसार 7 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खंड-'क' (पाठ्यपुस्तक तथा पूरक पाठ्यपुस्तक)

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **[2 × 2 = 4]**

(क) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है?

(ख) सुमित्रानंदन पंत जी कल्पना के सुकुमार कवि है–स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'टी-सेरेमनी' में कितने आदमियों को प्रवेश दिया जाता था और क्यों?

**उत्तर** (क) मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अत: संपूर्ण मनुष्य जाति का जीवन सहकारिता की भावना पर आधारित होता है। इसके लिए परस्पर मेल-जोल का होना तथा आपसी भिन्नता या कटुता का समाप्त होना आवश्यक है। साथ-साथ संगठन से ही किसी समाज का या राष्ट्र का विकास संभव है, इसीलिए कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा दी है।

(ख) सुमित्रानंदन पंत जी को कल्पना का सुकुमार कवि इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपनी कविताओं में प्राय: प्रकृति का मानवीकरण किया है; जैसे–कवि का किरणों से बात करना, अपने पैरों के पास स्थित ताल रूपी दर्पण में अपना रूप निहारना, झरनों द्वारा पर्वत का गुणगान करना, पेड़ों का अनिमेष आकाश की ओर देखना, बादलों का पंख फड़फड़ाना तथा इंद्र द्वारा बादल रूपी यान पर बैठकर जादुई खेल दिखाना आदि। इस मानवीकरण द्वार कवि की कल्पना की सुकुमारता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

(ग) 'टी-सेरेमनी' में केवल तीन आदमियों को प्रवेश दिया जाता था। क्योंकि एक तो यह स्थान बहुत छोटा होता था दूसरा इस सेरेमनी का उद्देश्य था–शांतिमय वातावरण। दौड़-धूप भरे जीवन से हटकर भूत और भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान पल को शांति से बिताना ही 'टी-सेरेमनी' का उद्देश्य होता था। अधिक आदमियों के आने से शांति के स्थान पर अशांति का माहौल बन जाता था, इसलिए तीन से अधिक आदमियों को यहाँ प्रवेश नहीं दिया जाता था।

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।** **[4 × 1 = 4]**

(क) अंग्रेज़ी शासन से छुटकारा पाने के लिए देश के तत्कालीन नवाबों ने किस तरह संघर्ष किया? इससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(ख) वर्षा ऋतु में पहाड़ मानवीय क्रियाएँ करता हुआ दिखाई देता है। 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए।

**उत्तर** (क) अंग्रेज़ों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर अपने देश में अंग्रेज़ी शासन का विस्तार किया जा रहा था। इससे देश को बचाने के लिए अवध के बर्खास्त नवाब वज़ीर अली ने अंग्रेज़ों से टक्कर लिया। उसने कंपनी द्वारा दिए गए वजीफ़े को ठुकरा दिया और अंग्रेज़ों से युद्ध करने के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ तैयार करने लगा। उसने अफ़गानिस्तान के बादशाह शाहे ज़मा को हिंदुस्तान पर हमला करने का न्योता दिया। उसने टीपू सुल्तान और बंगाल के शमशुद्दौला को भी इस निमंत्रण में शामिल किया। वज़ीर अली के इस कार्य से हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा मिलती है।

तालाब का आकार ले लेते हैं। उनमें एकत्र स्वच्छ पानी अपनी निर्मलता के कारण दर्पण का काम करने लगता है। कवि को इसी विशाल दर्पण में पर्वत अपनी सुमन रूपी सहस्र आँखों से अपना विशालकाय प्रतिबिंब निहारता हुआ प्रतीत होता है। इसी तरह से पर्वत पर उगे हुए वृक्षों को देखकर कवि को ऐसा प्रतीत होता है कि ये वृक्ष पर्वत की आकांक्षाएँ हैं जो ऊपर उठने की कामना से आकाश को एकटक देख रहे हैं। पहाड़ इसी प्रकार की मानवीय क्रियाएँ करता हुआ प्रतीत होता है।

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए।** **[3 × 2 = 6]**

(क) किन घटनाओं के कारण टोपी को कक्षा में शर्म आने लगी थी?

(ख) पी०टी० अध्यापक कैसे स्वभाव के व्यक्ति थे? विद्यालय के कार्यक्रमों में उनकी कैसी रुचि थी?

(ग) ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं, उनसे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?

**उत्तर** (क) टोपी को जब नवीं कक्षा में पहले व दूसरे साल फेल होना पड़ा, तो परिवार के साथ-साथ विद्यालय में भी अध्यापकों ने उसकी उपेक्षा करनी शुरू कर दी तथा नए सहपाठियों से भी उसे सहानुभूति नहीं मिल सकी। अंग्रेज़ी अध्यापक ने तो एक दिन उसके द्वारा उत्तर देने के लिए हाथ उठाने पर उससे यहाँ तक कह दिया कि वह उन्हें अन्य विद्यार्थियों से प्रश्न पूछने दे, उससे तो वे अगले साल भी पूछ लेंगे। उनके इस कटाक्ष पर जब बच्चे हँसे, तो टोपी शर्म से पानी-पानी हो गया। कक्षा में उसके नए सहपाठी उससे बहुत छोटे थे और उनके बीच में यह अंतर बहुत बड़ा दिखाई देता था। अतः वे दूर ही रहना चाहते थे और मौका मिलने पर उसकी हँसी भी उड़ाते थे। इन्हीं सब कारणों से टोपी को कक्षा में शर्म आने लगी थी।

(ख) पी०टी० अध्यापक बहुत सख्त व अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। विद्यालय में वे जरा-सी गलती होने पर विद्यार्थियों की चमड़ी उधेड़ देते थे। विद्यालय की प्रार्थना सभा में वे बच्चों को पंक्तिबद्ध खड़ा करते थे और यदि कोई बच्चा थोड़ी-सी भी शरारत करता, तो उसकी खाल खींच लेते थे। स्काउट परेड के आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। बच्चों को अपने मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक परेड करवाते थे और परेड के समय बच्चों को 'शाबाशी' भी देते थे इसलिए बच्चों को उनकी यही शाबाशी फौज के तमगों-सी लगती थी और कुछ समय के लिए उनके मन में पी०टी० साहब के प्रति आदर का भाव जाग जाता था।

(ग) कहा जाता है कि गाँव के लोग भोले होते हैं। इसके साथ-साथ गाँव के लोग अंधविश्वासी तथा धर्मभीरु भी होते हैं। वे मंदिर जैसे स्थान को पवित्र, निष्कलंक तथा ज्ञान का प्रतीक मानते हैं। वे पुजारी, पुरोहित, महंत जैसे जितने भी धर्म के ठेकेदार हैं, उन पर अगाध श्रद्धा रखते हैं। वे चाहे कितने भी पतित, स्वार्थी और नीच हों, पर उनका विरोध करने से डरते हैं। इसी कारण ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों की अपार श्रद्धा थी। उनका हर सुख-दुख उससे जुड़ा था।

## खंड-'ख' (लेखन)

**4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **[6]**

(क) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

• लिंग अनुपात • सुकन्या समृद्धि योजना लागू करना • योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य • निष्कर्ष

(ख) साक्षरता अभियान

• साक्षरता का अर्थ • साक्षरता की दर • निरक्षरता के कारण • निष्कर्ष।

(ग) अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम

• अंतरिक्ष में भारत के कदमों का इतिहास • विदेशी सहायता से उपग्रह भेजना • स्वदेशी यान से उपग्रह भेजना • स्वदेशी यान से विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना • निष्कर्ष।

**उत्तर** (क) **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

वर्ष 1961 की जनगणना में एक हज़ार लड़कों के मुकाबले 6 वर्ष तक की बालिकाओं की 961 संख्या संज्ञान में आई। उसके बाद वर्ष 1991 में यह संख्या एक हज़ार के मुकाबले घटकर 941, वर्ष 2001 में 927 तथा वर्ष 2011 में घटकर 918 हो गई। इसे समाज के लिए खतरा मानते हुए लिंग अनुपात में सुधार करना अति आवश्यक हो गया।

पहल पर देश के सभी 640 जिलों में से 429 जिलों में गिरते लिंग अनुपात के मद्देनज़र एक सौ करोड़ का बजट आवंटित करते हुए प्रारंभ में 100 जिलों (सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में कम से कम एक पायलट जिले के रूप में) चयन कर प्रधानमंत्री ने 22.01.2015 को हरियाणा के पानीपत में इसकी शुरुआत की। बाद में 100 जिलों को 161 जिलों तक बढ़ाया गया ताकि भ्रूण-हत्या पर रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा व समृद्धि तथा उनकी शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए वर्ष 2014 में 'सुकन्या समृद्धि योजना' शुरू की गई। यह योजना मूलत: 10 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए है। इसके अंतर्गत बालिका के खाते में एक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक हज़ार और अधिक से अधिक डेढ़ लाख रुपये या इसके बीच की कितनी भी रकम जमा कर सकते हैं। यह पैसा खाता खुलने के 14 साल तक जमा करवाना पड़ता है। परंतु खाता बेटी के 21 वर्ष के होने पर ही मैच्योर होता है। हालाँकि बेटी के 18 साल के होने पर आधा पैसा निकलवा सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत मूलधन पर प्रतिवर्ष 9.1 फीसदी ब्याज मिलता रहेगा। इसी प्रकार की योजनाओं के माध्यम से भ्रूण-हत्या पर लगाम लगाकर, बालिकाओं की सुरक्षा व समृद्धि पर ध्यान देकर तथा लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देकर हम देश की नारी का सम्मान करते हुए नए भारत का निर्माण कर सकते हैं। योजना लागू करने के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। जहाँ एक ओर कन्याओं को आर्थिक लाभ मिलने से बेहतरी हुई है वहीं दूसरी ओर बालिकाओं के लिंग अनुपात में भी सुधार आया है।

(ख) **साक्षरता अभियान**

साक्षरता का अर्थ है– साक्षर होना, अर्थात पढ़ने व लिखने की क्षमता से संपन्न होना। अपना हस्ताक्षर करने के साथ-साथ रुपये-पैसों का हिसाब-किताब कर सकने वाले साक्षर हैं। वर्ष 1947 में भारत की साक्षरता दर कुल जनसंख्या का 12 प्रतिशत थी। वर्तमान में कुल जनसंख्या के 74 प्रतिशत भारतीय साक्षर हैं। यह विश्व की कुल साक्षरता दर (85 प्रतिशत) से बहुत कम है। भारत में केरल राज्य 94 प्रतिशत पढ़ी-लिखी जनता के साथ सबसे ऊपर तथा बिहार 64 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ सबसे नीचे है। यूनेस्को के अनुसार भारत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा अनपढ़ों का देश है। इस निरक्षरता का मुख्य कारण निर्धनता है। निर्धन व अशिक्षित माँ-बाप जो जीवन-यापन की मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित हैं, अपने बच्चों को या तो विद्यालय में प्रवेश नहीं दिलवाते या फिर बच्चे बीच में ही विद्यालय छोड़ देते हैं। जागरूकता न होने के कारण कमज़ोर वर्ग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अपना नहीं पाते और शिक्षा पर खर्च होने वाली अपार धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। सन 1978 में प्रौढ़ शिक्षा अभियान के तहत 15 वर्ष से 35 वर्ष के नागरिकों को शिक्षित करने की योजना थी तथा इसके बाद भी कई सरकारी योजनाएँ बनीं तथा समाजसेवी संस्थाओं ने भी सहयोग दिया परंतु पाठ्यक्रमों का अरुचिकर होना, निर्धन को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ न होना तथा भ्रष्ट प्रशासन के सहयोग से समस्या बढ़ गई। इस चुनौती से निपटने के लिए यदि एक क्रांति को जन्म दिया जाए तथा पूरी लगन और निष्ठा से प्रशासन व समाज के योगदान के सहारे इस समस्या से निपटा जाए तो इस समस्या का समाधान निकल सकता है।

(ग) **अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम**

अंतरिक्ष की खोज में अमेरिका, रूस तथा चीन ने काफी सफलताएँ प्राप्त की हैं। 1970 के दशक में भारत ने भी अपने कदम इस ओर बढ़ाए तथा सर्वप्रथम 19 अप्रैल 1974 को प्रथम भारतीय उपग्रह 'आर्यभट्ट' को सोवियत रूस की भूमि से अंतरिक्ष में छोड़ा गया। हालाँकि कुछ दिनों बाद 'आर्यभट्ट' ने काम करना बंद कर दिया था, फिर भी यह किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं था। इसके बाद दूसरा उपग्रह 'भास्कर' अंतरिक्ष में छोड़ा गया। फिर 1980 में प्रथम स्वदेशी प्रक्षेपण यान एस.एल.वी. 3 ने 'रोहिणी' नामक उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। इसके बाद 'रोहिणी-2' को अंतरिक्ष में भेजा तथा दो अन्य प्रक्षेपण यान (रॉकेट) विकसित किए, जिससे भारत उपग्रह प्रक्षेपण तकनीक वाले देशों की सूची अर्थात अंतरिक्ष क्लब में शामिल हो गया। भारत ने कई दिशाओं में कदम बढ़ाते हुए ठोस ईंधन वाले एस.एल.वी. यानों के साथ-साथ तरल ईंधन वाले यानों का निर्माण किया। वहीं दूसरी ओर स्कवाड्रन लीडर राकेश शर्मा सोवियत रूस की मदद से पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने। कई उपग्रह अंतरिक्ष में इसी प्रकार भेजने के बाद बड़ी सफलता तब मिली जब 22.10.2008 को चंद्रयान को अंतरिक्ष में भेजा गया। फिर 24.09.2014 को मंगलयान पहले ही प्रयास में मंगल ग्रह की यात्रा करने में सफल रहा। इसके बाद भारत द्वारा नया इतिहास रचते हुए 15.02.2017 को रिकार्ड 104 (भारत के 03 तथा विदेशों के 101) उपग्रह देश के श्रीहरिकोटा

चंद्रयान-2 अंतरिक्ष में भेजा गया, जिसे 06.09.2019 को चंद्रमा पर उतरकर वहाँ की सतह तथा वायुमंडल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी को पृथ्वी पर भेजना था किंतु अफ़सोस कि यह अभियान असफल रहा। चंद्रयान का चाँद पर उतरने के क्रम में कंट्रोल रूम से संपर्क टूट गया। फिर भी हमारा देश इस समय इस क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्रों की सूची में शामिल है। एक समय था जब अपना देश 1975 में आर्यभट्ट उपग्रह का 5 करोड़ रुपये का खर्च सहन नहीं कर पा रहा था। अतः इसे अन्य देश से प्रक्षेपित किया था किंतु आज दूसरे देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर करोड़ों डालर की मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है।

**5. बीमारी होने के कारण परीक्षा न दे सकने पर प्रधानाचार्य को 'चिकित्सा-अवकाश' के लिए एक आवेदन-पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए। [5]**

**अथवा**

**'कला-छाया' नाम की एक संस्था दूरदर्शन के लिए कार्यक्रम बनाती है। संस्था को कुछ ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो अभिनय जानते हों तथा कम से कम दसवीं पास हों। साथ-साथ हिंदी-अंग्रेज़ी का ज्ञान रखते हों। अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए 'कला-छाया' को एक आवेदन-पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर** परीक्षा भवन
नई दिल्ली
श्रीमती प्रधानाचार्या
अ०ब०स० उच्च विद्यालय
नई दिल्ली

**विषय :** चिकित्सा अवकाश हेतु आवेदन-पत्र।

महोदया
निवेदन यह है कि मैं दसवीं कक्षा की छात्रा हूँ। पिछले चार-पाँच दिन से हो रहे वायरल बुखार से परेशान होकर आपको पत्र लिख रही हूँ।
ज्वर के कारण मैं स्कूल नहीं आ पाई। खून की जाँच से पता चला है कि मुझे डेंगू हो गया है। इस कारण मैं आगामी दस दिन तक विद्यालय नहीं आ पाऊँगी। कमज़ोरी के कारण शरीर कार्य करने में असमर्थ है। इस कारण 28 जुलाई से 7 अगस्त तक होने वाली परीक्षाओं में भी मैं सम्मिलित नहीं हो पाऊँगी।
आपसे प्रार्थना है कि मुझे इन दस दिनों का चिकित्सा-अवकाश प्रदान करें। आपकी अति कृपा होगी।
आपकी आज्ञाकारी शिष्या

क०ख०ग०
दिनांक: 10 अप्रैल, 20××

**अथवा**

परीक्षा भवन
नई दिल्ली
प्रबंधक महोदय
कला-छाया मंच, नई दिल्ली

**विषय :** अभिनय हेतु अपनी योग्यता का विवरण देने हेतु पत्र।

मान्यवर

विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आपकी संस्था को कुछ ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो अभिनय जानते हों और हिंदी-अंग्रेज़ी शुद्ध बोल सकते हों। इस कार्य हेतु मैं स्वयं को एक उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करता हूँ। मुझसे संबंधित पूर्ण विवरण इस प्रकार है–

नाम – समीर वासु
पिता का नाम – कुलवंत सिंह वासु

रोहिणी, नई दिल्ली-110085

शिक्षा – दसवीं पास (92 प्रतिशत)

अन्य योग्यताएँ – विद्यालय स्तर पर मैंने अनेक नाटकों व नुक्कड़-नाटकों में अभिनय किया है। अभिनय का डिप्लोमा भारतीय नाटक संस्थान से प्राप्त किया है। हिंदी, अंग्रेज़ी शुद्ध बोलने व लिखने में सक्षम हूँ तथा स्वयं भी छोटे-छोटे नाटक लिख सकता हूँ।

आशा है मेरी योग्यताओं को देखते हुए आप मुझे अपने यहाँ कार्य करने का अवसर अवश्य प्रदान करेंगे।

धन्यवाद सहित।

भवदीय

समीर वासु

दिनांक: 10 सितंबर, 20××

**6. दिए गए विषयों में से किन्हीं दो पर लगभग 50 शब्दों में सूचना लिखिए।** **[2.5 × 2 = 5]**

**गुमशुदा बच्चे की तलाश के लिए अख़बार में प्रकाशित करने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**ग्रीष्मावकाश में बालभवन द्वारा आयोजित बाल चित्रकला कार्यशाला की सूचना तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**'शिक्षक-दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए एक सूचना प्रस्तुत कीजिए।**

उत्तर

**गुमशुदा की तलाश**

**सूचना**

दिनांक: 6 अक्टूबर, 20××

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चार साल का एक बच्चा, जिसका नाम सलीम है, उसने काली शर्ट व लाल निकर पहनी है, वह रोहिणी सेक्टर-27 का निवासी है तथा पैरों में काले रंग के जूते पहने हैं, वह थोड़ा तुतलाकर बोलता है। वह दिनांक 30 सितंबर, 20××, सेक्टर-27 रोहिणी से लापता है। इस बच्चे के बारे में किसी प्रकार की जानकारी देने के लिए कृपया इस नं. पर संपर्क करें–7865××××××, 891765××××

थानाध्यक्ष

रोहिणी, नई दिल्ली

**अथवा**

**बालभवन, आई०टी०ओ०, नई दिल्ली**

**सूचना**

**बाल चित्रकला कार्यशाला का आयोजन**

दिनांक: 4 मई, 20××

आप सभी को सूचित किया जाता है कि बालभवन इस ग्रीष्मावकाश में दो विभिन्न आयु वर्ग समूहों–कनिष्ठ समूह (5-10 वर्ष) तथा वरिष्ठ समूह (11 से 16 वर्ष) के बच्चों के लिए चित्रकला कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इच्छुक अभिभावक बच्चों का पंजीकरण निर्धारित तिथि व स्थान पर आकर करवा सकते हैं। सारी सामग्री बालभवन द्वारा दी जाएगी।

कार्यशाला आयोजन – 1 जून से 15 जून
कार्यशाला का समय – पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
पंजीकरण की तिथि – 10 मई से 12 मई तक
पंजीकरण का स्थान – बालभवन का स्वागत कक्ष
पंजीकरण का समय – पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक
पंजीकरण का शुल्क – 400 रुपये

निदेशक

बालभवन, नई दिल्ली

**न्यू इरा पब्लिक स्कूल**

**सूचना**

13 दिसंबर, 20XX

विद्यालय के प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष 'शिक्षक-दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन का संपूर्ण भार हम सभी छात्रों पर रहेगा। जो छात्र इस आयोजन में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे कार्यक्रम के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं अपनी भागीदारी के विषय में जानने के लिए हैड ब्वॉय से शीघ्रातिशीघ्र संपर्क करें।

उदित अरोड़ा

हैड ब्वॉय

**7. दिए गए विषयों में से किन्हीं दो पर लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन बनाइए।** **[2.5 × 2 = 5]**

**'समीर किताब भंडार' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन बनाएँ।**

**अथवा**

**'राजकुमारी बैग्स' नाम से बैगों की दुकान का आकर्षक विज्ञापन बनाएँ।**


**अथवा**

**अपना पुराना कंप्यूटर बेचने हेतु आकर्षक विज्ञापन बनाएँ।**

**उत्तर**




**अथवा**



## बिक्री के लिए उपलब्ध

**एक पुराना कंप्यूटर, जो बिलकुल सही अवस्था में सुचारु रूप से परिचालित है,**

**उचित कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।**

अन्य विशेषताएँ–
- पेंटियम 4 माइक्रोप्रोसेसर युक्त
- 40 जी०बी० हार्ड डिस्क
- सोनी स्पीकर
- एच०पी० प्रिंटर तथा अन्य सभी सहायक उपकरणों सहित

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें– क०ख०ग०, य०र०ल० नगर, नई दिल्ली, मो० – 9868XXXXXX**

**8. दिए गए प्रस्थान बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लिखिए।** **[5]**

एक धर्म-कर्म करने वाले पुजारी को गाँव के बाहर एक पत्थर मिला, उसने उसे मूर्ति बनवाने हेतु उठवा लिया, एक मूर्तिकार को दे दिया, वह मूर्तिकार कई प्रहार के बाद भी उसे तोड़ नहीं पाया और उसने पुजारी को मना कर दिया, उसने गाँव के दूसरे मूर्तिकार को पत्थर दिया, उसने जब शिव की मूर्ति बनाई तब पुजारी को पहले मूर्तिकार पर पछतावा हुआ कि उसने खुद आखिरी प्रयास क्यों नहीं किया।

**अथवा**

एक नगर में एक अमीर आदमी रहता था, उसने कभी किसी की मदद नहीं की, कभी स्वयं पर धन खर्च नहीं किया, बुढ़ापे तक पैसा कमाने में लगा रहा, एक दिन यमराज उसे लेने आए, वह कुछ दिन धरती पर रुककर अपने धन का उपयोग करने के लिए याचना करते हुए समय माँगने लगा, समय किसी के लिए नहीं रुकता।

**उत्तर** किसी दूर के गाँव में एक पुजारी रहते थे जो हमेशा धर्म-कर्म के कामों में लगे रहते थे। एक दिन वे किसी काम से गाँव के बाहर जा रहे थे तो अचानक उनकी नज़र एक बड़े से पत्थर पर पड़ी। तभी उनके मन में विचार आया कि कितना विशाल पत्थर है? क्यों न इस पत्थर से भगवान की एक मूर्ति बनवाई जाए। यही सोचकर उन्होंने वह पत्थर उठवा लिया। गाँव लौटते समय पुजारी ने वह पत्थर का टुकड़ा एक मूर्तिकार को दे दिया, जो बहुत प्रसिद्ध मूर्तिकार था। अब मूर्तिकार जल्दी ही अपने औज़ार लेकर पत्थर को काटने में जुट गया। जैसे ही मूर्तिकार ने पहला वार किया, उसे एहसास हुआ कि पत्थर बहुत ही कठोर है। मूर्तिकार ने एक बार फिर से पूरे जोश के साथ प्रहार किया लेकिन पत्थर टस से मस भी नहीं हुआ। अब तो मूर्तिकार का पसीना छूट गया। वह लगातार हथौड़े से प्रहार करता रहा लेकिन पत्थर नहीं टूटा। उसने कई प्रयास किए लेकिन पत्थर तोड़ने में नाकाम रहा। अगले दिन जब पुजारी आए तो मूर्तिकार ने भगवान की मूर्ति बनाने से मना कर दिया और सारी बात बताई। पुजारी जी ने दुखी मन से पत्थर वापस उठवाए और गाँव के ही एक छोटे मूर्तिकार को वह पत्थर मूर्ति बनाने के लिए दे दिया। अब मूर्तिकार ने अपने औज़ार उठाए और पत्थर काटने में जुट गया, जैसे ही उसने पहला हथौड़ा मारा पत्थर टूट गया क्योंकि पत्थर पहले मूर्तिकार की चोटों से काफ़ी कमज़ोर हो गया था। पुजारी यह देखकर बहुत खुश हुआ और देखते ही देखते मूर्तिकार ने भगवान शिव की बहुत सुंदर मूर्ति बना डाली। पुजारी जी मन ही मन पहले मूर्तिकार की दशा के बारे में सोचकर मुस्कुराए कि उस मूर्तिकार ने कई प्रहार किए और थक गया, काश उसने एक आखिरी प्रहार भी किया होता तो वह सफल हो गया होता।

**अथवा**

एक नगर में एक बहुत ही अमीर आदमी रहता था। उस आदमी ने अपना सारा जीवन पैसे कमाने में लगा दिया। उसके पास इतना धन था कि वह उस नगर को भी खरीद सकता था, लेकिन उसने अपने संपूर्ण जीवन में कभी किसी की मदद तक नहीं की। इतना धन होने के बावजूद, उसने अपने लिए भी उस धन का उपयोग नहीं किया, न कभी अपनी पसंद के कपड़े, भोजन एवं अन्य इच्छा कि पूर्ति तक की। वह अपने जीवन में केवल पैसे कमाने में व्यस्त रहा। वह पैसा कमाने में इतना व्यस्त एवं मस्त हो गया कि उसे अपने बुढ़ापे का भी पता नहीं चला, और वह जीवन के आखिरी पड़ाव पर पहुँच गया। इस तरह उसके जीवन का अंतिम दिन भी नज़दीक आ गया और यमराज उसके प्राण लेने धरती पर आए, जिसे देखकर वह डर गया। यमराज ने कहा, "अब तेरे जीवन का अंतिम समय आ गया है, और मैं तुझे अपने साथ ले जाने आया हूँ।" यह सुनकर वह बोला, "प्रभु अभी तक तो मैंने अपना जीवन जिया भी नहीं, मैं तो अभी तक अपने काम में व्यस्त था, अत: मुझे अपनी कमाई हुई धन-दौलत का उपयोग करने के लिए समय चाहिए।" यमराज ने उत्तर दिया, "मैं तुम्हें और समय नहीं दे सकता, तुम्हारे जीवन के दिन समाप्त हो गए हैं, और अब दिनों को और नहीं बढ़ाया जा सकता। समय किसी के लिए नहीं रुकता।

❑❑❑

निर्धारित समय : 2 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक : 40

*सामान्य निर्देश :*

(क) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं–खंड 'क' और खंड 'ख'।

(ख) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न पूछे गए हैं। तीनों प्रश्नों में कुल 8 उपप्रश्न दिए गए हैं। इनमें से 5 के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं तथा इन सभी में कुल 13 उपप्रश्न दिए गए हैं। इनमें से निर्देशानुसार 7 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खंड-'क' (पाठ्यपुस्तक तथा पूरक पाठ्यपुस्तक)

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए।** **[2 × 2 = 4]**

(क) बाँकपन से क्या अभिप्राय है? 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(ख) पर्वत प्रदेश में पावस के आधार पर 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?

**उत्तर–** (क) बाँकपन से अभिप्राय जवानी के जोश तथा लड़ने-मरने के उत्साह से है। 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि देश के लिए न्योछावर होने की घड़ी बार-बार नहीं आती। अत: कवि देश के लिए जान देने को प्रोत्साहित कर रहा है।

(ख) 'भू पर अंबर टूटने' का अर्थ है– बादलों द्वारा धरती पर आक्रमण करना अर्थात मूसलाधार वर्षा होना। पर्वतीय अंचल में अचानक बादलों के घिर आने से पर्वत अदृश्य हो गए हैं। केवल झरनों का शोर शेष रह गया है। पृथ्वी और आकाश मानो एक-से हो गए हैं। अचानक तेज़ वर्षा होने से कवि को लगता है मानो पृथ्वी पर आकाश टूट पड़ा हो।

(ग) सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का एक ही उद्देश्य था– अवध की अपार धन-संपत्ति पर अपना अधिकार करना। सआदत अली अंग्रेज़ों का मित्र था तथा ऐशोआराम वाली ज़िंदगी पसंद करता था। उसने कर्नल को आधी संपत्ति और दस लाख रुपये देकर उसके षड्यंत्र में स्वयं को भागीदार बना लिया। कर्नल का उद्देश्य सफल हो गया। अब सआदत अली से उसे कोई खतरा नहीं था।

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।** **[4 × 1 = 4]**

(क) 'जापान की स्थितियाँ वर्तमान भारत पर भी पूरी तरह लागू होती हैं।' सिद्ध कीजिए।

(ख) राजा रंतिदेव, उशीनर राजा शिवि आदि का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है? इनके कार्यों से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

**उत्तर** (क) जापान के लोग अमेरिका से आगे बढ़ने की होड़ में पागल बने हुए हैं। इसलिए वहाँ के जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। वे सहज रूप से चलने-बोलने की बजाय भागते और बकते हैं। यही स्थिति इन दिनों भारत की है। भारत भी आजकल प्रगति की दौड़ से गुज़र रहा है। विशेष रूप से यहाँ के महानगरीय प्राणी प्रगति की दौड़ में अंधे बने हुए हैं।

वे पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहते हैं। दिमाग की रफ़्तार तेज़ रहने लगी है। स्पीड का इंजन लगने से दिमाग का तनाव बढ़ गया है। इसलिए मनोरुग्णता भी बढ़ रही है। अत: समय रहते भारतीयों को शांत जीवन की तरफ़ बढ़ने के उपाय करने चाहिए। उन्हें इच्छाओं के पीछे पागल बनने की बजाय मन को स्वतंत्र व हलका रखना चाहिए। कभी-कभी निरुद्देश्य भी रहना चाहिए

(ख) राजा रंतिदेव तथा उशीनर राजा शिवि का उल्लेख उनके द्वारा मनुष्यता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के संदर्भ में किया गया है। राजा रंतिदेव को अकाल में लगभग डेढ़ माह बाद एक थाली भोजन मिला। वे उसे खाना ही चाह रहे थे कि एक भूखा व्यक्ति उनके सामने आ गया। वे अपना भोजन उसे खिलाकर स्वयं भूखे रह गए। इसी तरह उशीनर राजा शिवि ने अपनी शरण में आए कबूतर के प्राणों की रक्षा के लिए शिकारी को कबूतर के बदले अपने शरीर का मांस देकर मनुष्यता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके कार्यों से हमें मनुष्यता बनाए रखने तथा परोपकार करने की प्रेरणा मिलती है।

(क) हरिहर काका के मामले में गाँववालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे?

(ख) स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्वपूर्ण 'आदमी' फ़ौजी जवान क्यों समझने लगता था?

(ग) पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था?

**उत्तर** (क) हरिहर काका के मामले में गाँव के लोगों के दो वर्ग बन गए थे। दोनों ही पक्ष के लोगों की अपनी-अपनी राय थी। आधे लोग परिवार वालों के पक्ष में थे। उनका कहना था कि काका की ज़मीन पर हक़ तो उनके परिवार वालों का बनता है। काका को अपनी ज़मीन-ज़ायदाद अपने भाइयों के नाम लिख देनी चाहिए, ऐसा न करना अन्याय होगा। दूसरे पक्ष के लोगों का मानना था कि महंत हरिहर की ज़मीन उनको मोक्ष दिलाने के लिए लेना चाहता है। काका को अपनी ज़मीन ठाकुरजी के नाम लिख देनी चाहिए। इससे उनका नाम और यश भी फैलेगा और उन्हें सीधे बैकुंठ की प्राप्ति होगी। इस प्रकार जितने मुँह थे उतनी बातें होने लगीं। प्रत्येक का अपना मत था। इन सबका एक कारण था कि हरिहर काका विधुर थे और उनकी अपनी कोई संतान न थी जो उनकी उत्तराधिकारी बनती। पंद्रह बीघे ज़मीन के कारण इन सबका लालच स्वाभाविक था।

(ख) लेखक गुरदयाल फौज़ी बनना चाहता था। उसने फुल बूट और शानदार वर्दी पहने लेफ्ट-राइट करते फौज़ी जवानों की परेड को देखा था। इसी कारण स्काउट परेड के समय धोबी की धुली वर्दी, पॉलिश किए बूट तथा जुराबों को पहन वह स्वयं को फौज़ी जवान ही समझता था। स्काउट परेड में जब पीटी मास्टर लेफ्ट राइट की आवाज़ करके या मुँह की सीटी बजाकर मार्च करवाया करते थे तथा उनके राइट टर्न या लेफ्ट टर्न या अबाउट टर्न कहने पर लेखक अपने छोटे-छोटे बूटों की एड़ियों पर दाएँ-बाएँ या एक कदम पीछे मुड़कर बूटों की ठक-ठक की आवाज़ करते हुए स्वयं को विद्यार्थी न समझकर एक महत्त्वपूर्ण फौज़ी समझने लगता था।

(ग) इफ़्फ़न को अपनी दादी से बहुत ज़्यादा प्यार था। प्यार तो उसे अपने अब्बू, अम्मी, बड़ी बहन और छोटी बहन नुज़हत से भी था, परंतु दादी से वह सबसे ज़्यादा प्यार किया करता था। अम्मी तो कभी-कभार इफ़्फ़न को डाँट देती थी और कभी-कभी तो मार भी दिया करती थी। बड़ी बहन भी अम्मी की ही तरह कभी-कभी डाँटती और मारती थी। अब्बू भी कभी-कभार को घर को न्यायालय समझकर अपना फैसला सुनाने लगते थे। नुज़हत को जब भी मौका मिलता वह उसकी कॉपियों पर तसवीरें बनाने लगती थी। बस एक दादी ही थीं, जिन्होंने कभी भी किसी बात पर उसका दिल नहीं दुखाया था। यही कारण था कि पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह था।

## खंड-'ख' (लेखन)

**4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **[6]**

**(क) स्वास्थ्य एवं खेल**

**संकेत बिंदु–** स्वास्थ्य क्या है? खेल और स्वास्थ्य का महत्व, खेलने और पढ़ने का समय, उपसंहार।

**(ख) समाचार-पत्र और उनके लाभ**

**संकेत बिंदु–** समाचार-पत्र की उत्पत्ति, समाचार-पत्र के लाभ, स्वस्थ पत्रकारिता से समाज निर्माण, निष्कर्ष।

**(ग) पर्यावरण प्रदूषण**

**संकेत बिंदु–** पर्यावरण का अर्थ और स्वरूप, पर्यावरण प्रदूषण के कारण, पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार, पर्यावरण का समाधान।

**उत्तर**–(क) **स्वास्थ्य एवं खेल**

**संकेत बिंदु–** • स्वास्थ्य क्या है? • खेल और स्वास्थ्य का महत्व • खेलने और पढ़ने का समय • उपसंहार

स्वस्थ शरीर से ही मन में उत्साह तथा आत्मविश्वास रहता है, जिससे स्वस्थ विचारों का विकास होता है। कहा भी गया है–"स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।" जिस छात्र का मन कहीं पर एकाग्र न होता हो, वह भी खेलों में पूरी तरह डूब जाता है, जिससे उसका शारीरिक व मानसिक विकास होता है। अतः खेल

मित्रता और भाई-चारे का मतलब खेल के मैदान में ही सीखता है। खेल-भावना खिलाड़ी को जीतने पर अलौकिक सुख प्रदान करती है। वहीं खिलाड़ी हारने पर दुख या पश्चाताप न कर समरसता की ओर चला जाता है। समरसता का यही गुण खिलाड़ी को एक सफल तथा कामयाब व्यक्ति बनने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे वह देश का एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बन समाज-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। खेल से अनुशासन के साथ-साथ निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। खेल पढ़ाई में कभी भी बाधक नहीं है। विद्यार्थी को खेल के लिए अलग तथा पढ़ाई के लिए अलग समय निकालने की आवश्यकता है। खेलों से आलस्य दूर होकर स्फूर्ति आती है। थोड़े विश्राम के बाद पढ़ाई को पूरा समय दिया जा सकता है। विद्यार्थी को खेल और पढ़ाई का समय बाँटकर सामंजस्य स्थापित करना चाहिए तथा पढ़ाई व अन्य कार्यों को उचित समय देकर खेल तथा व्यायाम का समय निकालना चाहिए।

(ख) **समाचार-पत्र और उनके लाभ**

| |
|---|
| **संकेत बिंदु–** • समाचार-पत्र की उत्पत्ति • समाचार-पत्र के लाभ • स्वस्थ पत्रकारिता से समाज निर्माण • निष्कर्ष |

मानव प्राकृतिक तौर पर इस संसार में रहने वाले लोगों, उनके रहन-सहन तथा पूरे ब्रह्मांड की संपूर्ण जानकारी तथा रहस्य को जानने का इच्छुक रहा है। यही जिज्ञासा उसे अपने समाज, देश तथा देशकाल से परे संपूर्ण विश्व की जानकारियाँ प्राप्त करने को प्रोत्साहित करती है। आज समाचार-पत्र के माध्यम से ये जानकारियाँ अत्यंत सुलभ हैं जबकि वर्ष 1909 से पहले हम समाचार-पत्र का नाम भी नहीं जानते थे। सर्वप्रथम सन 1909 में केवेनिस (इटली) से समाचार-पत्र प्रकाशित हुआ। भारत में अंग्रेज़ों ने 'बंगाल गजट' के नाम से कोलकाता से अंग्रेज़ी भाषा में समाचार-पत्र निकाला। उसके बाद 'समाचार दर्पण' नामक हिंदी भाषा का समाचार-पत्र आया। आज हम लगभग हर भाषा में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, ऐतिहासिक, खेल-संबंधी, चित्रपट संबंधी समाचार तथा नौकरी एवं विवाह संबंधी जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना, गुमशुदा की तलाश की सूचनाओं से समाज कल्याण का कार्य हो रहा है। इसके विपरीत असत्य, मनगढ़ंत किस्से तथा समाचारों को छेड़छाड़ या खिलवाड़ करके छापना सामाजिक पतन है। इसलिए पत्रकार को स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से स्वस्थ पत्रकारिता करते हुए सामाजिक उत्थान में सहयोग देने के मद्देनज़र सच को समाज के सामने लाना चाहिए तथा अपनी टी.आर.पी. बढ़ाने के चक्कर में वास्तविक एवं सच्चे समाचारों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

(ग) **पर्यावरण प्रदूषण**

| |
|---|
| **संकेत बिंदु–** • पर्यावरण का अर्थ और स्वरूप • पर्यावरण प्रदूषण के कारण • पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार • पर्यावरण का समाधान |

'परि' का अर्थ है– 'चारों ओर' तथा आवरण से अभिप्राय है– 'ढकने वाला'। परि + आवरण = पर्यावरण अर्थात जो हमें चारों ओर से ढक कर रखे। प्रकृति ने संसार को स्वस्थ व सुखद पर्यावरण दिया परंतु मानव जाति ने अपने स्वार्थों के लिए उसे दूषित कर दिया। नए-नए प्रयोगों के कारण प्रदूषण की बढ़ोतरी से आम नागरिक का जीवन दुखी हो गया। प्रकृति के साथ खिलवाड़ के कारण ही प्राकृतिक आपदाएँ एवं मौसमी असंतुलन का प्रकोप हमारे समक्ष है। फिर भी हम इसे देखकर अनदेखा कर रहे हैं जबकि कई मामलों में प्रदूषण विकराल स्थिति में मौजूद है और संपूर्ण विश्व इससे चिंतित है। शहर की गंदगी नदियों में डालना, कारखानों का रासायनिक कूड़ा नदियों में डालना, कारखानों का धुआँ, पेट्रोल/डीजल का धुआँ वातावरण में डालना, वाहनों का शोर आदि पर्यावरण प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। कारखानों के रासायनिक कचरे से जल विषाक्त हो रहा है तथा कारखानों का धुआँ और पेट्रोल/डीजल का धुआँ वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है। प्रदूषित जल आँतों की अनेक प्रकार की बीमारियाँ पैदा कर रहा है। भूमि पर गिरा कूड़ा भूमि प्रदूषण को बढ़ाता है। वाहनों/लाउडस्पीकर का शोर ध्वनि प्रदूषण बढ़ा रहा है। सन 1983 में हुई भोपाल गैस त्रासदी से सैकड़ों लोग मर गए। भारत में दिल्ली की वायु सबसे अधिक प्रदूषित है। यहाँ वायु प्रदूषण दर 543 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर (सामान्य दर 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के मुकाबले) है। इसके अतिरिक्त कोलकाता, कानपुर, हैदराबाद तथा मुंबई भी प्रदूषित हैं। कारखानों को आबादी से दूर रखना, पेट्रोल व डीजल के वाहन कम करना, वृक्षारोपण तथा प्रदूषित मल का सकारात्मक उपयोग पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगा सकता है।

लिखिए। [5]

**अथवा**

**क्षेत्र में फैली गंदगी की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को 120 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**उत्तर** परीक्षा भवन

नई दिल्ली

प्रबंधक महोदय

दिल्ली परिवहन निगम

नई दिल्ली।

**विषय :** बस में छूटे सामान के संबंध में।

मान्यवर

मैं करोल बाग का निवासी हूँ। अपने बस में छूटे कुछ ज़रूरी सामान हेतु आपको पत्र लिख रहा हूँ।

मैं कल करोल बाग से लाजपत नगर जाने वाली बस नं. 435 से लाजपत नगर के लिए बैठा। यह बस करोल बाग टर्मिनल से ठीक 8.55 प्रातः चली थी। बस में भीड़ होने के कारण मैं अधिकांश समय तक खड़ा रहा। उसके बाद मुझे सीट मिली और मैं बैठकर कुछ काम करने लगा। स्टॉप आने पर जल्दबाजी में अपना ब्रीफकेस वहीं भूल गया। कार्यालय पहुँचने पर याद आया तो मैंने वहाँ से यातायात निरीक्षक को फ़ोन करके सारी स्थिति बताई, लेकिन मुझे सफलता नहीं मिली। उनका कहना था कि यदि ब्रीफकेस संवाहक को मिला होगा तो उन्होंने 'खोया-पाया' विभाग में जमा करवा दिया होगा। मेरा ब्रीफकेस वी.आई.पी. कंपनी का काले रंग का है। इसमें कार्यालय से संबंधित ज़रूरी कागज़ात हैं। क्रेडिट कार्ड भी है, उस पर मेरा नाम अंकित है।

आपसे अनुरोध है कि यदि ब्रीफकेस कार्यालय में जमा करवाया गया हो तो मुझे सूचित करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

क०ख०ग०

दिनांक : 10 मई, 20××

**अथवा**

परीक्षा भवन

नई दिल्ली

स्वास्थ्य अधिकारी

दिल्ली नगर निगम

नई दिल्ली।

महोदय

मैं जीवन नगर बस्ती का एक साधारण नागरिक हूँ और इसकी शोचनीय अवस्था की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ।

इस बस्ती की सफ़ाई व्यवस्था इतनी शोचनीय व चिंताजनक हो चली है कि नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो गया है। जगह-जगह सड़ते हुए कूड़े-कचरे के ढेर तथा उन पर भिनभिनाते मच्छर और मक्खियाँ किसी भी भयानक बीमारी को न्योता देने के लिए पर्याप्त हैं। डेंगू और मलेरिया तो इस क्षेत्र में आम बात है। वर्षा के दिनों में नालियों का गंदा पानी गलियों में बहने लगता है, जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चे व बूढ़े तो घर से बाहर निकल ही नहीं पाते। कूड़े-कचरे के ढेर पर बैठे जानवर और भी भयावह स्थिति उत्पन्न करते हैं।

आपसे अनुरोध है कि बस्ती की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिना देरी किए उचित कदम उठाएँ। हम बस्ती वाले आपके आभारी होंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

क०ख०ग० (बस्ती के सभी नागरिकों की ओर से)

दिनांक : 26 अप्रैल, 20××

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' हेतु स्लोगन/नारा लिखे जाने हेतु सूचना तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' हेतु नामांकन की एक सूचना तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**आपके विद्यालय में दाँतों के डॉक्टरों द्वारा कैंप लगाया गया है। आप न्यू इरा विद्यालय के सचिव हैं। सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सूचना लिखिए।**

उत्तर

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**
**भारत सरकार, नई दिल्ली**
**सूचना**

दिनांक : 11 जुलाई, 20××

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 2 अक्टूबर से आरंभ होने वाले 'स्वच्छ भारत अभियान' हेतु नारा/स्लोगन लिखकर भेजें। सर्वश्रेष्ठ नारे/स्लोगन को 5000/-रुपये एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। नारा/स्लोगन स्वरचित होना चाहिए।

**डी०के० पाल**
(सचिव)

**अथवा**

**प्रतिभा खोज प्रतियोगिता**
**नवभारती विद्या मंदिर, कुरुक्षेत्र**
**सूचना**

12 फरवरी, 20××

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हेतु नामांकन की प्रक्रिया 20 फरवरी, 20×× से आरंभ है। इच्छुक विद्यार्थी अपना नामांकन शीघ्र करवाएँ।

| **प्रतिभा खोज प्रतियोगिता** | **दिनांक** | **समय** | **आमंत्रित कलाकार** |
|---|---|---|---|
| अभिनय प्रतिभा | 25.2.20×× | प्रातः 11:00 बजे | कंवर भान (रंगमंच कलाकार) |
| गायन प्रतिभा | 26.2.20×× | प्रातः 11:00 बजे | बलबीर सिंह (संगीत निदेशक) |
| नृत्य प्रतिभा | 27.2.20×× | प्रातः 11:00 बजे | सरिता चावला (नृत्य निर्देशिका) |

विनोद सहाय
(प्रधानाचार्य)

**अथवा**

**न्यू इरा विद्यालय, नई दिल्ली**
**सूचना**

4 जनवरी, 20XX

डॉ. मेहता शहर के मशहूर दंत सर्जन हैं, जिन्होंने हमारे विद्यालय में दाँतों की सुरक्षा हेतु आवश्यक जानकारी देना स्वीकार किया है। 10 जनवरी, 20XX को विद्यालय के ऑडिटोरियम में वे स्लाइड्स के माध्यम से कार्यक्रम को रुचिकर बनाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। जो छात्र दाँतों की सुरक्षा संबंधी जानकारियाँ प्राप्त करना चाहते हैं। वे सचिव से संपर्क करें।

कमल राज
(सचिव)

'निक्स प्रिंटर' नाम से एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।

**अथवा**

'खिलौनों की दुकान' का एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।

**अथवा**

कोचिंग सेंटर हेतु विज्ञापन बनाइए।


**उत्तर**




**अथवा**



*सभी कक्षाओं के लिए*



*कक्षा 6 से 10 तक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार*

*कक्षा 11वीं से 12वीं तक मंगलवार,वीरवार, शनिवार*

विनायक कोचिंग सेंटर

**फोन : 7684370544**

ई-मेल : **vinayakcoaching@yahoo.com**


**8. दिए गए प्रस्थान बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लिखिए।** **5**

रूपनगर के राजा के दो बेटे थे—अवधेश और विक्रम। दोनों जंगल शिकार के लिए गए। दोनों नदी में नहाने लगे। एक तेज लहर विक्रम को अपने साथ बहाकर ले जाने लगी। भाई को डूबते देख अवधेश ने एक लकड़ी का बड़ा लट्ठा विक्रम की ओर फेंका, लेकिन वह पकड़ नहीं पाया। सैनिकों का आकर कहना कि उसका बचना मुश्किल है। सब शोक मनाने लगे। तभी एक संन्यासी के साथ विक्रम लौटता दिखता है ......................

**अथवा**

छह वर्ष के लड़के का अपनी चार वर्ष की छोटी बहन के साथ बाज़ार जाना। उसकी बहन खिलौने की दुकान के सामने रूक जाती है। लड़के के पूछने पर छोटी बहन गुड़िया की ओर इशारा करती है। भाई उसको गुड़िया दिलवा देता है। ये देख दुकानदार आश्चर्यचकित होता है। काउंटर पर बच्चा अपनी जेब से वे सारी सीपें बाहर निकालकर दुकानदार को देता है जो उसने समुंदर किनारे से बीनी थीं। दुकानदार को पैसे की तरह सीपों को गिनते देख लड़का पूछता है, क्या कम हैं? दुकानदार कहता है नहीं। बल्कि केवल चार सीप लेकर वह सब वापस कर देता है। उनके जाने के बाद दुकानदार से कामगार के पूछने पर कि उसने ऐसा क्यों किया तो वह बोला कि जब लड़का बड़ा होगा तो सोचेगा कि यह दुनिया अच्छे लोगों से भरी है ........................

**उत्तर** एक बार की बात है। रूपनगर राज्य में एक प्रतापी राजा का शासन था। उस राजा के दो बेटे थे—अवधेश और विक्रम। एक बार दोनों राजकुमार जंगल में शिकार करने गए। रास्ते में एक विशाल नदी थी। दोनों राजकुमारों का मन हुआ कि क्यों न नदी में नहाया जाए। यही सोचकर दोनों राजकुमार नदी में नहाने चल दिए। लेकिन नदी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा गहरी थी। विक्रम तैरते-तैरते थोड़ा दूर निकल गया, अभी थोड़ा तैरना शुरू ही किया था कि एक तेज़ लहर आई और उसको दूर तक अपने साथ ले गई। वह डर से अपनी सुध-बुध खो बैठा। गहरे पानी में उससे तैरा नहीं जा रहा था। अब वह डूबने लगा था। अपने भाई को बुरी तरह फँसा देखकर अवधेश जल्दी से नदी से बाहर निकला और लकड़ी का एक बड़ा लट्ठा लिया और विक्रम की ओर उछाला। लेकिन दुर्भाग्यवश विक्रम इतना दूर था कि लकड़ी का लट्ठा उसके हाथ में नहीं आ पाया। इतने में सैनिक वहाँ पहुँचे और राजकुमार को देखकर

चुका था कि अब विक्रम नहीं बच पाएगा, तेज बहाव में बचना नामुमकिन लग रहा था। यही सोचकर सबने हथियार डाल दिए और कोई बचाव को आगे नहीं आया। कुछ समय बाद सभी लोग किनारे बैठकर विक्रम का शोक मना रहे थे कि दूर से एक संन्यासी आते हुए नज़र आए। उनके साथ एक नौजवान भी था। थोड़ा पास आए तो पता चला वह नौजवान विक्रम ही था। अब तो सारे लोग खुश हो गए लेकिन हैरानी से वे सब विक्रम से पूछने लगे कि तुम तेज़ बहाव से बचे कैसे? संन्यासी ने कहा कि आपके इस सवाल का जवाब मैं देता हूँ– "यह बालक तेज़ बहाव से इसलिए बाहर निकल आया क्योंकि इसे वहाँ कोई ये कहने वाला नहीं था कि यहाँ से निकलना नामुमकिन है। इसे कोई हताश करने वाला नहीं था। इसे कोई हतोत्साहित करने वाला भी नहीं था। इसके सामने केवल लकड़ी का लट्ठा था और मन में बचने की एक उम्मीद। बस इसलिए यह बच निकला।''

**अथवा**

एक छह वर्ष का लड़का अपनी चार वर्ष की छोटी बहन के साथ बाज़ार से जा रहा था। अचानक उसे लगा कि उसकी बहन पीछे रह गई है। वह रुका, मुड़कर देखा तो जाना कि, उसकी बहन एक खिलौने की दुकान के सामने खड़ी कोई चीज़ निहार रही है। लड़का पीछे आया और बहन से पूछा, "कुछ चाहिए तुम्हे?" लड़की एक गुड़िया की तरफ उँगली उठाकर दिखाई। बच्चे ने उसका हाथ पकड़कर एक ज़िम्मेदार बड़े भाई की तरह वह गुड़िया दिया। बहन बहुत खुशी हुई। दुकानदार यह सब देख रहा था। वह लड़के के प्यार को देखकर आश्चर्यचकित भी हुआ। अब वह बच्चा बहन के साथ काउंटर पर आया और दुकानदार से पूछा, "सर, कितनी कीमत है इस गुड़िया की?" दुकानदार एक शांत और गंभीर व्यक्ति था। उसने जीवन के कई उतार-चढ़ाव देखे थे। उसने बड़े प्यार और अपनत्व से बच्चे से पूछा, "बताओ बेटे, तुम क्या दे सकते हो?" बच्चा अपनी जेब से वे सारी सीपें बाहर निकालकर दुकानदार को देता है जो उसने थोड़ी देर पहले बहन के साथ समुंदर किनारे से चुन-चुन कर बीनी थीं। दुकानदार वह सब लेकर यूँ गिनता है जैसे कोई पैसे गिन रहा हो। सीपें गिनकर वह बच्चे की तरफ देखने लगा तो बच्चा बोला, "सर कुछ कम हैं क्या?" दुकानदार, "नहीं-नहीं, ये तो इस गुड़िया की कीमत से भी ज़्यादा हैं, शेष मैं वापस देता हूँ" यह कहकर उसने चार सीपें रख लीं और बाकी की बच्चे को वापिस दे दीं। बच्चा बड़ी खुशी से वे सीपें जेब में रखकर बहन को साथ लेकर चला गया। यह सब उस दुकान का कामगार देख रहा था। उसने आश्चर्य से मालिक से पूछा, "मालिक! इतनी महँगी गुड़िया आपने केवल 4 सीपों के बदले में दे दी?" दुकानदार एक संतुष्टि वाला हास्य करते हुए बोला, "हमारे लिए ये केवल सीपियाँ हैं, पर उस 6 साल के बच्चे के लिए अतिशय मूल्यवान हैं और अब इस उम्र में वह नहीं जानता, कि पैसे क्या होते हैं? पर जब वह बड़ा होगा .. और जब उसे याद आएगा कि उसने सीपों के बदले बहन को गुड़िया खरीदकर दी थी। तब उसे मेरी याद ज़रूर आएगी, और फिर वह सोचेगा कि यह दुनिया अच्छे मनुष्यों से भी भरी हुई है।"

❑❑❑

**निर्धारित समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 40**

*सामान्य निर्देश:*

(क) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं–खंड 'क' और खंड 'ख'।

(ख) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न पूछे गए हैं। तीनों प्रश्नों में कुल 8 उपप्रश्न दिए गए हैं। इनमें से 5 के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं तथा इन सभी में कुल 13 उपप्रश्न दिए गए हैं। इनमें से निर्देशानुसार 7 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खंड-'क' (पाठ्यपुस्तक तथा पूरक पाठ्यपुस्तक)

**1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **[2 × 2 = 4]**

(क) 'टी-सेरेमनी' में कितने आदमियों को प्रवेश दिया जाता है और क्यों?

(ख) सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का क्यों रह गया?

(ग) कैफ़ी आज़मी ने किस काफ़िले के आगे बढ़ते रहने की बात कही है?

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।** **[4 × 1 = 4]**

(क) 'राम' और 'लक्ष्मण' का प्रतीकार्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि घायल सैनिक उन्हें कौन-सी ज़िम्मेदारी सौंपकर शांति से मौत की गोद में चिर विश्राम करना चाहते हैं?

(ख) आपसी फूट सदैव हानिकारक होती है। इससे आप कितना सहमत हैं? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए।** **[3 × 2 = 6]**

**(क) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?**

**(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के लेखक का मन पुरानी किताबों से क्यों उदास हो जाता है?**

**(ग) महंत जी ने हरिहर काका की किस प्रकार आवभगत की?**

## खंड-'ख' (लेखन)

**4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **[6]**

**(क) आत्मनिर्भरता**

**संकेत बिंदु–** आत्मनिर्भरता का अर्थ, स्वतंत्रता, देश में आत्मनिर्भरता, विकास में सहायक।

**(ख) मेट्रो रेल : महानगरीय सुखद सपना**

**संकेत बिंदु–** महानगरों की भीड़, प्रदूषण की समस्या, मेट्रो रेल योजना, मेट्रो के लाभ, आगामी योजनाएँ।

**(ग) अनुशासन**

**संकेत बिंदु–** अनुशासन का अर्थ, प्राकृतिक उपादान, अनुशासनहीनता, ऐतिहासिक उदाहरण, अनुशासन की सीख, उपसंहार।

**5. आपके विद्यालय में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। विद्यालय में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य जी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।** **[5]**

**अथवा**

**आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।इस संबंध में अप ने राज्य के खाद्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**6. दिए गए विषयों में से किन्हीं दो पर लगभग 50 शब्दों में सूचना लिखिए।** **[2.5 × 2 = 5]**

**विद्यालय के प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर सचिव अमन शर्मा एक विदाई समारोह करना चाहते हैं। विद्यालय कार्यालय के मार्ग दर्शन में विदाई समारोह के विषय में सूचना।**

**अथवा**

**नवदीप अपार्टमेंट के चीफ़ सेक्रेटरी की ओर से सोसाइटी में रहने वाले लोगों को जल संरक्षण हेतु सचेत करने के लिए सूचना।**

**आप विनय, बाल भारती स्कूल के हेड ब्वाय हैं। आपके विद्यालय ने आसपास के गरीब लोगों के लिए एक चैरिटी शो रखा है। विद्यार्थियों को इसमें सहयोग देने हेतु सूचना लिखिए।**

**7. दिए गए विषयों में से किन्हीं दो पर लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन बनाइए।** **[2.5 × 2 = 5]**

चाय विक्रेता हेतु सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपनी बहन के लिए स्कूटर खरीदने हेतु विज्ञापन बनाइए।

**अथवा**

मोटापा एवं डाइबीटीज़ के उपचार के लिए आयोजित उपचार शिविर का विज्ञापन बनाइए।

**8. दिए गए प्रस्थान बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लिखिए।** **[5]**

शिकारी ने बहुत प्रयास के बाद बाज को पकड़ा, बाज ने पूछा कहाँ ले जा रहे हो, वह बोला– तुम्हें मारकर खाऊँगा, बाज ने अपनी मौत निश्चित मानकर अपनी इच्छा शिकारी को बताई, किसी पर बिना प्रमाण विश्वास मत करना, कुछ बुरा हो तो दुखी मत होना, शिकारी आगे बढ़ता गया, बाज ने शिकारी को अमीर होने का उपाय बताया तो वह रुक गया, उसने राजमहल से मिले हीरे के बारे में बताया और हीरे के बदले उसे छोड़ने की शर्त रख दी ........... किसी पर आँख बंदकर विश्वास मत करो ...........।

**अथवा**

एक दिन शहर के एक नामी सेठ को पता चलता है कि उसका बेटा गलत संगत में पड़ गया है। उसके लाख समझाने और मना करने पर भी वह नहीं माना ........... सेठ ने एक दिन उसे कुछ सेब बाज़ार से लाकर दो हिस्सों में बाँटकर दिए और उन्हें अलग थैलों में रखने को कहा– और एक सड़े सेब को भी एक थैले में रख दिया– अगले दिन बेटे से थैला मँगाया तो एक थैले के सेब सड़े हुए निकले ................ सेठ की युक्ति काम कर गई बेटे को संगति का अर्थ समझ आ गया ................।

❑❑❑

Visit https://telegram.me/booksforcbse for more books.